बैशाख कृष्ण पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 4 मई 2024
वर्ष-2, अंक-253, पृष्ठ-18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





मंगल की धरती है भूगर्भीय रासायनिक संरचना 18
17 से स्ट्रीम होगी बाहुबली: क्राउन ऑफ ब्लड 2


## एक नजर

### सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम 20 मई के बाद

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम 20 मई के बाद घोषित कर सकता है। बोर्ड के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। परीक्षा परिणामों की घोषणा की अटकलों के बीच बोर्ड का यह स्पष्टीकरण आया है। बोर्ड ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि सीबीएसई की कक्षा 10वीं और 12वीं के नतीजे 20 मई के बाद घोषित होने की संभावना है। दोनों कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाएं फरवरी-अप्रैल के बीच आयोजित की गई थीं।

### जासूसी के आरोप में एक गिरफ्तार

होशियारपुर। पंजाब की होशियारपुर जिला पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि हरप्रीत सिंह उर्फ पेस्टर जॉनसन, जो मूल रूप से तरण तारण जिले का निवासी है, यहाँ विजय नगर में रह रहा था। उसे कल रात गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार हरप्रीत पिछले कुछ वर्षों में दो बार पाकिस्तान जा चुका है।

### ढाई करोड़ के सोने के साथ पांच गिरफ्तार

नई दिल्ली। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर करीब 2.4 करोड़ रुपये मूल्य के सोने की तस्करी करने के आरोप में अजरबैजान के पांच नागरिकों को गिरफ्तार किया है। सीमा शुल्क विभाग द्वारा 30 अप्रैल को दुबई से आए आरोपियों को रोका गया। उनकी तलाशी में आभूषण, तार, बेल्ट बकल और हैंडबैग हैंडल आदि के रूप में 3.5 किलो सोने की वस्तुएं बरामद की गई, जिनकी कीमत 2.44 करोड़ रुपये है।

### जेनेटिक्स वैज्ञानिक डा. मंजीत कंग का निधन

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना के पूर्व कुलपति और जाने-माने जेनेटिक्स वैज्ञानिक डॉ मंजीत सिंह कंग के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मान सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि डा. कंग बहुत ही मधुर और दूरदर्शी स्वभाव के थे। यह नुकसान अपूरणीय है। कंग का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। वह पिछले काफी समय से बीमार थे।

# प्रधानमंत्री मोदी आज कानपुर में करेंगे रोड शो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार शाम 4 बजे कानपुर पहुंचेंगे। छह बजे से रोड शो करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी विशेष विमान से चकेरी एयरपोर्ट आएंगे। यहां से कार से सड़क मार्ग से गुमटी गुरुद्वारा जाएंगे और वहां माथा टेकने के बाद गुरुद्वारा समिति के पदाधिकारियों से मिलेंगे। वहीं से रोड शो के लिए रथ पर सवार होंगे।

रोड शो शाम 6 बजे शुरू होकर गुमटी बाजार,संतनगर चौराहे से कालपी रोड पहुंचेगा। उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, कानपुर से उम्मीदवार रमेश अवस्थी और अकबरपुर से उम्मीदवार देवेंद्र सिंह भोले भी रहेंगे।

### मोदी 14 मई को करेंगे नामांकन दाखिल

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी लोकसभा सीट से 14 मई को नामांकन दाखिल करेंगे। इससे पहले 13 मई को वाराणसी में रोड शो भी करेंगे। बता दें कि वाराणसी लोकसभा सीट पर एक जून को वोटिंग होगी। पार्टी प्रधानमंत्री मोदी की जीत को ऐतिहासिक बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी।

## सीपीआई नेता अतुल अंजान का निधन



लखनऊ। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान (70 वर्ष) का शुक्रवार सुबह लखनऊ के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे लंबे वक्त से कैंसर से पीड़ित थे। एक माह से निजी अस्पताल में भर्ती थे। वर्ष 1977 में लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष के रूप में राजनीतिक पारी शुरू करने वाले अतुल अंजान वामपंथी राजनीति में एक चर्चित नाम थे। अतुल अंजान चार बार लखनऊ विश्वविद्यालय के अध्यक्ष रहे।

### चुनाव में हमनाम उम्मीदवारों से संबंधित याचिका पर सुनवाई से कोर्ट का इनकार

# एक नाम होने के कारण चुनाव लड़ने से नहीं रोक सकते

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें चुनाव लड़ने वाले हमनाम उम्मीदवारों के मुद्दे को हल करने के उद्देश्य से एक प्रभावी तंत्र के लिए तत्काल कदम उठाने के वास्ते चुनाव आयोग (ईसी) को निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ द्वारा याचिका पर विचार करने में अनिच्छा जताने के बाद याचिकाकर्ता के वकील ने इसे वापस लेने की अनुमति मांगी। जिसे पीठ ने स्वीकार कर लिया।

पीठ ने याचिकाकर्ता साबू स्टीफन की ओर से पेश अधिवक्ता वीके. बीजू से पूछा कि अगर कोई राहुल गांधी के रूप में पैदा हुआ है या कोई लालू प्रसाद यादव के रूप में, तो उन्हें चुनाव लड़ने से कैसे रोका जा सकता है? क्या इससे उनके अधिकारों पर असर नहीं पड़ेगा? इस मुद्दे को बेहद गंभीर बताते हुए, बीजू ने चुनाव संचालन नियमावली, 1961 के नियम 22(3) का हवाला दिया था, जिसमें कहा गया है कि यदि दो या दो से अधिक उम्मीदवारों का नाम एक ही है, तो उन्हें उनके व्यवसाय, निवास या किसी अन्य तरीके से अलग किया जाएगा। पीठ ने पूछा कि अगर किसी के माता-पिता ने एक जैसा नाम दिया है, तो क्या यह उनके चुनाव लड़ने के अधिकार में बाधा बन सकता है? न्यायालय ने कहा कि आप जानते हैं कि इस मामले का क्या होगा। इसके बाद वकील ने पीठ से याचिका वापस लेने की इजाजत मांगी जिसे स्वीकार कर लिया गया। याचिका में कहा गया था कि 'हमनाम' उम्मीदवारों की गलत प्रथा मतदाताओं के मन में भ्रम पैदा करने की एक पुरानी चाल है।

### सुप्रीम कोर्ट का फैसला

- याचिका में कहा गया था कि हमनाम उम्मीदवार मतदाताओं को करते हैं भ्रमित

# रायबरेली से लड़ेंगे राहुल

## कांग्रेस अध्यक्ष खरगे, सोनिया-प्रियंका की मौजूदगी में किया नामांकन

- भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने भी दाखिल किया अपना पर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : रायबरेली-अमेठी सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों को लेकर कई दिनों से बने कौतूहल के बीच नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रायबरेली सीट से नामांकन किया। इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी, राबर्ट वाड्रा, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आदि मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट परिसर में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के साथ भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सदस्य अमरपाल मौर्य व राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला लाव-लश्कर के साथ पहुंचे। सबसे पहले भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने चार सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद राहुल गांधी ने चार सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मो. इलियास, पूर्व विधायक अजयपाल सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी व सुशील पासी उनके प्रस्तावक बने।



जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर को नामांकन पत्र सौंपते राहुल गांधी। साथ में सोनिया गांधी, प्रियंका वाड्रा, राबर्ट वाड्रा व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे। ● अमृत विचार

### कैसरगंज से करण भूषण ने भरा पर्चा

कैसरगंज सीट से भाजपा के मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के पुत्र करण भूषण सिंह ने नामांकन किया। इस मौके पर सदर विधायक प्रतीक भूषण शरण सिंह, सुमित भूषण सिंह व सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह मौजूद रहे। नामांकन के पूर्व रघुकुल विद्यापीठ परिसर में सभा के बाद करण भूषण पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने चार सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके पहले सपा से भगतराम मिश्र ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

### अमेठी से केएल शर्मा ने किया नामांकन

हाईप्रोफाइल अमेठी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के पहले अमेठी पहुंची प्रियंका गांधी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर उनका उत्साह बढ़ाया। गौरीगंज केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय से कलेक्ट्रेट मोड़ तक कार्यकर्ताओं के बीच भारी उत्साह के साथ रोड शो कर कांग्रेस प्रत्याशी केएल शर्मा कलेक्ट्रेट पहुंचे और चार सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। रोड शो में सपा व आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता शामिल हुए।

# मथुरा वृंदावन में बड़ी कार्ययोजना के साथ हमारा एजेंडा तय : योगी

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल लोकसभा सीट के कैला देवी व बदायूं के बबराला में चुनावी सभाओं में कहा कि मथुरा, वृंदावन में कन्हैया के लिए बड़ी कार्ययोजना के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। हमारा एजेंडा तय है। लोग पूछें समाजवादी पार्टी से कि क्या वह इस कार्य में सहयोग करेगी।

कैला देवी धाम पर भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संभल में श्री हरि विष्णु के अवतार महाराज कल्कि के धाम को एक नया स्वरूप देने का चुनाव है। अयोध्या के बारे में भी लोग यही कहते थे कि क्या यह हो पाएगा। भाजपा ने अयोध्या को फिर से श्रीराम के कालखंड का अयोध्या बनाकर आपकी आस्था को सम्मान दिया है। सपा व कांग्रेस पर निशाना साधते हुए,कहा कि जब ये न आपको सुरक्षा दे सकते हैं, न देश को सुरक्षित रख सकते हैं, न देश को सम्मान दिला सकते हैं, न गरीब कल्याण कर सकते हैं और न ही आपकी आस्था का सम्मान कर सकते हैं तो फिर इनको चुन कर क्या करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को विकसित भारत के रूप में स्थापित करने की बात करते हैं। जबकि विपक्षी गठबंधन कहता है कि हम पिछड़ों और दलितों को मिलने वाले आरक्षण को काट करके अल्पसंख्यकों को दे देंगे।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता को मौका देती है जबकि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सब कुछ अपने घर में समेटकर रखना चाहती हैं। चाहे पार्टी का कोई पद हो, चाहे सत्ता की व्यवस्था हो, सब कुछ उन्हें अपने परिवार के लिए चाहिए। उन्होंने सपा को परिवारवादी पार्टी बताया।



संभल के कैलादेवी धाम की जनसभा में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री योगी और मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव व अन्य नेता। ● अमृत विचार

- मुख्यमंत्री बोले, सपा बताए क्या इस पुण्य कार्य में सहयोगी बनेगी
- कांग्रेस-सपा सब अपने घर में समेट कर रखना चाहती हैं : मोहन

# ईडी ने कुर्क कीं 205 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां

नई दिल्ली, एजेंसी

### छत्तीसगढ़ आबकारी घोटाला

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ में कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, रायपुर के महापौर के बड़े भाई व अन्य व्यक्तियों की 205 करोड़ रुपये मूल्य से अधिक की संपत्ति कुर्क की है।

जांच एजेंसी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि कुर्क की गई संपत्तियों में टुटेजा की 15.82 करोड़ रुपये की 14 संपत्तियां, रायपुर के महापौर व कांग्रेस नेता एजाज ढेबर के बड़े भाई अनवर ढेबर की 116.16 करोड़ रुपये की 115 संपत्तियां, विकास अग्रवाल उर्फ सुब्बू की 1.54 करोड़ रुपये की संपत्तियां और अरविंद सिंह की 12.99 करोड़ रुपये की 33 संपत्तियां शामिल हैं।

ईडी के अनुसार, भारतीय दूरसंचार सेवा (आईटीएस) के अधिकारी और आबकारी विभाग के विशेष सचिव अरुणपति त्रिपाठी की 1.35 करोड़ रुपये की संपत्ति, त्रिलोक सिंह ढिल्लों की 28.13 करोड़ रुपये की नौ संपत्तियां, नवीन केडिया के 27.96 करोड़ रुपये के आभूषण और आशीष सौरभ केडिया/दिशिता वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड की 1.2 करोड़ रुपये की चल संपत्ति कुर्क की गई है।

# तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस के सोशल मीडिया सेल के 5 सदस्य गिरफ्तार

हैदराबाद, एजेंसी

### शाह डीपफेक वीडियो मामला

- हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने भाजपा की शिकायत पर की कार्रवाई

तेलंगाना की हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हैदराबाद के बाहरी इलाके सिद्दीपेट में चुनाव अभियान एवं जनसभा के दौरान दिए गए भाषण का एक विकृत वीडियो प्रसारित करने के आरोप में तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस की सोशल मीडिया इकाई में काम करने वाले पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार लोगों में पेंड्याला वामशी कृष्णा, मन्ने सतीश, पेट्टम नवीन, अस्मा तस्लीम और कोया गीता शामिल हैं। हैदराबाद शहर के साइबर अपराध पुलिस उपायुक्त दारा कविता ने शुक्रवार को यहां बताया कि सभी हैदराबाद के निवासी हैं। सभी आरोपियों को हैदराबाद के नामपल्ली में अदालत के समक्ष पेश किया गया, जहां उन्हें सशर्त जमानत दे दी गयी।

अदालत ने उन्हें दो प्रतिभूतियों के साथ 10 हजार रुपये जमा करने और अगले आदेश तक सोमवार और शुक्रवार को जांच अधिकारी के समक्ष उपस्थिति दर्ज कराने को कहा है। भाजपा के राज्य महासचिव जी. प्रेमेंदर रेड्डी ने 27 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई थी कि तेलंगाना कांग्रेस ने अपने ट्विटर अकाउंट पर शाह का विकृत/मनगढ़ंत वीडियो पोस्ट किया है।

## ईडी गिरफ्तारी के खिलाफ हेमंत सोरेन की याचिका खारिज



रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उस रिट याचिका को खारिज कर दिया और उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया, जिसमें उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। हालांकि अदालत ने जेल में बंद सोरेन को छह मई को अपने चाचा के अंतिम संस्कार में पुलिस हिरासत में शामिल होने की अनुमति दे दी। एक याचिका के जरिए सोरेन ने ईडी द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। अदालत ने 28 फरवरी को मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायमूर्ति आर. मुखोपाध्याय ने निर्देश दिया है कि पुलिस हिरासत में वह (सोरेन) अपने चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल हो सकते हैं।

# इफ्को और कोरोमंडल की पोटेशियम सल्फेट पर रोक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लाइसेंस के विपरीत नामों से उर्वरक बिक्री पर नोटिस जारी
- कृषि निदेशालय ने अग्रिम आदेश तक प्रदेश में लगाई रोक

अमृत विचार : कृषि निदेशालय ने इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर को-ऑपरेटिव लि. (इफ्को) व कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड की अलग-अलग नामों से बेची जा रही पोटेशियम सल्फेट उर्वरक प्रतिबंधित कर दी है। साथ ही लाइसेंस से विपरीत नाम देने पर दोनों कंपनियों के राज्य विपणन प्रबंधक को नोटिस जारी किया है।

संयुक्त निदेशक (उर्वरक) अनिल कुमार पाठक ने प्रदेश में उर्वक की बिक्री, पैकिंग व प्रचार की जांच की। इस दौरान पाया कि इफ्को ने प्रदेश में पोटेशियम सल्फेट नाम से उर्वरक बिक्री का लाइसेंस लिया था। जबकि कंपनी द्वारा बाजार व वेबसाइट पर 0:0:50 पोटेशियम सल्फेट व पोटेशियम सल्फेट (0:0:50) नाम से बिक्री की जा रही है। इसी तरह कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड ने पोटेशियम सल्फेट के नाम से लाइसेंस लिया था और उर्वरक की बिक्री भिन्न नाम एनपीके 0:0:50 सल्फेट ऑफ पोटाश के नाम से हो रहा था। जो लाइसेंस के नियमों का उल्लंघन है। दोनों उर्वरकों की अग्रिम आदेश तक बिक्री प्रतिबंधित कर दी गई है। इफ्को के राज्य विपणन प्रबंधक अभिमन्यु राय व कोरोमंडल के राज्य विपणन प्रबंधक दिनेश कुमार सिंह से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# आगरा में जनसभा के दौरान स्वामी प्रसाद मौर्य पर युवक ने फेंका जूता

आगरा, एजेंसी



- पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा कर रहे थे मौर्य
- रास्ते में कार पर स्याही फेंकी काले झंडे दिखाए, एक गिरफ्तार

हिंदू धर्म ग्रंथों पर विवादित बयानबाजी के चलते सुर्खियों में रहने वाले राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के मुखिया स्वामी प्रसाद मौर्य की जनसभा में शुक्रवार को जूता फेंका गया। इससे पहले उनके काफिले को रोककर काले झंडे दिखाए गए और उनकी कार पर स्याही फेंकी गई। पुलिस ने जूता फेंकने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया।

स्वामी प्रसाद मौर्य फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र में थाना डौकी क्षेत्र स्थित माता सती मंदिर पर अपनी पार्टी के प्रत्याशी होतम सिंह निषाद के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान जनता के बीच से एक युवक उठा और जब तक कोई कुछ समझ पाता उसने हाथ में जूता लेकर मंच की ओर फेंक दिया। हालांकि यह जूता मौर्य को न लग कर पोडियम के बराबर में लगे मोबाइल रिकार्डिंग स्टैंड से टकराया। अचानक हुई इस घटना से अफरा-तफरी मच गई। भागते हुए युवक को पुलिस ने तुरंत दबोच लिया और जनसभा स्थल से पकड़कर थाने ले गई। इससे पूर्व फतेहाबाद चौराहे पर अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने स्वामी प्रसाद मौर्य के काफिले को काले झंडे दिखाए। उन्होंने कार पर स्याही भी फेंक दी। स्वामी प्रसाद मौर्य वापस जाओ के नारे लगना शुरू हो गए। स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा पिछले दिनों हिंदू धर्म को लेकर टिप्पणी की गई थी। प्रदर्शनकारियों में इसी बात को लेकर नाराजगी थी।

मनमानी

### 35 जिलों में पशुओं के मरने पर प्रीमियम से ज्यादा आया क्लेम

# ज्यादा क्लेम पर 62 चिकित्सकों के बीमा करने पर रोक

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : जोखिम प्रबंधन एवं पशुधन बीमा योजना में कंपनी को पशुओं की मौत में ज्यादा 'जोखिम' दिखा तो उप्र पशुधन विकास परिषद ने 35 जिलों के 62 पशु चिकित्सकों के बीमा करने पर रोक लगा दी है।

यह कार्रवाई इसलिए की गई है कि वर्ष 2023-24 में जिन पशुओं का चिकित्सकों द्वारा बीमा किया गया, उनके मरने पर प्रीमियम से ज्यादा क्लेम आया है। इसे हाई आईसीआर यानी अधिक इंश्योरेंस क्लेम रेसियो बताकर चिकित्सकों को कठघरे में खड़ा कर दिया है। जांच कर प्रगति सुधार के लिए संबंधित मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को लिखा गया है। दरअसल, जिन पशुओं ने दम तोड़ा उनकी क्लेम राशि ज्यादा है, जिसे देने में कंपनी को घाटा है। आगे ऐसी स्थिति से बचने के लिए ज्यादा क्लेम कराने वाले चिकित्सकों के बीमा करने पर रोक लगाई है। सिर्फ लखनऊ की बात करें तो एक पशु चिकित्सक ने 26 पशुओं का बीमा किया, जबकि एक पशु की मौत हुई। इसी तरह दूसरे ने 46 पशुओं का बीमा किया, मौत चार पशुओं की हुई।



- हाई इंश्योरेंस क्लेम रेसियो बताकर कंपनी ने खड़े किए हाथ

### इन जिलों के 66 चिकित्सकों पर रोक

शाहजहांपुर, बदायूं, मुरादाबाद, फिरोजाबाद, आगरा, हाथरस, अलीगढ़, अमेठी, सुल्तानपुर, बाराबंकी, आजमगढ़, सिद्धार्थनगर, बस्ती, गोंडा, श्रावस्ती, जालौन, कानपुर नगर, फर्रुखाबाद, इटावा, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, मेरठ, सोनभद्र, अमरोहा, बिजनौर, संभल, प्रयागराज, प्रतापगढ़, मुज्जफनगर, वाराणसी, गाजीपुर व चौदौली।

### घाटा होने पर सात माह प्रभावित रही थी प्रक्रिया

प्रदेश में पशुधन बीमा योजना का काम एक कंपनी अनुबंध के तहत देख रही है। जिसने वर्ष 2022-23 में प्रीमियम से ज्यादा क्लेम आने पर वर्ष 2023-24 में अनुबंध के लिए मना कर दिया था। इस वजह से सात माह तक बीमा की प्रक्रिया नहीं हुई थी। मनमाने नियम बनाकर कंपनी ने टेंडर लिया। सितंबर से अप्रैल तक पशुओं का बीमा किया गया, अब पशुओं की मौत पर क्लेम देने से बचने में लगी है।

"बीमा और क्लेम नहीं रोका गया है। कुछ जगह पशु प्रीमियम से ज्यादा क्लेम आया है। इसके चेक प्वाइंट के लिए संबंधित मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को लिखा गया है। इस वर्ष 41 प्रतिशत क्लेम दिया है।
- डॉ. मंजीत राठौर, पशु चिकित्साधिकारी, उप्र पशुधन विकास परिषद

### अधिक पोस्टमार्टम पर भी उठे सवाल

पशुओं का बीमा चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर होता है। बीमा कंपनी प्रतिनिधि पूरी पड़ताल कर फोटो समेत पॉलिसी करते हैं। मौत होने पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पशु पालक क्लेम करते हैं। वर्ष 2022-23 में जिन-जिन पशुओं की मौत हुई उनका चिकित्सकों ने नियमानुसार पोस्टमार्टम किया। लेकिन, इसे भी अधिक पोस्टमार्टम करना बता दिया गया।

## आज का मुकाबला

रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु
बनाम
गुजरात टाइटंस
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 11 | 17 |
| टी नटराजन (हैदराबाद) | 10 | 15 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 10 | 14 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 10 | 509 |
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |

# आरसीबी-गुजरात के लिए करो या मरो मुकाबला

बेंगलुरु, एजेंसी

समीकरणों के आधार पर अभी भी प्लेआफ की दौड़ से बाहर नहीं हुई रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और गुजरात टाइटंस को अपनी थोड़ी बहुत उम्मीदें भी कायम रखने के लिये शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू दस मैचों में छह अंक लेकर तालिका में सबसे नीचे है जबकि टाइटंस दस मैचों में आठ अंक लेकर आठवें स्थान पर है। चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स (10 अंक) की पिछले मैच में हार के बाद इन दोनों टीमों की उम्मीदें बंधी है। दोनों को बखूबी पता है कि दूसरी टीमों के नतीजों पर निर्भर रहने की बजाय खुद अपने अभियान को ढर्रे पर लाना होगा। अपने मैदान पर खेल रही आरसीबी के लिए विराट कोहली शानदार फॉर्म में हैं जो इस सत्र में 500 रन पार करने वाले बल्लेबाज हैं। आरसीबी को उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजों ने हालांकि मेजबान को निराश किया है। मोहम्मद सिराज, यश दयाल, कर्ण शर्मा और स्वप्निल सिंह कोई भी प्रभावित नहीं कर सका है।



वहीं, शुभमन गिल और बी साई सुदर्शन ने मिलकर गुजरात के लिए 700 से अधिक रन बनाए हैं। रिधिमान साहा, डेविड मिलर, राहुल तेवतिया, विजय शंकर और शाहरूख खान 200 रन के आसपास भी नहीं पहुंच सके हैं। गेंदबाजी में स्टार स्पिनर राशिद खान समेत कोई भी अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सका है। राशिद ने दस मैचों में आठ की इकॉनॉमी रेट से आठ विकेट लिए हैं।

# पारी की शुरूआत करें कोहली : जडेजा

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व हरफनमौला अजय जडेजा का मानना है कि अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को तीसरे नंबर पर उतरकर विराट कोहली से पारी का आगाज कराना चाहिए। भारत ने इस सप्ताह टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया।

भारत को पहला मैच पांच जून को आयरलैंड से खेलना है। जडेजा ने कहा विराट कोहली को पारी का आगाज करना चाहिए। रोहित को तीसरे नंबर पर उतरना चाहिए। उसे थोड़ा समय मिल जाएगा क्योंकि बतौर कप्तान उसके दिमाग में बहुत कुछ चल रहा होगा। विराट के टीम में होने से निरंतरता मिलेगी। वह शीर्षक्रम का सर्वश्रेष्ठ



बल्लेबाज है और पावरप्ले में उसे जमने का मौका मिलेगा। खराब फॉर्म से जूझ रहे हार्दिक पंड्या के चयन का भी समर्थन करते हुए उन्होंने कहा वह कई कारणों से सुर्खियों में हैं। वह खास खिलाड़ी है और भारत में इस तरह के हरफनमौला कम ही मिलते हैं। चयन फॉर्म के आधार पर नहीं किया गया। यह इस पर निर्भर है कि आप कैसे खेलना चाहते हैं। आपके पास टीम में स्थापित खिलाड़ी हैं। अब देखना यह है कि रोहित क्या सोचते हैं।

### हार्दिक-विराट का संयोजन होगा शानदार : श्रीसंत



नई दिल्ली। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज एस श्रीसंत ने शुक्रवार को हार्दिक पंड्या के टी20 विश्व कप टीम में चयन का समर्थन करते हुए कहा कि विराट कोहली के साथ इस आल राउंडर की मौजूदगी मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छा संयोजन साबित होगी। पंड्या को 15 सदस्यीय टीम में शामिल करने से सवाल उठ रहे हैं लेकिन चयनकर्ताओं ने उनके रिकॉर्ड तथा गेंद एवं बल्ले दोनों से खेल का परिदृश्य बदलने की काबिलियत को ध्यान में रखकर यह फैसला किया है।

## खेल डायरी

### डॉ. नड्डा एशिया प्रशांत सलाहकार परिषद की अध्यक्ष



नई दिल्ली। डॉ. मल्लिका नड्डा को स्पेशल एशिया प्रशांत सलाहकार परिषद (एपीएसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया है। डॉ. नड्डा 2021 से स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। वे सामाजिक जिम्मेदारी की गहरी समझ रखने वाली अग्रणी सामाजिक कार्यकर्ताओं में से एक हैं। वह 30 से अधिक वर्षों से दिव्यांगों, वंचितों और महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित हैं। इतिहास में डॉक्टरेट और शहरी अध्ययन में विशेष रुचि रखने वाली शिक्षाविद डॉ. मल्लिका नड्डा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से जुड़ी हुई हैं। एपीएसी की अध्यक्ष के रूप में, डॉ. नड्डा 34 देशों में फैले पूरे स्पेशल ओलंपिक एशिया प्रशांत क्षेत्र की एक सुसंगत आवाज बनेंगी।

### चौरसिया 13वें स्थान के साथ कोरिया में भारतीय गोल्फरों में शीर्ष पर

सियोल। भारतीय गोल्फर एसएसपी चौरसिया जीएस कैल्टेक्स मेक्यूंग ओपन के दूसरे चरण में चार अंडर 67 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। एशियाई टूर पर 2017 के बाद से कोई खिताब नहीं जीतने वाले चौरसिया ने पहले दौर में एक ओवर 72 का कार्ड खेला था। दूसरे दौर में शानदार खेल से वह संयुक्त 52वें स्थान से संयुक्त 13वें स्थान पर पहुंचने में सफल रहे। इस प्रतियोगिता में पांच भारतीय खिलाड़ियों में चौरसिया के अलावा सिर्फ अजीतेश संधू (71-71) ही कट हासिल करने में सफल रहे।

### शुभंकर ने बीजिंग में कट हासिल किया, संयुक्त 32वें स्थान पर

बीजिंग। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने वोल्वो चाइना ओपन के दूसरे दौर में एक ओवर 73 का कार्ड खेलकर कट में जगह बनाई। 27 साल का यह भारतीय दूसरे दिन महज एक बर्डी ही लगा सका लेकिन कट हासिल करने में सफल रहा। शर्मा संयुक्त 32वें स्थान पर बने हुए हैं। शर्मा ने पहले दिन छह अंडर 66 का कार्ड खेला था जिससे अब 36 होल में उनका कुल स्कोर पांच अंडर का है। अन्य भारतीयों में ओम प्रकाश पहले दौर के अच्छे प्रदर्शन के बाद दूसरे दौर में दो ओवर 75 का स्कोर बनाने से संयुक्त 94वें स्थान पर रहे और कट में जगह बनाने से चूक गए।

### टोटेनहम की चैंपियंस लीग की उम्मीदों को झटका




लंदन। चेल्सी के हाथों 2-0 से मिली हार के साथ टोटेनहम की चैंपियंस लीग फुटबॉल के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को करारा झटका लगा। प्रीमियर लीग में टोटेनहम की यह चार दिन में दूसरी हार थी। उसे आर्सनल ने पिछले रविवार को 3-2 से हराया था। इंग्लैंड को अगले सत्र में चैंपियंस लीग में चार ही कोटा स्थान मिलेंगे। टोटेनहम तालिका में पांचवें स्थान पर है और चौथे स्थान पर काबिज एस्टोन विला उससे सात अंक आगे है।

### वनडे में भारत शीर्ष पर, टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया नंबर वन

दुबई। भारत ने शुक्रवार को जारी ताजा आईसीसी सालाना रैंकिंग अपडेट में वनडे और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा लेकिन पुरुष टेस्ट टीम रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गई। पांच दिवसीय प्रारूप में विश्व टेस्ट चैंपियन ऑस्ट्रेलिया शीर्ष स्थान पर आया है। सालाना अपडेट में 2020-21 सत्र के नतीजे हटा दिये गये हैं और इसमें मई 2021 के बाद पूरी हुई सभी शृंखलाएं शामिल हैं। भारत (120 अंक) टेस्ट रैंकिंग में आस्ट्रेलिया (124) से महज चार अंक पीछे है और तीसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड से 15 अंक आगे है। दक्षिण अफ्रीका (103 अंक) 100 अंक से ऊपर हासिल करने वाली चौथी टीम है।

# केकेआर ने मुम्बई को दिया 170 का लक्ष्य

## वेंकटेश अय्यर और मनीष पांडे ने खेली शानदार पारी, बुमराह और तुषारा ने लिए 3-3 विकेट






मुम्बई, एजेंसी

वेंकटेश अय्यर (70) और मनीष पांडे (42) रनों की शानदार पारी के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने शुक्रवार को आईपीएल के 51वें मुकाबले में मुम्बई इंडियंस को जीत के लिए 170 रनों का लक्ष्य दिया है।

वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट (5) का विकेट गवां दिया। उसके बाद तीसरे ओवर में अंगकृष रघुवंशी (13) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। कप्तान श्रेयस अय्यर (6), सुनील नारायण (8) और रिंकू सिंह (9) रन बनाकर बनाकर आउट हुये। एक समय कोलकाता ने 57 रन पर अपने नाम विकेट गवां दिये थे। ऐसे समय में वेंकटेश अय्यर और मनीष पांडे ने पारी को संभाला। दोनों ने छठें विकेट लिये (83) रन जोड़े। मनीष पांडे ने 31 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए (42) रन बनाये। आंद्रे रसल (7), रमनदीप सिंह (2), मिचेल स्टार्क (शून्य) पर आउट हुए। वेंकटेश अय्यर ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए 52 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के लगाते हुए (70) रनों की अर्धशतकीय पारी खेली और अपनी टीम को 169 रन के सम्मानजक स्कोर तक पहुंचाया। बुमराह ने 19वें ओवर की पांचवीं गेंद पर वेंकटेश को बोल्ड कर कोलकाता की पारी का अंत किया। मुम्बई की ओर से नुवान तुषारा और जसप्रीत बुमराह ने तीन- तीन विकेट लिये। हार्दिक पांड्या को दो विकेट मिले। पीयूष चावला ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### केकेआर 169/10
19 5 ओवर, अतिरिक्त : 7

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट का तिलक बो तुषारा | 5 | 3 | 1/0 |
| सुनील नारायण बो हार्दिक | 8 | 8 | 0/1 |
| अंगकृष रघुवंशी का सूर्यकुमार बो तुषारा | 13 | 6 | 0/2 |
| श्रेयस अय्यर का डेविड बो तुषारा | 6 | 4 | 1/0 |
| वेंकटेश अय्यर बो बुमराह | 70 | 52 | 6/3 |
| रिंकू सिंह का एवं बो चावला | 9 | 8 | 2/0 |
| मनीष का स्थानाप्पन (ब्रेविस) बो हार्दिक | 42 | 31 | 2/2 |
| आंद्रे रसेल रन आउट | 7 | 2 | 0/1 |
| रमनदीप सिंह का कोएत्जी बो बुमराह | 2 | 2 | 0/1 |
| मिचेल स्टार्क बो बुमराह | 0 | 02 | 0/0 |
| वैभव अरोड़ा नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

गेंदबाजी : तुषारा 4-0-42-3, बुमराह 3 .5-0-18-3, कोएत्जी 2-0-24-0, हार्दिक 4-0-44-2, नमन 3-0-25-0, चावला 3-0-15-1

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 | +0.622 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 | +1.096 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.094 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.072 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.627 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| पंजाब | 10 | 4 | 6 | 8 | -0.062 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.272 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |

### अतीत के संघर्षों ने उपलब्धियों के लिए प्रेरणा दी : सुमित



बेंगलुरू। ओलंपिक और एशियाई खेल पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के सदस्य रहे सुमित को अतीत के संघर्षों ने एक और पदक अपनी झोली में डालने के लिये प्रेरित किया है। सुमित को पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की उम्मीद है और अंतिम 16 में स्थान पाने के लिये कड़ी प्रतिस्पर्धा से वह विचलित नहीं हैं। सुमित ने भारतीय टीम की तैयारियों के शिविर से इतर कहा मेरे जीवन में काफी संघर्ष रहे हैं और कठिन अतीत की यादों से मुझे आगे अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है।

सुमित ने 2021 में तत्कालीन कोच ग्राहम रीड द्वारा उन्हें टीम से बाहर किये जाने को मैदान पर सबसे बड़ी चुनौती बताया। उस साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के बाद सुमित को टीम से बाहर कर दिया गया और उसके बाद राष्ट्रमंडल खेल या विश्व कप के लिए नहीं चुना गया। दो साल टीम से बाहर रहना उनके लिये कठिन था लेकिन सुमित ने उम्मीद नहीं छोड़ी।

# धावकों से विश्व रिले में अच्छे नतीजे की उम्मीद

नसाउ (बहामास), एजेंसी

भारत का 15 सदस्यीय मजबूत दल नसाउ में शनिवार से शुरू होने वाले दो दिवसीय विश्व एथलेटिक्स रिले बहामास 24 में दमदार प्रदर्शन के साथ तीनों श्रेणियों में पेरिस ओलंपिक का कोटा सुनिश्चित करना चाहेगा। भारतीय पुरुष चार गुणा 400 रिले टीम पिछले कुछ समय से सुर्खियां बटोर रही है।

इस टीम ने तोक्यो ओलंपिक में प्रभावशाली प्रदर्शन किया और इसके बाद पिछले अगस्त में बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप में अमेरिका के खिलाड़ियों को चुनौती दी। टीम ने हांग्झोऊ एशियाई खेलों में तीन मिनट 01:58 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पिछले साल के शानदार प्रदर्शन के बाद बुडापेस्ट में मुहम्मद अनस याहिया, अमोज जैकब, मुहम्मद अजमल और राजेश रमेश की भारतीय चौकड़ी द्वारा बनाए गए 2:59.05 सेकंड के राष्ट्रीय और एशियाई रिकॉर्ड को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।



यह हालांकि इतना आसान नहीं होगा क्योंकि इस चौकड़ी का मौजूदा सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तीन मिनट 05:71 सेकेंड रहा है। यह उनके हांगझोऊ के प्रदर्शन से लगभग चार सेकेंड अधिक है। ओलंपिक के लिए विश्व रिले प्रारूप के अनुसार शनिवार को प्रत्येक हीट में से दो शीर्ष टीमें फाइनल में पहुंचने के साथ पेरिस का टिकट पक्का करेगी। भारत पुरुष, महिला और मिश्रित चार गुणा 400 मीटर में टीमें उतरेगा। इसमें पुरुष चौकड़ी पिछले साल के प्रदर्शन के आधार पर पेरिस के लिए क्वालीफाई करने के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है।

# स्वियातेक मैड्रिड ओपन फाइनल में

मैड्रिड। इगा स्वियातेक ने मेडिसन कीस को सीधे सेटों में हराकर मैड्रिड ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना एरिना सबालेंका से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने कीस को 6-1, 6-3 से मात दी। अब वह सबालेंका से खेलेंगी जिन्होंने चौथी रैंकिंग वाली एलेना रिबाकिना को 1-6, 7-5, 7-6 से हराया है। पुरूष वर्ग में दानिल मेदवेदेव 31वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका से पहला सेट 4-6 से हारने के बाद क्वार्टर फाइनल मैच से रिटायर हो गए। उन्हें दाहिने पैर में चोट लगी थी और उपचार भी लेना पड़ा। लेहेका का सामना अब 35वीं रैंकिंग वाले फेलिक्स आगर एलियास्सिमे से होगा।


### अल्काराज चोट के कारण इटैलियन ओपन से हटे

रोम। विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को दायें हाथ में चोट के कारण इटैलिन ओपन से हटने की घोषणा की। इस चोट के कारण उन्हें मोंटे कार्लो और बार्सिलोना ओपन से भी हटने के लिए बाध्य होना पड़ा। दो दिन पहले उनकी लगातार तीसरा मैड्रिड ओपन खिताब जीतने की उम्मीद क्वार्टरफाइनल में आंद्रे रूबलेव से मिली तीन सेट की हार के बाद टूट गई थी। अल्काराज ने अपने सोशल मीडिया चैनल पर लिखा कि मैड्रिड में खेलने के बाद मुझे अपने हाथ में थोड़ा दर्द महसूस हुआ।



## बॉलीवुड हलचल

# 17 से डिज्नी+हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी बाहुबली: क्राउन ऑफ ब्लड




मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एसएस राजामौली की फिल्म बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड 17 मई से डिज्नी हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। बाहुबली, बाहुबली 2 और आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म देने के बाद, फैंस और दर्शक निर्देशक एसएस राजामौली की अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। राजामौली ने अपने आगामी प्रोजेक्ट बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड '' एनिमेटेड सीरीज का एलान किया है। बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड का निर्माण एस.एस. राजामौली, शरद देवराजन और शोबु यार्लागड्डा ने किया है। निर्देशन जीवन जे. कांग और नवीन जॉन ने किया है। डिज्नी हॉटस्टार और एचएसएम एंटरटेनमेंट नेटवर्क, डिज्नी स्टार में कंटेन्ट के हेड गौरव बैनर्जी ने कहा, हम बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड के साथ इस मशहूर फ्रैंचाइजी की गहराइयों में जाने के लिए उत्साहित हैं। हम आज के समय में कहानी कहने की कला में एनिमेशन की महत्वपूर्ण भूमिका को समझते हैं। हम बाहुबली और द लेजेंड ऑफ हनुमान जैसी रोमांचक कहानियों को अपने दर्शकों के लिए पेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा लक्ष्य वयस्कों के लिये एनिमेशन जोनर को लगातार बेहतर बनाना और दर्शकों को लुभाना है। हम ग्राफिक इंडिया के साथ अपने रिश्ते को भी समृद्ध बनाना चाहते हैं। बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड के रचनाकर एवं निर्माता एस.एस. राजामौली ने कहा, बाहुबली की दुनिया बहुत बड़ी है और यह फिल्म फ्रैंचाइजी उसका सही परिचय देती है। हालांकि अभी बहुत कुछ जानना बाकी है और ऐसे में बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड की बारी आती है। यह कहानी पहली बार बाहुबली और भल्लालदेव की जिन्दगी के कई अनजाने ट्विस्ट दिखाएगी। लंबे वक्त से भुलाया गया एक गहरा रहस्य भी उजागर होगा, जब दोनों भाई मिलकर माहिष्मती को बचाएंगे। हम बाहुबली के प्रशंसकों के लिए इस नए अध्याय की पेशकश करके बहुत खुश हैं। हम इस कहानी को एनिमेटेड फॉर्मेट में लेकर आ रहे हैं, जो बाहुबली की दुनिया का एक नया और रोमांचक नजारा देगा। अर्का मीडियावर्क्स और मैं शरद देवराजन, डिज्नी हॉटस्टार तथा ग्राफिक इंडिया के साथ मिलकर काम करके बहुत खुश हैं। हम बच्चों के अलावा भी ज्यादा से ज्यादा दर्शकों के लिये भारतीय एनिमेशन को नया आकार दे रहे हैं।

# श्रीलंका और पाकिस्तान की पुरुष टीमों की मेजबानी करेगा दक्षिण अफ्रीका

प्रिटोरिया। दक्षिण अफ्रीका इस वर्ष के आखिर में श्रीलंका और पाकिस्तान की पुरुष टीम की मेजबानी करेगा और इस दौरान उसकी महिला टीम भी इंग्लैंड से मुकाबला करेगी। नवंबर 2024 से जनवरी 2025 की इस अवधि के दौरान पांच टेस्ट सहित कुल 17 मैच खेले जाएंगे। पुरुषों की टेस्ट सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा होगी। इस दौरान जोहैनेसबर्ग में एक भी मैच नहीं खेला जाएगा।



यह लगातार दूसरी बार है जब गर्मियों के सीजन में इस मैदान एक भी टेस्ट मैच नहीं हो रहा है। सत्रों ने बताया कि इस जोहैनेसबर्ग में एनुअल पिंक डे के दिन एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला जाएगा। यह मैच ब्रेस्ट कैंसर से पीड़िताओं के लिए फंड एकत्रित करने के उद्देश्य से खेला जाएगा। किंग्समीड और सेंट जॉर्ज्स पार्क श्रीलंका के साथ टेस्ट मैच खेला जाएगा। जबकि पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला शुरू होने से पहले तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 भी खेले जाएंगे। बॉक्सिंग डे टेस्ट सुपरस्पोर्ट पार्क और न्यू ईयर टेस्ट न्यूलैंड्स में खेला जाएगा। फरवरी में पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान में एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला भी खेली जानी है। ऐसे में एसए-20 के कार्यक्रम से इसके ओवरलैप होने की भी

# श्रीनाथ, मेनन और मदनगोपाल होंगे मैच अधिकारी

दुबई। अंपायर नितिन मेनन और जयरमन मदनगोपाल के साथ आईसीसी मैच रैफरी जवागल श्रीनाथ अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

आईसीसी ने शुक्रवार को अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू हो रहे टी20 विश्व कप के पहले दौर के लिए 26 मैच अधिकारियों की सूची की घोषणा की। इसमें 20 अंपायर नौ स्थलों पर 55 मैच में अंपायरिंग करेंगे जिसमें आईसीसी के मशहूर अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ, कुमार धर्मसेना, क्रिस गाफाने और पॉल रीफेल शामिल हैं। मदनगोपाल के अलावा सैम नोगाजस्की, अलाहुद्दीन पालेकर, राशिद रियाज और आसिफ याकूब भी अपना आईसीसी सीनियर पुरुष टूर्नामेंट पदार्पण करेंगे। छह रैफरियों में श्रीनाथ के अलावा रंजन मदुगले, जेफ क्रो और एंड्रयू पायक्रोफ्ट भी शामिल होंगे।

# द. अफ्रीका महिला टीम की भारत करेगा मेजबानी

बेंगलुरू, एजेंसी

भारत जून और जुलाई में एक टेस्ट, तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की मेजबानी करेगा।

कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के एक अधिकारी ने बताया कि वनडे और टी-20 मैच बेंगलुरु में खेले जाएंगे, जबकि टेस्ट मैच चेन्नई में खेला जाएगा। वनडे मैच 16 जून से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होंगे, जबकि एकमात्र टेस्ट 28 जून से एमए चिदंबरम स्टेडियम में शुरू होगा। इसके बाद टीमें पांच, सात और नौ जुलाई को टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए बेंगलुरु लौटेंगी।

इस टी-20 श्रृंखला की अहमियत इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि सितंबर-अक्टूबर में बांग्लादेश में महिला



टी-20 विश्व कप खेला जाएगा। सफेद गेंद प्रारूप की श्रृंखला मूल रूप से पिछले साल के आखिर में खेली जानी थी और यह आईसीसी भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) का हिस्सा थे, लेकिन पिछले साल अक्टूबर और नवंबर के बीच भारत में आयोजित 50 ओवर के आईसीसी पुरुष विश्व कप के कारण उन्हें आगे बढ़ाना पड़ा। सीमित ओवरों की श्रृंखला में अब एक टेस्ट मैच को भी शामिल कर लिया है। बीसीसीआई और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) पारंपरिक प्रारूप में महिला क्रिकेट को और अधिक प्रोत्साहन देने चाहता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### 41 क्वार्टर देशी शराब समेत दो युवक गिरफ्तार

**रसूलाबाद।** गुरुवार की रात एसआई प्रमोद कुमार ने मुखबिर की सूचना पर आरपीएस इंटर कॉलेज के निकट एक व्यक्ति से 19 क्वार्टर देशी शराब बरामद की। पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम अरुण निवासी तुलसी नगर बताया है। इसी तरह एसआई अमित कुमार ने गस्त के दौरान राजेश कुमार निवासी मलखानपुर को कन्हई पुरवा के निकट पकड़कर 22 क्वार्टर देशी शराब बरामद की। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस का कहना है कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई होती रहेंगी।

### पत्नी को पीटकर घायल करने में केस दर्ज

**मूसानगर।** पति ने पत्नी को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पथार गांव निवासी सीमा देवी ने बताया कि बीती 30 अप्रैल की देर रात पति चंद्रशेखर नशे की हालत में घर आए और बिना किसी कारण ही लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई है। आरोप है कि पति अक्सर नशे की हालत में मारपीट करते हैं। थाना प्रभारी दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि घायल महिला की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# लोगों से की निर्भीक होकर मतदान करने की अपील

## संवेदन व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों की जांची व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात



संवेदनशील बूथ का निरीक्षण करते डीएम आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति।

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर डीएम व एसपी ने जालौन लोकसभा की भोगनीपुर विधानसभा व इटावा लोकसभा की सिकंदरा विधानसभा के संवेदनशील, अतिसंवेदनशील व मॉडल बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने लोगों से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए डीएम आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने लोकसभा क्षेत्र जालौन की विधानसभा भोगनीपुर के अंतर्गत श्रीकृष्ण औद्योगिक इंटर कॉलेज के बूथ संख्या 266, 267, 268, प्राथमिक विद्यालय हैदरपुर के बूथ संख्या 75, प्राथमिक विद्यालय सरायं के बूथ संख्या 223, 224 व लोकसभा इटावा की विधानसभा सिकंदरा के राजपुर में अतिसंवेदनशील, संवेदनशील व मॉडल मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी बूथों पर मूलभूत सुविधाएं दिव्यांगों के लिए रैंप, स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई, शौचालय आदि शत-प्रतिशत व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। संवेदनशील व अति संवेदनशील केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था आदि पर विशेष ध्यान रखा जाए। डीएम ने उपस्थित बीएलओ को अपने-अपने क्षेत्र में मतदाता पर्ची बांटने, मतदाता जागरुकता आदि के संबंध में भी निर्देशित किया। लोगों से अपील कि मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। सभी लोग निर्भीक होकर मतदान केंद्र पर आएं और अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। एसपी ने भी सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर संबंधित पुलिस प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# माइक्रो ऑब्जर्वर की होती है महत्वपूर्ण भूमिका

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- मॉकपोल के समय को नोट करने के दिए गए निर्देश



माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रशिक्षण देतीं प्रेक्षक व सीडीओ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष रूप में संपन्न कराए जाने के लिए सामान्य प्रेक्षक कादंबरी बालकवाड़े व सीडीओ लक्ष्मी एन. की उपस्थिति में माइक्रो ऑब्जर्वरों का प्रशिक्षण विकास भवन सभागार कक्ष में संपन्न हुआ।

शुक्रवार को प्रशिक्षण के अंतर्गत सभी माइक्रो ऑब्जर्वर को उनके दायित्व व जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। माइक्रो आब्जर्वर को मॉकपोल के समय उपस्थित रहने व सामान्य प्रेक्षकों के दिए गए अनुदेशों का शत-प्रतिशत पालन करने, केंद्र पर मतदान आरंभ होने से पूर्व पहुंचने व मॉकपोल के समय को नोट करने के निर्देश दिए गए। मतदान के दिन उनके द्वारा किए जाने वाले क्रियाकलापों से भी अवगत कराया गया। साथ ही सचेत किया गया कि कोई भी समस्या होने पर तत्काल मदद लें।

केंद्र पर मतदान के प्रारंभ होने के साथ मतदान की समाप्ति के समय तक नजर बनाए रखने तथा निर्वाचन के दौरान पैनी दृष्टि रखने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रेक्षक ने कहा कि मतदान प्रक्रिया में माइक्रो ऑब्जर्वर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वह मतदान से जुड़ी प्रत्येक गतिविधि पर सूक्ष्म दृष्टि रखें और संबंधित उच्चाधिकारी को अवगत कराते रहें। इस दौरान डीडीओ गोरखनाथ भट्ट, डीआईओएस राम अचल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### चुनाव डयूटी में लगे कर्मी आज से करेंगे मतदान

**कानपुर देहात।** शुक्रवार को सीडीओ लक्ष्मी एन. की अध्यक्षता में विकास भवन कार्यालय में हुई बैठक में सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि अकबरपुर डिग्री कालेज में 4, 5 व 6 मई को द्वितीय प्रशिक्षण की प्रत्येक पालियों के बाद ऐसे मतदान कर्मी जो इसी जनपद के मतदाता हैं। उनको पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया जाना आवश्यक है। इसके लिए सभी विभागाध्यक्ष अपने-अपने विभागों के ऐसे कार्मिकों की सूची बनाते हुए उन्हें निर्देशित करें कि उक्त तिथियों में स्थापित सुविधा केंद्र पर जाकर फार्म-12 भरकर उसी दिन पोस्टल बैलेट से मतदान करना सुनिश्चित करें। सीडीओ ने ऐसे कार्मिकों के मतदान की जिम्मेदारी संबंधित विभागाध्यक्ष को दी है। बैठक में डीएफओ एके द्विवेदी, सीएमओ डॉ. एके सिंह, डीडीओ गोरखनाथ भट्ट, उपायुक्त मनरेगा प्रेमप्रकाश त्रिपाठी, डीआईओएस राम अचल मिश्र, बीएसए रिद्धी पांडेय, डीपीआरओ विकास पटेल आदि उपस्थित रहे।

### रेलवे कर्मी मतदान के लिए करेंगे जागरूक

**रूरा।** मतदान जागरुकता और शत-प्रतिशत मतदान के लिए भारतीय रेलवे की तरफ से रूरा रेलवे स्टेशन के कर्मचारी कस्बे के विद्यालयों में जाकर मतदान जागरुकता के तहत कार्यक्रम आयोजित करेंगे। स्टेशन अधीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि शनिवार को कस्बे के विद्यालयों में बच्चों के माध्यम से उनके परिवार के लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। इस दौरान विद्यालय में चित्रकला व पोस्टर प्रतियोगिता भी कराई जाएगी। जिसमें अव्वल आने पर स्टेशन मास्टर ज्ञानेंद्र पांडेय बच्चे को एक पुरस्कृत करेंगे।

**न्यायालय उप जिलाधिकारी, मैथा कानपुर देहात।**
वाद सं0-टी0- 01/24 सन्- 2024, अन्तर्गत धारा-7(1) उ0प्र0भरण-पोषण एवं कल्याण अधि0-2007, ग्राम- नुनारी बहादुरपुर, तहसील- मैथा। जनपद कानपुर देहात।
**रघुवीर सिंह राजपूत**
**बनाम**
**आलोक कुमार राजपूत**
पुत्र श्री रघुवीर सिंह नि0 प्लाट नं0- 87/20A राधापुरम कृष्ण विहार, कानपुर नगर
बाजेह हो कि .... आपके नाम एक नालिस बाबत ... दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 24 माह 5 सन 2024 ई0 बवक्त बमुकाम असलिता या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वार्किफ किया गया हो और कुल उमर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सकें या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐस सवालात का दे सके हाजिर हो ओर जवाब देरी दावाको कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जमला गवाही की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलात करानाचाहते हो उसी रोज पेश किरए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज कजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसक्षम मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख 03/05/2024 ई0 जारी किया गया।
आज्ञा से- न्यायालय

## सार-संक्षेप

### गर्म दूध गिरने से बच्चा झुलसा

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव में बच्चा गर्म दूध के झुलस जाने के कारण परिजनों के द्वारा सीएचसी लाया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार किया गया। गौर गांव के पुन्नू तिवारी ने बताया कि, उसका बेटा भूपेन्द्र दो वर्ष घर में खेलते समय गैस चूल्हे पर भगोने में पक रहा दूध के पास खेलते हुए पहुंच गया, और गर्म दूध फैलने से वह झुलस गया, परिजनों को जानकारी होने पर सीएचसी लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार किया गया।

### कार का दरवाजा खोलने से बाइक सवार घायल

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के कस्बा के मुख्य मार्ग पर खड़ी कार का दरवाजा अचानक खोल देने से बाइक सवार घायल हो गए, स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें सीएचसी लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार किया गया। श्याम सुन्दरपुर गांव के सुमित 30 वर्ष ने बताया कि, अपनी पत्नी सुधा को बाइक में बिठाकर बेटी परी तीन वर्ष को लेकर कुत्ते के काटने का इंजेक्शन लगवाने के लिए सीएचसी आ रहे थे, मुख्य मार्ग के मौहर माता मन्दिर के पास खड़ी एक कार का दरवाजा अचानक खुलने पर बाइक सवार गिरकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें सीएचसी लाया गया जहां पर चिकित्सा अधिकारी के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

### दो पक्षों में मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**रूरा।** मामूली बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। गहोबा गांव निवासी किशन ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि किसी मामूली सी बात को लेकर गांव के प्रमोद, अनिल, सुशील, गया प्रसाद, विनय कुमारी, उर्मिला, सुंदरी ने उससे व उसकी पत्नी के साथ मारपीट कर दी। जिससे पीड़ित व उसकी पत्नी को गंभीर चोट आई है। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। वहीं दूसरे पक्ष ने भी मारपीट करने का आरोप लगाया है।

### बीच-बचाव करने में मारपीट, केस दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के गहलों निवासी रेशमा ने पुलिस को बताया कि उसके ससुर अपनी छोटी बेटी को मार रहे थे। जिसका उसने विरोध किया तो देवर धर्मेश, मुलेन सिंह, ससुर होरीलाल, नंद सोनिका ने साथ मिलकर उसके साथ मारपीट कर दी। जिससे वह घायल हो गई। जिसकी शिकायत थाने में की है। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।

### दहेज उत्पीड़न में पति समेत चार पर मुकदमा दर्ज

**पुखरायां।** गदाईखेड़ा गांव निवासी एक महिला ने ससुरालीजनों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गदाईखेड़ा गांव निवासी दीक्षा सचान पुत्री राजेश ने भोगनीपुर कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि 4 मार्च 2017 को उसकी शादी मेरापुर हमीरपुर निवासी शुभम सचान के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजनों के द्वारा उसे दहेज के लिये प्रताड़ित किया जाने लगा। काफी समय बीत जाने के बाद भी उसके ससुराल वाले नहीं माने और कम दहेज लाने की बात बोलकर उसे प्रताड़ित करते रहे। पुलिस ने दीक्षा की तहरीर पर पति शुभम, सास गीता, ससुर प्रदीप उर्फ राजू, ननद दीक्षा पटेल के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही पुलिस का कहना है कि पूरी निष्पक्षता के साथ जांच पड़ताल करके आगे की कार्रवाई की जायेगी। किसी को भी बख्शा नहीं जायेगा।




मतदान के प्रति जागरूक करते शिक्षक। अमृत विचार

### शिक्षकों ने मतदान के प्रति किया जागरूक

**रूरा।** श्री अयोध्या सिंह सार्वजानिक इंटर कॉलेज काशीपुर में आगामी लोकसभा चुनाव में 13 मई को होने वाले मतदान में सभी मतदाताओं से वोट डालने की अपील की गई। शिक्षकों ने कहा कि सभी मतदाताओं इस महापर्व में ज्यादा से ज्यादा प्रतिभाग कर सफल बनाएं। इस मौके पर शिक्षक पंच बहादुर सिंह, विष्णु प्रताप सिंह, धर्मेंद्र गुप्ता, शैलेश कुमार सिंह, दीपक पांडेय, रघुनाथ सिंह तोमर, कृष्ण कुमार सिंह, विजय कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।



नाली टूटी होने से सड़क पर भरे गंदे पानी से निकलता युवक। अमृत विचार

### सड़कों पर बह रहा गंदा पानी

**रूरा।** मड़ौली गांव में नालियां टूटी होने से घरों का गंदा पानी रास्तों पर बहता है। जिससे होकर लोग आवागमन करने को मजबूर हैं। मड़ौली गांव में नालियां टूट जाने से घरों की गंदा पानी के मुख्य मार्ग पर बह रहा है। वहीं जगह-जगह गंदगी फैली हुई है। कई मोहल्लों में नालियां जाम होने से जलनिकासी नहीं हो रही हैं। सड़कें क्षतिग्रस्त हैं और कदम-कदम पर लोग हिचकोले खाने को विवश हैं। कूड़े के ढेर से उठती दुर्गंध लोगों को काफी परेशान करती है। जबकि मुख्य मार्ग आसपास के करीब दो दर्जन गांवों को जोड़ता है और पूरे दिन लोगों की इसी मुख्य मार्ग से आवाजाही होती है। ग्रामीणों का कहना है कि कई मोहल्लों में नालियां टूटी हैं। जिससे घरों का गंदा पानी सड़क पर बहता है। जिसके बीच से होकर आवागमन करना मजबूरी है।

# सड़क से नीचे नहर पुल बनाने पर रोष

संवाददाता रूरा कानपुर देहात



सिठमरा में निचली रामगंगा नहर में सड़क से नीचे बनता पुल। अमृत विचार

- सिठमरा में निचली रामगंगा नहर पर बनवाया जा रहा नया पक्का पुल

**अमृत विचार।** सिठमरा में निचली रामगंगा नहर पुल का निर्माण मुख्य सड़क से करीब तीन फीट नीचे से कराया जा रहा है। जिससे वाहनों को चढ़ाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने नहर पुल से सड़क तक पक्की रैंप बनवाने की मांग की है। ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

बता दें कि सिठमरा स्थित निचली रामगंगा नहर का पुल अत्यधिक जर्जर होने की वजह से पिछला हिस्सा टूट गया था। जिससे दर्जनों गांव के लोगों का आवागमन बाधित है और वह चक्कर लगाने को मजबूर होते हैं। काफी कयावद के बाद पुल का निर्माण कार्य पिछले साल अक्तूबर माह में 150.85 लाख रुपये की लागत से शुरू हुआ था। लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण मुख्य सड़क मार्ग व पुराने पुल से भी लगभग तीन फीट नीचे नए पुल को बनाया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। स्थानीय निवासी आकाश, सूरज, सौरभ आदि का कहना है कि पुल नीचे बना दिया है। जबकि सड़क काफी ऊपर हो गई है। यदि रैंप बनाई जाएगी तो तीव्र मोड़ होने के कारण कभी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। वहीं सड़क पर चढ़ते समय दूसरी ओर से आ रहे वाहन दिखाई हीं नहीं देंगे और दुर्घटना होने का भय बना रहेगा। इसके अलावा पुल निचाई पर होने के कारण वाहन भी सड़क पर बड़ी मुश्किल से चढ़ पाएंगे। ग्रामीणों ने सड़क के दोनों तरफ रैंप बनाकर उन्हें पक्का करने की मांग की है।

# कहीं पर भी संबद्ध न मिलें अनुदेशक : कंचन वर्मा

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- अंशकालिक अनुदेशकों का संबद्धीकरण निरस्त न करने पर दी गई चेतावनी

**अमृत विचार।** अंशकालिक अनुदेशकों को मनमाने तरीके से दूसरे स्कूलों और बीआरसी केंद्रों से संबद्ध करने का खेल अब नहीं चलेगा। ऐसा करने वाले बेसिक शिक्षा अधिकारियों पर शासन कार्रवाई करेगा। इस संबंध में महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने एक मई को सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को चेतावनी पत्र जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि यदि कोई भी अनुदेशक कहीं पर भी संबद्ध मिला तो बीएसए जिम्मेदार होंगे और कार्रवाई होगी।

बेसिक शिक्षा परिषद के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में तैनात अंशकालिक अनुदेशक दूसरे विद्यालय या फिर विभागीय बीआरसी कार्यालयों में वर्षों से संबद्ध हैं। यह संबद्धीकरण केवल कुछ जिलों तक सीमित नहीं है। बल्कि लगभग सभी जिलों में ऐसे प्रकरण बहुतायत में मिल जाते हैं। उनमें कई अनुदेशक तो ऐसे हैं जो अफसरों की कृपा से मनचाहे स्कूल व बीआरसी केंद्रों से संबद्ध होकर मुफ्त में मानदेय ले रहे हैं। वहीं कुछ ऐसे भी हैं जो वाकई इसके हकदार हैं। वे बीआरसी केंद्रों में कंप्यूटर से संबंधित कार्यों को कर रहे हैं। इन्हीं शिकायतों के आधार पर महानिदेशक ने यह कदम उठाया है।

# सीओ के खिलाफ दर्ज मुकदमे की अंतिम आख्या निरस्त

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- एससीएसटी अदालत ने विवेचक नियुक्त कर 15 दिन में मांगा परिणाम

**अमृत विचार।** मीडिया कर्मी द्वारा सीओ व अन्य के खिलाफ दर्ज कराए गए मुकदमे में विवेचक की दाखिल अंतिम आख्या को विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट की अदालत ने निरस्त कर दिया।

वादी विशाल गौतम ने न्यायालय के माध्यम से तत्कालीन रसूलाबाद एसओ/सीओ शिव ठाकुर समेत पांच-छह अन्य के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करने का प्रार्थना पत्र देते हुए बताया था कि घटना के समय वह एसएसजी हेल्थ केयर रसूलाबाद के बाहर हो हल्ला होते देख समाचार संकलन की नियत से वीडियो बनाने लगा। इसपर चिकित्सक ने धक्का-मुक्की व मारपीट करते हुए गालियां देते उसका मोबाइल और रुपए छीन लिए। रिपोर्ट लिखाने का प्रयास किया तो थानाध्यक्ष ने उसे गाली देते झूठा मुकदमा लिखा दिया साथ ही उसका मोबाइल और रुपये गायब कर दिए गए। अधिवक्ता जितेंद्र चौहान ने बताया कि मामले में न्यायालय के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में थाना रसूलाबाद में मुकदमा पंजीकृत हुआ था। जिसमे विवेचक ने पर्याप्त साक्ष्य होने के बावजूद अंतिम आख्या प्रेषित की थी। वादी ने प्रोटेस्ट पिटिशन दाखिल की थी। जिसे कोर्ट ने स्वीकृत कर अग्रिम विवेचना का आदेश पारित किया है।



बिना मान्यता के चल रहे स्कूल से बच्चों को ले जाते बीईओ।



जौरवा में संचालित स्कूल की मान्यता के प्रपत्र जांचते बीईओ।

# बिना मान्यता के चल रहे स्कूल होंगे बंद

संवाददाता मंगलपुर/रसूलाबाद

- रसूलाबाद व मंगलपुर क्षेत्र में बीईओ ने की औचक छापेमारी

**अमृत विचार।** मंगलपुर व रसूलाबाद क्षेत्र में बिना मान्यता संचालित स्कूलों के खिलाफ बीईओ ने निरीक्षण कर कार्रवाई की है।

शुक्रवार को विकासखंड संदलपुर के खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने जौरवा गांव के पास में बिना मान्यता के स्कूल चलते मिला। उन्होंने संचालक को दो दिनों के अंदर विद्यालय बंद करने के निर्देश दिए। विद्यालय बंद न करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। बीईओ ने कंपोजिट विद्यालय जौरवा के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार को निर्देशित किया कि बिना नाम और मान्यता के संचालित स्कूल के सभी बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर परिषदीय स्कूल में दाखिला कराएं। बीईओ ने बताया कि आगे भी बिना मान्यता विद्यालयों का निरीक्षण कर बंद कराने की कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह रसूलाबाद बीईओ अजब सिंह ने एमजीएमएस विद्यालय निभू में छापेमारी की। विद्यालय अमान्य होने के कारण उन्होंने बंद करने के लिए प्रबंधक को नोटिस जारी की। यहां पढ़ा रहे कक्षा एक से आठवीं तक के 50 बच्चों को प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय निभू में पंजीकरण के लिए भेजा गया। बीईओ ने उच्च प्राथमिक विद्यालय निभू के प्रधानाध्यापक अख्तर हुसैन व प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक असीर अहमद को निर्देश दिए कि जो बच्चे विद्यालयों में नामांकित नहीं है। उनका विद्यालय में पंजीकरण कराएं।

# महिला से छेड़छाड़ में तीन साल की कैद

**कानपुर देहात।** घाटमपुर क्षेत्र के एक गांव में करीब दस साल पहले महिला से पड़ोसी युवक ने छेड़छाड़ की थी। अब आरोपी को दोषी करार देते हुए तीन साल के कारावास की सजा दी है। सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित सिंह चौहान व अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कानपुर नगर के घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उसका पति सेना में कार्यरत है। 25 जुलाई 2014 की रात वह अपने बच्चों के साथ घर की छत पर सो रही थी। तभी पड़ोस का रहने वाला विपिन तिवारी बुरी नियत से उससे छेड़छाड़ करने लगा। उसके शोर मचाने पर भाग निकला। अपर जिला जज/एफटीसी प्रथम सुरेंद्र शुक्रवार को आरोपी विपिन तिवारी को दोषी करार देते हुए तीन साल कठोर कारावास की सजा सुना दी।

खुशखबरी — रकम आते ही स्कूलों के खातों में ट्रांसफर की जाएगी धनराशि

# 1925 स्कूलों के लिए 15 .24 करोड़ रुपये जारी

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिले के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट स्कूलों में नामांकन के आधार पर 15.24 करोड़ रुपये श्रेणीवार कंपोजिट ग्रांट की स्वीकृति दी गई है। जल्द ही बजट जारी किया जाएगा। इससे विद्यालयों की जरूरतें पूरी होंगी।

जिले में कुल 1925 प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों को ग्रांट की स्वीकृति दी गई है। वहीं स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा की ओर से आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। स्वीकृत ग्रांट में टैबलेट संचालन के लिए सिम कार्ड और इंटरनेट की सुविधा को छोड़कर बाकी मदों के लिए ग्रांट दिया जाएगा। यह रकम नामांकन व श्रेणी के आधार पर विद्यालयों को जारी होगी। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष व सचिव (प्रधानाध्यापक) के संयुक्त हस्ताक्षर पर खर्च किया जा सकेगा। प्रधानाध्यापकों को कंपोजिट ग्रांट से खरीदी जाने वाली सामग्री की बिल और बाउचर प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। ग्रांट का न्यूनतम दस प्रतिशत विद्यालय की साफ-सफाई के लिए जरूरी सामान खरीदे जाएंगे। वित्त एवं लेखाधिकारी आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि 15 करोड़ 24 लाख रुपये स्वीकृत हुआ है। यह बजट जनपद को मिलते ही स्कूल खातों में ट्रांसफर कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सिम कार्ड एवं इंटरनेट की सुविधा (वित्तीय वर्ष 2024-25) के लिए कंपोजिट स्कूल ग्रांट से एक टैबलेट के लिए अधिकतम 2400 रुपये तथा दो टैबलेट के लिए अधिकतम 4800 रुपये व्यय की अनुमति प्रदान की गई है। इसका समायोजन विद्यालय को प्राप्त होने वाली कंपोजिट स्कूल ग्रांट से यथासमय किया जाएगा।

### कंपोजिट ग्रांट से खरीदे जाएंगे ये सामान

नेलकटर, हैंडवॉश, टॉयलेट क्लीनर, फिनायल, साबुन, चूना, झाड़ू, डस्टिंग क्लाथ और सैनिटाइजर की उपलब्धता अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं शौचालयों का टाइलीकरण अनिवार्य रूप से किया जाएगा। व्हाइट व ग्रीन बोर्ड समेत तमाम तरह की व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएंगी। विद्यालयों में फर्स्ट एड बॉक्स और अग्निशमन यंत्र की रिफलिंग समेत अन्य जरूरी सुविधाएं दुरुस्त होंगी। इससे बच्चे शैक्षणिक माहौल में पढ़ाई कर सकेंगे।

### खरीद प्रक्रिया की होगी जांच

सामानों की खरीददारी प्रक्रिया में पारदर्शिता, सामग्री की गुणवत्ता और अभिलेखों का समुचित रखरखाव के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी जांच करेगी। जिला शिक्षा परियोजना समिति के अनुमोदन के आधार पर दो-दो सदस्यीय टीम गठित की जाएगी। वहीं प्रत्येक ब्लॉकों के 20-20 विद्यालयों में कंपोजिट ग्रांट की उपभोग और गुणवत्ता समेत अन्य बिंदुओं पर जांच की जाएगी।

**न्यायालय उप जिलाधिकारी (न्यायिक) मैथा कानपुर देहात**
वाद सं0-टी0-20230340070674
सन्- 2024,
अन्तर्गत धारा- 116 U.P.R.C
ग्राम- निहुटा तहसील- मैथा, जनपद- कानपुर देहात
ब्रजेश यादव आदि
बनाम
शंकर लाल आदि
बृजेश यादव पुत्र बसन्त यादव, निवासी- म0न0-22 चैतन्य बिहार मकडी खेडा तहसील व जिला कानपुर देहात व राहुल गुप्ता पुत्र सुधीर कुमार गुप्ता, नि0म0-10119/525 दर्शनपुरवा तहसील व जिला कानपुर नगर। **-वादीगण**
बनाम
1. शंकरलाल पुत्र बोधीलाल, नि- 131 कुरसौली बिठूर कानपुर नगर व विजय कुमार त्रिपाठी पुत्र रामकुमार त्रिपाठी, निवासी- 27ए, ब्लॉक आई ऐश्वर्यपुरम डी0सी0 एफ0भट्ठा, कल्याणपुर गंगपुर चकवाडा कानपुर नगर बादहु
1. अर्चना सिंह पत्नी विवेक सिंह निवासिनी 2 ई0 ब्लाक नियर नगर निगम डंप रानीगंज पनकी कानपुर नगर।, 2. अनीता गुप्ता पत्नी राजेश कुमार गुप्ता, नि0 ई0डब्लु0एस0-4679 आवास विकास 10 पनकी रोड ,कल्यानपुर, कानपुर नगर।, 3. आदित्य प्रताप सिंह पुत्र उदयभन सिंह, नि0- 117/ 29 पुरानी बस्ती काकादेव, तहसील व जिला कानपुर नगर।, 4. मोहिनी देवी पत्नी अवधेश प्रजापति, नि0- मोहल्ला देविनटोला सराय मीरा सराय मीरा आंशिक कन्नौज।, 5. जफर इकबाल अंसारी पुत्र मो0 इसराइल, नि0 31 पहलवान पुरवा के0डी0ए0 कालोनी, आजाद नगर कत्तारियाजोर नवाबगंज कानुपर नगर।, 6. किरन पत्नी नीरज कुमार, नि0 116 / 925 राधा बिहार रावतपुर, कानपुर नगर।, 7. अर्चना देवी पत्नी मोनी दुबे नि0 310/697 रतनपुर कालोनी पनकी पकबहादुर नगर, कानपुर नगर, 8. हरी किशोर पुत्र कमल किशोर, नि0 महलो टीपू महली जबीं, कानपुर नगर, 9. गौरव सिंह गंगवार पुत्र सुरेश चन्द्र गंगवार नि0 पटेलपुरम छपट्टी कायमगंज, फर्रुखाबाद।, 10. मीरा दीक्षित पत्नी प्रदीप दीक्षित, नि0- 3सी/438 आवास विकास हंसपुरम नौबस्ता कानपुर नगर। 11. अनरूद्ध पुत्र कृष्णमुरारी, नि0- पुराणपुरवा तहसील रसूलाबाद।, 12. मोती लाल पुत्र भिख्खूलाल, नि0- 315/5 शास्त्री नगर कानपुर नगर।, 13. सुमन पत्नी संतोष कुमार, नि0- निहुटा तहसील गैथा जनपद कानपुर देहात।, 14. रश्मी पुत्री रबि कुमार, नि0- निहुटा, तहसील- मैथा, जनपद- कानपुर देहात।, 15. रवि दिवाकर पुत्र रामनाथ दिवाकर, निवासी- ग्राम- म0न0-10 501 सुन्दर नगर नियर शिक्षा मन्दिर पनकी कानपुर नगर।
16. गॉव सभा निहुटा द्वारा अध्यक्ष / ग्राम प्रधान निहुटा, तहसील- मैथा, जनपद- कानपुर देहात। **- प्रतिवादीगण**
वाद अर्न्तगत धारा 116
यू0पी0आर0सी0 2006 गांव सभा निहुटा तहसील गैथा जनपद कानपुर देहात।
प्रतिवादीगणों के सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि 10/05/2024 को अदालत में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें।
उपजिलाधिकारी
मैथा, कानपुर देहात

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# तीसरे चरण के मतदान के लिए पुलिस बल हुआ रवाना

## एएसपी ने पुलिस कर्मियों को संवेदनशील रहने की दी नसीहत, सावधानियों की भी जानकारी दी




पुलिस कर्मियों को संबोधित करते अपर पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** तीसरे चरण के मतदान को पुलिस लाइन परिसर से चुनाव ड्यूटी के लिए पुलिस बल रवाना किया गया। अपर एसपी ने रवाना होने वाले पुलिस कर्मियों को सतर्क और संवेदनशील रहकर पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ चुनाव ड्यूटी करने की नसीहत दी।

पुलिस लाइन परिसर में अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा ने शुक्रवार को चुनाव ड्यूटी पर लगाए गए पुलिस बल को ब्रीफिंग करते हुए यात्रा व मतदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। कहा कि पुलिस कर्मी सतर्क एवं संवेदनशील रहकर चुनाव ड्यूटी करें। लोकतंत्र के महापर्व में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर बूथ पर मतदाताओं के साथ विनम्र व्यवहार रखें। मतदाताओं को किसी प्रकार की समस्या न होने पाए। हिदायत दी कि वह स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें और प्रदान की गई किट अपने पास रखें। समय पर दी गई किट का उपयोग करें। उन्होंने पुलिस बल को रवाना करते हुए कहा कि यदि किसी पुलिस कर्मी को स्वास्थ्य अथवा अन्य समस्या पारिवारिक या व्यक्तिगत हो तो वह सीधा उनसे संपर्क कर सकते हैं। तत्काल निराकरण किया जाएगा।



मतदाता जागरूकता रैली निकालते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## अतर्रा में छात्रों ने निकाली मतदाता रैली

**अतर्रा:** कस्बा स्थित ब्रम्हविज्ञान इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य की अगुवाई में के छात्र-छात्राओं द्वारा शुक्रवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली। छात्रों ने रैली निकालकर नगरवासियों को मतदान के लिए नारो व स्लोगन के माध्यम से जागरूक किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य शिवदत्त त्रिपाठी की अगुवाई मे सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों के साथ हाथों में स्लोगन लिखी हुयी तख्ती व बैनर लेकर नारे लगाते हुये लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करते रहे। रैली कॉलेज से निकलकर कस्बे के मुख्य बाजार से होते हुये गौरबाबा धाम मे समाप्त हुयी प्रधानाचार्य ने सभी नगर वासियों से 20 मई को होने वाले लोकतंत्र के महापर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। इस दौरान भारत विकास परिषद के अध्यक्ष डॉ अनुराग द्विवेदी, डॉ स्मिता त्रिपाठी, जया अग्निहोत्री, गोपाल गुप्ता, अरुण कुमार, चेतराम, सोमनाथ, सुशील कुमार, गिरजेश मिश्रा, राजेश कुमार, राजेन्द्र कुमार, कमलेश कुमार, शान्तिभूषण यादव, सुरेन्द्र शर्मा, सुरेशचंद्र, जेपी कोमल आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## तीन शातिरों को किया गया जिला बदर

**बांदा।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला पुलिस अराजकतत्वों पर जहां निरोधात्मक कार्रवाई करके उन्हें पाबंद कर रही है। वहीं विभिन्न मादक पदार्थों, अवैध असलहों आदि के बनाने व बिक्री करने वालों पर सख्ती बरत रही है। अपर जिला मजिस्ट्रेट की अदालत से तीन अभियुक्तों को गुंडा घोषित करते हुए उन्हें छह माह के लिए जिला बदर किया गया है।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए जिला पुलिस पूरी तरह से तैयार है। लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने वाले संत कुमार उर्फ संतू पुत्र रामदीन निवासी भरखरी थाना कोतवाली नगर, भूरू तिवारी पुत्र बग्गड़ उर्फ रमाशंकर तिवारी निवासी गिरवां और रोमन उर्फ रोमा वर्मा पुत्र रूप नारायण निवासी धौसड़ थाना तिंदवारी के खिलाफ पुलिस ने गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई करके पत्रावली अपर जिला मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया। जिस पर अपर जिला मजिस्ट्रेट ने तीनों अभियुक्तों को गुंडा घोषित करते हुए छह माह के लिए जिला बदर कर दिया है।

## सार-संक्षेप



घटनास्थल पर एकत्र लोग। अमृत विचार

### पंचर बनाने वाले युवक ने ट्रेन से कटकर दी जान

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के चन्दपुरवा गेट के पास एक युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जालौन जनपद के आटा थानाक्षेत्र के छौंक गांव निवासी मानिकचंद (35) पुत्र रामप्रसाद फैक्टरी एरिया के पास पेट्रोल पंप के बगल में पंचर की दुकान संचालित करता था व्यह काफी समय से यहीं रहकर कार्य कर रहा था। शुक्रवार को सुबह जबलपुर लखनऊ चित्रकूट एक्सप्रेस के गुजरने के समय गेट संख्या एस 29 के पास ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फैक्टरी एरिया चौकी इंचार्ज राहुल मिश्रा ने बताया कि परिजनों को सूचना दी गई है। वह मौके पर पहुंचने वाले हैं। युवक ने किस कारण से आत्महत्या की इसकी जानकारी नहीं हो सकी है।



जिला कारागार से बाहर निकलतीं अपर जिला जज गीतांजलि गर्ग व अन्य।

### नि:शुल्क विधिक सेवा के बारे में बताया

**हमीरपुर।** ज़िला जज व अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशानुसार विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर ज़िला जज गीतांजलि गर्ग ने डिफेंस के अधिवक्ताओं के साथ निरीक्षण किया। बैरकों में जाकर बंदियों को नि :शुल्क विधिक सेवा देने की शासन की योजना के बारे जानकारी दी गई। विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव के साथ चीफ एड डिफेंस काउंसिल आनंद कुमार सक्सेना, डिप्टी चीफ एड डिफेंस काउंसिल हरिनाम और असिस्टेंट एड लीगल डिफेंस काउंसिल फिरोज आलम के साथ जिला कारागार का निरीक्षण किया। जिसमें बैरकों में जाकर उन्हें नि :शुल्क विधिक सेवा देने की शासन की योजना के बारे में बंदियों व कैदियों को जानकारी दी गई। जिसमें उन्हें बताया गया कि जो कैदी धनाभाव के कारण अधिवक्ता की सेवा नहीं ले पा रहे हैं या छोटे-छोटे अपराधों में बहुत दिनों से कारागार में निरुद्ध हैं या जिनका कोई मुकदमा पैरोकार नहीं है। अथवा जमानत पाने के बाद जमानत भरवाने में असमर्थ हैं और वह निजी तौर पर अपनी पैरवी करने में अक्षम हैं। ऐसे लोग जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में अपना आवेदन भिजवा दें। उनकी पैरवी प्राधिकरण में नियुक्त अधिवक्ता द्वारा नि :शुल्क की जाएगी। निरीक्षण में जेल अधीक्षक, जेलर, डिप्टी जेलर व अन्य कर्मचारी साथ रहे।

### गर्मी ने दिखाए तेवर, उल्टी दस्त के मरीज बढ़े

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** गर्मी के तेवर से आम जनजीवन अस्त व्यस्त है। बूढ़े बच्चे इसके शिकार होकर अस्पताल पहुंचने लगे हैं। सुबह ओपीडी से लेकर इमरजेंसी में मरीजों का तांता लगा रहता है। गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। बच्चे बूढ़े लूज मोशन, पेट दर्द, बुखार की चपेट में आकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सुबह से मरीजों का तांता लग जाता है। ओपीडी में मौजूद चिकित्सक डॉ.परवेज कादरी ने बताया कि सर्वाधिक मरीज उल्टी दस्त, पेट दर्द,हल्के बुखार से ग्रसित आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि ओपीडी में मरीजों की संख्या 200 का आंकड़ा पार कर रही है। इमरजेंसी में भी इसी तरह के मरीज आ रहे है। शुक्रवार को पीएचसी के सभी बेड भरे हुए थे।

### चोरी के माल समेत दो शातिर गिरफ्तार

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण लगाने को चलाए जा रहे अभियान में नरैनी कोतवाली पुलिस ने एक पखवारा पहले हुई चोरी का खुलासा कर दिया। नरैनी कस्बे के सुभाष नगर में भेला प्रसाद के मकान में चोरों ने 19 अप्रैल को चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इसी क्रम में नरैनी कोतवाली प्रभारी सुरेश सैनी, उप निरीक्षक अनिल सिंह ने चोरी की घटना में शामिल अभियुक्तों की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर नौहाई गांव से शुक्रवार को शहर कोतवाली क्षेत्र के अलीगंज रामलीला मैदान निवासी अभिषेक पुत्र रमेश कुशवाहा और इसी कोतवाली क्षेत्र के बिजलीखेड़ा निवासी मनीष कुमार उर्फ हिमांचल पुत्र रामकिशोर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरों के पास दो सोने की अंगूठी, एक चेन और 1970 रुपये नगद बरामद किए।

### पत्नी ने पति को प्रेमिका के साथ पकड़ा, हंगामा

**कानपुर।** यशोदा नगर में किराए के मकान में प्रेमिका संग रह रहे लखनऊ के रिटायर्ड जवान को पत्नी ने रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद जमकर पत्नी ने हंगामा किया। हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुंची नौबस्ता पुलिस पति को थाने ले गई, हालांकि उसने कुछ देर बाद उसे छोड़ दिया। जिस पर पीड़िता ने डीसीपी साउथ कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। लखनऊ निवासी सेना से रिटायर्ड जवान की पत्नी ने बताया कि पति शहर में प्राइवेट नौकरी करने की बात कह कर यशोदा नगर में रहते थे। काफी-काफी समय तक घर न आने पर उन्हें शक हुआ। जानकारी की तो पता चला कि पति का नौबस्ता निवासी एक महिला से दो साल से अवैध संबंध है, महिला का पति दिव्यांग है। पता चला कि पति महिला को अपने साथ पत्नी बना कर रखता है। गुरुवार को पत्नी रिश्तेदारों संग यशोदा नगर स्थित उस मकान में पहुंची तो रिटायर्ड जवान अपनी प्रेमिका संग मिला। जिसके बाद जमकर पत्नी ने जमकर हंगामा किया। हंगामे की सूचना पर नौबस्ता पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पति को थाने लेकर आई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि पति के खिलाफ पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की और उसे छोड़ दिया। शुक्रवार को पीड़िता डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार के कार्यालय पहुंची। डीसीपी साउथ ने बताया कि मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है।

### दिव्यांग सेवा केंद्र का उद्घाटन

**कानपुर।** सक्षम के दिव्यांग सेवा केंद्र का शुक्रवार को शास्त्रीनगर में उद्घाटन किया गया। सक्षम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एक आनुषांगिक संगठन है, जो 2008 से देश में दिव्यांगों की सेवा का काम कर रहा है। शास्त्रीनगर में दिव्यांग सेवा केंद्र का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक श्रीराम, विभाग प्रचारक बैरिस्टर, प्रांत संचालक भवानी तिवारी व सक्षम के प्रांत अध्यक्ष डॉ. शरद बाजपेई, नगर संचालक राजेंद्र प्रसाद कटियार ने किया। इस मौके पर युवा प्रमुख सचिन पाण्डे, अभिषेक मिश्रा, एडवोकेसी प्रमुख दीपक यादव आदि रहे।

## एक नजर

### भाड़ा लेकर आए चालक को पीटा

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** मौदहा कोतवाली के गहरौली खुर्द से भाड़ा लेकर क्षेत्र के ग्राम पारा रैपुरा आए दलित चालक को आधा दर्जन युवकों ने पंधरी के निकट रोककर जमकर पीटा। पीड़ित ने युवकों को नामजद करके तहरीर पुलिस को सौंपी है। गहरौली खुर्द निवासी पुष्पेंद्र कुमार श्रीवास ने बताया कि वह भाड़ा लेकर क्षेत्र के ग्राम पारा रैपुरा आया था। पंधरी के निकट गहरौली खुर्द निवासी अमन विश्वकर्मा, सचिन निवासी अरतरा वारिश आदि आधा दर्जन लोगों ने रोककर गाली गलौज करते हुए जमकर मारा पीटा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू की है।

### मामूली विवाद के चलते दो युवकों ने युवक को पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** जरिया थाने के सरीला कस्बे में मामूली विवाद के चलते दो युवकों ने एक युवक के साथ गाली गलौज करते हुए उसे जमकर पीटा। घायल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरीला कस्बे के हटवारा निवासी रामप्रकाश पुत्र लक्ष्मी ने बताया कि वह कस्बे से घूमकर वापस अपने घर जा रहा था। रास्ते में चिकवन मोहल्ले के पास खेड़ा शिलाजीत गांव निवासी शशि पुत्र जागे व सरीला के रहने वाले सागर पुत्र धर्मेंद्र ने मामूली विवाद के चलते उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो आरोपियों ने पकड़ कर उसे जमकर पीटा। जिससे शरीर के कई स्थानों पर चोटें आईं। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराया है।

### घर में काम करने के दौरान महिला को लगा करंट

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के धमना गांव में घर में काम कर रही महिला को करंट लग गया। घायल महिला को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। धमना गांव निवासी हृदेश (35) पत्नी बलवीर सुबह घर में काम कर रही थी। उसी दौरान वहां से निकली केबिल छूने पर करंट लग गया।

# बादशाह गैंग के सरगना को गिरफ्तार किया गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एक मई को घर के बाहर खड़े युवक से छीने थे रुपये
- दो मई को कर्मचारी का अपहरण कर छीनी थी नकदी

**अमृत विचार।** दो दिन में लूट व अपहरण करने वाले बादशाह गैंग के सरगना को बाबूपुरवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से तमंचा, कारतूस समेत नकदी बरामद की।

बाबूपुरवा निवासी मो. सहावेज ने बताया कि एक मई रात वह घर के पास खड़ा था। तभी बादशाह गैंग का सरगना फुरकान अहमद उर्फ लेड़ी आया और जेब में रखे छह हजार रुपये छीन लिए थे। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ लूट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं गुरुवार को बेगमपुरवा सफेद कालोनी निवासी मोहम्मद समीर किदवई नगर एम ब्लॉक स्थित शांति मार्केट में मोबाइल शाप में काम कर शाम छह बजे पैदल घर जा रहा था। एनएलसी कॉलोनी में फुरकान लेड़ी अपने साथी संग आया और बाइक पर जबरन बिठा कर ले गया और तमंचा लगा कर पांच हजार रुपये छीन लिए। विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बाबूपुरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

आरोपी सरगना फुरकान लेड़ी को बाबूपुरवा पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि आरोपी के पास से एक तमंचा, कारतूस व लूटे गए 39 सौ रुपये बरामद कर आरोपी को जेल भेजा गया है।

## छेड़छाड़ और मारपीट में दो पर रिपोर्ट

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दवा लेने गई महिला के भाई के साथ अस्पताल के वार्ड ब्यॉय ने मोबाइल चलाने पर टोकने पर विरोध करने कर मारपीट की। इस दौरान महिला बचाने गई तो उसके साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कल्याणपुर निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि स्वास्थ्य केन्द्र कल्यानपुर दवा लेने अपने भाई के साथ गईं थी। वार्ड ब्यॉय भाई से बोला कि यहां मोबाइल क्यों चला रहे हो। एक अन्य कर्मचारी ने कहा किसी युवती या गर्लफ्रेंड को फोन कर रहे हो।

विरोध करने पर वार्ड ब्यॉय ने गालीगलौज करते हुए तमाचा मार दिया। अन्य कर्मचारियों ने भी मारपीट की। आरोपियों ने उनके साथ छेड़छाड़ की।

# छोटी-छोटी बचत ही लेती है भविष्य में बड़ा रूप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वीएसएसडी कॉलेज में वाणिज्य संकाय की संगोष्ठी

**अमृत विचार।** बचत करने का सबसे बेहतर तरीका है कि छोटी-छोटी बचत को बड़ी बचत के रूप में बदला जाए। अचानक से बड़ी बचत करने से कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इससे कई बार बड़ी बजत खंडित भी हो सकती है। इसलिए बड़ी बचत के लिए छोटी-छोटी लेकिन लगातार बचत करते रहना चाहिए।

यह विचार शुक्रवार को वीएसएसडी कॉलेज के वाणिज्य संकाय की ओर से हुई संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने व्यक्त किए। 'वित्तीय साक्षरता' विषय पर हुई संगोष्ठी में मुख्य अतिथि सीए प्रदीप गोयनका ने कहा कि जीवन में कर्म योग का बहुत महत्व है। उन्होंने कौटिल्य अर्थशास्त्र का उदाहरण देते हुए बताया कि वित्तीय सफलता के लिए ज्ञान से अधिक विवेक का महत्व होता है। महाविद्यालय प्रबंधक समिति की संयुक्त सचिव सीए नीतू सिंह ने जीवन में छोटी बचत का महत्व समझाया। विशिष्ट अतिथि डॉ बीएम अग्रवाल प्राचार्य प्रो बिपिन चंद्र कौशिक ने वित्तीय साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि वित्तीय प्रबंधन के लिए वित्तीय साक्षरता जरूरी है। संगोष्ठी के दौरान एसपीएफएल सिक्योरिटीज लिमिटेड व टैलेंट डेवलपमेंट काउंसिल दो संस्थाओं के साथ महाविद्यालय ने समझौता ज्ञापन भी साइन किया। संकाय अध्यक्ष प्रो मनोज अवस्थी, संयोजक डॉ ओपी जायसवाल आदि रहे।

## विक्षिप्त गुमशुदा को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**बांदा:** कालिंजर थाना पुलिस ने सीमावर्ती मध्य प्रदेश के सतना जिले के रामपुर बघेलाबारी थाना क्षेत्र के बरहा गांव गांव निवासी मानसिक विक्षिप्त दयानंद पुत्र विनोद के परिजनों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्द किया।

कालिंजर पुलिस को सूचना मिली कि कस्बा कालिंजर में एक मानसिक रुप से विक्षिप्त व्यक्ति घूम रहा है। थानाध्यक्ष कालिंजर ने विक्षिप्त को थाने लाकर पूछताछ की। पुलिस ने उसके बताए पते पर संबंधित थाने से संपर्क कर परिजनों को सूचित किया। विक्षित के भाई धुव कुशवाहा से पहचान कराई। गुमशुदा को नये कपड़े और खाना खिलाकर भाई को सकुशल सुपुर्द कर दिया।

# गेहूं के अवशेष जलाने पर सेटेलाइट से रखी जाएगी नजर, लगेगा जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- किसानों को गेहूं के डंठल न जलाने के लिए किया जा रहा जागरूक

**अमृत विचार।** खरीफ की तरह ही रबी सीजन में गेहूं की कटाई के बाद उसके अवशेष जलाने पर रोक रहेगी। इसके लिए राजस्व व कृषि विभाग के कर्मचारी नजर रखेंगे। सरकार की ओर से भी सेटेलाइट से निगरानी शुरू की गई है।

कई किसान गेहूं की कटाई हार्वेस्टर से कराते हैं और स्ट्रारीपर के जरिये फसल अवशेषों को भूसा बनाते हैं। लेकिन कहीं-कहीं फसल अवशेष जलाने की घटनाएं भी होती हैं। इसको देखते हुए रबी के फसल अवशेष जलाने को लेकर एनजीटी ने प्रतिबंध लगाया है। सरकार की ओर से फसल अवशेष जलाने की घटनाओं की रोकथाम के लिए मॉनीटरिंग सेटेलाइट शुरू की गई है। इससे मिले आंकड़ों को जनपद को उपलब्ध कराया जाता है। इसके आधार पर विभाग की ओर से कार्रवाई की जाती है। वहीं फसल अवशेष जलाने को लेकर कृषि विभाग भी सक्रिय है।

> एनजीटी की ओर से फसल अवशेष जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। सरकार भी सेटेलाइट के जरिये इसपर नजर रख रही है। इसलिए किसान किसी भी हालत में फसल अवशेष न जलाएं। बल्कि उसे जैविक खाद बनाने में इस्तेमाल करें। -डॉ. उमेश कुमार गुप्ता जिला कृषि अधिकारी

### फसल अवशेष जलाने पर जुर्माना व कारावास

फसल अवशेष जलाने पर संबंधित किसान को जुर्माना व कारावास की सजा भी हो सकती है। एनजीटी की ओर से दो एकड़ तक के किसानों को 2500 रुपये प्रति घटना, दो एकड़ से पांच एकड़ तक के किसानों को पांच हजार रुपये प्रति घटना, पांच एकड़ से अधिक भूमि पर पंद्रह हजार रुपये प्रति घटना जुर्माना का नियम है। दोबारा अपराध पर कारावास व सरकारी सुविधाओं से भी वंचित किया जाएगा।

## तिजोरी काटकर चोरी करने के आरोप में दो गिरफ्तार किए गए

**कानपुर।** काकादेव थानाक्षेत्र में एक मई को इलेक्ट्रनिक दुकान में घुसकर हैंड कटर मशीन से तिजोरी काटने वाले दो शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

कल्याणपुर थानाक्षेत्र के आवास विकास निवासी व्यापारी प्रणव चोपड़ा ने पुलिस को बताया था कि उनकी शास्त्री नगर में इलेक्ट्रानिक सामान की दुकान है। एक मई की देर रात चोरों ने तिजोरी काटकर नकदी चुरा ली। एलईडी भी चोरी की थी।

काकादेव इंस्पेक्टर केपी गौड़ ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की मदद से दो चोरों शास्त्री नगर पाल बस्ती निवासी अमरजीत उर्फ गोलू यादव व आदर्श राजपूत उर्फ छुटकी को गिरफ्तार किया गया है।

**दे रहे दर्द** सड़कों पर अन्ना मवेशियों का रहता डेरा, आए दिन होते हादसे

# संदलपुर ब्लाक के गांवों में अन्ना मवेशी बने समस्या

संवाददाता, मंगलपुर-कानपुर देहात

**अमृत विचार।** शासन व जिला प्रशासन के तमाम निर्देशों के बाद भी अन्ना मवेशियों की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। जानवरों के झुंड फसलों को तो तबाह कर ही रहे हैं। साथ ही यातायात को भी बाधित करते हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में मवेशियों के दूध देना बंद करने पर खुला छोड़ दिए जाते हैं। जिससे समस्या और भी बढ़ती है।

जिले में अन्ना जानवरों की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। हालांकि इन्हें संरक्षित करने के लिए गौशालाएं भी बनवाई गई हैं। लेकिन दिक्कत कम होने का नहीं ले रही है। आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में गोवंश मरते हैं। इसके अलावा अन्ना जानवर खेतों में घुसकर किसानों की फसलों को चौपट करते हैं। वहीं अन्ना जानवर सड़क पर घूम कर यातायात व्यवस्था को भी प्रभावित करते हैं। इसी तरह संदलपुर ब्लॉक क्षेत्र के मंगलपुर क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों के सभी प्रमुख मार्गों पर अन्ना मवेशी डेरा डाले रहते हैं। जिसकी वजह से कई बार जाम जैसे हालातों के साथ साथ दुर्घटनाएं भी होती हैं। स्थानीय स्तर पर अधिकारी व कर्मचारी अन्ना जानवरों को पकड़कर गौशालों में बंद करने का दावा तो करते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। ग्राम पंचायत मंगलपुर, डिलवल, जसापुर, सबलपुर, अकना, हवासपुर सहित अन्य जगहों पर अन्ना जानवरों के झुंड खुलेआम घूमते देखे जा सकते हैं।



संदलपुर क्षेत्र में सड़क पर घूमते छुट्टा मवेशी। अमृत विचार

# साइकिल सवार की बाइक की टक्कर से हुई मौत

**रनियां।** थाना रनियां के श्यामपुर गांव में बाइक ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। इससे साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद परिजनो उसे कानपुर के हैलाट अस्पताल भेजा। इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने घटना की जानकारी रनियां पुलिस को दी।

मूलरूप से जाजगिरि छत्तीसगढ़ के रहने वाले मेवालाल 55 श्यामपुर में किराए के मकान में रहकर किसी फैक्टरी में मजदूरी करता था। गुरुवार की रात वह फैक्टरी से साइकिल से घर जा रहे थे। गजनेर की ओर से आ रहे बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे मेवालाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल बुजुर्ग को रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। परिजन उन्हे कानपुर के हैलाट अस्पताल ले गए, जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस संबध में एसओ महेंद्र पटेल ने बताया कि वृद्ध के मौत की सूचना परिजनों ने दी है।

### डग्गामार वाहन के पलटने से महिला घायल

**राठ (हमीरपुर)।** मझगवां थाने के अटगांव गांव के पास तेज रफ्तार डग्गामार वाहन के पलटने से उसमें सवार एक महिला घायल हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया। जानकारी के अनुसार मझगवां थाने के गढ़हर गांव निवासी वंदना पत्नी नरेश शुक्रवार की सुबह किसी बैठक में शामिल होने के लिए डग्गामार वाहन से मल्हेटा गांव जा रही थी। उसी दौरान रास्ते में अटगांव के पास तेज रफ्तार डग्गामार वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे उसमें सवार महिला वंदना गिरकर घायल हो गई।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद-राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 129/न0पा0प0-राठ/म्यु0सू0/2023-24/ दिनांक 03.05.2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री रामसहाय पुत्र छत्रपाल सिंह | श्रीमती सन्तोष रानी पत्नी छत्रपाल सिंह | सिकन्दरपुरा-3 | 05 | 1000 | पंजीकृत दान पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ-हमीरपुर

# अब व्हाट्सएप ग्रुप पर बिजली गुल होने की मिल जाएगी जानकारी

## खत्म होगी शिकायत, कर्मचारियों समेत वार्डों के सभासदों को ग्रुप से जोड़ा गया

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जनपद के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की ट्रिपिंग, बिना सूचना कटौती पर अब विभागीय अधिकारियों की भी नजर रहेगी। बिजली कटौती पर तत्काल बिजली विभाग के कर्मचारियों से बात भी कर सकेंगे। समस्या की वजह और उसके निदान के रास्ते भी तलाशे जाएंगे।

जनपद को 24 घंटे निर्बाध आपूर्ति का निर्देश है लेकिन सभी इलाकों में रोजाना किसी न किसी समय कटौती जरूर होती है। कहीं पूरे दिन बिजली आती-जाती रहती है तो कहीं बिना सूचना घंटों कटौती कर दी जाती है। बिजली निगम के



उपकेंद्र पर फोन करने पर कर्मचारी सही जवाब नहीं देते और अवर अभियंता व उपखंड अधिकारी उपभोक्ताओं की काल रिसीव नहीं करते। बिजली कटने की जानकारी के लिए फोन करने पर उपभोक्ताओं को सही जानकारी न दिए जाने की लगातार शिकायत होती रहती है।

- बिजली विभाग की नई कवायद के बाद पटरी पर आएगी व्यवस्था

"ग्रुप से जुड़े लोग फाल्ट को व्हाट्सएप के माध्यम से अवगत कराएंगे। उसको तत्काल दुरस्त करवाएंगे।

–एके लोहाट, अधीक्षण अभियंता, विद्युत"

इसे देखते हुए विभाग की ओर से वाट्सएप ग्रुप बनाने के निर्देश दिए गए हैं। अधिशासी अभियंताओं से कहा गया है कि वह वाट्सएप ग्रुप में इलाके के जनप्रतिनिधियों और उपखंड अधिकारी, अवर अभियंता व अन्य कर्मचारियों को शामिल करें। साथ ही सभ्रांत नागरिकों को भी ग्रुप में रखें। बिजली कटौती से जुड़ी जानकारी ग्रुप पर आते ही वहीं समस्या के बारे में जानकारी दी जाए। साथ ही बताया जाए कि बिजली आपूर्ति कितनी देर में बहाल हो जाएगी। विभाग की ओर से कहना है कि बिजली विभाग के अफसर कटौती दूर करने और बिजली से जुड़ी दिक्कतों के समाधान के लिए ग्रुप पर ही जनप्रतिनिधियों से सुझाव भी मांग सकते हैं। सुझाव के आधार पर प्रस्ताव बनाकर इसे स्वीकृति के लिए अफसरों के संज्ञान में ले आया जाए। बिजली की निर्बाध आपूर्ति में कोई भी व्यवधान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बता दें कि इन ग्रुपों में शहर के सभी सभासदों को ग्रुप से जोड़ा गया है।

# मां की हत्या में बेटे को आजीवन कारावास

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** चार साल पहले एक बेटे ने मां की हत्या कर दी थी। इस मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए आरोपी बेटे को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। कोर्ट के फैसले के बाद बेटा कोर्ट रूम से रोता हुआ निकला।

शासकीय अधिवक्ता महेंद्र सिंह ने बताया कि खागा अर्जुनपुर गढ़ा निवासी सर्वेश तिवारी की दादी सोमवती देवी 15 दिसंबर 2020 की शाम अपने पुत्र शशि प्रकाश तिवारी को कमरे में खाना देने गई थीं। तभी शशि ने पत्थर मारकर अपनी मां को गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग कमरे पहुंचे थे। उस समय परिजनों ने घायल अवस्था में सदर अस्पताल ले गए था। जहां डाक्टरों ने मां को



- कमरे में खाना देने गई थी मां सिर पर मार दिया था पत्थर

मृत घोषित कर दिया था। इस मामले में अभियोजन की तरफ से चार गवाह पेश हुए। न्यायाधीश अजय सिंह प्रथम की कोर्ट में मामले की अंतिम सुनवाई हुई। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी बेटे शशि प्रकाश तिवारी को दोष सिद्ध करते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने 50 हजार का जुर्माना जमा करने के भी आदेश दिए हैं।

## सार-संक्षेप

### गैर इरादतन हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** हथगाम पुलिस ने भैरमपुर गांव निवासी छोटेलाल पुत्र बजरंग के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मामला दर्ज किया था। इसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

### आबकारी एक्ट में पकड़ा

**फतेहपुर।** मलवां पुलिस ने बरमतपुर गांव निवासी जग्गू पासी पुत्र स्व. शिवदयाल के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी की तलाश पुलिस कर रही थी। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर न्यायालय रवाना किया है।

### बालिकाओं को किया जागरूक

**फतेहपुर।** एसपी उदय शंकर सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को सभी थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान टीमों ने महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए जारी विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया।

### इंस्टाग्राम पर धार्मिक टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**फतेहपुर।** एक युवक ने सोशल मीडिया में देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी कर इंस्टाग्राम पर पोस्ट वायरल कर दी। खागा के रहने वाले एक व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी की है। खागा कोतवाली क्षेत्र के नीम टोला निवासी कृष्ण कुमार मिश्र पुत्र अरुण कुमार मिश्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि हिन्दू धर्म की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने व धार्मिक उन्माद फैलाने का प्रयास किया गया है। आरोप लगाया कि सुल्तानपुर घोष थाने के भादर गांव निवासी रवि गौतम पुत्र बाबू लाल ने सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम प्लेटफार्म पर 33 करोड़ देवी देवाताओं पर अभद्र टिप्पणी कर उसे वायरल कर दिया। पुलिस ने मामला संज्ञान में लेकर आरोपी पर सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज किया है। वहीं पुलिस ने गुरूवार को चौक चौराहे से आरोपी रवि गौतम को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल बरामद किया है।

# बाजारों में एमएसपी से महंगा गेहूं सरकारी केंद्रों पर पसरा सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** मंडी की आढ़तों एवं बाजारों में गेहूं सरकारी रेट से महंगा बिक रहा है। जिसके चलते आढ़तों पर गेहूं की खूब खरीद हो रही है। जबकि क्रय केंद्रों पर सन्नाटा रहता है। जबकि समर्थन मूल्य 2275 प्रति क्विंटल है। जिले में अब तक 53.49 एमटी गेहूं खरीद हुई है।

सरकार की ओर से किसानों को गेहूं का बाजिब मूल्य देने के लिए इस बार मार्च से ही खरीद केंद्र खोल दिए गए थे। इतना ही नहीं गेहूं के समर्थन मूल्य में भी वृद्धि की गई। इस बार सरकारी क्रय केंद्रों पर 2275 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदा जा रहा है। डीएम के निर्देश पर जिले में 72 क्रय केंद्र संचालित हैं लेकिन मंडी में आढ़तों पर गेहूं की कीमत में



- आढ़तों पर खरीदा जा रहा 2290 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं
- सरकारी केंद्रों पर 2275 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य

उछाल आया है। विगत दो-तीन दिन पहले गेहूं की कीमत 2300 रुपए प्रति कुंतल तक पहुंच गई थी। गेहूं का मंडी भाव अधिक होने के चलते किसान क्रय केंद्रों पर जाने से बच रहे हैं।

अधिकांश केंद्रों पर सन्नाटा दिखता है। कुछ केंद्रों पर थोड़ा-बहुत गेहूं खरीदा गया। जिला विपणन अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शासन के निर्देश पर गेहूं खरीद में तेजी लाने के लिए लगातार किसानों से संपर्क किया जा रहा है। केंद्र प्रभारी गांव गांव जाकर किसानों से संपर्क कर रहे हैं। कई केंद्रों पर खरीद शुरू हो चुकी है। खरीद बढ़ाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

### खरीद बढ़ाने के लिए दौड़ रहे अधिकारी

गेहूं का मंडी भाव अधिक होने के चलते किसानों का रुख क्रय केंद्रों की ओर नहीं हो रहा है। ऐसे में डीएम के निर्देश पर अधिकारी लगातार दौड़ रहे हैं। केंद्र प्रभारियों को खरीद बढ़ाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। जिसके चलते जिला विपणन अधिकारी प्रतिदिन केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं।

# यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**फतेहपुर।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा पखवाडा चलाया जा रहा है। बताया कि आदेश के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं एवं दुर्घटनाओं में बढ़ती हुई मृतकों की संख्या में कमी लाने के उद्देश्य से जन सामान्य को यातायात एवं सडक सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया।

स्टेक होल्डर विभागों के सहयोग से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को कार्यालय में लाइसेंस व वाहन सम्बन्धित कार्यों के लिए आने वाले आवेदकों को नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा जागरुकता के तहत शपथ दिलाकर पम्पलेट का वितरण किया गया। एआरटीओ पुष्पांजलि मित्रा गौतम, सुरेन्द्र सिंह आदि रहे।

# सी-विजिल : चुनाव की 19 शिकायतें हुई दर्ज

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को लेकर गठित जिला कंट्रोल रुम में सी-विजिल डेस्क में अब तक 19 शिकायतें दर्ज हुई है। इनका निस्तारण भी निश्चित समय सीमा में किया जा चुका है।

शिकायतों में आचार संहिता उल्लंघन को लेकर होडिंग, पोस्टर, वॉल पेंटिंग से जुड़े मामले शामिल हैं। जिनमें एफएसटी टीम को मौके पर भेज कर 100 मिनट में शिकायत का निस्तारण कराया गया। शिकायत का अंतिम निस्तारण संबधित विधानसभा क्षेत्र के एआरओ के प्रतिउत्तर से होता है। यानि सघन निगरानी के बाद व संबंधित शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी इसमें शामिल है। डिस्ट्रिक्ट कॉन्ट्रेक्ट व कंट्रोल सेंटर के प्रभारी के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुसार शिकायत दर्ज करने से लेकर उसके निस्तारण के लिए जिले में एक बहुत बड़ी टीम काम कर रहीं है। जो कंट्रोल रुम के अलावा छह विधानसभा क्षेत्र में भी संबंधित एआरओ के निर्देशन में कार्य करती हैं। सी-विजिल पोर्टल पर एप के माध्यम से कोई भी सिटीजन शिकायत दर्ज करा सकते है। ज्ञात हो कि फतेहपुर लोकसभा सीट में 20 मई को मतदान होगा। ऐसे में चुनाव की हर गतिविधि की निगरानी जिला कंट्रोल रुम से की जा रही हैं। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से लेकर मतदाताओं की समस्याओं का निस्तारण भी निश्चित समय सीमा में करने की व्यवस्था की गई है। शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की मॉनिटरिंग अधिकारियों की निगरानी में हो रही हैं।

### टोल-फ्री नंबर पर भी शिकायत

डीसीसी पर टोल फ्री नम्बर 1950 पर मतदाता सूची, एपिक नम्बर व फोटो पहचान पत्र से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। प्रभारी के मुताबिक टोल फ्री नम्बर पर शिकायत दर्ज कराने पर 24 घंटे में शिकायत के निस्तारण की व्यवस्था की गई है। इसमें अब तक 110 शिकायत दर्ज हुई हैं। इसके अलावा निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन पोर्टल पर भी कुछ शिकायत दर्ज हुईं थी, जिनका निस्तारण किया जा चुका है।

### दलों की अपेक्षा आमजन करते अधिक शिकायतें

आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के साथ कंट्रोल रुम भी जिले में प्रभावी हो गया था। इनमें सी-विजिल, डीसीसी टोल फ्री नम्बर के साथ कंट्रोल रूम नम्बर पर दर्ज शिकायत शामिल हैं। इनमें राजनैतिक दलों व उनके कार्यकर्ताओं की तुलना में आम लोगों ने अधिकांश शिकायत दर्ज कराई हैं। दरअसल अब लोग जागरूक हैं और वह राजनीतिक दलों के आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर ज्यादा सजग हैं। वहीं इसके पीछे एक प्रमुख वजह यह भी हैं कि शिकायत ऑनलाइन होने व शिकायतकर्ता की पहचान गुप्त रहने से लोग शिकायत करने से नहीं डरते हैं।

- सौ मिनट में शिकायतों का किया गया निदान
- शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी है शामिल

### बिना अनुमति सोशल मीडिया पर प्रचार नहीं

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला स्तर पर जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया गया है। प्रसारित होने वाले समाचार, सूचना ऑडियो वीडियो मैसेज पर 24 घंटे सतत निगरानी रख रही है। आदर्श आचार संहिता के उल्लंन की घटना तत्काल रिटर्निंग ऑफीसर के संज्ञान में लाकर कार्यवाही करायी जाती है।

# 1,189 सरकारी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग एक अप्रैल से शुरू हुए नए शिक्षासत्र में अधिक से अधिक बच्चों के प्रवेश के लिए तमाम जागरुकता अभियान चला रहा है, लेकिन इसका बहुत असर होता नहीं दिख रहा है। परिषदीय स्कूलों में सभी सुविधाएं उपलब्ध होने के बाद भी अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन कराने में रुचि नही दिखा रहे हैं। गुरुवार को बीएसए ने विभिन्न ब्लाकों के कुल 1189 परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को नोटिस जारी करते हुए स्प्ष्टीकरण तलब किया है। अन्यथा की स्थिति कार्यवाही तय है। इन विद्यालयों में अब तक एक भी बच्चे ने प्रवेश नहीं लिया।

नया सत्र शुरू होने के 32 दिन बाद भी नामांकन की स्थिति शून्य है। इस पर बीएसए ने इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। जिले में कुल 2606 परिषदीय विद्यालय हैं। इनमें प्राइमरी स्कूल, कंपोजिट विद्यालय व जूनियर हाईस्कूल शामिल हैं। इन स्कूलों में वर्ष 2023-24 में दो लाख अस्सी हजार बच्चे नामांकित थे। वर्ष 2024-25 का नया सत्र शुरू हुए एक माह से अधिक समय बीत चुके हैं। जिले के विभिन्न ब्लाकों में करीब 1189 परिषदीय स्कूल ऐसे हैं, जहां अभी तक एक भी नए बच्चे का नामांकन नहीं हुआ है। यह खुलासा विभाग की साप्ताहिक समीक्षा में हुआ है। जिस पर बीएसए ने संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।

"कुछ विद्यालयों में नामांकन को लेकर शिक्षक व प्रधानाध्यापक रुचि नहीं दिखा रहे हैं। उन्हें नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। सात मई तक संतोषजनक जवाब न मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

–पंकज यादव, बीएसए"

# हादसे में युवकों की मौत पर विधायक परिजनों से मिले

**बिंदकी।** सड़क हादसे में शुक्रवार को दो लोगों की हुई मौत की घटना के बाद विधायक दोनों मृतकों के गांव पहुंचे और उनके परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। कहा कि इस दुख की घड़ी में वह उनके साथ है, जहां मदद की जरूरत होगी मदद की जाएगी।

गुरुवार को कोतवाली क्षेत्र के खजुहा कस्बे के समीप नंदापुर मोड़ के पास अनियंत्रित बाइक ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई थी। हादसे में जय सिंह निवासी बरेठर खुर्द और अजय सिंह निवासी नगुवापुर की मौत हो गई थी। इसी हादसे में करसवा निवासी संजय और खजुहा निवासी रंजीत घायल हुए थे। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल बरेठर खुर्द व नगुवापुर गांव पहुंचे। विधायक दोनों मृतकों के परिजनों से मिले और उनको ढांढस बंधाते हुए कहा कि हादसा बड़ा था।

# कलाकार दे रहे मतदान करने का संदेश

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने को लेकर चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जहां जिला प्रशासन द्वारा पूरा प्रयास किया जा रहा है। वहीं टेलीफिल्म के कलाकारों ने भी अपने अंदाज में लोगों को मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

जिले के एनजे फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले फिल्मी कलाकारों ने भी आगे आकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जनपद के पीरनपुर, वर्मा चौराहा, देवीगंज, राधानगर सहित कई मोहल्ले के मतदाताओं से अपने अंदाज में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। फिल्म अभिनेत्री ज्योति गुप्ता जानवी ने कहा कि युवा वर्ग को सबसे आगे रहना चाहिए। युवक युवतियों को स्वयं मतदान के लिए प्रेरित कर दूसरों को भी प्रेरित करने का काम करना होगा। देश का सबसे बड़ा पावर युवा वर्ग है। इसे सदैव जागरूक रहना चाहिए। जब लोकतंत्र की मजबूती की बात आए तो जागते रहना चाहिए। वही निर्माता निर्देशक नदीम जावेद ने बताया कि वह अपने मित्र मंडली के बीच जब भी बैठते हैं तो मतदान के लिए सभी को प्रेरित करने का काम करते हैं। अभिनेत्री रिचा पांडेय ने कहा कि हर पेशे से जुड़ा व्यक्ति पहले भारत का नागरिक है। इसलिए उसका दायित्व बनता है कि लोकसभा चुनाव में यानी महापर्व में मतदान कर अपने मताधिकार का पूरा प्रयोग करें यह नागरिक का सबसे बड़ा अधिकार है। कलाकार हरिओम गुप्ता ने कहा कि लोगों के अपने काम तो रोज होते हैं लेकिन चुनाव रोज नहीं होते, इसलिए जब समय आए तब चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर मजबूत लोकतंत्र में भागीदारी निभाने का काम भी करना चाहिए। वही अभिनेत्री आरती गुप्ता ने कहा कि वह आजकल सभी से मतदान पर ही चर्चा कर रही हैं। खासकर युवा लावी से संख्या में यह सबसे बड़ा वर्ग है हर युवा को अपना वोट जरुर डालना है। कलाकार अनीश शेख ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र से देश शिखर की ओर बढ़ता है हर नागरिक मतदान जरूर करें।



घर-घर जाकर मतदान के लिए जागरूक करते टेली फिल्म कलाकार अमृत विचार

# भूमिधरी की जमीन पर कब्जे से किसान परेशान

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** शहर के कुछ दबंग लोग हाईवे किनारे स्थित भूमिधरी जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। जमीन के मालिक मलवां क्षेत्र के किसान हैं। दबंगों की इस हरकत से परेशान किसानों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम से मामले की शिकायत की है।

मलवां थाना क्षेत्र के सरांय खरगू निवासी मोहम्मद हनीफ व हबीब अहमद ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी जमीन अल्लीपुर नेशनल हाईवे के किनारे स्थित है। उसकी जमीन में शहर के कुछ लोग गुरुवार को अचानक कई ट्रैक्टरों के साथ पहुंचे और जमीन की जुताई करने लगे। इसकी जानकारी उसे कुछ ग्रामीणों ने दी तो वह मौके पर पहुंचा। उसने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस व पीआरवी को दी। पुलिस ने पहुंचकर काम रुकवाया लेकिन सभी लोग यह कह कर चले गए कि वह बाद में जमीन पर कब्जा करेंगे। जबकि उस जमीन पर मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है व गाटा संख्या का स्टे ऑर्डर भी न्यायालय से मिला हुआ है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से दबंगों से जमीन बचाने की गुहार लगाई है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

समस्या गंभीर

पर्चा बनवाने से लेकर दवा पाने के लिए करनी पड़ रही भागदौड़, तब मिल रहा इलाज

# अस्पताल की 'परिक्रमा' करते-करते थक रहे मरीज

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने के लिए मरीजों को भीषण गर्मी में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। ओपीडी के पर्चा काउंटर से लेकर जांच और दवा लेने के लिए मरीजों घंटों लंबी-लंबी कतारें लगाना पड़ रहा है। तब जाकर उन्हें इलाज मिल पा रहा है।

गर्मी बढ़ते ही अस्पतालों का बुरा हाल है। गर्मी में इलाज के लिए लंबी लाइन लगाना मरीजों को भारी पड़ रहा है। हीट स्ट्रोक के साथ उल्टी दस्त, डायरिया और वायरल बुखार के मरीजों की संख्या में भी रोजाना वृद्धि हो रही है। जिला अस्पताल की ओपीडी के पर्चा काउंटर पर सुबह से ही इलाज के लिए मरीजों की लंबी-लंबी लाइन लग जाती हैं। लंबे इंतजार के बाद जैसे तैसे मरीज के हाथ में पर्चा आता है तो भीड़ अधिक होने से उसके बाद ओपीडी में डॉक्टर को दिखाने के लिए दोबारा फिर इंतजार करना पड़ता है।

मरीजों की परिक्रमा यहां अभी पूरी नहीं होती कि तभी पर्चे पर डॉक्टर जिला अस्पताल की पैथोलॉजी से मरीजों को जांच लिख देते हैं। एक बार फिर उन्हें जांच के लिए रजिस्ट्रेशन के लिए पैथोलॉजी के काउंटर पर काफी देर कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। फिर रजिस्ट्रेशन हो गया तो जांच करने के लिए फिर घंटा दो घंटा इंतजार करना पड़ता है। जब डॉक्टर मरीज को दवा लिख देते हैं तो इसके बाद फिर दवा काउंटर पर भी लंबी लाइन लगाकर कड़े संघर्ष के बाद उनके हाथ में दवा आती है। भीषण गर्मी में इन सारी परिक्रमा को पूरा करते-करते मरीज जो कि पहले से शरीर से कमजोर होता है तो उसे वापस घर जाने के लिए बड़ी हिम्मत जुटाना पड़ती है।



दवा कक्ष में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

### पीने के लिए ठंडा शुद्ध पानी तक मुहैया नहीं

जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों के शुद्ध ठंडा पानी पीने के लिए भी पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। ओपीडी के पर्चा काउंटर पर मरीजों के लिए यहां बड़ा आरओ वॉटर प्लांट लगाया गया था जो कि कई सालों से देखरेख न होने के कारण खराब पड़ा है। ऐसे में कई घंटे इलाज के लिए इधर-उधर भटक रहे मरीजों को ठंडा शुद्ध पानी पीने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। ऐसे में उन्हें अस्पताल गेट पर पानी की बोतल खरीदनी पड़ रही।

### डॉक्टर एक मिनट में दो मरीज निपटा रहे

गर्मी में अस्पतालों में मरीजों की भीड़ अधिक होने से डॉक्टर एक मिनट में दो मरीजों को देखकर इलाज में औपचारिकता पूरी करते नजर आ रहे हैं। दो बजे तक की ओपीडी में मरीजों की संख्या इतनी ज्यादा होती है कि एक मरीज को ज्यादा समय न दे पाना भी डॉक्टर साहब की मजबूरी होती है।

### वार्ड में नहीं लगाए गए कूलर

गर्मी से मरीजों को बचाने के लिए शासन के निर्देश पर जिला अस्पताल के वार्डों में कूलर लगाए जाने के निर्देश दिए गए थे लेकिन वह भी हवा हवाई साबित हो रहे हैं। ओपीडी के अलावा वार्ड में भर्ती मरीजों और तीमारदारों का गर्मी में बुरा हाल है।

# दंगा व बलवा नियंत्रण को लेकर पुलिस ने किया अभ्यास

**फतेहपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए दंगा व बलवा होने पर स्थिति को कैसे नियंत्रण किया जा सकता है उसको लेकर एसपी की मौजूदगी में टीम बनाकर पुलिस लाइन परिसर में पुलिस जवानों द्वारा माक ड्रिल किया गया।

एसपी उदय शंकर सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण ले रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ टीम बनाकर दंगा व बलवा होने पर कैसे कानून व्यवस्था बनाये रखा जाए व स्थिति को रोका जा सकता है। उसको लेकर मॉक ड्रिल के माध्यम से रिहर्सल किया गया। एसपी ने बताया कि पुलिस लाइन परिसर में बने कार्यालय का निरीक्षण भी किया गया। उन्होंने पुलिस लाइन परिसर में भ्रमण कर परिवहन शाखा, भोजनालय, वर्दी स्टोर, क्वार्टरगार्द, घरैया लाइन की सफाई का निरीक्षण किया।

# नामांकन के अंतिम दिन सपा प्रत्याशी ने भरा पर्चा

## प्रदेश अध्यक्ष के नामांकन में सपाइयों का उमड़ा हुजूम, दमखम दिखाने में कांग्रेसी भी पीछे नहीं रहे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** गठबंधन प्रत्याशी सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल नामांकन के अंतिम दिन शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में पर्चा दाखिल किया। सपाइयों के हुजूम के बीच कांग्रेसी भी दमखम के साथ कलेक्ट्रेट में नजर आए।

फतेहपुर संसदीय सीट पर पांचवें चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर सभी प्रमुख दलों के उम्मीदवारों द्वारा नामांकन कराए जा चुके हैं। इंडिया गठबंधन का चेहरा आखिरी दौर में सामने आया। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने अंतिम दिन चार सेट में पर्चा दाखिल कर अपनी दावेदारी पेश की है। नामांकन प्रक्रिया की समाप्ति के 24 घंटे पहले तक विपक्ष की दावेदारी का क्लाईमेक्स बरकरार रहा। यही कारण रहा कि आधिकारिक घोषणा के बाद विपक्ष का जोश देखते बना।

प्रशासनिक अफसर नामांकन के हर पहलू पर निगाहें लगाए रहे। 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत हुई थी। 20 मई को मतदान होना है।



नामांकन दाखिल करने जाते सपा प्रत्याशी नरेश उत्तम। अमृत विचार

### नरेश के साथ खड़े नजर आए डॉ. अशोक पटेल

इंडिया गठबंधन से दो नाम चर्चा में आए थे। जिसमें सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के साथ पूर्व सांसद डॉ. अशोक पटेल शामिल थे। गुरुवार तक पूर्व सांसद के समर्थक, अपना दावा जता रहे थे लेकिन उस पर आखिरी में विराम लग गया। अशोक का टिकट कटने के बाद आगामी सियासी हकीकत से वाकिफ संगठन ने एका का सूत्र पिरोया। जिसका असर कलेक्ट्रेट में देखने को मिला। जहां पर समर्थकों के साथ अशोक पटेल भी नजर आए।

### सपा-कांग्रेस का दिखा लाव-लश्कर

सपा कार्यालय से लाव लश्कर के साथ सपा उम्मीदवार ने आकर अपना दावा पेश किया। सपाइयों के साथ कांग्रेसियों का नजर आ रहा हुजूम, बड़े बदलाव की दुहाई देता नजर आया। उधर, हाई प्रोफाइल पालिटिकल पर्सनाल्टी के इंडिया गठबंधन से सामने आने से प्रशासनिक इंतजाम भी देखते बने। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने चार सेट में नामांकन दाखिल करते हुए भाजपा के खिलाफ बिगुल फूंक दिया। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव, सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी, विधायक हुसेनगंज ऊषा मौर्या, पूर्व विधायक मोहम्मद सफीर, सदर नगर पालिका चेयरमैन राज कुमार मौर्या, पूर्व जिलाध्यक्ष समरजीत सिंह, विपिन यादव, वीरेंद्र यादव, रामेश्वर दयाल उर्फ दयालू, महेंद्र सिंह बच्चा, हाजी रजा, मोइन खान, चौधरी मंजरयार, जालिम सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान, शहर अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ गुड्डा, राजन तिवारी, राजेश द्विवेदी, आप जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह पटेल, श्रीराम पटेल भी मौजूद रहे।

### समाज में विषवमन करने से लोकतंत्र मजबूत नहीं होता : नरेश

**फतेहपुर।** लोकसभा सीट पर सपा प्रत्याशी प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान इंडिया गठबंधन को वोट देना पाप का भागीदार बनना है, का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि पाप-पुण्य करने के लिए ही तो वह राजनीति में आये हैं। यही घमंड उन्हें ले डूबेगा। समाज में विषवमन करने से लोकतंत्र मजबूत नहीं होता है। सपा के प्रदेश अध्यक्ष व इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार नरेश उत्तम पटेल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को स्तरहीन बातें करने के मामले में खरी-खोटी सुनाई। कहा कि ऐसे पद पर बैठे किसी भी व्यक्ति को इस तरह की बयानबाजी शोभा नहीं देती। जो लोग परिवारवाद की बात कर रहे हैं वह समाजवाद के बढ़ते कुनबे से घबरा गए हैं। उन्होंने दावा किया कि यह चुनाव विकास के नाम पर लड़ा जा रहा है। आने वाले समय में इंडी गठबंधन के नेतृत्व में सरकार बनेगी। प्रधानमंत्री कौन बनेगा के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह तय करना सांसदों का काम है। उन्होंने कहा कि वह यहां के स्वास्थ्य, शिक्षा के विकास को तरजीह देंगे। जिसकी यहां सख्त दरकार है। सरकार ने प्रतिवर्ष दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया था, जो दस साल में पूरा नहीं हुआ। ये सरकार निजी तंत्र को मजबूत करने में जुटी है। इससे भारत में पूंजीवाद पनपेगा।

### अब चुनाव में आई गर्माहट

भाजपा से हैट्रिक मारने को तीसरी बार साध्वी निरंजन ज्योति ने अपना पर्चा दाखिल किया। बसपा की तरफ से डॉक्टर मनीष सचान ने नामांकन कराया। बसपा से कुर्मी बिरादरी का प्रत्याशी उतार दिए जाने से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशिता घोषित होने में न केवल विलंब हुआ बल्कि एक ऐसा भी नाम सामने आया और गठबंधन के तहत सपा के खाते में गई इस सीट के लिए आखिरी दिन प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन में पड़ोसी जिले के सपाई व कांग्रेसी भी शामिल होने को आए।

# जनप्रतिनिधियों के वादे हवाहवाई अब दे रहे विकास की दुहाई

**चुनावी चर्चा**

- औंग क्षेत्र में लोकसभा चुनाव की चर्चाएं तेज
- पूर्व के तीन सांसदों से क्षेत्र का हुआ विकास

संवाददाता, औंग-फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की गर्माहट शहर से लेकर गांव-कस्बों तक तेज हो गई है। चाय की दुकानों एवं चौपालों में चुनाव को लेकर चर्चा हो रही है। पूर्व के जनप्रतिनिधियों द्वारा किए गए वादों एवं वर्तमान के परिदृश्य पर चर्चा शामिल रहती है।

तहसील बिन्दकी के औंग थाना क्षेत्र के अन्तर्गत करीब 25 गांव के मतदाताओं ने एक बार फिर अपना संसद चुनने के लिए कमर कस ली है। गांवों में काम धाम के बाद चुनावी चर्चा न हो ऐसा हो ही नहीं सकता। ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, सड़क और शिक्षा है। जिसके लिए ग्राम पंचायत से लेकर जिला पंचायत तक सरकार बजट उपलब्ध कराती है, इसके बावजूद शिक्षा और बिजली के लिए ग्रामीणों को अपनी ही जेब ढीली करनी पड़ती है। पानी तो प्राकृतिक संपदा है जिसका भी आजकल पैसा देना पड़ता है।

### औद्योगिक क्षेत्र बड़ी उपलब्धि

गलाथा गांव के पुराने कांग्रेसी अच्छेलाल यादव ने अपनी सरकार की कई उपलब्धियां बताई। जिसमें औंग क्षेत्र के बारे बताया कि सातवीं लोकसभा के कांग्रेस सांसद हरिकृष्ण शास्त्री ने सन 1986 में अपने कार्यकाल में चौडगरा को औद्योगिक क्षेत्र घोषित करवाकर दर्जनों छोटे बड़े उद्योग स्थापित करवाए थे। जिससे आसपास के सैकड़ों लोगों को रोजगार मिला था।

### औंग-सकूरा मार्ग के बीच टिकरा पुल

देवमई निवासी इंद्रपाल पासवान ने बीएसपी सांसद की एक उपलब्धि का बखान करते हुए बताया कि करीब पन्द्रह वर्ष तक पुल न होने के कारण औंग से सकूरा जहानाबाद के लिए रोड का संचालन रुका हुआ था। जिसे 11वीं लोकसभा के तत्कालीन बहुजन समाज पार्टी के सांसद विश्वम्भर निषाद ने 1997 में पुल बनवाकर करीब 20 से 25 गांव को जहानाबाद हमीरपुर व घाटमपुर से जोड़ने का काम किया था।

### इंटरसिटी ट्रेन का हुआ ठहराव

ग्राम पधारा के निवासी व सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष समरजीत सिंह ने भी सपा की उपलब्धि को ताजा करते हुए जानकारी दी कि आजादी के बाद से सन 2014 तक रेलवे स्टेशन औंग में शटल, पैसेंजर के अलावा कोई ट्रेन नहीं रुकती थी। लेकिन उस समय समाजवादी पार्टी के सांसद राकेश सचान के अथक प्रयास से प्रात: फतेहपुर प्रयागराज जाने वाले यात्रियों के लिए इन्टरसिटी ट्रेन का स्टॉप कराया जो आज भी है इससे करीब तीस गांव के लोगों को यह सुविधा उपलब्ध हुई।

### झूठे वादे का लालीपाप जनता के हाथ में थमाया

गोधरौली निवासी एवं गो सेवा मंच के जिला कोषाध्यक्ष सुभांशू शुक्ला ने बड़ी मायूसी के साथ बताया कि इनके अतिरिक्त अन्य सांसदों ने इस क्षेत्र को कोई उपलब्धि नहीं दिलाई। सभी ने झूठे वादे का लालीपाप जनता के हाथ में थमाया। क्षेत्र में विकास के नाम पर सवाल उठते रहते हैं।

# किसानों को समृद्धशाली बनाना मोदी का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** चुनाव की सरगमी के बीच भाजपा किसान मोर्चा द्वारा शुक्रवार को हुसेनगंज में अन्नदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा देश के किसानों को समृद्ध बनाने को मोदी का संकल्प बताया।

उन्होंने कहा कि किसान खुशहाली को लेकर विभिन्न योजनाओं को संचालित किया जा रहा है। हमारे देश के किसानों को किसान सम्मान निधि के रूप में छह हजार रुपए सालाना सीधे खाते में भेजे जा रहे हैं। वहीं खाद बीज को भी अनुदानित दर पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने जिले में किसानों के नलकूप में निर्वाध विद्युत आपूर्ति को लेकर किसान फीडरों का निर्माण की चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार में किसानों का उत्पादन उचित भाव में खरीदा जा रहा है। प्रदेश के किसानों को सिंचाई के लिए फ्री में ट्यूबवेल के लिए बिजली दी जा रही है। वहीं बोरिंग व सौर ऊर्जा के संयंत्रों में भी बड़ी छूट दी जा रही है। मंच में उपस्थित सहारनपुर के पूर्व विधायक महिपाल सिंह ने कहा कि किसानों की आमदनी दोगुनी करने का संकल्प पूर्ण होता दिखाई दे रहा है। इस अवसर पर विजय प्रताप सिंह, संन्दीप ठाकुर, सन्तोष सिंह राजू, ओम प्रकाश पाल, सुशीला मौर्या, कुलदीप भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह, अजय त्रिवेदी, अतुल त्रिवेदी, गिरजेश सिंह, सुतीक्षण सिंह, शिवप्रताप सिंह, अमित शिवहरे, शिवाकांत तिवारी, जयदेव सिंह गौतम, गौरव अग्रहरि, निर्मल सिंह मौजूद रहे।



किसान मोर्चा के महासम्मेलन में भाग लेते प्रदेश अध्यक्ष व अन्य भाजपाई। अमृत विचार

- भाजपा किसान मोर्चा ने किया अन्नदाता सम्मेलन का आयोजन

# कार में बाइक घुसने से युवक की हुई मौत

संवाददाता, फतेहपुर

- बांदा से गाजीपुर जा रहा था बाइक सवार
- गाजीपुर के परसेठा मोड़ के पास हादसा

**अमृत विचार।** गाजीपुर थाने के औगासी मार्ग पर गुरुवार देर रात क्षेत्र के परसेठा मोड़ के पास बाइक सवार एक युवक कार में जा घुसा, हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर घायल युवक को पुलिस ने गाजीपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बांदा जनपद के जलालपुर थाना बबेरू निवासी सत्यम अवस्थी बाइक से गुरुवार रात गाजीपुर जा रहा था। परसेठा मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक सामने से आ रही कार में जा घुसी। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास रह रहे लोग मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक कार चालक भाग निकला था। लोगों ने हादसे की सूचना एंबुलेंस को दी। कुछ ही देर में मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंची, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी विनोद मिश्रा ने बताया कि शव की पहचान कराने के बाद उसके परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई है। हादसे की जानकारी पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा रहा।



सत्यम।

## सार-संक्षेप

### पारा गिरने के बाद भी कम नहीं हुई गर्मी

**फतेहपुर।** सुबह से दहकते सूरज की तपन व लू के थपेड़े बदन को झुलसा रहे हैं। शुक्रवार को बेहाल कर रही गर्मी से जनजीवन अस्त व्यस्त नजर आया। गर्म हवा के थपेड़े राहगीरों को झुलसाते रहे। जबकि बाजारों व सड़कों पर दोपहर में सन्नाटा पसरा नजर आया। तापमान में गिरावट आने के बाद भी गर्मी का असर कम नहीं रहा। मई माह में भीषण गर्मी से जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। रात में उमस भरी गर्मी व दिन में शरीर को झुलसाने वाली तेज धूप से लोग बेहाल हैं। रात में पारा सामान्य से करीब पौने चार डिग्री नीचे गिरने से गर्मी से राहत रही, लेकिन शुक्रवार को तेज धूप के चलते आसमान से आग बरसती नजर आई। दोपहर में पारा सामान्य से करीब एक डिग्री नीचे गिरने के बाद भी दहकते सूरज की तपन तथा सात किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली गर्म उत्तर पश्चिमी हवा के थपेडों ने राहगीरों को झुलसा कर रख दिया। गर्मी से बेहाल राहगीर पेडों की छाया तलाशते दिखे। मौसम वैज्ञानिक की मानें तो शुक्रवार को अधिकतम तापमान 39 .1 डिग्री व न्यूनतम तापमान 23 .0 डिग्री रहा। उन्होंने बताया कि मौसम में अभी कोई बदलाव नहीं होगा। आसमान में बदली रहने के साथ ही तेज गर्म व धूल भरी हवाएं जारी रहेंगी।



गर्मी से बेहाल लोग। अमृत विचार



पांडु नदी में कम होने लगा पानी। अमृत विचार

### गंगा-यमुना समेत कई छोटी नदियों में पानी तेजी से घटा

**फतेहपुर।** भीषण गर्मी के साथ ही नदी तालाब सूखने लगे हैं। नोन, पांडु समेत कई छोटी नदियों में जगह-जगह धूल उड़ने लगी है। वहीं गंगा यमुना समेत अन्य बड़ी नदी में भी पानी घट रहा है। नदियों में पानी कम होने से मवेशियों के लिए पीने के पानी के साथ सिंचाई का संकट भी बढ़ गया है। एक ओर रोजाना बढ़ती सूरज की तपिश और भीषण गर्मी से क्षेत्र की अधिकांश नदियां पानी की कमी से जूझ रही है तो दूसरी तरफ तमाम जीव जन्तु भी पानी संकट से जूझ रहे हैं। जिले के लगभग सभी ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवरों की स्थापना कराई गई लेकिन वह भी गर्मी में राहत नहीं दे पा रहे हैं। अधिकांश सरोवरों में पानी के स्थान में या तो कीचड़ या फिर धूल उड़ रही है। जिससे सम्बंधित ग्राम पंचायतों के मवेशियों के लिए पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

### पुलिया क्षत्रिग्रस्त होने के चलते पलटा ट्रैक्टर, एक घायल

**थरियांव।** थरियांव थाना के सचौली निवासी अमृत लाल व अनंत लोधी अपने बहन के यहां रजाबाद थाना थरियांव भूसा लादकर ट्रैक्टर ट्रॉली से जा रहे थे। बहन के यहां से भूसा खाली करके जैसे ही वो गांव किनारे पहुंचे उनका ट्रैक्टर अम्बापुर हथगांव मार्ग में बनी बिना बाउंड्री वॉल की पुलिया से ट्रैक्टर ट्रॉली नीचा जा गिरा जिससे दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा देख स्थानीय लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में निजी साधन से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। वही ग्रामीणों ने बताया की इस नहर की पुलिया कई वर्षों से टूटी पड़ी थी। जिसका निर्माण नहीं हो रहा। आयदिन ऐसे हादसे होते रहते है। इस टूटी पुलिया की खबर पूर्व में अमृत विचार ने प्रकाशित की थी, लेकिन फिर अधिकारी या जनप्रतिनिधि ने इसकी सुधि नहीं ली और एक और हादसा हो गया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**फतेहपुर।** बकेवर थाना क्षेत्र के मझिलेगांव शहजादपुर में शुक्रवार की सुबह संदिग्ध अवस्था में एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। वहीं मृतक के जीजा ने पत्नी पर जहर देकर मार डालने का आरोप लगाया है। बकेवर थाना क्षेत्र के मझिलेगांव शहजादपुर निवासी स्व. राम आसरे उर्फ जंगली के पुत्र राम किशोर की शादी चार वर्ष पूर्व कौशांबी जनपद के गुलामीपुर निवासी संजू के साथ हुई थी। बताते हैं कि शुक्रवार की सुबह संदिग्ध अवस्था में राम किशोर ने जहर खा लिया। कुछ देर बाद उसकी घर पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के बहनोई हरिशंकर ने बताया कि शुक्रवार सुबह पत्नी संजू ने पति को जहर खिला दिया और मायके चली गई।

### वाहन की टक्कर से युवक घायल

**फतेहपुर।** गाजीपुर कस्बा के असोथर रोड पर पैदल जा रहे एक युवक को पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गाजीपुर कस्बा निवासी दिरपाल का पुत्र रामबाबू गुरूवार की शाम पैदल किसी काम से जा रहा था। जब वह असोथर रोड पर पहुंचा तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। उधर घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायल को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### खाद्य कारोबारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**फतेहपुर।** सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय देवेन्द्र पाल सिंह के निर्देश पर कारपोरेट ट्रान्जेक्सन एडवाइजरी प्राइवेट लिमिटेड के प्रशिक्षक द्वारा जनपद के 30 खाद्य कारोबारियों को नि:शुल्क फॉस्टेक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम मनोज मैरिज हॉल रावण मैदान खागा में हुआ। खाद्य पदार्थों के रख-रखाव, भण्डारण, निर्माण, वितरण के दौरान पसर्नल हाइजीन और खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के विषय में विस्तार से जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार दीक्षित एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविंद कुमार सिंह एवं महेंद्र कुमार यादव मौजूद रहे।

# जमीन हड़पने का प्रयास एडीजी से की शिकायत

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** थरियांव थाना क्षेत्र के सोनू सिंह पुत्र मुंशीलाल ने पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज जोन को एक शिकायती पत्र भेजा है। जिसमें उसने बताया कि थाना क्षेत्र के दिहली गांव निवासी हरि प्रसाद पुत्र स्व. छेदीलाल से चार साल पहले जमीन ली थी। जिसका बैनामा भी हुआ था। उब उस जमीन को हड़पने के प्रयास किए जा रहे हैं।

पीड़ित सोनू ने बताया कि उसके भाई जुगराज सिंह ने भी जमीन खरीदी थी। बताया कि विक्रेता ने भूखण्डों का समान चौहद्दी दर्शाते हुए एक इकरारनामा संगीता देवी पत्नी अखिलेश कुमार दिहुली को छल व कपट कर 21 नम्बर 2023 को बेइमानी से कर दिया है। हाल ही में 28 अप्रैल को हरी प्रसाद, पवन कुमार, अखिलिश कुमार निवासी दिहुली ने निर्मित बाउन्ड्रीवाल को गिरा दिया। उसके द्वारा लगाया गया लोहे का 15 क्विंटल वजन का बोर्ड चोरी कर ले गए।

# बाहर गए वोटरों को बुलावा, आना-जाना व खाना फ्री

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोक सभा चुनाव में दोआबा के परदेसी वोटरों को अपने पक्ष में करने के लिए प्रत्याशी और उनके समर्थक डोरे डालना शुरू कर दिया है। उनके आने-जाने और खाने-पीने की व्यवस्था का आफर दिया जा रहा है।

इस बार बात तुम्हारे इस भाई की इज्जत की बात है, कुछ भी करों समय निकाल के 20 मई को वोट जरूर डालने आओ। इस बहाने अपने घरवालों के साथ भी दो-चार दिन रूक लेना। आने जाने के खर्चे के साथ गांव में रूकने तक की व्यवस्था हम कर देंगे। तुम बस आ जाओ। कुछ इस तरह की मनुहार दर्जनों गांव के हजारों परदेशी बाबूओं से स्थानीय नेता कर रहे हैं। मतदान को 17 दिन शेष बचे हैं और राजनीतिक पार्टियों के नेताओं की नज़र परदेसी वोटरों पर है। सुबह पार्टी दफ्तर में बैठे नेता फोन पर बतियाते नजर आ रहे हैं या फिर गांव में जाकर बुजुर्ग माता-पिता से गुहार लगा कह रहे हैं कि बिटुआ और बहू को बुला लो। राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता ऐसे वोटरों को रिझाने में लगे हैं जो कमाने के लिए दूरदराज चले गए हैं। समर्थक इन परदेशियों मतदाताओं को बुलाने के एवज में खर्चा पानी देने की बात चल रही है। नेताओं को बाहर रहने वाले मतदाताओं की याद आने लगी।



- राजनीतिक दलों ने की आरक्षण से लेकर खाने-पीने तक की व्यवस्था

### बूथ अध्यक्षों को दी जा रही जिम्मेदारी

परदेसी वोटरों को घर बुलाने के लिए सभी राजनीतिक दलों के बूथ अध्यक्षों को ऐसे वोटरों की लिस्ट तैयार कर जिम्मा सौंपा गया है जो अन्य प्रदेशों में रह रहे हैं। गांव के अधिकांश मतदाता अपनी रोजी रोटी कमाने के लिये अन्य प्रदेशों में आश्रय बनाये हैं। तो दलों के कार्यकर्ताओं, समर्थकों व स्थानीय नेताओं द्वारा वोटरों से आने जाने की व्यवस्था मुहैया कराने व नुकसान भरपाई की बात कह रहे हैं।

**दो दिवसीय उर्स** हजरत सरवर सुल्तान शाह की मजार पर अकीदत के साथ मनाया गया

# जहानाबाद से गागर मजार-ए-पाक आई

संवाददाता, जहानाबाद-फतेहपुर

**अमृत विचार।** विकास खंड देवमई के शाकूराबाद ग्राम में रिंद नदी के किनारे स्थित हजरत सरवर सुल्तान शाह रहमतुल्ला अलैह की मजरे पाक पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय उर्स व मेला बड़ी शान एवं अकीदत के साथ संपन्न हो गया। उर्स में जहानाबाद से गागर चलकर मजार-ए-पाक तक पहुंचाई गई। इसके बाद कुरान की तिलावत के बाद कव्वाली का सिलसिला शुरू हुआ। इस मौके पर मुल्क के कोने-कोने से आए मशहूर कव्वालो ने अपने-अपने कलाम पेश किया। श्रोताओं ने पूरी रात कव्वाली का लुत्फ उठाया।

हजरत-ए-सरवर सुल्तान शाह रहमतुल्लाह अलैह का उर्स मुबारक एक मई से शुरू होकर दो मई को समाप्त हुआ। तमाम जायरीनों व अकीदतमांदों ने आकर मजार पर माथा टेक कर अपनी मन्नतें मांगी। वही तमाम ऐसे अकीदत मंद थे कि जिनके मन्नतें पूरी होने की वजह से वह बाबा के दर पर हाजिरी देने की गरज से हाजिर हुए थे।

पहले दिन कव्वाल नागपुर, महाराष्ट्र, ठाकुर अवेंद्र सिंह चौहान कव्वाल बदायूं शरीफ ने अपने अपने कलाम पेश किए। रात भर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और श्रोता भी उनके कव्वाली को सुनकर पूरा लुत्फ उठाते नजर आए। वहीं महाराष्ट्र नागपुर से आए हुए दूसरे कव्वाल अनीस साबरी नेवी अपने कलाम पेश किया। मेला कमेटी संरक्षक मोहम्मद आरिफ उर्फ गुड्डू सेठ एवं मेला कमेटी अध्यक्ष आयाज अहमद उर्फ अच्छे ड्राइवर डॉक्टर शमशाद सिद्दीकी सिक्रेटरी भोला मंसूरी, जिब्रील मंसूरी, इदरीश सिद्दीकी, आफताब आलम, इरफान कुरैशी, फकीरे रायन, शमशाद पेंटर समेत अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।



उर्स में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़। अमृत विचार

### दूसरे दिन भी उमड़ी भीड़

दूसरे दिन बरेली के कव्वाल ताहिर चिश्ती ने अपने कलाम पेश किया। जिसमें कौमी एकता और देश भक्ति का कलाम एवं अपने मशहूर कव्वाली नाना मदीना हमसे छूट गया तथा तेरा दीदार करूं गाकर श्रोताओं की वाह वही लूटी। वहीं दिल्ली से पधारे कव्वाल शैम नियाजी ने भी अपनी कव्वालियों का समा बांधा। जिसमें नौजवानों को उछलने पर और वह वाह करने पर मजबूर कर दिया।

### मीना बाजार में हुई खरीदारी

रात में महिलाओं के लिए लगे मीना बाजार में महिलाओं ने जहां गृहस्थी के सामान ज्वैलरी, चूड़ी-कंगन, क्राकरी, खिलौने एवं सौंदर्य प्रसाधन आदि की खरीदारी की। वहीं पर बच्चों ने खिलौने की खरीदारी रात भर की। झूलों पर भी लोगों ने आनंद उठाया। मेले की सुरक्षा व्यवस्था में लगे बकेवर थाना अध्यक्ष योगेंद्र सिंह अपने हमराहियों के साथ पूरी तरह से व्यवस्था को चाक चौबंद रखा। वहीं जहानाबाद थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार भी अपने हमराहियों के साथ मुस्तैद नजर आए।

# छह की क्षमता वाले ऑटो में 16 सवारियां, किया चालान

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** करीब साल भर पहले जहानाबाद हादसे में दस लोगों की जान चली गई थी। हादसा ट्रक और ऑटो की टक्कर से हुआ था। आटो में 12 सवारियां थीं। महीने साल बीत जाने के बाद लोग हादसों को भी भूल जाते हैं। ऐसा ही कुछ शुक्रवार को भी शहर में देखने को मिला। यातायात की टीम ने एक ऐसा ऑटो पकड़ा, जिसमें 16 सवारियां भरी थीं। पुलिस ने चालान करते हुए ऑटो चालक को हिदायत दी है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश व क्षेत्राधिकारी यातायात के पर्यवेक्षण में सड़क दुर्घटना को कम किए जाने के उदेश्य से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम चलाकर वाहन चालकों समेत आमजन को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। शुक्रवार को यातायात पुलिस लखनऊ बाईपास के पास अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस को छह सीटर एक ऑटो दिखा जिसमें सवारियां ठसाठसा भरी हुई थीं। ऑटो को रुकवा कर सवारियां नीचे उतारी गईं तो आटो में 16 सवारियां बैठी थीं। पुलिस ने ऑटो का चालान कर चालक को हिदायत देते यातायात नियमों का पाठ पढ़ाते हुए छोड़ दिया। इसके अलावा पुलिस द्वारा नशे की हालत में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को ब्रेथ एनालाइजर मशीन द्वारा चेक किया गया तथा बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने, दो पहिया वाहन में तीन सवारी, चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले वाहन चालकों पर प्रभावी कार्यवाही की गई। यातायात नियमों की प्रचार प्रसार सामग्री वितरित की गई।



ऑटो में ठसाठस भरी सवारियां।

# पीठासीन समेत 12 मतदान अधिकारी रहे गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सभी के खिलाफ मई का वेतन रोकने व रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश
- पहले दिन प्रशिक्षण में शामिल न होने वाले कार्मिकों की सूची जारी की गई

**अमृत विचार।** संसदीय क्षेत्र कन्नौज के 13 मई को होने वाले चुनाव को लेकर प्रशिक्षण के पहले दिन दोनों पालियों में 12 मतदान कार्मिक गैरहाजिर रहे। इसमें तीन पीठासीन अधिकारी, दो मतदान अधिकारी प्रथम, चार मतदान अधिकारी द्वितीय और तीन मतदान अधिकारी तृतीय नदारद रहे। सभी के खिलाफ मई का वेतन रोकने व रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रभारी अधिकारी कार्मिक राम कृपाल चौधरी ने बताया कि शुक्रवार को पीठासीन अधिकारी मोहित दुबे प्राथमिक स्कूल जलालपुर पनवारा, अजय पाल सिंह आदर्श शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सौरिख व अरविंद राजपूत उच्च प्राथमिक स्कूल बेहरापुर उमर्दा प्रशिक्षण में नहीं आए। मतदान अधिकारी प्रथम में रविकांत प्राथमिक स्कूल अहमदपुर रौनी कन्नौज, दीपक कुमार प्राथमिक स्कूल अल्लापुर गुगरापुर, मतदान अधिकारी द्वितीय में सुमित कुमार प्राथमिक स्कूल गढिया बलिदादपुर गुगरापुर, अरमान राय जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय, योगेंद्र सिंह कंपोजिट विद्यालय सिमरापुर जलालाबाद व नीरज चौहान प्राथमिक स्कूल भीखमपुर कन्नौज नदारद रहे। मतदान अधिकारी तृतीय में कल्पना आंगनबाड़ी कार्यकत्री नखासा, देवेंद्र सिंह सुशीला शर्मा इंटर कॉलेज गदनापुर व पूनम मिश्रा कंपोजिट स्कूल सिपाही ठाकुर नगर क्षेत्र कन्नौज प्रशिक्षण में नहीं पहुंचीं। सभी कार्मिकों की सूची संबंधित विभागों को कार्रवाई के लिए भेजी गई है।



काउंटर पर ईडीसी और पहचान पत्र के लिए लगी भीड़। अमृत विचार

### बूथ पर वोट डालने के लिए आवेदन अधिक

**कन्नौज।** इस बार जिले में तैनात मतदानकार्मिकों को बूथ पर वोट डालने की सहूलियत मिल गई है। इसके लिए ईडीसी फार्म भरना पड़ रहा है। प्रशिक्षण लेने के बाद कार्मिकों की भीड़ काउंटर पर लग गई। उन्होंने ईवीएम से बूथ पर ही मतदान करने का आवेदन भरकर जमा किया। उसमें मतदाता सूची का क्रमांक आदि भी भरा गया। जो कार्मिक मतदाता पहचान पत्र लाए थे, उनका वोट ढूंढने में सहूलियत रही। इसके लिए प्रशिक्षण स्थल पर में भी ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर बृजेश यादव की टीम बैठी थी। साथ ही सभी मतदान कार्मिकों से पहचान पत्र के लिए दो-दो फोटो भी लिए गए।

# इंडी गठबंधन की सरकार में आटा के साथ डाटा फ्री

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- हसेरन के रामलीला मैदान में अखिलेश यादव ने अपने लिए मांगे वोट
- कोरोना वैक्सीन को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर बरसे सपा सुप्रीमो
- अथाह भीड़ देख उत्साहित होकर बोले, कराएंगे क्षेत्र का अभूतपूर्व विकास



जनसभा स्थल पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कन्नौज लोकसभा क्षेत्र प्रत्याशी व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कोरोना वैक्सीन को लेकर भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोला। कहा कि किसने-किसने कोरोना वैक्सीन लगवाई है। अब पता चला है कि वैक्सीन लगवाने वालों को हार्ट अटैक का खतरा अधिक है। जो लोग वैक्सीनेशन का प्रमाणपत्र जाकर देखेंगे वे भाजपा के खिलाफ वोट करेंगे। यह भी कहा कि अभी तक औरों के लिए वोट मांग रहे थे आज अपने लिए वोट का सहयोग मांगने आए हैं। मदद करेंगे कि नहीं? इस सवाल पर हसेरन के रामलीला मैदान स्थित सभास्थल जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा।

शाम चार बजे के करीब हेलीकॉप्टर से यहां उतरे अखिलेश ने मंच से कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो आटा के साथ डाटा भी फ्री देंगे। इंदरगढ़ क्षेत्र के हसेरन कस्बा स्थित रामलीला मैदान मे शुक्रवार को आयोजित जनसभा मे पहुंचे सपा अध्यक्ष/प्रत्याशी का समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। अखिलेश ने मंच संभाला तो बिना किसी का नाम लिए तंज कसा कि कुछ लोगों की शाम होते ही भाषा बदल जाती है। किसानों के दिल्ली पहुंचकर आंदोलन करने के मामले को लेकर भाजपा सरकार पर हमला बोला। कहा कि किसानों की एकजुटता से सरकार को उनके खिलाफ बनाए कानूनों को वापस लेना पड़ा। प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने से छात्रों ने आत्महत्या तक की है। इस दौरान उन्होंने समर्थकों को चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की और रूठे हुए लोगों को मनाने की बात भी कही। हमेशा की तरह अपने पूर्व के कार्यकाल में कराए कार्य भी गिनाए। वीरांगना अवंती बाई में लोधी के सहारे लोधी व क्षत्रिय समाज को साधते हुए कहा कि क्षत्रिय पहले तलवार से न्याय करता था, इस बार वोट से न्याय करेगा। पूर्व राष्ट्रपति स्व. अब्दुल कलाम का नाम लेकर मुस्लिम समाज को अपने पक्ष में वोट करने की अपील की। साथ ही अग्निवीर भर्ती, युवाओं को रोजगार के मुद्दे भी जोरदारी से उठाए। कहा कि पीडीए की सरकार बनी तो रसूलाबाद की हवाई पट्टी और तिर्वा पैरामेडिकल कॉलेज का नाम रानी अवंतीबाई के नाम पर रखा जाएगा। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं की भीड़ बेकाबू होने लगी तो प्रशासन को पसीना आ गया। सपाई बैरीकेडिंग तोड़कर अंदर घुस गए। इधर अपार भीड़ देख अखिलेश गदगद हो गए। बीच-बीच में जिंदाबाद के नारे गूंजते रहे। उत्साहित हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पीएम ने यहां कहा था कि किसानों की आय दोगुनी करेंगे। आय तो दोगुनी नहीं हुई किसानों की जमीन छीनने का काला कानून ले आये। पीडीए की सरकार बनी तो एमएसपी कानून के साथ कर्ज भी माफ होगा। भाजपा प्रत्याशी को खटारा इंजन कहकर चोट की। कहा, डबल इंजन की सरकार के बैनर से एक इंजन गायब हो गया। करीब एक घंटे के भाषण में उन्होंने कहा कि अभी तक सभी के लिए प्रचार कर रहे थे लेकिन इस बार अपने लिए वोट का सहयोग मांगने आए हैं। इस पर लोगों ने नारे लगाकर समर्थन दिया।

# बेंगलुरू से आए इंजीनियर, होगी ईवीएम की कमीशनिंग

## वीवीपैट में आज अपलोड होंगे चुनाव-चिह्न, बीयू में लगाए जाएंगे मतपत्र, रसूलाबाद व बिधूना के मतपत्र सहायक रिटर्निंग ऑफीसर को सौंपे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आज ईवीएम की कमीशनिंग की जाएगी। वीवीपैट में भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड बेंगलुरू के इंजीनियर चुनाव-चिन्ह अपलोड करेंगे और बैलेट यूनिट में मतपत्रों को लगाया जाएगा। इसके लिए विधानसभा क्षेत्रवार आवंटित ईवीएम को व्यवस्थित किया जा रहा है। कमीशनिंग की पूरी प्रक्रिया राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के सामने की जाएगी।

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए ईवीएम की कमीशनिंग प्रक्रिया शुरू कर दी गई। रेंडमाइजेशन के अनुसार ईवीएम को विधानसभा क्षेत्रवार तथा बूथवार व्यवस्थित किया जा रहा है। शुक्रवार को आवंटित ईवीएम को वेयर हाउस से निकालकर क्रमवार रखा गया। वीवीपैट में क्रमवार बैलेट पेपर के अनुसार चुनाव चिन्ह अपलोड किए जाएंगे। इसके लिए भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड बेंगलुरू ने दस इंजीनियरों को भेजा है, जो शनिवार सुबह से अपलोडिंग का काम शुरू कर देंगे। इसके लिए विधानसभा क्षेत्रवार एसडीएम को प्रभारी अधिकारी नामित किया गया है। इनमें कन्नौज सदर में अविनाश कुमार गौतम, तिर्वा में अशोक कुमार, छिबरामऊ में उमाकांत तिवारी, बिधूना में हरिश्चंद्र तथा रसूलाबाद में नम्रता यादव को प्रभारी बनाया गया है।

रसूलाबाद व बिधूना के मतपत्र सहायक रिटर्निंग ऑफीसर को सौंप दिए गए हैं और ईवीएम की कमीशनिंग उनके जिला मुख्यालय कानपुर देहात व औरैया में की जाएगी। जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों की कमीशनिंग कलेक्ट्रेट परिसर में ही होगी।



कलेक्ट्रेट स्थित वेयर हाउस से लोडर में वीवीपैट को ले जाते श्रमिक। अमृत विचार

### विधानसभा क्षेत्रवार इंजीनियर किए गए नियुक्त

- ईवीएम की कमीशनिंग के अलावा तकनीकी कमियों में सुधार के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में ईवीएम निर्माता कंपनी भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड बेंगलुरू के दस इंजीनियरों को नियुक्त किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने छिबरामऊ में शुभम प्रसाद व गजेंद्र सिंह पाल, तिर्वा में मोहित गुप्ता व अमीनचंद्र शर्मा, कन्नौज में सत्यवीर कुमार व गिरीशचंद्र तिवारी, बिधूना में संजीव सिंह व उपेंद्र कुमार जैन तथा रसूलबाद में अरविंद कुमार व रंगनेनि चेंचू कृष्णा को कमीशनिंग की जिम्मेदारी सौंपी है।

### ईवीएम कमीशनिंग के बाद होगा मॉकपोल

- वीवीपैट में चुनाव चिन्ह अपलोड होने के बाद पूरी ईवीएम की कमीशनिंग की जाएगी और सभी को जोड़कर मॉकपोल कराया जाएगा, जिसमें राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और सभी प्रत्याशी इंजीनियरों के सामने मतदान करेंगे और वीवीपैट में निकली पर्ची देखेंगे। मॉकपोल के प्रथम चरण में प्रत्येक ईवीएम में 1000 वोट डालें जाएंगे और उनकी गिनती की जाएगी। द्वितीय चरण में 500 वोट डाले जाएंगे। इस तरह पूरी ईवीएम का परीक्षण किया जाएगा। यदि मॉकपोल के दौरान ईवीएम में कोई तकनीकी खराबी आती है तो उसे इंजीनियर सामने ही दुरुस्त करेंगे।

### इतनी ईवीएम की होगी कमीशनिंग

| विधानसभा क्षेत्र | मतदान केंद्र | बीयू | सीयू | वीवीपैट |
|---|---|---|---|---|
| 196-छिबरामऊ | 547 | 683 | 683 | 738 |
| 197-तिर्वा | 487 | 608 | 608 | 657 |
| 198-कन्नौज | 485 | 606 | 606 | 654 |
| 202-बिधूना | 404 | 496 | 496 | 537 |
| 205-रसूलाबाद | 384 | 472 | 472 | 506 |
| योग | 2307 | 2865 | 2865 | 3092 |

> ईवीएम के दोनों रेंडमाइजेशन के बाद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांचों विधानसभा क्षेत्रों में 125 प्रतिशत बीयू व सीयू तथा 135 प्रतिशत वीवीपैट को कमीशनिंग के लिए निर्धारित किया गया है। कमीशनिंग की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के सामने की जाएगी।
>
> -बिनीत कटियार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी



बैठक में निर्देश देते जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल। अमृत विचार

# आज पोस्टल बैलेट से मतदान करेंगे बुजुर्ग और दिव्यांग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने नियुक्त कीं 18 पोलिंग पार्टियां घर-घर जाएंगी
- सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक होगी डाक मतपत्र मतदान की प्रक्रिया

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शनिवार को जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में बुजुर्ग और दिव्यांग डाक मतपत्रों से मतदान करेंगे। इसके लिए 18 पोलिंग पार्टियों को नियुक्त किया गया है। मतदान प्रक्रिया सुबह दस बजे से प्रारंभ होगी जो शाम पांच बजे तक चलेगी। भारत निर्वाचन आयोग के प्रारूप 12घ के अंतर्गत बुजुर्गों और दिव्यांगों को घर बैठे वोट देने की सुविधा प्रदान की गई है।

शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने पोस्टल बैलेट मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार दिव्यांगजन एवं 85 वर्ष से अधिक आयु के वह मतदाता जिन्होनें फार्म-12घ भरा है। उन्हें डाक मतपत्र के माध्यम से मताधिकार की सुविधा चार व छह मई को (प्रातः दस बजे से सायं पांच बजे तक) उनके घर पर उपलब्ध कराई जायेगी। उन्होंने बताया कि जनपद में 85 वर्ष से अधिक आयु के 100 और 284 दिव्यांग मतदाता हैं। इसके लिए 18 पोलिंग पार्टियों को नियुक्त किया गया है। शनिवार को सुबह आठ बजे कलेक्ट्रेट से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाएगा। प्रत्येक पोलिंग पार्टी को



15-15 बैलेट पेपर का लक्ष्य दिया गया है। कोई भी मतदाता बैलेट पेपर पर मोहर व अंगूठा नही लगायेगा। इसके लिये टिक व क्रास का प्रयोग किया जाये। प्रत्येक टीम में एक माइक्रोआब्जर्वर, एक पीठासीन अधिकारी, एकप्रथम मतदान अधिकारी के साथ ही दो सुरक्षा कर्मी नियुक्त किए गए हैं। लेखपाल एवं बीएलओ टीम का सहयोग करेंगे। प्रत्येक लिफाफे पर बैलेट पेपर का सीरियल नम्बर अंकन करना आवश्यक है।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा, उपजिलाधिकारी सदर अविनाश कुमार गौतम व तिर्वा अशोक कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार, खंड विकास अधिकारी अमित कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# पेपर हल करने में अकल की बजाय हुई नकल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा क्षेत्र का चुनाव कराने के लिए मतदानकार्मिकों का इम्तिहान भी लिया गया। प्रशिक्षण के बाद 20-20 प्रश्नों के पेपर हल करने को दिए गए। सीडीओ रामकृपाल चौधरी के मुताबिक अगर 80 फीसदी से कम अंक आए तो दोबारा ट्रेनिंग लेनी होगी। इससे बचने के लिए कार्मिकों ने अक्ल लगाने की बजाय नकल की।

शुक्रवार को पुलिस लाइन के निकट स्थित एक विद्यालय में मतदानकार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। उसके बाद इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन व प्रपत्रों समेत कुल 20 प्रश्न हल करने के लिए पोलिंग पार्टियों को दिए गए। कई कार्मिक मोबाइल में गूगल से उत्तर देखते रहे तो कुछ बुकलेट से मदद लेकर जवाब लिखते रहे। कुछ कार्मिक ऐसे भी थे जिन्होंने खुद के विवेक से पेपर हल किया। प्रशिक्षण देने के लिए मास्टर ट्रेनर स्नेहलता द्विवेदी, शुचि पांडेय, पूनम पांडेय, सुरजीत तोमर, रोहित द्विवेदी, अनुराग रहे।

### पीठासीन अधिकारियों को मिली सामग्री

**कन्नौज।** दूसरे चरण का जो प्रशिक्षण शुरू हुआ है, उसमें पोलिंग पार्टी का भी गठन हो गया है। पीठासीन अधिकारी को पता लग गया है कि उनके साथ कौन-कौन मतदान अधिकारी रहेंगे। प्रशिक्षण के बाद पीठासीन अधिकारी को बूथ बनाने वाली सामग्री भी दी गई। उसमें प्रपत्र व 35 तरह की अन्य सामग्री भी थी। इसके बाद मतदानकार्मिकों ने उसका मिलान भी किया।

# लोकसभा क्षेत्र के लिए मतपत्र से मतदान शुरू

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 12 मई तक अलग-अलग चरणों में चलेगी प्रक्रिया

**अमृत विचार।** यूं तो इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान 13 मई को सभी बूथों पर होगा लेकिन मतपत्र से वोट डालने का सिलसिला शुक्रवार से शुरू हो गया है। अलग-अलग चरण में यह प्रक्रिया 12 मई तक चलेगी। प्रभारी अधिकारी कार्मिक रामकृपाल चौधरी ने बताया कि पहले दिन दोनों पालियों में कुल 45 कार्मिकों ने मतपत्र के जरिये वोट किया।

शहर के पुलिस लाइन के निकट स्थित एक निजी विद्यालय के चार कक्षों में विधानसभा वार मतपत्र से मतदान की सुविधा बनाई गई। चौथे कक्ष सामान्य रहा। शुक्रवार को दोपहर 12 बजे के बाद सबसे पहले तिर्वा विधानसभा क्षेत्र के कक्ष में वोट डाला गया। मतदाता सुविधा केंद्र के प्रभारी अधिकारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी तनुज त्रिपाठी की देखरेख में प्रक्रिया शुरू हुई।

छिबरामऊ के लिए प्रभारी अधिकारी व जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह व कन्नौज सदर की जिम्मेदारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार ने पूरी की। सामान्य कक्ष के प्रभारी अधिकारी व बीईओ आनंद द्विवेदी रहे। डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी ने बताया कि पहली पाली का प्रशिक्षण सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक चला। उसके बाद मतपत्र से वोट दो बजे तक डाले गए। दूसरी पाली का प्रशिक्षण दोपहर दो से शाम पांच बजे तक मिला। शाम पांच से सात बजे तक मतदान हुआ।



ट्रेनिंग स्थल पर मतदान के बाद मतपेटी में मतपत्र डालता कर्मी। अमृत विचार

### ट्रेनिंग व मतदान में सामान्य प्रेक्षक ने ली जानकारी

**कन्नौज।** चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से तैनात किए गए सामान्य प्रेक्षक संदीप कुमार प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। साथ ही ट्रेनिंग व मतदान की जानकारी ली। उन्होंने मतदान के लिए बनाए गए चारों कक्षों को देखा फिर वोटों के बारे में पूछा। उस समय तक महज एक वोट ही पड़ा था। प्रेक्षक ने मतदाता सुविधा केंद्र के प्रभारी अधिकारी तनुज त्रिपाठी से भी सभी काउंटरों के बारे में जानकारी की। उन्होंने सभी कर्मियों व अधिकारियों से प्रपत्रों के बारे में भी पूछा। पोस्टल बैलेट के करीब 200 और ईडीसी के 900 से अधिक आवेदन बताए गए। दूसरी ओर प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा ने भी व्यवस्था का जायजा लिया। प्रभारी अधिकारी कार्मिक रामकृपाल चौधरी व डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी से प्रेक्षक ने कम मतदान का कारण भी पूछा। बताया गया कि ज्यादातर कार्मिक ईडीसी लेकर बूथ पर ही मतदान करने के इच्छुक हैं।



डाक मतदान स्थल पर जानकारी करते सामान्य प्रेक्षक संदीप।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित किया जाता है मेरी पुत्री का नाम जन्म प्रमाण पत्र में गार्गी सिंह वर्मा लिख गया है जो गलत है। कृपया इसे गार्गी सिंह करने की कृपा करें। – **आकांक्षा सिंह (माता), निवासी– 330. संजय गांधीपुरम, लखनऊ**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैनें अपने चौथे नम्बर के पुत्र अरबाज द्वारा भाग कर शादी करने एवं मेरे साथ आए दिन मारपीट एवं प्रताड़ित करने से तंग आकर पुत्र अरबाज और उसकी पत्नी खुशनुमा के गलत कृत्यों को लेकर सम्बंध विच्छेद कर लिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा कोई लेना देना नहीं है। मैं अपनी चल–अचल सम्पत्ति से पुत्र अरबाज एवं उसकी पत्नी खुशनुमा को बेदखल करती हूं। – **चुन्नी उर्फ सदरुन पत्नी स्व. ताजुल हसन, निवासी– ग्राम –गाजीपुर, जिला– फतेहपुर**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री रूपा निषाद मनमानी करते हुए वीरू निषाद निवासी केएनआई से विवाह कर लिया है, जिससे मेरे परिवार की काफी बदनामी हुई है। मैं सपत्नीक रूपा निषाद को बेदखल करते हुए उससे सभी प्रकार के संबंधों से नाता तोडता हू। उसके सभी क्रियाकलापों से मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना–देना नहीं है। **मनीराम पुत्र काशीराम व कुसुमा पत्नी मनीराम निवासी वलीपुर, पोस्ट– केएनआई, थाना कोतवाली नगर, सुलतानपुर।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पति स्वर्गीय मिश्री लाल वर्मा ने भारतीय जीवन बीमा निगम गोण्डा से पालिसी संख्या 218353953 खरीदी थी जिसमें नामिनी में श्रीमती भानमती दर्ज है जबकि सही नाम गुडिया देवी उर्फ श्रीमती भानमती पत्नी स्वर्गीय मिश्री लाल वर्मा निवासी ग्राम घांचा वीकापपुर मजरा घांचा कुर्मी पुरवा पोस्ट घांचा बीकापुर तहसील/थाना तंरबगंज जिला गोण्डा

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश जसवीर कौर (JASAVEER KAUR) दर्ज हो गया था जबकि सही नाम जसबीर कौर (JASBIR KAUR) है, मुझे इसी नाम से जाना पहचाना व पढ़ा जाये। **जसबीर कौर पत्नी जुझहार सिंह नि. कानपुर रोड, भल्ला फार्म, कुशहरी पो. आशा खेड़ा जि. उन्नाव।**

इधर-उधर की

कहीं चटक धूप में बाइकों से प्रचार कर रहे तो कहीं एसी कार में घूम रहे कार्यकर्ता

# उधर धूल, धूप और पसीना, इधर एसी गाड़ी में ले रहे आनंद

इरा अवस्थी, कन्नौज

- चुनाव के दौरान प्रचार के दिख रहे विविध रंग, चर्चाओं का जोर

**अमृत विचार।** चुनाव भी बड़ा आनंददायी है। डंका बजे कई दिन हो चुके हैं। 'भैया' को जिताने की होड़ में कार्यकर्ता गुणगान में लगे हैं। वोट मांगने निकलेंगे तो खर्चा तो होगा ही। अब अटल जी या मुलायम सिंह यादव जी का जमाना नहीं रहा जो पैदल साइकिल से चलकर वोट मांगे जाएं। बात सीधी है पेट्रोल दो वोट लो, यानी पेट्रोल मिलेगा तभी तो बाइक या कार से निकलेंगे वोट मांगने के लिए। कुछ ऐसा ही दृश्य दिखाई दे रहा है कन्नौज संसदीय क्षेत्र में। दोपहर 12 बजे के बाद जहां लग्जरी गाड़ियां निकल पड़तीं हैं गांव-गली की धूल छानने तो कुछ प्रत्याशियों के कार्यकर्ता बाइकों से ही जुटे हैं कि बस एक-एक वोट जुड़ जाए किसी भी तरह से।

कन्नौज विधानसभा क्षेत्र के एक गांव के करीब कुछ घने पेड़ों के नीचे कई गाड़ियां खड़ी थी। उन्हें देख बच्चों ने अपने घरों में उत्सुकता जताई कि क्या कोई बारात आई है। माता-पिता ने उन्हें बताया कि सहालग खत्म हो गई है। ये लोग वोट मांगने निकले हैं। गर्मी में थक गए होंगे इसलिए अपनी-अपनी गाड़ी में आराम कर रहे हैं। ऐसे एक नहीं, कई नजारे गांव-गांव देखने को मिल रहे हैं।

इसके विपरीत कुछ युवा और अधेड़ कड़कती धूप में मोटरसाइकिल से गांव-गांव दौड़कर 'भैया' को जिताने की अपील कर रहे हैं। दोनों पक्षों से बात करने पर पता चला कि कार में विश्राम करने वाले अलग पार्टी के हैं और बाइक से दौड़ने वाले दूसरी के। प्रचंड गर्मी में पेड़ों की छांव तले बाइकें दिख रही हैं तो कारों का जमघट भी दिखाई पड़ रहा है। जानकारों से पता चला कि चुनावी बेला में विभिन्न दलों से जुड़े बड़े-छोटे नेताओं की पौ बारह है। सुबह दस बजे दफ्तर में पहुंचकर पेट्रोल-डीजल का पैसा लेते हैं और फिर दाना-पानी लेकर निकल पड़ते हैं क्षेत्र की तरफ। वैसे कहां जाते हैं यह तो नहीं पता लेकिन प्रत्याशी की नजर में वे वोट मांगने ही जाते हैं। खास यह कि एयरकंडीशंड गाड़ियां धूप तेज होने के बाद ही रवाना होतीं हैं और फिर कहीं जाकर ठहर जातीं हैं। इसके बाद सूरज ढलने तक कुछ गांवों के चक्कर लगाकर आकर भैया को रिपोर्ट थमा दी जाती है। दूसरी तरफ ऐसे भी दल व प्रत्याशी हैं जिनके कार्यकर्ता सुबह से ही अंगौछा बांधकर बाइकों पर निकल पड़ते हैं और एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं।

एसी वाली बड़ी-बड़ी गाड़ियों की रेस और प्रत्याशी की नजर में चढ़ने की होड़ देख पुरानी बात याद आती है। साल 1984 में कांग्रेस से शीला दीक्षित चुनाव जीतीं थीं। अगले चुनाव में उनका मुकाबला सपा के छोटे सिंह यादव, भाजपा के टीएन चतुर्वेदी से था। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का विश्वास था कि शीला जी फिर जरूर जीतेंगी। इसलिए उनके दिल्ली से आए कार्यकर्ता गाड़ियों से निकलते और कहीं आराम फरमाते हुए शाम को लौटते थे। फिर शीला जी को बताया जाता था, कोई चिंता वाली बात नहीं सारे गांव में अपना झंडा फहरा रहा है। जब चुनाव परिणाम सामने आया तो असलियत कुछ और थी। वे बुरी तरह से हार चुकीं थीं। इस चुनाव में भी कुछ ऐसा ही दिख रहा है। एक तरफ चलती गाड़ी में मौज मस्ती तो दूसरी तरफ 'बंद गाड़ी' को चालू करने के लिए गर्मी, धूल, धूप, पसीना।

### चिलचिलाती धूप में जाम से बच्चे परेशान

**कन्नौज।** समय : दोपहर करीब 2:00 बजे। चिलचिलाती धूप। एक तरफ खड़ी कारों का काफिला। दूसरी तरफ से आ रहीं दर्जनों स्कूली बसें, कारें-बाइकें, साइकिलें और भारी बोझ के बस्तों से लदे बच्चे करीब 15 मिनट तक जहां के तहां खड़े। यह दृश्य था भाजपा कार्यालय के सामने। मकरंदनगर में भाजपा कार्यालय से करीब 200 मी. उत्तर साइड में एक काफी बड़ा अंग्रेजी स्कूल है जहां छुट्टी के समय डेढ़-दो हजार छात्र-छात्राएं पैदल, साइकिलों से अपने घरों को लौटते हैं। अलावा इसके बच्चों को लेने के लिए कारों से आने वालों व बसों की संख्या काफी है। शुक्रवार को भाजपा कार्यालय के सामने दर्जन व से अधिक कारों का काफिला खड़ा था। कुछ कारें दूसरी साइड में खड़ी थीं। निकलना कठिन था। दोपहर 1:45 बजे के करीब छुट्टी हुई और बच्चों का निकलना शुरू हो गया। भाजपा कार्यालय के सामने सब गाड़ियों के हॉर्न बजाने लगे लेकिन करीब 15 मिनट तक किसी के कानों पर जूं नहीं रेंगी। इसके बाद एक तिलकधारी युवा नेता गेट पर आए और उन्होंने यातायात पुलिस की भूमिका निभाई। तब बसों और कारों का रेंगना शुरू हुआ। भाजपा कार्यालय पर आए दिन बैठकों के कारण दर्जन-दो दर्जन गाड़ियां खड़ी रहती हैं। दोपहर में बच्चों की छुट्टी के कारण आए दिन जाम लग जाता है।

# विकास के लिए सातवें दिन बेलन व झाड़ू लेकर किया प्रदर्शन, नारेबाजी

## सरायमीरा के मोहल्ला कृष्णा नगर का मामला, लोग बोले-इस बार नहीं डालेंगे वोट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- एसडीएम, ईओ के आश्वासन दिए जाने के बाद भी नहीं हो सका समस्याओं का समाधान
- नाली से लेकर सड़कें तक जर्जर, तालाब के पानी का निकास नहीं, लगाया उपेक्षा का आरोप

**अमृत विचार।** शहर के कृष्णा नगर मोहल्ले में विकास न होने से मतदान बहिष्कार सातवें दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को महिलाओं ने झाड़ू बेलन लेकर प्रदर्शन किया। बोलीं कि एसडीएम, ईओ के अश्वासन के बाद भी मोहल्ले में किसी समस्या का समाधान नहीं हो सका है।

शहर के सरायमीरा धीरातारा के निकट मोहल्ला कृष्णानगर में विकास नहीं कराया गया है। नाली से लेकर सड़कें तक जर्जर हैं। बिजली की समस्या भी है। तालाब के पानी का भी निकास नहीं है। इससे पानी लोगों के मकानों तक निकट तक भरा रहता है। इसी को लेकर मोहल्ले के लोगों ने मतदान बहिष्कार का एलान कर दिया।

सात दिन से मोहल्ले के लोग लगातार प्रदर्शन कर विरेध जता रहे हैं। कभी हवन तो कभी अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया जा रहा है। शुक्रवार को मोहल्ले की महिलाओं ने बेलन व झाड़ू लेकर प्रदर्शन किया। प्रशासन पर मोहल्ले में विकास कार्य न कराने का आरोप लगाया। मोहल्ले के लोगों ने कहा कि नगरपालिका में मोहल्ला होने के बाद भी बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं मोहल्ले में नहीं हैं। इस मौके पर रानी मिश्रा, कुमकुम, मधु त्रिपाठी, रानी पाठक, रजनी त्रिपाठी, मोहनी, सज्जन देवी समेत कई अन्य महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।



शहर के सरायमीरा कृष्णा नगर मोहल्ले में झाड़ू, बेलन लेकर प्रदर्शन करती महिलाएं। अमृत विचार

# तीसरे दिन दाईपुर गांव के पास मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- गंगा में डूब गया था अंतिम संस्कार में आया धर्मपुर का युवक
- गोताखोरों के अलावा एनडीआरएफ लगी थी खोज में


**अमृत विचार।** गंगा में डूबे युवक का शव तीसरे दिन दाईपुर गांव के पास उतराता मिला। स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव निकाला गया।

तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के गांव धर्मपुर निवासी विनोद की मौत हो गई थी। बुधवार को परिजनों के अलावा गांव के कई लोग शव लेकर महादेवी गंगा घाट पर अंतिम संस्कार को आये थे। दाह संस्कार के बाद लोग गंगा स्नान के दौरान गांव का ही निवासी मुकेश (28) पुत्र शिव दयाल गहरे पानी में जाने से डूब गया। लोगों ने शोर मचाया तो स्थानीय गोताखोरों ने गंगा में छलांग लगा कर उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन उसका पता नहीं चला। जानकारी पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। गुरुवार को कानपुर से एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। दोपहर के समय पहुंची टीम ने नाव से गंगा के गहरे पानी में खोज शुरू की। देर शाम गांव दाईपुर के निकट मुकेश का शव उतराता मिला। इस की जानकारी पर महादेवी गंगा घाट पुलिस चौकी प्रभारी महेशचंद्र शर्मा पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों को लगा कर शव निकलवाया। परिजनों ने शव का पहचान मुकेश के रुप में की। शुक्रवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

### ऑटो में बेहोश मिला युवक

**कन्नौज।** शुक्रवार की सुबह जीटी रोड बसीरापुर टोल प्लाजा पर एक ऑटो में युवक बेहोश पड़ा था। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जेब में मिले मोबाइल से जब नंबर लगाये गये तो जानकारी मिली कि युवक का नाम राजेश सिंह (45) पुत्र मोहर सिंह है जो फतेहपुर जनपद के गौस्ता गल्ला मंडी का निवासी है। इस आधार पर और नंबर चेक किये गये तो परिजनों के मोबाइल नंबर मिले। सूचना पर परिजन दोपहर बाद जिला अस्पताल पहुंचे और युवक को लेकर चले गये।

## सार-संक्षेप



पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि को पत्र सौंपते टीयूसीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हंसराज अकेला।

### नगर की सड़कों पर डिवाइडर बनवाने की मांग

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** टीयूसीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हंसराज अकेला के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को नगर की समस्याओं को लेकर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता से वार्ता की और आठ सूत्री मांग पत्र सौंपा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि मजदूरों के लिए नगर में श्रमिक अड्डा चिन्हित कर टिन शेड, पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था की जाए। नगर में प्रेस क्लब, पुस्तकालय, वाचनालय की स्थापना कराई जाए। नगर के मोहल्ला राम नगर के रामलीला मैदान में खेलकूद, सामुदायिक बारात घर व सुंदरीकरण का कार्य कराया जाए। नगर के तिराहा से जीटी रोड व फतेहगढ़ रोड पर डिवाइडर बनवाया जाए, जिससे मार्ग दुर्घटना सहित जाम की समस्या से नागरिकों को निजात मिल सके। तिराहा स्थित पार्क में नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित की जाए। पूर्व में पालिका द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालय का पुन: संचालन कराया जाए। इस दौरान टीयूसीसी प्रतिनिधि कृष्ण कुमार राठौर, प्रह्लाद सिंह, रामचंद्र दोहरे, प्रेम सिंह, पातीराम मिस्त्री आदि मौजूद रहे।



एंबुलेंस में मरीज की जांच करता ईएमटी। अमृत विचार

### एंबुलेंस कर्मियों की तत्परता से बची महिला की जान

**कन्नौज।** हसेरन ब्लाक के अंतर्गत गांव गुमदापुर के निवासी विद्यावती को शुक्रवार को सीने व पेट में दर्द होने लगा। परिजनों ने 108 नंबर डायल किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसेरन में खड़ी एंबुलेंस यूपी 32 ईजी 0043 में तैनात इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन गिरीश चंद्र और पायलट मनोज दोनों आनन फानन में मरीज के घर पहुंच गए। तत्काल मरीज को एंबुलेंस में लिटाया। इसके बाद महिला की जांच की। मरीज की स्थिति काफी बिगड़ने लगी। तत्काल ईएमटी गिरीश चंद्र ने ईआरसीपी डॉ.इमरान से बात की और डॉक्टर की सलाह के अनुसार उपचार देते हुए मरीज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसेरन में भर्ती कराया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर ने मरीज का इलाज सुचारू रूप से किया। जिससे मरीज की जान बच गई।



कचहरी परिसर में श्रद्धांजलि देते अधिवक्ता। अमृत विचार

### अधिवक्ता के निधन से कचहरी में शोक

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम नगला बक्श निवासी बार एसोसिएशन छिबरामऊ के सदस्य विपिन कुमार का लंबी बीमारी के चलते बुधवार को निधन हो गया था। शुक्रवार को अधिवक्ता सभागार में अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविन्द सिंह राठौर, महासचिव ललित प्रताप सिंह, रामचन्द्र मिश्रा, जयवीर सिंह यादव, शिवनाथ सिंह यादव, राजेश शाक्य, जितेन्द्र श्रीवास्तव, नेम सिंह यादव, प्रणव यादव, विकास गुप्ता, विनीत चतुर्वेदी, संदीप सिंह चौहान, रूपेश दुबे, पुष्पेन्द्र सिंह, ब्रह्मदत्त यादव, सरजीत यादव, धीरज तिवारी, विजय शाक्य, जीतू बाथम, शुभम त्रिपाठी, अंजू पटेल, स्नेहलता गुप्ता मौजूद रहे।

### नगर में ट्रामा सेंटर व राजकीय डिग्री कॉलेज की मांग

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** राजनीतिक उठापटक और दांव पेंच ने न सिर्फ मुद्दे बदल दिए बल्कि जनता की मांगों को भी समय के साथ गुम कर दिया। नगर विकास समिति के द्वारा लोकसभा चुनाव में ट्रामा सेंटर व राजकीय डिग्री कॉलेज की नगर में स्थापना कराए जाने की मांग को उठाया गया है। नगर विकास समिति के अध्यक्ष हरीओम गुप्ता ने बताया कि समिति नगर को तहसील बनाने और मंडी समिति की स्थापना की मांग लंबे समय से कर रही है लेकिन जनप्रतिनिधियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। बताया कि नगर को तहसील बनाने की मांग जारी है। मुख्य चौराहा स्थित पीएचसी की भूमि पर ट्रामा सेंटर का निर्माण कराने सहित नगर में राजकीय महाविद्यालय की स्थापना कराए जाने की मांग की जाएगी। मांगों को लेकर लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कन्नौज आगमन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। बताया कि गंभीर रोगियों के लिए नगर में उपचार की व्यवस्था नहीं है। गंभीर रोगियों को कानपुर, लखनऊ, सैफई, तिर्वा, आगरा आदि स्थानों पर जाना पड़ता है। शिक्षा प्राप्त करने के लिए भी नगर में सरकारी स्कूल नहीं है। युवाओं को दूसरे स्थानों पर जाकर शिक्षा ग्रहण करनी पड़ती है।



हरीओम गुप्ता।

### ऑपेरशन मुस्कान के तहत बच्चे को परिजनों से मिलाया

**कन्नौज।** थाना गुरसहायगंज की एण्टी रोमियो टीम आपरेशन मुस्कान टीम ने भ्रमण के दौरान एक 10 वर्षीय बच्चा रोता हुआ दिखाई दिया। टीम ने जानकारी की तो बच्चे ने अपना नाम चिराग राजपूत पिता का नाम अरुण राजपूत पता ग्राम गपचरियापुर बताया। टीम बच्चे को थाने लाई। थाना स्तर से तुरंत बच्चे के माता पिता के बारे मे जानकारी कर टीम गठित की गई। थाना स्तर पर सोशल मीडिया टीम ने डिजिटल वालंटियर्स ग्रुप व अन्य माध्यमों से बच्चे के माता पिता के बारे मे पता करने के लिये सन्देश जारी किया। पुलिस ने दो घंटे के अन्दर परिजनों के परिजनों के सुपुर्द किया गया। बच्चे के पिता अरुण राजपूत पुत्र भारत सिंह निवासी गपचरियापुर थाना गुरसहायगंज जिला कन्नौज ने बताया कि पुत्र चिराग दो मई की शाम को मेरे डांटने से नाराज होकर घर से निकल गया था। इस मौके पर दरोगा चन्द्रभान सिंह, हेड कांसटेबल पवन कुमार शर्मा, समर बहादुर कम्प्यूटर आपरेटर, महिला सिपाही रोशनी बालियान की भूमिका सराहनी रही।

### तीसरे चरण का मतदान कराने जिले के होमगार्ड रवाना

**कन्नौज।** तीसरे चरण का मतदान सात मई को होगा। इसको लेकर जिले से होमगार्ड जवान रवाना हो गये हैं। शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संसार सिंह व होमगार्ड कमांडेंट ने गैर जनपदीय चुनाव में लगे होमगार्ड जवानों की बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले होमगार्ड जवानों को चुनाव संबंधी जानकारी दी गई। बताया गया कि जिस स्थान पर ड्यूटी लगाई जाये उसी स्थान पर करें। समय का विशेष ध्यान रखें। लापरवाही पर कार्रवाई हो सकती है।

### दुकान पर आकर युवक ने की अश्लील हरकत

**तिर्वा, कन्नौज।** दुकान में घुसकर महिला से अश्लील हरकत के साथ छेड़छाड़ की घटना मे पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। एक मोहल्ला निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी कास्मेटिक सामान की दुकान है। यहां पर एक युवक आया और अश्लील हरकत करने लगा। जब विरोध किया तो छेड़छाड़ की। कोतवाल जेपी गंगवार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### दबंगों ने युवक को मारपीट कर किया घायल

**तिर्वा, कन्नौज।** सरकारी खड़ंजा उखाड़ने का विरोध करने पर दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। थाना ठठिया के हांसापुर गांव निवासी संजीव कुमार पुत्र शिवबालक ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि शुक्रवार की सुबह उसके पड़ोसी धीरेंद्र सिंह, आधार, बालकृष्ण दरवाजे पर पड़े सरकारी खंड़जे को उखाड कर वहां पर पिलर बनाने की तैयारी कर रहे थे। उसने मना किया तो उक्त लोग गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर तीनों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम मझपुरवा निवासी निजामुद्दीन ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि दो मई की शाम लगभग पांच बजे गांव के रिश्तेदार उमर खान की बकरी फहीम के खेत में चली गई थी। इसी बात को लेकर फहीम ने गालीगलौज किया। मना करने पर फहीम, अजीम, शादाब व हसनैन ने उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। बीचबचाव में उसके पुत्र इजहार आलम व आमिर को भी मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दवा लेने गई युवती लापता

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती 22 अप्रैल को सरकारी अस्पताल से दवा लेने की बात कहकर घर निकली थी। देर शाम तक वापस न आने पर उसकी खोजबीन की गई लेकिन कोई पता नहीं चला। पिता ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसे बहला फुसला कर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### नाबालिग को भगा ले गया

**कन्नौज।** दूसरे धर्म का युवक नाबालिग को फुसला कर ले गया। सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग को दो मई को तिखवा गांव निवासी चांद पुत्र फैज मोहम्मद फुसला कर भगा ले गया। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर संबंधित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। मनीमऊ चौकी पुलिस आरोपी व नाबालिग को खोजने में लग गई है।

# रंग भरो प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** आवास विकास कॉलोनी स्थित सुप्रभाष अकादमी में एचडीएफसी लाइफ द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता आयु वर्ग के अनुसार आयोजित की गई थी जिसमें 5 वर्ष से 7 वर्ष तक के छात्र-छात्राओं के लिए 'रंग भरो' प्रतियोगिता तथा 8 से 12 वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। रंग भरो प्रतियोगिता में 5 से 7 वर्ष आयु की श्रेणी में राम दुबे, इल्मा फातिमा व अंश राजपूत ने प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा 8 से 12 वर्ष की आयु श्रेणी की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अथर्व गुप्ता, मुस्कान राजपूत ,द्विज वशिष्ठ व निखत फातिमा को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान प्रबंधक हिमांशु सक्सेना, प्रधानाचार्य अल्का गुप्ता सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।



बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित करतीं प्रधानाचार्य। अमृत विचार

### सौरिख ने दर्ज की जीत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** खुबरियापुर के मजरा नगला महुआ में शुरू हुए एसके ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के अध्यक्ष अजीत यादव, अजमेर राजपूत, अजीत राजपूत, सुधीर सक्सेना, पुष्पेंद्र राजपूत व शिशुपाल सिंह ने बताया कि तीसरा मैच सौरिख और नगला अनूप की टीमों के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सौरिख की टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में 92 रनों का लक्ष्य रखा, जबाब में खेलने उतरी नगला अनूप की पूरी टीम महज 8 ओवरों में 21 रन पर ही ऑलआउट हो गई। सौरिख की टीम ने 71 रनों से मैच जीत लिया और तीन विकेट तथा 44 रन बनाने वाले ऋतिक कुमार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

# सर्वेश पाल की तृतीय पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा

**सौरिख, कन्नौज।** क्षेत्र के कृषक इंटर कॉलेज कुतुबपुर मुर्रा के पूर्व प्रबंधक योगेश पाल की तृतीय पुण्यतिथि पर मूर्ति अनावरण कर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वेश सिंह यादव खण्ड शिक्षा अधिकारी सौरिख, सोनेलाल पाल अध्यक्ष कृषक इंटर कालेज, शांति देवी पाल प्रबंधक, अनिल पाल पूर्व प्रत्याशी तिर्वा, पूजा वर्मा, अनीता पाल, पूजा पाल, सौरभ पाल, विनेश पाल प्रधान, सुधीर पाल प्रधान, अरविंद सिंह यादव (प्रधानाचार्य), सरमन पाल (संजय), श्रेष्ठ पाल, उत्कर्ष पाल, गिरजेश कुमार, नीलेश पाल रहे।



मेडिकल स्टोर में लगी आग। अमृत विचार

# मेडिकल स्टोर में लगी आग लाखों रुपये की दवाएं खाक

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

- आवास विकास कॉलोनी में शॉर्ट सर्किट से हुआ हादसा
- फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत कर पाया आग पर काबू

**अमृत विचार।** मेडिकल स्टोर में बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, जिससे लाखों रुपये की दवाएं जलकर खाक हो गईं। फायर ब्रिगेड के जवानों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

नगर के आवास विकास कॉलोनी निवासी आशीष यादव पुत्र जीवन सिंह यादव ने बताया कि घर से कुछ दूरी पर उनका मेडिकल स्टोर है। गुरुवार देर रात करीब 11 बजे अचानक उसमें आग लग गई और आग का विकराल रूप देख स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक अंदर रखा सामान धू-धू कर जलने लगा। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड गाड़ी के पानी से बमुश्किल आग पर काबू पाया गया। आशीष यादव ने बताया कि मेडिकल स्टोर में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी और उस आग में मेडिकल स्टोर के अंदर रखा लगभग 35 लाख रुपए का माल जलकर खाक हो गया।

# लूट व डकैती में पांच को सात-सात साल की कैद

**कन्नौज।** गिरोह बनाकर लूटपाट व डकैती को अंजाम देने के वाले कच्छा-बनियान गिरोह के पांच बदमाशों को सात-सात साल कैद की सजा सुनाई गई है। सभी दोषियों पर पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। पुलिस की मॉनीटरिंग सेल के मुताबिक शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट ने कच्छा-बनियान गिरोह के सदस्य निवासी डेरा थाना असमौली जनपद संभल निवासीर नजर हुसैन पुत्र आलियार खां, अजमल पुत्र नजर हुसैन, इस्तखार उर्फ जानी पुत्र दीना, मुकीम पुत्र मुन्ना व सुल्तान पुत्र सलीम को गैंगस्टर एक्ट में सात वर्ष सात माह कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इनके खिलाफ 2016 में सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया था। इन बदमाशों ने क्षेत्र के कई घरों में डकैती व लूटपाट की वारदातों को अंजाम दिया था, जिसमें पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि पुलिस की मॉनीटरिंग सेल की प्रभावी पैरवी से इन डकैतों को कड़ी सजा मिली है।

# बाइक व नकदी न मिलने पर विवाहिता से मारपीट

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- पति सहित ससुरालियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** दहेज में एक लाखों की नगदी, बाइक व सोने की चेन न मिलने पर पति सहित ससुरालियों ने विवाहिता से गालीगलौज की और उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता के पिता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम मिरगावां निवासी संतोष कुमार तिवारी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उसने अपनी पुत्री रश्मि मिश्रा की शादी 2016 में फर्रुखाबाद थाना कमालगंज के मोहल्ला गंगागंज निवासी सर्वेश मिश्रा से की थी। शादी के बाद पति सर्वेश मिश्रा, सास गार्गी मिश्रा, देवर, आदेश मिश्रा, लखनऊ निवासी ननद मिथिलेश बाजपेई व ननदोई सोनू बाजपेई ने दहेज में बाइक, सोने की चेन, एक लाख रूपये की मांग कर उत्पीड़न शुरू कर दिया।

मांग पूरी न होने पर 25 मार्च की रात महिला के साथ गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद वह अपनी पुत्री को घर ले आया। कोतवाली पुलिस ने पति सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# घर में घुसे चोर ले गए लैपटॉप और नकदी

**तिर्वा, कन्नौज।** घर से लैपटॉप व नकदी चोरी हो गई। पीड़ित ने पुलिस को अज्ञात चोर के खिलाफ तहरीर दी।

अवंतीबाईनगर निवासी सर्वेश कुमार पुत्र राधेश्याम ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह घर पर खाना खाकर परिवार के साथ सो गया। तभी घर में चोर घुस आए और कमरे में रखा लैपटॉप व उसकी जेब मे पडे पचास हजार रुपये चोरी कर लिए। जब वह सुबह उठा तो कमरे का सामान बिखरा पड़ा था। कोतवाल जेपी गंगवार ने बताया कि मामले की जांच कर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



ई-रिक्शा चालक का पंजीकरण करते पालिका कर्मी। अमृत विचार

# अभियान चलाकर ई-रिक्शा का पंजीकरण

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित के निर्देशन पर पालिका कर्मियों की टीम ने नगर के विभिन्न स्थानों पर ई-रिक्शा पंजीकरण अभियान चलाया।

शुक्रवार को कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह के नेतृत्व में पालिका कर्मियों ने नगर के फर्रुखाबाद रोड, जीटी रोड, तिर्वा रोड, चौराहा, तिराहा आदि स्थानों पर सवारियां ले जा रहे चालकों को पंजीकरण कराने के लिए जागरूक किया। कहा कि बिना पंजीकरण के नगर की सीमा में प्रवेश करने पर कार्रवाई की जाएगी। इससे बचने को ई-रिक्शा चालक 600 रुपये पालिका में जमा कर एक वर्ष के लिए पंजीकरण करा लें। अभियान के दौरान लगभग 25 ई-रिक्शा का पंजीकरण कर राजस्व बसूला गया है। इस दौरान दीनानाथ पटेल, अरविंद कुमार सिंह, श्याम गुप्ता, आकाश शर्मा, श्याम गुप्ता, प्रमोद, हर्ष चौरसिया आदि रहे।

**चुनावी मीटर** जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्याशियों के लिए निर्धारित कीं खाद्य पदार्थों की दरें

# पांच का समोसा, दस की चाय, 70 रुपये की थाली

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में खर्च करने के लिए माननीयों को जेब ढीली करनी होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने खाद्य पदार्थों समेत 72 वस्तुओं की दरें निर्धारित की हैं, जिसके अनुसार ही चुनाव खर्च का ब्योरा प्रस्तुत करना होगा। इससे अधिक की दरें मान्य नहीं की जाएंगीं। दुकानदार को 20 हजार रुपये से अधिक का भुगतान चेक के माध्यम से किया जाएगा, जिसका विवरण बाद में प्रस्तुत करना होगा।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल तथा वरिष्ठ कोषाधिकारी व प्रभारी अधिकारी (निर्वाचन व्यय) अनिल कुमार मिश्र व जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार मिश्रा ने लोकसभा चुनाव में खाद्य पदार्थों की दरों का निर्धारण किया है।

इसके अनुसार चाय दस रुपये की, समोसा पांच रुपये का और भोजन की थाली 70 रुपये की निर्धारित की गई है। इसी प्रकार एक पानी की बोतल 20 रुपये की, पानी का कार्टन 145 रुपये का, पानी का पाउच दो रुपये का, 25 लीटर पानी का जग 30 रुपये का, कागज का गिलास एक रुपये का, नाश्ता (छह पूड़ी व सब्जी) 30 रुपये की, एक किलोग्राम बूंदी के लड्डू 200 रुपये के तथा एक लीटर कोल्ड ड्रिंक की दर 55 रुपये निर्धारित की गई है। इससे अधिक दरों पर किया गया भुगतान मान्य नहीं होगा।



- दुकानदारों को 20 हजार रुपये से अधिक का भुगतान चेक से करना होगा

### 440 रुपये दिहाड़ी, कैमरामैन को 400 रुपये

खाद्य पदार्थों के अलावा जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव में न्यूनतम मजदूरी की दर भी 440 रुपये दिन निर्धारित की है। वहीं, वीडियो कैमरामैन को 800 रुपये दिन तथा स्टिल कैमरामैन को 400 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से भुगताना करना होगा। इसी प्रकार सीसीटीवी कैमरा की दर भी 400 रुपये दिन के हिसाब से निर्धारित की गई है। इसके अलावा शामियाना और टेंट की दरें भी निर्धारित की गईं हैं।

### महंगी हो गई माननीयों की माला

चुनाव आयोग के निर्देश पर माननीयों के गले में पड़ने वाली माला भी मंहगी हो गई है। निर्वाचन अधिकारी ने एक किलोग्राम गेंदा के फूल की कीमत 100 रुपये, गुलाब के फूल की कीमत 200 रुपये प्रतिकिलो, गेंदा के फूलों की लड़ी 20 रुपये प्रति मीटर तथा फूलों के एक बुके की कीमत 100 रुपये निर्धारित की गई है। इसके अलावा चुनावी रैलियों व जनसभाओं में होने वाले अन्य खर्चों जैसे-होर्डिंग, बैनर, पोस्टर, माइक, लाउडस्पीकर, कुर्सी आदि की दरें भी निर्धारित की गईं हैं।

# बिजली की समस्या पर मतदान के बहिष्कार की दी चेतावनी

## शमशाबाद क्षेत्र के सहसा जगदीशपुर गांव का मामला, मूलभूत सुविधाओं का अभाव

संवाददाता कायमगंज, फर्रुखाबाद



मतदान के बहिष्कार की चेतावनी देते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मूलभूत सुविधाओं से वंचित शमशाबाद क्षेत्र के गांव ग्राम सहसा जगदीशपुर के मतदाताओं का आखिर सब्र का बांध टूट ही गया। उन्होंने 13 मई को होने जारहे लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की घोषणा कर दी। ग्रामीणों का कहना है कि विकास नहीं तो वोट नहीं।

मतदाताओं का कहना है कि गांव में बंच केवल डालकर विद्युतीकरण कराया जाए। गांव को उपखण्ड नवाबगंज से हटाकर उपखंड भटासा से जोड़ा जाए। उपखंड नबावगंज के सहसा जगदीशपुर गांव को विद्युत सप्लाई दी जा रही है। जिससे गांव में ग्रामीणों को कभी कभी लो बोल्टेज का भी सामना करना पड़ता है। हमारे ग्राम- सहसा जगदीशपुर व मई रशीदपुर में लगभग 25 से 30 निजी नलकूप हैं। जिन नलकूपों पर समस्त कृषि निर्भर है। पिछले 7 दिनों से 24 घण्टों में सिर्फ 5 घंटे विद्युत सप्लाई दी जा रही है और विद्युत सप्लाई में इतना कम वोल्टेज होता है कि नलकूप स्टार्ट ही नहीं होते, जिससे सारी फसलें सूखी जा रहीं हैं। जबकि इसके विपरीत अन्य लाइनों पर निर्वाध रूप से विद्युत सप्लाई हो रही है। ग्रामीणों ने लोकसभा निर्वाचन में मतदान का बहिष्कार करने की चेतावनी दी और कहा कि अगर गांव में लाइट नहीं, तो हमारा वोट नहीं। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय तो जनप्रतिनिधि वोट मांगने आते हैं। इसके बाद वह पांच साल तक नजर नहीं आते। ग्रामीणों को जब समस्या होती है तो वह अधिकारियों के और कार्यालयों के चक्कर काटते रहते हैं। इस पर लोगों ने सामूहिक रूप से चुनाव का बहिष्कार का निर्णय लिया है। इस मौके पर सीमेन्द्र सिंह प्रधान, विनोद कुमार, अमर सिंह, आदेश कुमार सिद्धि, अशोक, पुष्पक कुमार, प्रमोद कुमार, रजत, सत्येंद्र, आशीष कुमार, सुभाष चंद्र, अभिषेक, रामदयाल, अशोक, पप्पू कुमार आदि मौजूद थे।

## चौकीदार ने थानाध्यक्ष पर लगाया धमकाने का आरोप

**फर्रुखाबाद।** जूठे बर्तन नहीं साफ करेगा तो क्या दफ्तर में काम करेगा। चौकीदारी रहेगा तो बर्तन धोने ही पड़ेंगे। यह धमकी एक वायरल ऑडियो में चौकीदार को कथित तौर पर थानाध्यक्ष मेरापुर दे रहे हैं। थानाध्यक्ष का ऑडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है (अमृत विचार ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है)।ऑडियो के अनुसार थानाध्यक्ष मेरापुर ने चौकीदार को डांटते हुए कहा कि उस दिन मेरे कहने के बाद भी बिना काम किये चला गया। जब चौकीदार ने कहा कि उसे याद नहीं रहा तो थानाध्यक्ष ने उसे जमकर फटकार लगाई। चौकीदार ने थानाध्यक्ष से कहा कि वह अपने घर पर बर्तन नहीं धुलता है तो तुम्हारे जूठे बर्तन कैसे धोए। इतने पर थानाध्यक्ष नवीन आग बबूला हो गए। चौकीदार ने थानाध्यक्ष का ऑडियो वायरल कर दिया जो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। वायरल वीडियो में थाने के दीवान ने थानाध्यक्ष की अपने मोबाइल से बात कराई। चौकीदार का कहना है कि थानाध्यक्ष उसका शोषण कर रहे हैं।

# जनपद में 6,838 पीएम आवास पूर्ण 4,992 लाभार्थी नहीं करा रहे काम

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का मामला
- 20 हजार से ज्यादा लोगों ने किया था आवेदन



**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत जनपद में 4992 लाभार्थियों ने प्रथम व दूसरी किस्त लेने के बावजूद निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराया है। वहीं अब तक 6838 लाभार्थी आवास पूर्ण करा चुके हैं। जिला नगरीय विकास अभिकरण कार्यालय (डूडा) के कर्मचारी लाभार्थियों से लगातार आवास का निर्माण पूर्ण कराने को संपर्क कर रहे हैं।

वर्ष 2017 में शुरू हुई प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत लगभग 20 हजार से ज्यादा लोगों ने आवेदन किए थे। जांच के दौरान 11,830 पात्र लाभार्थी पाए गए। अब तक 11,667 को प्रथम, 11,323 को द्वितीय व आवास पूर्ण करा चुके 6652 को तृतीय किस्त दी जा चुकी है। 4992 लाभार्थी ऐसे हैं, जो किस्त लेने के बावजूद निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करा रहे हैं। आवास पूर्ण न कराए जाने के चलते उन्हें तीसरी किस्त नहीं मिल पा रही है। गढ़ी नवाब न्यामत खां निवासी शबाना ने बताया कि दो किस्तें मिल चुकी हैं। तीसरी किस्त नहीं मिली है। रुपये न होने के चलते निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। प्रभारी परियोजना अतुल कुमार ने बताया कि जिन लोगों ने आवास पूर्ण करा लिए हैं, उन्हें तीसरी किस्त दी जा रही है।

### पीएम आवास योजना शहरी पर नजर

| | |
|---|---|
| 11830 | स्वीकृत हुए |
| 11667 | को प्रथम किस्त दी |
| 11323 | को द्वितीय किस्त दी |
| 6652 | को तृतीय किस्त दी |
| 6838 | ने आवास पूर्ण किया |

### प्लास्टर, रंगाई-पुताई व पत्थर लगाने पर मिलती है तीसरी किस्त

सिटी लेबल टेक्निकल अधिकारी नितिन सक्सेना ने बताया कि पीएम आवास योजना शहरी के तहत जो लाभार्थी छत डलवाने के बाद प्लास्टर, रंगाई-पुताई व योजना संबंधी पत्थर लगा लेता है। उसे ही तीसरी किस्त दी जाती है। जनपद में 4992 लोग पहली व दूसरी किस्त लेने के बाद निर्माण नहीं करा रहे हैं। हमारे कर्मचारी लाभार्थियों से लगातार संपर्क कर कार्य पूर्ण कराने को भी कह रहे हैं।

# बेटे के नाम पर पिता से ठगे दस हजार रुपये

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- ठग बोला: कोतवाली से बोल रहा हूं, बेटे को पकड़ा है

**अमृत विचार।** पुणे में नौकरी कर रहे युवक के मोबाइल पर कॉल आई, जिसमें सामने वाले ने कहा कि वह फतेगढ़ कोतवाली से बोल रहा है। उसके बेटे को पकड़ लिया है। 30 हजार रुपये बताए खाते में डाल दो वरना चालान कर देंगे। पीड़िता की पत्नी ने बताए खाते पर 10 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। शक होने पर बेटे के स्कूल गई तो वह कक्षा में पढ़ता मिला। इसके बाद उसे टप्पेबाजी का पता चला। फतेहगढ़ कोतवाली के मसेनी चौराहा निवासी सोनू सिंह पुणे में एक निजी बैंक में नौकरी करते हैं। घर पर पत्नी प्रीती सिंह और बच्चे रहते हैं। शुक्रवार सुबह सोनू सिंह के मोबाइल पर फोन गया। फोन पर बोल रहे व्यक्ति ने कहा कि वह फतेहगढ़ कोतवाली से बोल रहा है। तुम्हारे बेटे को पकड़ लिया है। छुड़ाना चाहते हो तो 30 हजार रुपये तुरंत डाल दो। अन्यथा चालान कर देंगे। सोनू ने इसकी जानकारी प्रीती को दी। प्रीती ने पहली बार छह हजार और फिर चार हजार रुपये फोन नंबर पर से जुड़े बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद प्रीती विद्यालय पहुंची तो उनका बेटा वहां कक्षा में पढ़ रहा था। पीड़िता ने रिश्तेदारों के साथ कोतवाली में शिकायत की। मगर पुलिस ने कोई ध्यान नहीं दिया। इसके बाद पीड़िता एसपी के यहां पहुंची। उनके न मिलने पर वह घर लौट आईं। फतेहगढ़ कोतवाल हरिश्याम सिंह ने बताया कि उनके पास तहरीर नहीं आई है।

# आर्य समाज ने जिले भर में करवाए यज्ञ

संवाददाता, फर्रुखाबाद


अंतर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस पर यज्ञ करते यजमान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस के अवसर पर आर्य समाज के वैश्विक संगठन सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा दिल्ली के आह्वान पर जनपद में आर्य समाज से जुड़े सैकड़ों परिवारों ने एक साथ सामूहिक यज्ञ कर आयोजन को उत्साहपूर्वक संपन्न किया। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के मीडिया प्रभारी आचार्य संदीप आर्य ने बताया कि विश्व के सौ से अधिक देशों तथा सम्पूर्ण भारतवर्ष के प्रान्तों व नगरों में आर्य समाज के कार्यकर्ताओं ने यज्ञ कर संगठनात्मक एकता का परिचय दिया। इसी क्रम में जिले में स्थित सभी आर्य समाजों व उनसे जुड़े परिवारों में यज्ञ का आयोजन किया गया। जिला सभा के प्रधान आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने आर्य समाज लोहाई रोड में सभी पदाधिकारियों के साथ यज्ञ किया तथा यज्ञ के महत्व को शास्त्रोक्त प्रमाणों सहित बताया। उन्होंने कहा कि यज्ञ सारे संसार की नाभि है तथा सभी जड़-चेतन देवताओं का मुख यज्ञ की अग्नि है।भारत के प्राचीन ऋषियों द्वारा मानव कल्याण हेतु यज्ञ पर विशेष बल दिया गया। जब से हमने यज्ञों का करना छोड़ दिया तब से मानवजाति अनेक संकटों में फंसती जा रही है। आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती ने मनुष्यों द्वारा भूली हुई इस विधा से हमको पुनः जोड़कर बड़ा उपकार किया। जिसके लिए मानवजाति युगों-युगों तक उनका ऋणी रहेगा। सभा के मंत्री डॉ शिवराम सिंह आर्य ने नबाबगंज स्थित आवास पर यज्ञ किया। जिसमें सैकड़ों क्षेत्र वासियों ने भाग लेकर यज्ञीय संस्कृति को अपनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि यज्ञ सबसे बड़ी पूजा है। ये बिना किसी भेदभाव से समस्त मानवजाति को लाभ पहुंचाता है। औषधि युक्त सामिग्री से किये जाने वाले यज्ञ से अनेकों रोगों का शमन होता है। वैज्ञानिक प्रमाणों द्वारा सिद्ध किया जा चुका है।

## पंखा ठीक करते समय लगा करंट किशोर की मौत

**अमृतपुर, फर्रुखाबाद।** कस्बा अमृतपुर निवासी शिवेंद्र (17) पुत्र सत्यराम अवस्थी बिजली का पंखा ठीक कर रहा था। अचानक करंट लगने से शिवेंद्र की मौके पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शिवेंद्र अपने पांच भाइयों में सबसे छोटा था। वह शाहजहांपुर जिले के क्षेत्र के इंटर कॉलेज में कक्षा 11 का छात्र था। गर्मी की वजह से घर मे बनी कॉलोनी में खराब पंखे के तार को जोड़ रहा था। कि अचानक बिजली के करंट का शिकार हो गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनो के अनुसार घटना के समय वहां पर कोई मौजूद नहीं था। जब परिजन पहुंचे तो शिवेंद्र अचेत पड़ा था। परिजन तत्काल उसे राजेपुर स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। वहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों मे चीत्कार मच गई।

## सार-संक्षेप

### पीएम पर अभद्र टिप्पणी, सपा प्रदेश उपाध्यक्ष के खिलाफ तहरीर

**फर्रुखाबाद।** पीएम मोदी व गृहमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने में सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष के खिलाफ तहरीर दी गयी है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। वहीं पुलिस मुकदमा दर्ज करने की तैयारी में हैं। भाजपा के नगर अध्यक्ष विकास पांडेय निवासी खड़ियाई सेनापति ने शहर कोतवाली में तहरीर दी। जिसमें सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना इरफान-उल-हक कादरी का नाम शामिल है। इसमें बताया कि एक वीडियो में उन्होंने देखा कि सपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रधानमंत्री मोदी व गृहमंत्री के पिता के बारे में अभद्र टिप्पणी कर रहें है। (अमृत विचार वीडियो की पुष्टि नहीं करता) जिससे मेरी भावनाएं आहत हुईं हैं। शहर कोतवाल जेपी शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज किया जाएगा।

### करंट से बालिका झुलसी, जिला अस्पताल में भर्ती

**फर्रुखाबाद।** थाना शमशाबाद क्षेत्र के गांव कलुआपुरशानी निवासी राजू की 10 वर्षीय पुत्री नंदनी आंगन में रस्सी पर पड़े कपड़े उतारने गई हुई थी। तभी वहां पर अचानक करंट आ गया। जिससे नंदनी गंभीर रूप से झुलस गई। घर वालों की मदद सेआनन-फानन में नंदिनी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद में भर्ती कराया गया वहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल लोहिया में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर वैभव यादव ने बताया 10 वर्षीय नंदिनी को करंट से झुलसा हुआ लाया गया है। हालत गंभीर होने पर उसको वर्न वार्ड में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है।

### वीआईटी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में हासिल की सफलता


सूर्य प्रताप।

**फर्रुखाबाद।** वीआईटी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में जनपद के छात्र सूर्य प्रताप ने सफलता हासिल की। शुक्रवार को वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) ने इंजीनियरिंग एंट्रेंस एग्जामिनेशन (ईईई) 2024 के नतीजों की घोषणा की, जिसमें फतेहगढ़ के मोहल्ला दुर्गा कॉलोनी निवासी महेंद्र पाल सिंह के पुत्र सूर्य प्रताप ने 6275वीं रैंक प्राप्त की है। छात्र सूर्य प्रताप ने बताया कि उसने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट केंद्रीय विद्यालय फतेहगढ़ से किया। महानगर जाने के बजाए उन्होंने ईईई परीक्षा की तैयारी जनपद में ही स्थिति स्वरूप क्लासेस में पढ़कर की। सूर्य प्रताप सफलता का श्रेय गुरुजनों और माता-पिता को देते हैं। सूर्य प्रताप की कामयाबी पर प्रबंधक महेंद्र पाल व शिक्षक हर्ष कुमार ने उसे बधाई दी।

### महिला ने पति व सास पर लगाया मारपीट का आरोप

**कायमगंज, फर्रुखाबाद।** महिला ने पति व सास पर लैपटॉप व प्रिंटर तोड़कर जनसेवा केंद्र पर ताला लगाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार नगर के जटवारा रोड स्थित पुरानी गल्ला मंडी निवासी पूनम देवी की शादी 25 वर्ष पूर्व किशन गुप्ता से हुई थी। पूनम का कहना है उसके पति किशन व सास रामजानकी आए दिन उसके साथ गाली गलौज करते है। जब वह गाली गलौज का विरोध करती है तो यह लोग उसके साथ मारपीट करते है। उसे पागल कहकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करते है। जब महिला घर का सामान मंगाती है तो पति व सास सामान लाकर नहीं देते है और उल्टा उससे ही रुपये मांगते है। महिला का कहना है उसका 25 वर्षीय पुत्र भी है जो जनसेवा की दुकान खोले है।

### पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**फर्रुखाबाद।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। नाकाबंदी कर जहां वाहनों की चेकिंग की जा रही है। वहीं सार्वजनिक स्थानों के अलावा बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों पर भी जांच अभियान चलाया जा रहा है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोगों में सुरक्षा की भावना पैदा करने के लिए यह कदम उठाए जा रहे हैं। थाना अमृतपुर क्षेत्र के चोरा सम्पर्क मार्ग उड़नदस्ता टीम के सेक्टर प्रभारी विमल कुमार के द्वारा हरसिंहपुर गहलवार चोरा सम्पर्क मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया। जिस संपर्क मार्ग पर अलीगंज, एटा, इटावा आदि क्षेत्र के वाहन इस संपर्क मार्ग से आते हैं। सेक्टर प्रभारी ने बताया कि लगभग दो दर्जन से अधिक वाहनों को चेक किया गया। वाहन में प्रचार, पैसा व अन्य चीज चेक की गयी।

### निर्माणाधीन मकान से चोरों ने हजारों के बिजली तार चुराए

**फर्रुखाबाद।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला विकास नगर बढ़पुर में निर्माणाधीन मकान में घुसकर चोर हजारों रुपये का बिजली तार चोरी कर ले गया। हालांकि सीसीटीवी कैमरे में चोर कैद हो गया है। भवन स्वामी ने कोतवाली में तहरीर दी। थाना जहानगंज क्षेत्र के गांव लक्ष्मण नगला निवासी आशीष कटियार शहर के मोहल्ला विकास नगर बढ़पुर में मकान बनवा रहे हैं। गुरुवार रात एक युवक मकान में घुसा और हजारों रुपये का तार चोरी कर ले गया। शुक्रवार सुबह आशीष निर्माणाधीन मकान में गए तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। सीसीटीवी कैमरे देखे गए तो एक युवक मकान में घुसते और निकलते दिखाई दे रहा है। कादरीगेट थाना प्रभारी अवध नारायण पांडेय ने घटना से इंकार किया।

### सवारियां बैठाने को लेकर हुआ विवाद

**फर्रुखाबाद।** देहरादून जा रही एक एसी और साधारण बस के स्टाफ में सवारियों को बैठाने को लेकर विवाद हो गया। बात बढ़ी तो हाथापाई हो गई। हालांकि कुछ लोगों ने बीच में पड़कर मामला शांत कराया। एआरएम ने समझा बुझाकर दोनों पक्षों को गंतव्य की ओर रवाना किया। कानपुर के विकासनगर डिपो की एक एसी बस सुबह करीब छह बजे देहरादून जाने के लिए बस अड्डे पर पहुंची। उसी समय उरई डिपो की सामान्य बस भी देहरादून जाने के लिए खड़ी थी। जब कुछ सवारियां पहुंचीं। तो दोनों बसों के चालक-परिचालक अपनी बस में बैठाने के लिए कहने लगे। साधारण बस के परिचालक ने कम किराया होने की बात कहकर सवारियों को बैठाने का प्रयास किया।

### घरेलू बिजली कनेक्शन से चलता मिला कॉलेज

**फर्रुखाबाद।** बिजली मीटर चेकिंग के दौरान विकास खंड मोहम्मदाबाद में इंटर कॉलेज व लैब घरेलू बिजली कनेक्शन से चलती मिली। अवर अभियंता ने जांच आख्या उच्चाधिकारियों को भेज दी है। मोहम्मदाबाद उप खंड अधिकारी रामप्रवेश के सुपरविजन में नहरैया पावर हाउस के अवर अभियंता जावेद अहमद ने विकास खंड मोहम्मदाबाद में बिजली मीटर चेकिंग अभियान चलाया। आशा देवी इंटर कॉलेज रठौरा नगला नीव वाणिज्यिक विधा के बजाए एलएमवी-4 में चलता मिला। प्रताप सिंह अपने घरेलू कनेक्शन से मेडिकल तथा पैथोलॉजी लैब चला रहे थे।

## फर्जी कनेक्शन मिला जेई ने दी महिला के खिलाफ तहरीर

**फर्रुखाबाद।** विकास खंड नवाबगंज क्षेत्र के गांव हरदुआ में फर्जी नलकूप कनेक्शन के मामले में बिजली अधिकारियों ने जांच बैठा दी है। यूपी पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष आशीष गोयल और एमडी पंकज कुमार को आईजीआरएस के माध्यम से की गई शिकायत में हरदुआ निवासी निर्मला देवी पर फर्जी तरीके से निजी नलकूप कनेक्शन लेने का आरोप लगाया गया था। 26 अप्रैल को एसई अजय कुमार मामले की जांच करने गए तो पाया कि निर्मला देवी का निजी नलकूप कनेक्शन जनवरी 2016 में हुआ था। एसई ने निर्मला देवी से डबल पोल पर रखे ट्रांसफार्मर के प्रपत्र मांगे तो वह नहीं दिखा सकीं। स्थानीय जेई हर्ष कुमार ने नवाबगंज थाने में निर्मला देवी के खिलाफ तहरीर दी है।


सपा के सम्मेलन में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

# सम्मेलन कर कार्यकर्ताओं में भरा जोश

संवाददाता अमृतपुर, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जनपद के कस्बा अमृतपुर स्थित दयानंद इंटर कॉलेज के मैदान में पांडाल लगाकर प्रबुद्ध एवं कार्यकर्ता सम्मेलन समाजवादी एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय लोग मौके पर मौजूद रहे। पूजा शुक्ला राष्ट्रीय प्रवक्ता समाजवादी पार्टी ने कार्यकर्ताओं मे नया जोश भरने की कोशिश की।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई की बात करने पर मंदिर की बात करती है। सरकार का रवैया तनाशाही भरा है। इस सरकार में जमकर उत्पीड़न हो रहा है। इस सरकार मे महिला सुरक्षित नहीं है। समाजवादी एवं कांग्रेस पार्टी को देश हित की पार्टी बताया। उन्होंने एकजुट होकर सभी से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को वोट देने की अपील की। इस मौके पर मुख्य अतिथि पवन पांडेय पूर्व मंत्री भारत सरकार, विशिष्ट अतिथि पूजा शुक्ला राष्ट्रीय प्रवक्ता सपा, सपा नेता जितेंद्र यादव, जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा, मंडल प्रवक्ता भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट प्रभाकांत मिश्रा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहा।

# कार से उड़नदस्ता टीम ने बरामद किए 3.30 लाख

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद


रुपये बरामद करती टीम।

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर उड़नदस्ता टीम ने शुक्रवार को जांच के दौरान कार से 3.30 लाख रुपये बरामद किए। कार हाथरस से आ रही थी। कार मालिक रुपयों के संबंध में जानकारी नहीं दे सके। टीम ने रुपये कब्जे में ले लिए हैं।

प्रशासन की ओर से 12 उड़नदस्ता टीमों का गठन कर उनको चेकिंग पर लगाया गया है। शुक्रवार को फैजबाग शमसाबाद मार्ग पर उड़नदस्ता प्रभारी सत्यनारायण व दरोगा समुउद्दीन वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान आ रही कार को रोका। कार में सवार जनपद हाथरस हाथरससिटी निवासी गौरव गुप्ता ने बताया कि वह कायमगंज से शमसाबाद की ओर जा रहे है। टीम ने कार की डिग्गी खुलवाकर बैग की जांच की। बैग में 3.30 लाख रुपये बरामद हुए। प्रभारी सत्यनारायण ने कैश के संबंध में गौरव गुप्ता से पूछताछ की, लेकिन वह सही जवाब नहीं दे सके। टीम ने कैश को कब्जे में ले लिया और गौरव को थाने बुलाकर ले आई। थाने में गौरव से रुपये के संबंध में साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए कहा गया।

# अच्छे अंक पाने वाले मेधावी हुए सम्मानित

संवाददाता अमृतपुर फर्रुखाबाद


सम्मानित करते प्रिंसिपल अनिल सिंह।

**अमृत विचार।** गंगापार महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में शुक्रवार को यूपी बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में इंटरमीडिएट में सर्वाधिक 90 प्रतिशत अंक लाई छात्रा अनुपम कुमारी के साथ ही अच्छे अंक लाने वाली छात्रा निशू, प्रांजुल सिंह, निशा व शहनाज बानो को प्रधानाचार्य अनिल सिंह ने सम्मानित किया। उन्होंने छात्राओं की हौसलाफजाई करते हुए कहा कि इसी तरह मन लगाकर पढ़ें। जीवन में उन्हें सफलता मिलेगी। इस अवसर पर प्रदीप सिंह, कौशल किशोर, श्रुतिकीर्ति, नवल अग्निहोत्री, देवेंद्र कुमार, रामानंद सुधीर पाल, वीरेंद्र कुमार व निशीकांत अग्निहोत्री आदि शिक्षक मौजूद रहे।

**किसानों का दर्द** — भाकियू ने किसानों की समस्याओं का एसडीएम को संबोधित ज्ञापन दिया

# मंडी से हटाए जाएं अवैध सब्जी विक्रेता

संवाददाता कायमगंज, फर्रुखाबाद



ज्ञापन देते भाकियू नेता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन भानू ने कस्बा कायमगंज की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर एसडीएम कायमगंज को ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में मांग की गई कि कृषि उत्पादन मंडी समिति कायमगंज में सब्जी मंडी परिसर में अवैध रूप से सब्जी विक्रेता दुकाने लगाकर सब्जी बेंच रहे हैं। इसके एवज में मंडी सचिव 200 से लेकर 1000 रुपये प्रति दिन सब्जी आढ़तियों के माध्यम से वसूल रहे हैं। अवैध सब्जी विक्रेताओं को तत्काल हटाया जाए व मंडी सचिव को दंडित किया जाए। कस्बा कायमगंज में कटखने बंदरों की अधिकता है इनको पकड़वाया जाए। मोहल्ला जवाहरगंज कायमगंज में शॉपिंग कॉम्पलेक्स व बारात घर है। जब से इसका निर्माण हुआ करीब 25 साल से रंगाई पुताई नहीं हुई व बिल्डिंग की वायरिंग जगह-जगह से कटी है। इससे इसी शॉपिंग कॉम्पलेक्स में डाकघर को बिजली नहीं मिल रही है। साफ सफाई करवा कर नवीनीकरण कराया जाए। जिससे आम जनमानस को इसका लाभ मिल सके। कस्बा कायमगंज में बिजली आने जाने का कोई समय नहीं है। एसडीओ विद्युत जेई समस्याओं का समाधान नहीं करते फोन भी नहीं उठाते। विद्युत लाइनमैन तार जोड़ने के 100 रुपये लेते हैं। संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को दंडित किया जाए।विद्युत मीटर रीडिंग के अनुसार रीडिंग नहीं लेते। इससे रीडिंग गलत से बिल अधिक आ रहे हैं। बिल सही कराने पर रिश्वत मांगी जाती है। गंगा नदी की कटरी की जमीन जो किसानों की है। वन विभाग अवैध रूप से कब्जा कर मेड़बंदी कर रहा है। लेखपाल से जांच कराई जाए। यदि लेखपाल की भूमिका अवैध कब्जे में हो तो इसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देते समय जिला प्रभारी मुन्नालाल सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष रागिब हुसैन खां, जिला संगठन सचिव प्रताप सिंह गंगवार, जिला संगठन और प्रचार मंत्री अमरीश शुक्ला,जिला मीडिया प्रभारी विनीत कुमार आदि मौजूद थे।

शीलं प्रधानं पुरुषे तद् यस्येह प्रणश्यति।
न तस्य जीवितेनार्थो न धनेन न बन्धुभिः॥

शील ही मनुष्य का प्रमुख गुण है। जिस व्यक्ति का शील नष्ट हो जाता है - धन, जीवन और रिश्तेदार उसके किसी काम के नहीं रहते अर्थात् उसका जीवन व्यर्थ हो जाता है।


## संपादकीय

# प्रौद्योगिकीय वर्चस्व के लिए

प्रौद्योगिकी की मदद से जीवन को आसान और बेहतर बनाया जा सकता है। वर्तमान में प्रौद्योगिकी के बिना कोई विकास नहीं हो सकता। विश्व प्रौद्योगिकीय वर्चस्व के लिए एक अभूतपूर्व दौड़ का साक्षी बन रहा है। शुरुआत से ही प्रौद्योगिकी हमारे जीवन में एक कारक था। प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं उनके भविष्य को आकार देने में उन्नत प्रौद्योगिकियों की महत्वपूर्ण भूमिका को चिह्नित कर रही हैं। अपनी समृद्ध वैज्ञानिक विरासत और प्रौद्योगिकी-संचालित अर्थव्यवस्था की आकांक्षाओं के साथ भारत स्वयं को एक ऐसे चौराहे पर देख रहा है, जहां उसे इस वैश्विक प्रौद्योगिकीय दौड़ में चुनौतियों और अवसरों दोनों का सामना करना पड़ रहा है। भारत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सशक्त क्षमता रखता है और हमें अपनी इस क्षमता को स्थायी विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में लगाना है। चीन ने प्रौद्योगिकी एवं नवाचार को रणनीतिक उद्देश्य के रूप में प्राथमिकता देने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। दूसरी ओर, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप ने भी महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में अपनी नेतृत्वकारी स्थिति की पुनः प्राप्ति के लिए और इसे बनाए रखने के लिए प्रयासों को तेज़ कर दिया है। भारत अमेरिका और चीन के बाद विश्व में प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के तीसरे सबसे बड़े आधार वाला देश है। एक बढ़ती उद्यमशील संस्कृति और सहायक परितंत्र के साथ भारत के स्टार्टअप और छोटे व्यवसायों से न केवल आर्थिक और व्यावसायिक रूपांतरण को आगे ले जाने की उम्मीद की जाती है, बल्कि भारत के पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के स्वप्न को साकार करने में एक प्रमुख विकास चालक के रूप में उन्होंने अपनी स्थिति और भूमिका को भी सबल किया है। स्थायी विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों से लड़ने में अनुकूलन एवं रोकथाम जैसे प्रयास नाकाफी हैं।

उल्लेखनीय है कि सूचना, पूर्वानुमान एवं मूल्यांकन परिषद (टाइफैक) द्वारा ही विजन-2020 और विजन-2035 जैसे दृष्टिपत्र तैयार किए गए हैं जिसमें देश के समग्र एवं संवहनीय विकास पर केंद्रित रूपरेखा प्रस्तुत की गई है। टाइफैक प्रौद्योगिकी विजन-2047 दस्तावेज में प्रभावी कार्ययोजना को शामिल करना चाहिए। भारत वर्ष 2030 तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में लगभग 10 प्रतिशत की वृहत हिस्सेदारी प्राप्त करने का लक्ष्य रखता है। भारत को उभरते प्रौद्योगिकी रुझानों और बाज़ार की मांगों के अनुरूप सहयोगात्मक रूप से अभिकल्पित एवं कार्यान्वित करने के लिए उद्योग जगत, शिक्षा क्षेत्र एवं सरकार के बीच 'टेक्नोस्किल्स एलायंस' को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। भारत के वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा में बने रहने के लिए प्रौद्योगिकी रणनीति में सुधार आवश्यक हैं। भारत को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महाशक्ति के रूप में स्थापित करना भारत का लक्ष्य है जिसके लिए स्वयं को समर्पित करने के साथ-साथ एक विस्तृत रूपरेखा की आवश्यकता है।

# अमेठी से गांधी परिवार के रिश्तों पर विराम



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

बेशक किशोरी लाल शर्मा परिवार के प्रतिनिधि के नाते अरसे से अमेठी और रायबरेली से जुड़े रहे हैं, लेकिन वहां के वोटरों के बीच उनकी पहचान गांधी परिवार के भरोसेमंद सहयोगी तक सीमित है। शर्मा की उम्मीदवारी से भाजपा को दोहरा मौका मिला है। एक उसकी चुनौती आसान हुई है। दूसरे राहुल-प्रियंका पर मुकाबले से भागने के प्रहार तेज होंगे।

इंदिरा जी की तीसरी पीढ़ी की राजनीति का अंदाज जुदा है। वे 1977 में रायबरेली से हारी थीं। 1980 में एक बार फिर वहां के रण में थीं। जीतकर हिसाब चुकता किया। संजय गांधी जिन्होंने अमेठी में गांधी परिवार के रिश्तों की बुनियाद डाली, वे वहां 1977 का पहला चुनाव हार गए थे, लेकिन 1980 में जीत दर्ज करके वापसी की। राहुल गांधी ऐसा नहीं कर सके। अमेठी ने उन पर लगातार तीन बार भरोसा जताया, लेकिन 2019 की हार से वे उबर नहीं सके। एक बार फिर से वहां मुकाबले की जगह उन्होंने रायबरेली को तरजीह दी। इसी के साथ अमेठी से गांधी परिवार के लगभग पांच दशकों के चुनावी जुड़ाव पर फिलहाल विराम लग गया है। राजीव गांधी के निधन के बाद उनके पारिवारिक मित्र कैप्टन सतीश शर्मा ने अमेठी का प्रतिनिधित्व किया था, लेकिन तब सोनिया गांधी राजनीति से दूर थीं। राहुल और प्रियंका भी छोटे थे।

बेशक किशोरी लाल शर्मा परिवार के प्रतिनिधि के नाते अरसे से अमेठी और रायबरेली से जुड़े रहे हैं, लेकिन वहां के वोटरों के बीच उनकी पहचान गांधी परिवार के भरोसेमंद सहयोगी तक सीमित है। शर्मा की उम्मीदवारी से भाजपा को दोहरा मौका मिला है। एक उसकी चुनौती आसान हुई है। दूसरे राहुल-प्रियंका पर मुकाबले से भागने के प्रहार तेज होंगे। राहुल गांधी ने 2019 में ही अमेठी के साथ वायनाड से पर्चा दाखिल करके विकल्प खोज लिया था। मीडिया और पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं के शोर और अटकलबाजी को दरकिनार करते हुए उन्होंने चुनावी नजरिए से अमेठी की जमीनी सच्चाइयों को तरजीह दी। अपनी उम्मीदवारी के जरिए उन पर उत्तर प्रदेश में पार्टी का हौसला बढ़ाने की जिम्मेदारी है। इसके लिए उन्होंने अमेठी में स्मृति की कठिन चुनौती के मुकाबले रायबरेली में भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह का सामना करना आसान समझा।

राहुल ने अमेठी छोड़ने का फैसला क्यों किया? तय था कि एक बार फिर अमेठी के चुनावी मैदान में उतरने पर 2019 की हार के बाद क्षेत्र को भूल जाने के लिए उनकी घेराबंदी होती। इस मुद्दे पर सिर्फ प्रतिद्वंद्वी स्मृति ईरानी ही नहीं, बल्कि तमाम मुखर वोटरों के सवाल भी उन्हें परेशान करते, लेकिन इससे भी एक बड़ा सवाल दोनों स्थानों से जीतने की हालत में यह भरोसा दिलाने का होता कि वे वायनाड छोड़ेंगे और अमेठी में टिकेंगे? हालांकि इस सवाल से उन्हें रायबरेली में भी रूबरू होना पड़ेगा, लेकिन इस मुद्दे पर अमेठी में स्मृति ईरानी के हमले कहीं अधिक पैने और तेज होते। रायबरेली में भी चुनावी इतिहास के पुराने पन्ने पलटे जाएंगे। 1977 में वहां इंदिरा जी पराजित हुई थीं। 1980 में रायबरेली से जीत दर्ज करके उन्होंने हिसाब बराबर कर लिया था, लेकिन इस चुनाव में वे मेडक (आंध्र प्रदेश) से भी निर्वाचित हुई थीं। तब इंदिरा जी ने रायबरेली की सीट छोड़ी थी।

> अमेठी से पार्टी उम्मीदवार के नाम को लेकर आखिरी वक्त तक सस्पेंस कायम कर कांग्रेस ने फायदे की तुलना में अपना नुकसान ज्यादा किया। वहां से गांधी परिवार के जुड़ाव के कारण पार्टी का कोई स्थानीय नेता अपनी दावेदारी पेश करने का साहस नहीं कर सकता था। पार्टी ने नामांकन के आखिरी दिन के. एल. शर्मा का नाम घोषित किया।

अमेठी से राहुल की उम्मीदवारी के सवाल पर सबसे ज्यादा उत्सुकता मीडिया में थी। राहुल की उम्मीदवारी की मांग को लेकर धरने पर बैठे पार्टी के नेताओं को "अमेठी की जनता मांगे राहुल गांधी" के तौर पर काफी बढ़ा-चढ़ा कर पेश किया गया। असलियत में अमेठी चुनावी माहौल में भी आम दिनों जैसी ही है। समर्थक भले न मानें, लेकिन सच यही है कि अमेठी, गांधी परिवार के मोहपाश से काफी कुछ दूर हो चुकी है। उसे सिर्फ पहचान दिलाने वाले की ही नहीं, सुलभ रहने, काम कराने और उसकी जरूरतों के लिए लड़ने वाले प्रतिनिधि की तलाश रहती है। राहुल गांधी इस कसौटी पर खरे नहीं उतर सके। 2019 में अमेठी ने उन्हें ठुकरा दिया। हार के बाद राहुल ने अमेठी से दूरी बनाई तो वोटरों ने बाद के विधानसभा सहित हर अगले चुनाव में कांग्रेस को भुला दिया।

अमेठी और रायबरेली से उम्मीदवारों के नाम की घोषणा के पहले राहुल और प्रियंका की उम्मीदवारी के लिए सबसे ज्यादा जोर इस आधार पर था कि इससे उत्तर प्रदेश में पार्टी की ताकत बढ़ेगी और अन्य उम्मीदवारों का हौसला बढ़ेगा। प्रियंका गांधी वाड्रा तो चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हुईं। राहुल रायबरेली से मैदान में हैं। उनकी वहां मौजूदगी क्या प्रदेश के अन्य स्थानों पर पार्टी के लिए मददगार होगी? असलियत में इसकी सबसे बड़ी परीक्षा बाजू की अमेठी सीट पर होगी जहां का उन्होंने 2004 से 2014 तक तीन बार लगातार लोकसभा में प्रतिनिधित्व किया। उससे पहले एक बार वहां से सोनिया गांधी और उपचुनाव सहित चार चुनावों में राजीव गांधी और एक बार संजय गांधी जीते। अमेठी की लोकसभा सीट लंबे समय तक गांधी परिवार का पर्याय रही है। बेशक इस बार राहुल गांधी या परिवार का कोई सदस्य वहां से उम्मीदवार नहीं है, लेकिन रायबरेली में राहुल की मौजूदगी की गूंज अमेठी में बनी रहेगी और अमेठी के नतीजों से राहुल की अपने उम्मीदवार को वोट दिलाने की कूवत की एक बार फिर पैमाईश होगी।

अमेठी से पार्टी उम्मीदवार के नाम को लेकर आखिरी वक्त तक सस्पेंस कायम कर कांग्रेस ने फायदे की तुलना में अपना नुकसान ज्यादा किया। वहां से गांधी परिवार के जुड़ाव के कारण पार्टी का कोई स्थानीय नेता अपनी दावेदारी पेश करने का साहस नहीं कर सकता था। पार्टी ने नामांकन के आखिरी दिन के. एल.शर्मा का नाम घोषित किया। बेहद कम समय के बीच शर्मा को उस ताकतवर प्रतिद्वंद्वी का सामना करना है, जो पिछले एक दशक से अमेठी में लगातार सक्रिय है और जिन्होंने वहां अपना घर भी बना लिया है। अमेठी से राहुल या प्रियंका के नामों का टीवी चैनलों और सोशल मीडिया पर लगातार शोर चला। जाहिर है कि अब अमेठी से दोनों में से किसी के उम्मीदवार न होने के कारण स्मृति खेमे को उन्हें घेरने का एक और मौका मिल गया है। अमेठी संसदीय सीट का एक विधानसभा क्षेत्र सलोन, रायबरेली जिले का हिस्सा है। दोनों लोकसभा सीटों के हालात एक-दूसरे पर असर छोड़ते हैं। स्मृति ईरानी इन दोनों ही सीटों पर काफी सक्रिय रही हैं। दूसरी तरफ रायबरेली में भी राहुल के पास कम वक्त है। उन्हें रायबरेली के साथ ही उत्तर प्रदेश सहित देश के अन्य हिस्सों में भी पार्टी के लिए प्रचार करना है। भाजपा की रणनीति रहेगी कि वो अमेठी-रायबरेली के मतदान की तारीख तक राहुल-प्रियंका को इन इलाकों में ज्यादा से ज्यादा वक्त देने के लिए मजबूर करे।

राहुल गांधी 2019 के बाद से अमेठी से दूरी बनाए हुए हैं। 2024 में वहां से परिवार का कोई सदस्य उम्मीदवार नहीं है। हालांकि अमेठी को यह परिवार अपना घर-परिवार बताता रहा है। तब जब गांधी परिवार उस घर-परिवार से दूर हो रहा है, उस वक्त इन रिश्तों की शुरुआत को याद किया जा सकता है। रायबरेली से फिरोज गांधी के दौर से गांधी परिवार का जुड़ाव रहा है। इमरजेंसी के समय इंदिरा गांधी रायबरेली से सांसद थीं। छोटे पुत्र संजय गांधी की संसदीय पारी की शुरुआत के लिए रायबरेली से सटी अमेठी सीट को काफी सुरक्षित समझा गया। 1976 में संजय गांधी ने खेरौना (अमेठी) में युवक कांग्रेस का एक माह का श्रमदान शिविर लगाया। अमेठी की मिट्टी से गांधी परिवार का जुड़ाव इस शिविर के जरिए हुआ। हालांकि 1977 के चुनाव में अमेठी ने संजय गांधी को निराश किया। फिर राजीव गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी यहां का प्रतिनिधित्व करते रहे। संजय गांधी 1977 में अमेठी से हारे, लेकिन 1980 में जीत दर्ज करके वहां वापसी दर्ज की।

राहुल गांधी अमेठी से लगातार तीन जीत के बाद 2019 में हारे, लेकिन 2024 में वहां से हिसाब बराबर करने के लिए आगे नहीं आ सके। राहुल के इस फैसले को जयराम रमेश रणनीति बता रहे हैं। प्रधानमंत्री बिना नाम लिए तंज कर रहे हैं "डरो मत कहने वालों को मैं कहता हूं भागो मत!"

## प्रसंगवश

# यादों में अतुल अंजान

कामरेड अतुल अंजान का पूरा जीवन ही सार्वजनिक था जिसमें निजी जैसा कुछ भी नहीं था। हमारी पीढ़ी के लिए वह राजनीति, संविधान, जन सरोकार, सामाजिक मुद्दों सहित देश-दुनिया के विभिन्न मसले जिनका असर आम जनता पर पड़ सकता है उन सभी विषयों के लिए इनसाइक्लोपीडिया थे। वामपंथी राजनीति के वे बड़े चेहरे थे। हम लोगों का उनसे परिचय आज के बीस वर्ष पूर्व इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान हुआ था। जनजातीय क्षेत्रों में मानवाधिकारों के लिए उन्होंने लंबी लड़ाई लड़ी। वामपंथी राजनीति को पसंद न करने वाले लोग भी उनका भाषण सुनने दूर-दूर से आते थे।



मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

दिल्ली स्थित मावलंकर हाल, कांस्टीट्यूशन क्लब, तीन मूर्ति लाइब्रेरी में शहीदे आजम भगत सिंह, सामयिक मुद्दों पर कामरेड एबी वर्धन के साथ अतुल अंजान की उपस्थिति हर बार एक नया विमर्श पैदा कर देती थी। लखनऊ विश्वविद्यालय के लोकप्रिय छात्रसंघ अध्यक्ष रहे अतुल अंजान आजीवन छात्र आंदोलन के जेपी मूवमेंट वाली पीढ़ी और नए छात्र/नौजवानों में एक समन्वयकारी भूमिका में रहते थे। अतुल अंजान को अपने गृह जनपद मऊ से बेहद लगाव था। जहां उनके प्रयास से 31 दिसंबर 2015 को तत्कालीन समाजवादी सरकार में नेता जी मुलायम सिंह यादव एवं उस समय मुख्यमंत्री रहे अखिलेश यादव ने जनपद के महान विभूति रहे पंडित अलगू राय शास्त्री और कामरेड जय बहादुर सिंह की प्रतिमा की स्थापना मऊ कलेक्ट्रेट परिसर में की गई।

कामरेड अतुल अंजान की हजरतगंत काफी हाउस की बैठकी बेहद चर्चित थी जिसमें लखनऊ के सिविल सोसायटी से जुड़े अनेक लोग शामिल होते थे। सच कहने का उनमें गजब का साहस था। वे आजीवन सिद्धांत और ईमानदारी की राजनीति करते रहे। उनके निधन ने समाज में एक जनपक्षकार की रिक्तता पैदा कर दी है। यह शून्यता लंबे समय तक बनी रहेगी जिसकी भरपाई मुश्किल है।

# शक्ति का सिद्धांत ही नैसर्गिक सिद्धांत



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> सामाजिक संबंधों में विघटन अंततः अराजकता की ओर ले जाता है। जब सामाजिक खंडन होता है तब अराजकता भी आ जाती है। मनुष्य की समग्रता और संपूर्णता के सिद्धांत को ग्रहण लग जाता है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि शक्ति का सिद्धांत नैसर्गिक सिद्धांत है- नाभिषेको न संस्कारो सिंहस्य क्रियते वने, विक्रमार्जित राज्यस्य स्वयमेव मृगेन्द्रता। जंगल के शेर को किसी ने वोट तो दिए नहीं थे। किसी ने उसका राजतिलक भी नहीं किया था। अपने ही पराक्रम के कारण वह जंगल का राजा कहलाता है। सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने भी एक दिन कहा था - 'योग्यजन जीता है, पश्चिम की उक्ति नहीं, गीता है, गीता है।' डार्विन का 'सर्वाइवल ऑफ द फिटेस्ट' सिद्धांत भी इसी सत्य का प्रतिपादन है।

आधुनिकता और कथित वैज्ञानिकता का चश्मा उतारकर देखिए-आज समस्त संसार में विश्व बाजार के माध्यम से शक्ति का नैसर्गिक सिद्धांत अपना काम कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ में पांच देशों को वीटो-पावर (विशेषाधिकार) मिली है तो उसके पीछे यही सिद्धांत है। तकनीक नई है, किंतु शक्ति की होड़ आदिम ही है। यही कारण है कि विश्व के अनेक क्षेत्रों में युद्ध आज भी हो रहे हैं। हार और जीत के निर्णय विध्वंसक शक्ति के आधार पर ही हो रहे हैं। भूमंडलीकरण की प्रक्रिया शक्ति के उसी सिद्धांत के आधार पर चल रही है जिसकी लाठी उसकी भैंस। संस्कृति के क्षेत्र में समृद्ध और सशक्त देश की संस्कृति का वर्चस्व स्थापित होगा, यही प्राकृतिक न्याय है। यह सच है कि बड़ी मछली छोटी मछली को खा जाती है।

यह कोई नई बात नहीं है, मानव इतिहास में ऐसा पहले भी होता ही रहा है, लेकिन तब तक जब तक कि समष्टि चेतना सोई रहती है और व्यष्टि स्वार्थ संगठित हो जाता है। संगठित व्यष्टि स्वार्थ मिथ्या सिद्धांतों के स्टैचू लगाता है और समष्टि चेतना को विच्छिन्न करता है। कहीं जाति की बात करता है तो कहीं मजहब की बात करता है, कहीं कहता है कि जनता तो बुद्धू होती है। वर्ण, वर्ग, जाति, मजहब के आधार पर लोक को विभाजित करने वाले विचार सत्ता में छा जाते हैं। समाज के खंडन और विघटन का समर्थन करने वाले तर्क उभरते हैं, तर्क विचार नहीं होता, विचार का विभ्रम होता है, वह हमें प्रकाश नहीं, अंधेरे में भटका देता है।

पुरानी और बूढ़ी विचारधाराओं की पोथियां जहां हैं, वहीं तक रहेंगी। वे अपने आप खुद ही नहीं सरक सकतीं तो वे मनुष्य को आगे कैसे ले जा सकती हैं? समष्टि के सिद्धांत की पुष्टि के लिए, समष्टिजन के लिए, लोकजीवन में उतरना ही होगा, अब दूसरा कोई रास्ता बचा ही नहीं है। मनुष्य मात्र की एकता। आज मनुष्यता रुग्ण है, हर प्रकार के विभेदक विचार से परहेज करना ही होगा। भाषा और परंपराएं किसी भी जाति की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान होती हैं। वे उस समूह में एकता लाती हैं, उन्हें संगठित करती हैं। इसीलिए हर आक्रांता समूह, आक्रांत देश की भाषाओं और विजित जाति की संस्कृति को हतोत्साह करता है। आज वही कार्य पैसे की अकूत शक्ति कर रही है। उस जमाने में भारत की लोक संस्कृति पर हमला हुआ था, तब मंदिर तोड़े गए थे, मूर्तियां तोड़ी गई थीं, जजिया कर लगाया गया था, किंतु भारत की जीवन पद्धति ने भारत के जीवन दर्शन ने हार नहीं मानी थी।

आज जब पश्चिम की बयार बह रही है, भारत की जीवन पद्धति और भारत के जीवन दर्शन पर आक्रमण हो रहा है। हम टुकुर टुकुर देख रहे हैं कि इस पछैयां-ब्यार में सब कुछ उड़ा जा रहा है, जीवन-पद्धति भी और जीवन-दर्शन भी। भाषा भी, कला भी, संगीत भी। बाजारवादी दर्शन। नाता रिश्ता-मुनाफे के लिए। अपने लिए। सिर्फ अपनी अपनी चिंता। भूमंडलीकरण अकेला करके मारता है। भारतीय संस्कृति की पीड़ा है कि हम आज अपने ही घर में किराएदार बन गए हैं।

सामाजिक संबंधों में विघटन अंततः अराजकता की ओर ले जाता है। जब सामाजिक खंडन होता है तब अराजकता भी आ जाती है। मनुष्य की समग्रता और संपूर्णता के सिद्धांत को ग्रहण लग जाता है। वे भटके हुए बुद्धिजीवी अध्यात्म को ही पिछड़ापन समझ लेते हैं, जबकि मनुष्य मात्र की एकता के चिंतन के अतिरिक्त अध्यात्म और क्या है? गांधी का चिंतन समग्रता का चिंतन था। एकता का चिंतन तो अध्यात्म का चिंतन है। अध्यात्म का चिंतन वस्तुतः समग्रता का चिंतन है। अध्यात्म का चिंतन वैश्विकता का चिंतन है जिसमें केवल मनुष्य ही नहीं पशु-पक्षी और सभी प्राणी होते हैं, विराट प्रकृति होती है।

## सोशल फोरम

# सत्य से की जाती है धर्म की रक्षा



हरिकांत त्रिपाठी
सेवानिवृत्त आईएएस

लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था के संबंध में आम धारणा है कि यह सर्वोत्तम शासन प्रणाली है। यह सफल तभी हो सकती है जब लोग शिक्षित हों और वे प्रवृत्ति से भी लोकतांत्रिक व्यवहार के पक्षधर हों। यह देखकर निराशा होती है कि घरों में अधिक परिश्रम, त्याग और सूझबूझ से योगदान देने वाली पत्नियों से भी हम अपेक्षा करते हैं कि वे पुरुष की तानाशाही एकाधिकार पर चूं तक न करें।

बच्चों के पालन-पोषण और पढ़ाई-लिखाई में उनकी पिटाई को महिमामंडित करने वाले समाज हैं हम। पूरी कार्य संस्कृति में ऊपरी पायदान पर बैठा व्यक्ति पूरी ढिठाई से निचले पायदान पर बैठे लोगों से साधिकार यह अपेक्षा करता है कि उसकी सही गलत सभी इच्छाओं को वे बिना बुद्धि का प्रयोग किए और आस्था के साथ कार्यान्वित करें। यदि किसी ने भूले भटके कहीं अपनी असहमति भी व्यक्त कर दी तो उसके लिए अधीनता में कठोर दंड की व्यवस्था है। ऐसी स्थिति में हम लोकतंत्र के नाम पर राजशाही और सामंतवादी व्यवस्था चलाने के विरोधाभास को ढोने के लिए अभिशप्त हैं। राजनीति ने खुद को सत्ता पाने का माध्यम बना लिया है। जितने तिकड़म हो सकते हैं चुनाव जीतने के लिए धड़ल्ले से इस्तेमाल किए जा रहे हैं। एक तरफ जहां दबी कुचली आबादी को मुख्य धारा में लाने के नाम पर राजनीतिक दल बेशर्मी से जातीय ध्रुवीकरण में लगे हुए हैं, वहीं नितांत व्यक्तिगत धर्म को भी मत उगाहने का माध्यम बना दिया गया है। पहले अंडा फिर चिड़िया या पहले चिड़िया फिर अंडा की पद्धति पर सभी राजनीतिक दल इसके लिए दूसरों पर दोषारोपण करते रहते हैं।

अभी कुछ ही दिनों पहले राम और रामकथा, रामचरित मानस को लेकर भी नेताओं ने अच्छी खासी राजनीति की। लोकापवाद जो लोकतंत्र में सत्य से भी अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है के भय से राम ने तथाकथित सारी परीक्षा में सीता के खरी उतरने के बाद भी उन्हें गर्भवती होने की दशा में भी घनघोर वन में छोड़ने का आदेश दे दिया। इस प्रकरण में परित्याग को न्यायसंगत सिद्ध करने के लिए परंपरा-वादियों द्वारा तरह-तरह के अधकचरे तर्क और तथ्य पता नहीं कहां-कहां से लाकर प्रस्तुत किए जाते हैं। लोग यह भूल जाते हैं कि धर्म की रक्षा तर्क से नहीं अपितु सत्य से ही की जाती है। **-फेसबुक वॉल से**

# दलित चेतना के अग्रदूत क्रांतिकारी संत बसवेश्वर



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

> बसवेश्वर के विचारों से प्रभावित होकर मोलगे मारय्या जो कश्मीर के राजा थे, वे महारानी सहित कश्मीर छोड़कर कल्याण आ गए और लकड़हारे का जीवन व्यतीत करने लगे।

क्रांतिकारी संत बसवेश्वर का जन्म सन् 1127 के आसपास वर्तमान कर्नाटक के बीजापुर जनपद के इंगालेश्वर बागेवाड़ी गांव में एक उच्च कुलीन ब्राह्मण परिवार में हुआ था। बसवेश्वर को बासव और बसन्ना नाम से भी संबोधित किया जाता था। बालपन में ही बसवेश्वर दलित संतों शिवभक्त कण्णप्पा और मदरा चन्नप्पा के उपदेशों से इतने प्रभावित हुए की आठ वर्ष की अवस्था में ही उपनयन संस्कार से विद्रोह कर बैठे। अपने वेद पारंगत पिता के समक्ष निःसंकोच रूप से अपने क्रांतिकारी विचार उद्घोषित करने लगे कि यह उपनयन जातिगत श्रेष्ठता तथा भेदभाव का प्रतीक है। ब्राह्मण के कर्मकांड भगवद्भक्ति से दूर करते हैं। बालक बासव ने अपने पिता से कहा की यदि समाज के हर वर्ग को उपनयन का अधिकार होता तो वे स्वीकार कर लेते।

बीजापुर जिले में कृष्णा नदी और मालप्रभा के संगम पर भगवान शिव का पवित्र लिंग स्थापित है, जो कुडल संगम के नाम से प्रसिद्ध रहा। इस स्थान पर एक प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ भी था जिसके कुलपति ईशान्य गुरु थे जिन्होंने शिशु बासव को लिंग के साथ दीक्षित किया था। उपनयन के प्रकरण पर बालक बासव ने अपने पिता से कहा की मुझे पवित्र लिंग ने दीक्षित कर रखा है अब मुझे किसी अन्य दीक्षा की आवश्यकता नहीं है। मुझे कुडल संगम जाने की अनुमति दें। ईशान्य गुरु के संरक्षण में कुडल संगम को समर्पित बसवेश्वर एक क्रांतिकारी चिंतक के रूप में प्रसिद्ध होने लगे। विरक्त क्रांतिकारी संत बसवेश्वर कालांतर में कालचूर्य राजवंश के वित्तमंत्री हुए। बासव दंडनायक ने राजपुरुष के रूप में अपनी पद, प्रतिष्ठा, धन ऐश्वर्य सब कुछ सामाजिक और धार्मिक क्रांति को समर्पित कर दिया। कालचूर्य वंश की राजधानी कल्याण में उन्होंने दलितों, वंचितों के बीच न केवल सैद्धांतिक समता की बात की, बल्कि उसे व्यावहारिक रूप प्रदान करते हुए चमार, मोची, डोम, चांडाल, तेली, दर्जी आदि जातियों का एक सामाजिक धार्मिक संगठन भी स्थापित कर दिया जिसे कुडल संगम का शरण कहा गया जिसके धर्म को निर्देशित करते हुए बासव ने कहा-तू चोरी-हत्या नहीं करेगा, न असत्य बोलेगा, तू किसी पर क्रुद्ध नहीं होगा, न किसी अन्य मनुष्य से घृणा करेगा, अपने आप पर गौरव भी नहीं करेगा, तू दूसरे पर दोषारोपण नहीं करेगा, यह तेरी अंतर्मुखी शुद्धता है, यही हमारे भगवान कुडल स्वामी को जीत लेने का उपाय भी है।

बासव ने दलितों को अछूत कहकर पुकारने का विरोध किया और उन्हें महा महेश्वर-शरण का संबोधन दिया तथा गले में लिंग धारण कराया। दक्षिण भारत में संबोलि की प्रथा थी जिसमे दलित लोग जब रास्ते पर चलते थे तो उच्च स्वर से अन्य वर्णों को सचेत करते थे। बसवेश्वर ने इस प्रथा को बंद कराया। बासव के क्रांतिकारी विचार से प्रभावित होकर उड़ीसा, कश्मीर और गुजरात से भी उनके शरण में सम्मिलित हुए। बसवेश्वर का सामाजिक धार्मिक क्रांति के तीन बिंदु रहे। एक -जन्मना जाति के स्थान पर कर्मणा वर्ण का सिद्धांत, दूसरा कर्मकांड को त्याग कर सरल भक्ति का मार्ग, तीसरा-श्रम का महत्व और उसकी सर्वोपरिता। बसवने अपने उपदेशों में गरीबों की चेतना को जागृत कर धनवानों की भर्त्सना की-आप प्रश्न कर सकते हैं सर्प से दंशित व्यक्ति से, आप प्रेत-ग्रस्त पुरुषों से भी कर सकते हैं सवाल, पर धन के भूत से ग्रस्त व्यक्ति से आपको प्रश्न करने की मजाल कभी नहीं होगी। बसवेश्वर ने मंदिर के बजाय शरीर को ही शिवालय मानने पर जोर दिया जिनके पास धन है वे शिवालय बनवाते हैं, मैं धनहीन क्या कर सकता हूं, मेरे पैर ही खंबे हैं तथा मेरी देह देवालय, मेरा सिर ही सोने का कलश है, हे कुडल संगम देव जरा सुनना, स्थावर नश्वर है, परंतु जंगम का नाश नहीं हो सकता।

बसवेश्वर के विचारों से प्रभावित होकर मोलगे मारय्या जो कश्मीर के राजा थे वे महारानी सहित कश्मीर छोड़कर कल्याण आ गए और लकड़हारे का जीवन व्यतीत करने लगे। दलितों के साथ-साथ बासव ने स्त्रियों को समता का अधिकार दिलाया। हर वर्ण की स्त्रियों-पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला इस अभूतपूर्व क्रांति में सम्मिलित हुई। बसवेश्वर के सुधारों से ही लिंगायत संप्रदाय अस्तित्व में आया। महात्मा बुद्ध के वाद बसवेश्वर ने ही समाज का मंथन करते हुए उपदेश किया की सदाचार ही उच्च जाति है तथा कदाचार नीच जाति, धर्म सबका जन्मसिद्ध अधिकार है। बासव अपने से हीन किसी को नहीं मानते थे और सबसे बराबरी का व्यवहार करते थे। इसीलिए उन्होंने किसी को अपना शिष्य नहीं बनाया। सामाजिक परिवर्तन के लिए बाबा साहेब आंबेडकर जिस बाल्तेयर की परिकल्पना करते थे वह बसवेश्वर ही थे।

# दैत्य गुरु के घर में देव गुरु



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

देवों के गुरु वृहस्पति राशि परिवर्तन करके 1 मई को मेष से वृष राशि पर आ गए हैं, जो असुर गुरु शुक्राचार्य का घर है। यहां वे एक वर्ष तक रहेंगे। शुक्र उनके शत्रु हैं और शत्रु राशिस्थ ग्रह निर्बल होता है। वैसे भी गुरु 6 मई से 2 जून तक अस्त रहेंगे। अस्त ग्रह निष्प्रभवी रहता है। तथ्य यह भी है कि गुरु के उदय काल में वहां शुक्र मौजूद होंगे, जो 12 जून तक वृष पर रहेंगे। उनका वह अपना घर है, अतः वहां बलवान होंगे। जब दो परस्पर शत्रु ग्रह एक जगह मिलते हैं तो ग्रह युद्ध होता है। उसमें विजय बलवान की होती है।

तात्कालिक बलाबल के अनुसार शुक्र का पलड़ा भारी रहेगा। गुरु दैवी, सतोगुणी शक्तियों के प्रतीक हैं और शुक्र आसुरी, नितांत भौतिकतावादी शक्तियों के। गुरु पुरुष हैं और शुक्र स्त्रीलिंग। 4 जून और उसके कुछ बाद के कालखंड में देश में सरकार का गठन हो रहा होगा। उक्त ग्रहीय स्थिति के अनुसार सौम्य, सात्विकी, देवत्व लिए शक्तियो का पलड़ा कमजोर रहेगा और इसके विपरीत शक्तियां प्रबल होंगी। किसी स्त्री का वर्चस्व दिखेगा, क्योंकि शुक्र स्त्री हैं। देश की कुंडली में राज्य भाव यानी दशम में शनि गोचर कर रहे हैं, जो मंद ग्रह हैं। अतः सत्ता संचालन गति में मंथरता कारित करेंगे। 12 जून के बाद गुरु फ्री होंगे। वे गोचर में अपने स्थान से दूसरे, पांचवें, सातवें, नवें और ग्यारहवें भाव के लिए शुभकारी होते हैं। ऐसे में वे मेष, मकर, वृश्चिक, कन्या और कर्क राशि वालों को लाभ देंगे। शेष के लिए अशुभ। वे जातक की कटि और जंघा पर अधिकार रखते हैं तथा रोग कारित करने वाले त्रिदोषों मे कफ पर नियंत्रण करते हैं। ऐसे में अशुभ फल वाली राशियों के लिए इन दोषों को लेकर इन अंगों में पीड़ा पहुचा सकते हैं। ज्वर, वमन, गुल्म व आंत्र रोग, ब्राह्मणों का शाप (नाराजगी) और देवताओं का रोष हो सकता है। "छर्दीश्च गुल्मान्त्ररुजं शुचं द्विजशापोत्थ पीडां सुर सम्भवां रुजम्।" दुष्प्रभावों के शमन हेतु तर्जनी उंगली में सोने की अंगूठी में पोखराज धारण करें और पीली वस्तु का दान करें, जैसे चने की दाल, सोना, पीला कपड़ा। वे वर्ण से ब्राह्मण और विद्वान हैं, अतः ऐसे लोगो को दान, भोजन और सम्मान करने से भी अरिष्ट निवारण होता है।

# पीएम मोदी की रैली की तैयारियां, टोलियों को सौंपी जिम्मेदारियां

## पांच मई को ढकपुरा नगरिया में होगा जनसभा का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, इटावा



रैली की तैयारियों पर चर्चा करते एमएलसी मानवेंद्र सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आगामी पांच मई को पीएम नरेन्द्र मोदी की इटावा, फर्रूखाबाद, कन्नौज व मैनपुरी लोकसभा की होने वाली संयुक्त जनसभा की तैयारी के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को ढकपुरा नगरिया में हुई। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी मानवेन्द्र सिंह चौहान ने जनसभा की तैयारी के लिए व्यवस्था टोलियों को व्यवस्था वितरण कर जनसभा को सफल बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मानवेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि 5 मई रविवार को सुबह 11 बजे पीएम नरेंद्र मोदी चार लोकसभाओं की संयुक्त जनसभा को भरथना विधानसभा के नगरिया ढकपुरा में संबोधित करेंगे। जनसभा व्यवस्था में लगे सभी कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए अपने अपने कार्यों में शतप्रतिशत योगदान देकर जनसभा को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन करें। जनसभा में आने वाले जनता जनार्दन की समस्याओं के त्वरित निदान के लिए एक स्पेशल टीम गठित की गई है। किसी भी मेडिकल एमरजेंसी की स्थिति के लिए एक डॉक्टर की टीम व एम्बुलेंस के व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से मांठ विधानसभा विधायक राजेश चौधरी, सदर इटावा विधायक सरिता भदौरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष व जनपद इटावा प्रभारी कमलावती सिंह, लोकसभा प्रभारी नीरज चतुर्वेदी, लोकसभा संयोजक रजनीश पांडेय, औरैया जनपद प्रभारी एवं क्षेत्रीय महामंत्री आनंद सिंह, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, शिवाकांत चौधरी, प्रशांत राव चौबे, जिला उपाध्यक्ष विक्रम अग्रवाल, देवप्रताप भदौरिया, हरनाथ कुशहवाह, जिला मंत्री जितेंद्र गौड़, रजत चौधरी, राहुल राजपूत, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा शिववीर सिंह भदौरिया, प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा सौरभ भूषण शर्मा, लोकसभा विस्तारक अतुल मिश्रा, लोकसभा मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, विरला शाक्या, जिला सह-मीडिया प्रभारी आशीष चौहान, विधानसभा मीडिया प्रभारी अंकित सैनी आदि मौजूद रहे।

## मंच के पीछे बनाए जाएंगे तीन हेलीपैड

संवाददाता भरथना,इटावा



पीएम मोदी की रैली की तैयारियों पर चर्चा करते भाजपा नेता।

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच मई को भरथना विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत ढकपुरा स्थित ग्राम पक्केताल ककराई मार्ग पर विशाल रैली को संबोधित करने आ रहे हैं। रैली को लेकर प्रदेश और जिले का संगठन चिलचिलाती धूप और गर्मी की परवाह किए बगैर तैयारियों में जुट गया है। सुरक्षा को लेकर एसपीजी और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने भी डेरा डाल लिया है। विशाल जनसभा की मौजूदा तैयारियों की बात करें तो किसानों की गेहूं की फसल करने के बाद खाली हुए सैकड़ों बीघा जमीन पर बेरीकेडिंग कर जनसभा में पहुंचने वाले करीब डेढ़ से दो लाख समर्थकों के बैठने और सुकून से जनसभा सुनने की व्यवस्था की जा रही है। करीब 8 फीट ऊंचा, 32 फीट चौड़ा और 60 फीट लंबा मंच तैयार किया जा रहा है। मंच के पिछले हिस्से में तीन हेलीपैड बनाए जा रहे हैं। जिसमें प्रधानमंत्री के पहुंचने से कुछ देर पहले दो हेलीकाप्टर से एसपीजी की सुरक्षा के लिए बड़े अफसर आएंगे। जनसभा से दो दिन पूर्व शुक्रवार को भाजपा के प्रदेश सहप्रभारी बिहार विधायक संजीव चौरसिया के अलावा भाजपा जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता,शिवाकांत चौधरी ने जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। भाजपा जिला महामंत्री शिवा कांत चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री की विशाल जनसभा को लेकर जोर शोर से और भव्य ऐतिहासिक तैयारियां चल रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की विशाल जनसभा इटावा कन्नौज और मैनपुरी सहित फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी के साथ करीब डेढ़ से दो लाख समर्थक भाग लेंगे। उन्होंने बताया भीषण गर्मी के चलते छाया और हवा सहित पीने के पानी के साथ महिला पुरुषों के बैठने की उत्तम व्यवस्था की जा रही हैं। शुक्रवार को जिलाधिकारी अवनीश रॉय,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा,पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान,प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह,क्राइम इंस्पेक्टर नरेंद्र मिश्रा मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



गमछा वितरित करतीं संगठन की पदाधिकारी।

### श्रमिक दिवस पर मजदूरों को दिए गमछे

**इटावा।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवय पर जायंट्स मैत्री ने श्रमिकों के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें 50 रिक्शा चालकों तथा जरुरमंदों को गमछे व फल वितरित किए। इस मौके पर डॉ ऊष्मा मिश्रा, यूनिट 3 निदेशक स्मिता यादव, प्रेरणा जैन, नीतिमा गुप्ता, सीमा किन्द्रा, सीमा सिंह, प्रीति जैन उपस्थित रहीं। मैत्री अध्यक्ष डॉ तृप्ति यादव ने सभी का धन्यवाद दिया।



खड़कौली में जनसभा को संबोधित करते माकपा नेता मुकुट सिंह।

### भाजपा को हराना जरूरी: मुकुट सिंह

**इटावा।** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मैनपुरी से डिंपल यादव एवं इटावा से जितेंद्र दोहरे के समर्थन में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने दोनों क्षेत्रों के जंक्शन स्थल खड़कौली याशी नगर में गठबंधन की आमसभा की। प्रांतीय नेता मुकुट सिंह ने कहा कि मोदी सरकार का दस वर्षों का कार्यकाल किसान मजदूर, जन विरोधी और बड़े पूंजीपति कॉर्पोरेट परस्त रहा है। सभी फसलों के एमएसपी की गारंटी, किसानों की आमदनी दोगनी करने, महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार रोकने, 15 –15 लाख रुपया सभी के खातों में भेजना, सालाना 2 करोड़ नौकरियां देने आदि अनेक वादे झूठे निकले। जनता सब समझ गई है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव गोपाल यादव ने कहा कि भाजपा को हराना जरूरी है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता उदयभान सिंह ने भी क्षेत्र में वैकल्पिक धर्मनिरपेक्ष सरकार बनने के लिए इंडिया गठबंधन से समर्थित सपा प्रत्याशियों को विजई बनाने की अपील की। माकपा के वरिष्ठ नेता अमर सिंह शाक्य ने कहा कि यह क्षेत्र वामपंथियों का गढ़ है। हमने हमेशा जनता के लिए संघर्ष किया है। सभा के संचालक किसान नेता संतोष शाक्य ने कहा कि डबल इंजन सरकार 300 यूनिट फ्री घरेलू बिजली देने, अन्ना पशुओं से फसल उजाड़ जैसी बातों से मुकर गई है। प्रीपेड मीटर लगाकर किसानों के गले में फंदा डाल दिया है। माकपा जिला कमेटी सदस्य संतोष राजपूत, शैलेन्द्र शाक्य एडवोकेट,इंद्रपाल सिंह यादव, कांग्रेस के नेता सत्यप्रकाश राजपूत,रासिद जादरान, नारायण सिंह यादव, पिंटू शाक्य आदि ने भी विचार व्यक्त किये। सभा की अध्यक्षता वीरेंद्र सिंह यादव ने की।



सम्मेलन को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया।

### पीएम मोदी का मतलब विकास, सुशासन की गारंटी: अजीत पाल

**लखना, इटावा।** कस्बा लखना में भाजपा किसान मोर्चा इटावा, औरैया के संयुक्त सम्मेलन में राज्यमंत्री अजीत पाल ने कहा कि पूरे विपक्ष की दुकान अब बंद हो चुकी है। सपा, बसपा, कांग्रेस और अन्य दल सब अब जनता की नजरों से उतर चुके हैं। पूर्व मंत्री लाखन सिंह राजपूत ने कहा कि भाजपा को वोट देने का मतलब है कानून, संविधान, सनातन, देश, राष्ट्र की रक्षा तय होगी। सांसद प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया ने जनता के हर सुख दुख में हमेशा की तरह खड़े रहने का भरोसा दिया। कहा कि नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का मतलब है विकास और तरक्की, रोजगार, सुशासन की पूर्ण गारंटी। भरथना विधानसभा चुनाव संयोजक एवं पूर्व जिलाध्यक्ष इटावा गोपाल मोहन शर्मा ने कहा कि आप सभी लोग भाजपा को वोट देकर पुन: मोदी को प्रधानमंत्री बनाकर इतिहास बनाने काम करें। भाजपा किसान मोर्चा इटावा जिलाध्यक्ष अवधेश चौबे, औरैया जिलाध्यक्ष गिरीश तिवारी ने 5 मई को भरथना विधानसभा में पक्का ताल पर होने वाली पीएम मोदी की जनसभा में आने के लिए सभी से आवाहन किया। पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया ने भी भाजपा को जिताने की अपील की। इस मौके पर एडवोकेट आदित्य मोहन शर्मा, महेंद्र तिवारी, अशोक शुक्ला, आशीष मोहन, रामनरेश शुक्ला आदि मौजूद थे।




मतदान के संबंध में जानकारी देते सीडीओ, डीडीओ व एडीआईओएस।

### मतदान ड्यूटी वाले कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

**इटावा।** 13 मई को होने वाले मतदान के लिए मतदान कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। अब ड्यूटी वाले कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि ड्यूटी के दौरान कोई कठिनाई ना हो। प्रशिक्षण का यह कार्य शुक्र वार को भी जारी रहा। सुदिति ग्लोबल एकेडमी में दिए जा रहे इस प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी एस कृष्णा, परियोजना निदेशक डीआरडीए एसके श्रीवास्तव, एडीआईओएस डॉ. मुकेश यादव तथा अन्य अधिकारियों ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाएं देखीं। मास्टर ट्रेनरों ने कर्मचारियों को बताया कि किस तरह ईवीएम का प्रयोग किया जाना है और किन गलतियों से बचकर रहना है। उन्होंने यह भी बताया कि ईवीएम के संबंध में यदि कोई जानकारी करनी हो तो वे तत्काल यह जानकारी कर लें इसके साथ ही अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गई। यह प्रशिक्षण अभी 4 मई तक चलता रहेगा।

## एक नजर

### युवक ने फांसी लगाई, मौत

**इटावा।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मालियान टोला छिपैटी में गृह कलह से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्ट मार्टम कराया है। उक्त मोहल्ला निवासी श्याम कुशवाह 21 वर्ष पुत्र सुरेश कुशवाह घरेलू कारणों से परेशान था। इसी परेशानी के कारण उसने अपने घर के कमरे में फांसी लगा ली। परिवार के लोगों को जब जानकारी हुई तो उन्होने इसकी जानकारी पुलिस को दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पानी के टैंक में बालक गिरा

**इटावा।** बसरेहर थाना क्षेत्र के गांव कृपाल पुरा में खेलते समय एक बालक अचानक पानी के टैंक में गिरकर घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उक्त गांव निवासी बृजेश कुमार का सात वर्षीय पुत्र कृष्णा घर के बाहर खेल रहा था तभी वह अचानक पानी के टैंक में गिर कर घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### लू लगने से युवक की हालत बिगड़ी


**बसरेहर, इटावा।** थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महाराजपुर बीना के अवधेश कुमार यादव की दोपहर के समय लू की चपेट में आ जाने से हालत खराब हो गई। तबीयत बिगड़ने से 108 एम्बुलेंस के ईएमटी आदित्य कुमार व पायलट सुरेंद्र सिंह ने सैफई अस्पताल में भर्ती कराया।

### झोपड़ी में लगी आग

**इटावा।** बढ़पुरा थाना क्षेत्र के गांव पूठन में शुक्रवार को झोपड़ियों में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पास में लगे भूसे के कूपों को भी अपनी चपेट में ले लिया। सामान जलकर राख हो गया। उक्त गांव निवासी श्याम प्रकाश में ने बताया कि उनकी गांव के पास झोपड़ी पड़ी थी। उसमें गृहस्थी का सामान रखा था। इसके साथ उसके पास में भूसे का कूप लगा था। शुक्रवार की सुबह वह परिवार सहित खेतों पर गए थे तभी उनकी झोपड़ी में किसी तरह से आग लग गई। आग लगने की जानकारी पर गांव के लोगों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए।

# नुक्कड़ सभा कर सपा विधायक ने मांगे वोट

संवाददाता महेवा, इटावा



ग्रामीणों के बीच मौजूद सपा प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे, आर्यन यादव एवं आशीष राजपूत।

- विधायक राघवेंद्र गौतम और आर्यन यादव ने किया जनसंपर्क

**अमृत विचार।** भरथना के सपा विधायक राघवेंद्र गौतम के नेतृत्व में भवानीपुर, वीरपुर, सलेमपुर, नगरिया बुजुर्ग, नगला नगरिया, लालपुर की नुक्कड़ सभा में क्षेत्रीय लोगों ने भाग लिया। विधायक राघवेंद्र गौतम, प्रवक्ता शिव शंकर यादव, विधायक प्रतिनिधि जीतू ठाकुर ने कहा कि सपा एक ऐसा समाज बनाने में विश्वास करती है जहां समानता के सिद्धांत पर काम हो। पार्टी का दृष्टिकोण धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक है। जिला पंचायत सदस्य जय प्रकाश दोहरे, चच्चू शुक्ला, संत कुमार, सौरभ कुमार, पूर्व प्रधान बड़े यादव, कमल सिंह, ज्ञान सिंह, विमलेश सिंह, जेपी सिंह, गंभीर सिंह यादव, अनिल दोहरे, ध्यान सिंह, देवेंद्र यादव, मुकेश दोहरे, राहुल यादव, यशपाल यादव, कमलेश सिंह उपस्थित रहे।

सपा प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे के पक्ष में उनकी पत्नी ब्लाक प्रमुख महेवा पवित्रा दोहरे ने ब्लाक क्षेत्र के अलियापुर, मुडैना, खितौरा, भरईपुर, इंद्रौसी गांवों में वोट मांगे। पूर्व उप ब्लॉक प्रमुख चौधरी बड़े यादव, देवेंद्र यादव टिन्नी, चच्चू शुक्ला, सपा नेता ध्यान सिंह यादव, रघुवीर सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

### सपा की उपलब्धियां गिनाई

**इटावा।** सपा नेता आर्यन यादव, आशीष राजपूत, सर्वेश शाक्य ने प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे के साथ विजयपुरा, भोगीपुरा, केवाला आदि दर्जनों गांवों में जनसंपर्क कर गांव, गरीब और किसान की खुशहाली के लिए सपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। गांव में नुक्कड़ सभाएं करके नेताजी मुलायम सिंह यादव और पूर्व सीएम अखिलेश यादव के कार्यकाल में कराये गये विकास कार्यों की जानकारी दी।

## सूना घर पाकर लाखों का माल किया पार

**बसरेहर, इटावा।** चोरों ने घर सूना पाकर लाखों का माल पार करके सनसनी फैला दी।

थाना चौविया क्षेत्र में लोहिया कला गांव में रहने वाले नंदकिशोर शाक्य पत्नी संग अपने साढ़ू के यहां रिश्तेदार की मौत हो जाने पर शोक व्यक्त करने गए हुए थे। उसकी 10 साल की बिटिया घर पर स्कूल पढ़ने के बाद वापस लौटी तो अंदर रखी अलमारी का सामान बिखरा पड़ा देख दूसरे पड़ोसी के मोबाइल से पिता को जानकारी दी। इस पर वे घर पहुंचे तो देखा चोरों के द्वारा एक मंगलसूत्र, एक जोड़ी झुमकी, दो अंगूठी, एक चैन एक बेसर तीन जोड़ी पायले तथा 25 हजार नगद चोरी कर लिए गए।

# उपकरणों की सुरक्षा एवं मरीजों पर उनके दुष्प्रभावों पर हुई चर्चा

कार्यालय संवाददाता, इटावा



प्रमाण पत्र वितरित करते कुलपति डॉ. प्रभात कुमार सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में चिकित्सा उपकरणों की सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए भारतीय मटेरियो विजलेंस कार्यक्रम का आयोजन फार्माकोलॉजी विभाग ने किया। कार्यक्रम का उदघाटन कुलपति प्रो. डॉ. प्रभात कुमार सिंह ने किया। केजीएमयू लखनऊ के फार्माकोलॉजी के प्रोफसर डॉ. आरके दीक्षित ने फार्माकोविजिलेंस की चुनौतियां और समाधान के संदर्भ में एक विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। सभी प्रतियोगियों को एडीआर रिपोर्टिंग की शपथ दिलाई गई। एएमसी समन्वयक डॉ. आशा पाठक ने बताया कि भारत सरकार ने देश में चिकित्सा उपकरणों की सुरक्षा की निगरानी के लिए 6 जुलाई 2015 को भारतीय सतर्कता कार्यक्रम शुरू किया था। जिसका उद्देश्य है चिकित्सा उपकरण से संबंधित प्रतिकूल घटनाओं पर व्यवस्थित रूप से डाटा एकत्र करना और उनके वैज्ञानिक विश्लेषण करना। जिससे नियामक निर्णय और चिकित्सा उपकरणों के सुरक्षित उपयोग पर बेहतर काम किया जा सके। कार्यक्रम में सीनियर प्रिंसिपल साइंटिफिक ऑफीसर आईपीसी गाजियाबाद के डॉ. विवेक कलाई सेल्वन द्वारा एमवीपीआई कार्यक्रम के उद्देश्य के संदर्भ में बताया। विभिन्न चिकित्सा उपकरण एवं क्लिनिकल ट्रायल से संबंधित जानकारी असीम साहू एवं उप औषधि नियंत्रक मेश्राम प्रमोद ने दी। फार्माकोलॉजी विभाग अध्यक्ष डॉ आलोक दीक्षित ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कुलपति की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक हुई।

# ट्रैक्टर निकालने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, पांच घायल

संवाददाता सैफई, इटावा

- दोनों पक्षों के घायलों का कराया गया मेडिकल

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के भाली गांव में शुक्रवार सुबह खेत से ट्रैक्टर निकालने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद के बाद मारपीट हो गई। मारपीट में दोनों पक्षों से पांच लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के घायलों का मेडिकल कराया है। थाना क्षेत्र के ग्राम भाली निवासी उमेश चंद्र ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया कि वह शुक्रवार सुबह 8 बजे ट्रैक्टर पर सवार होकर अपने बेटे उपनेश कुमार के साथ खेत पर जा रहा था। तभी मैनपुरी जिले के थाना करहल के अहलादपुर निवासी फ़ौजदार सिंह व सन्तकुमार व मुकेश ने जबरदस्ती ट्रैक्टर से नीचे खींचकर लाठी फ़ावड़ा से हमला कर दिया जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं मैनपुरी जिले के थाना करहल क्षेत्र के अहलादपुर निवासी अनमोल कुमार ने आरोप लगा कि उसके ताऊ फौजदार सिंह व पिता संतकुमार व चचेरे भाई मुकेश कुमार भाली गांव में अपनी जमीन पर खड़ी मक्का की फसल में पानी लग रहे थे तभी सैफई थाना क्षेत्र के भाली गांव निवासी उमेश कुमा, सर्वेश कुमार,टिल्लू,बिल्लू आएं और झगड़ा करने के उद्देश्य से गाली गलोज करने लगे मना करने पर सभी ने एक राय होकर फौजदार सिंह व सन्तकुमार व मुकेश कुमार के ऊपर लाठी डंडों व फ़ावडा से जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। जिसमें तीनों लोग घायल हो गए सभी घायलों को उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के इमरजेंसी ट्रामा सेंटर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। थाना प्रभारी बलराम मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्षों में खेत से ट्रैक्टर निकालने को लेकर झगड़ा हुआ था दोनों पक्षों से तहरीर मिली हैं।

**अव्यवस्था** | बिजली विभाग के रवैये से परेशान हैं निर्मला नगर के निवासी

# पहले दे दिए कनेक्शन अब उतारेंगे तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा



निर्मला नगर में बिजली सप्लाई के लिए बिछाए गये तार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर में कुनैरा पावर हाउस के सामने बसे निर्मला नगर के बाशिंदे इन दिनों बिजली विभाग के रवैये से काफी परेशान हैं। इस मोहल्ले के लोगों ने अपनी शिकायत मुख्यमंत्री तक की है। बिजली विभाग के अधिकारियों से भी फरियाद लगाई है।

नव विकसित निर्मला नगर में रहने वाले लोगों का कहना है कि कुनैरा पावर हाउस के सामने निर्मला नगर बसाया गया है। यहां विभाग ने उन्हें पहले बिजली कनेक्शन दे दिए इसके लिए नियमानुसार निर्धारित फीस भी जमा कराई गई कनेक्शन लेने के बाद यह कई सालों से बिजली का उपयोग कर रहे हैं। बिजली का उपयोग कर रहे हैं और बाकायदा बिजली का बिल भी जमा कर रहे हैं। अब एक हफ्ते से बिजली विभाग के कुछ कर्मचारी मोहल्ले में आकर यह कह रहे है कि जहां से तार निकले हैं उन खेत मालिकों द्वारा आपत्ति की जा रही है इसलिए यह केवल हटाएंगे। यदि केवल हटा ली गई तो फिर बिजली सप्लाई भी बंद हो जाएगी। ऐसे में इस मोहल्ले में अंधेरा छा जाएगा और भीषण गर्मी में लोग परेशान होंगे। मोहल्ले के लोगों ने अपने शिकायती पत्र में यह भी बताया कि बिजली विभाग ने सर्वे करके 200 मीटर केबल उपभोक्ताओं से मंगवाकर कनेक्शन दिए थे। उसके बाद मीटर भी लगाया है ऐसे में बिजली विभाग की यह जिम्मेदारी है कि उपभोक्ताओं को बिजली सप्लाई लगातार मिले लेकिन अपनी जिम्मेदारी से बिजली विभाग मुंह मोड़ रहा है और बिजली केबल उतारने पर उतारू है। मोहल्ले वालों का कहना है कि जब तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हो जाती तब तक यहां से विद्युत केबल ना हटाई जाए। कालोनी में ज्यादातर लोग फोर्स में तैनात है वह ड्यूटी पर रहते है उनके परिवार के लोग यहां रहते है। यदि ऐसी भीषण गर्मी में बिजली सप्लाई बंद कर दी गई और कोई अनहोनी होती है तो उसकी जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी। प्रार्थना पत्र भेजने वालों में कथावाचक राम जी द्विवेदी, पंकज देवी, शकुंतला देवी, रामनाथ सिंह यादव, आशा पांडे, रेखा देवी, उपासना, प्रियंका, देवेंद्र सिंह, सुषमा यादव आदि शामिल हैं। इस संबंध में अधिशाषी अभियंता सैफई का कहना है कि यह मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं आया है वे इसे दिखवाते हैं और प्रयास होगा कि मोहल्ले वालों को परेशानी ना हो।

## चेकिंग में दो कारों से बरामद हुए पौने पांच लाख रुपये

**इटावा, संवाददाता।** वाहन चेकिंग के दौरान दो कारों से तीन लाख 81 हजार रुपये बरामद हुए। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव में आचार संहिता के चलते 50 हजार रुपए की रकम से ज्यादा रकम ले जाने पर समुचित कारण बताना पड़ता है। इसके चलते सभी थाना क्षेत्र में कड़ी सजगता से वाहन चेकिंग की जा रही है, पछायगांव थाना प्रभारी कृष्ण लाल पटेल फोर्स के साथ वाहन चेकिंग में फिरोजाबाद के थाना नसीरपुर के गांव घाघाऊ के रविंद्र की बोलोरो कार में एक लाख 49 हजार पांच सौ रुपए बरामद हुए, रविंद्र इस रकम का सही जवाब नहीं दे सका। दूसरे मामले में फ्रेंड्स कॉलोनी थाना प्रभारी निरीक्षक दिवाकर प्रसाद फोर्स के साथ भरथना चौराहा के पास लक्जरी कार में सवार इसी क्षेत्र में पुरानी पीएसी गली के पास रहने वाले अंकुर यादव के पास से तीन लाख 31 हजार पांच सौ रुपये बरामद हुए।




मतदाता जागरुकता अभियान के तहत हस्ताक्षर करतीं छात्राएं। अमृत विचार

## हस्ताक्षर अभियान चलाकर किया जागरूक

**इटावा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लगातार अपनी गतिविधियों के माध्यम से युवा व नवीन वोटरों को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रहा है। कार्यकर्ताओं ने बीते 15 दिनों से विभिन्न स्थानों पर छोटी छोटी टोलियों की बैठक की। जिसका उद्देश्यय मतदाता जागरूकता एवं मतदान के प्रतिशत को 100 प्रतिशत करना है।

कर्मक्षेत्र महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। महाविद्यालय की अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो पद्मा त्रिपाठी ने कहा कि छात्र राष्ट्र के प्रति अपने उत्तरदायित्व को समझें। मतदान के अधिकार का शत प्रतिशत प्रयोग कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने में अपनी भागेदारी दें।विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री तरुण बाजपेई ने बताया विद्यार्थी परिषद विभिन्न परिसरों व कोचिंग संस्थानों में नेशनल फर्स्ट वोटिंग मस्ट अभियान चलाकर विद्यार्थियों से शत प्रतिशत मतदान के लिए आग्रह करेगा। अमित सिकरवार ने कहा कि आज मतदान करना भारत भक्ति का स्वरूप है। जिला सहसंयोजक ऐश्वर्य गुप्ता ने कहा कि हम उभरते हुए भारत को देख रहे है । भारत आज प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है ।हमें राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए मतदान करना चाहिए।

## दामाद व ससुर के बीच हुई मारपीट

**लखना, इटावा।** थाना क्षेत्र के लखना कस्बे के सर्राफा बाजार में गुरुवार की शाम मायके में रह रही पत्नी को दामाद साथ ले जाने की जिद करने लगा। इसी बात को लेकर ससुर दामाद में हाथापाई हो गई। अंकुर सोनी निवासी बर्रा कानपुर अपने दोस्त अनूप के साथ बकेवर थाना क्षेत्र के लखना कस्बे के सर्राफा बाजार निवासी संजीव कुमार के यहां अपनी ससुराल गया था। पत्नी को अपने साथ ले जाने की जिद करने लगा। ससुर ने विरोध किया तो गाली-गलौज और मारपीट होने लगी। लखना चौकी इंचार्ज ललित कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। संजीव कुमार निवासी सर्राफा बाजार कस्बा लखना थाना बकेवर ऋतिक वर्मा निवासी यशोदा नगर नौबस्ता कानपुर और दूसरे पक्ष से अंकुर सोनी निवासी बर्रा कानपुर अनूप कुमार निवासी कुम्हारन मुहाल कस्बा लखना थाना बकेवर को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

# किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म के दोषी को सात साल का कारावास

## विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) ने 15 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया, सात वर्ष पुराना मामला

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) मनराज सिंह ने थाना सहायल क्षेत्र में सात वर्ष पूर्व एक किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने व दुष्कर्म करने के दोषी अमित को सात वर्ष के कठोर कारावास व 15 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है।



मामले में अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे डीजीसी अभिषेक मिश्रा, व विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) जितेन्द्र सिंह तोमर एवं मृदुल मिश्रा ने बताया कि थाना सहायल में उक्त मामला दर्ज हुआ था। वादी ने तहरीर दी कि 17 जून 2017 की रात में उसकी नाबालिग लड़की को गांव का अमित बहला फुसला कर ले गया था। उस दिन घर पर अन्य कोई व्यक्ति नहीं था। घर वापस आने पर घटना की जानकारी हुई। पुत्री घर से जेवरात भी ले गई। पुलिस ने विवेचना कर अमित व उसके भाई मिथुन पर नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में चार्जशीट कोर्ट में प्रस्तुत की। एक आरोपी मिथुन की मृत्यु हो जाने पर केवल अमित के विरुद्ध विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) कोर्ट में विरचित हुआ।

अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक जितेंद्र सिंह तोमर व मृदुल मिश्रा ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के दोषी की कठोर सजा देने को बहस की।

दोनों पक्षकारों को सुनने के बाद ए.डी.जे. मनराज सिंह ने शुक्रवार को निर्णय सुनाया तथा अभियुक्त अमित पुत्र स्व. हुकुम सिंह निवासी कंजरन डेरा, अघारा (सहायल) को सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई साथ ही उस पर 15 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया। अर्थदंड अदा न करने पर उसे एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

# जानलेवा हमले के दो दोषियों को पांच वर्ष की कैद

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- दोनों पर 16 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया

**अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश (प्रथम) विकास गोस्वामी ने थाना फफूंद क्षेत्र में जानलेवा हमले के आठ वर्ष पुराने मामले के दो दोषी टिंकू व सीटू को पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा से दण्डित किया है। दोनों पर 16-16 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया। मामले की अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे डी.जी.सी. अभिषेक मिश्रा व ए.डी.जी.सी. चंद्र भूषण तिवारी ने बताया कि उक्त मामला वादी अरविन्द कुमार निवासी फफूंद ने दर्ज कराया। वादी ने लिखा कि उसका पुत्र विजय कुमार उर्फ गोलू 15 मई 2016 की शाम करीब 05 बजे अछल्दा चौराहा कस्बा फफूंद में बाजार में बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट देख रहा था। तभी वहां पर मौजूद टिंकू पुत्र राजेंद्र सिंह उर्फ भूरे निवासी ग्राम सैनपुर (फफूंद) व सीटू पुत्र नेत्रपाल निवासी चक्र पान की मड़ैया ने उसके लड़के की गाली गलौज करते हुए मारा-पीटा।

विरोध करने पर उन्होंने लड़के के सिर में कुल्हाड़ी वार कर दिया, जिससे लहूलुहान व बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। उसे घायलावस्था में दिबियापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना फफूंद में जानलेवा हमले का उक्त मामला नामजद दर्ज हुआ। पुलिस ने विवेचना कर दोनों आरोपियों के विरुद्ध चार्ज शीट प्रस्तुत की। यह मुकदमा अपर सत्र न्यायाधीश (प्रथम) विकास गोस्वामी की कोर्ट में चला तथा शुक्रवार को इसका निर्णय सुनाया गया। बचाव पक्ष ने आरोपियों की गरीबी का हवाला देते हुए रहम की मांग की। दोनों पक्षकारों को सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश विकास गोस्वामी ने दोनों अभियुक्तों टिंकू व सीटू को पांच वर्ष की कठोर कारावास की सजा से दंडित किया और दोनों पर 16-16 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया। कोर्ट ने कुल्हाड़ी के वार से घायल हुए विजय कुमार उर्फ गोलू को अर्थदंड की राशि में से बीस हजार रूपये बतौर प्रतिकर राशि अदा करने का भी आदेश दिया। दोनों सजा पाए अभियुक्तों को जिला कारागार इटावा भेज दिया गया।

# अत्यधिक गर्म हवाओं से बचें, रखें अपना ख्याल

संवाददाता ककोर, औरैया

- बदलते मौसम में जुकाम, बुखार व दस्त के रोगियों में हुआ इजाफा

**अमृत विचार।** जिले में आजकल गर्म हवाओं ने लोगो का घर से निकलना दुश्वार कर दिया है। सुबह 9 बजते ही गर्म हवाओं के थपेड़े लगने लगते हैं।जहां लोगो को घरों में दुबकना पड़ता है। मौसम बदलने से जिला अस्पताल में जुखाम बुखार खांसी के मरीजों की तादाद बढ़ गई है।



डॉ. मनोज कुमार।

पिछले तीन दिन से पर 40 डिग्री सेल्सियस के पर चल रहा है।बदलते हुए मौसम भी आंखें तरेर रहा हैं, और गर्मी का रौद्र रूप स्पष्ट दिखाई दे रहा है। मौसम विभाग ने हीट वेव और लू चलने का अंदेशा जारी कर दिया है। ऐसा गर्म मौसम रहने से आने वाले दिनों में तेज आंधी आ सकती है ।जबकि पिछले तीन दिनों से तापमान 40 डिग्री से अधिक हो रहा है। सोमवार से लेकर शुक्रवार को यह पारा 42 डिग्री तक पहुंच गया था । ऐसे में लोग तेज धूप से बहुत परेशान दिखाई दिए वहीं मौसम में सुबह 11 बजे के बाद सड़कों पर सन्नाटा छाया दिखाई दिया। जिससे लोगों को गर्म हवा में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा और मौसम के बदलते रुख के कारण गर्म हवाओं ने लोगों को बहुत परेशान किया । रास्ते में आते जाते लोगों ने शीतल जल का सहारा लिया। वही 27 अप्रैल से पहले जारी मौसम अलर्ट में पारा के बढ़ने से जनमानस बुजुर्ग बच्चों की बीमारी में संख्या में काफी इजाफा हुआ । जहां जिला अस्पताल में रोजाना 500 से 600 ओपीडी पर्चे बनते थे। अब वही बदलते मौसम के कारण रोजाना 1000 से ऊपर पर्चे बनाए जा रहे हैं।

### तेज धूप से करें बचाव

मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया इस समय दोपहर के समय घर से नहीं निकलना चाहिए। घर के बाहर जो भी जरूरी काम हो उसे सुबह 9 बजे तक या शाम 5 बजे के बाद कर लें। यदि घर से बाहर निकलना है तो फुल आस्तीन के कपड़े पहनें। प्यास लगने पर पानी पिएं, रास्ते में शिकंजी आम का पना पीने से हीट वेव से बचा जा सकता है। साथ ही साथ बच्चों को मच्छर से बचने के लिए मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें । तली हुई चीजों का प्रयोग बिल्कुल ना करें ।

### हीट वेव से न किया बचाव तो होंगे भयंकर बीमार

डिप्टी सीएमओ मनोज कुमार का कहना है हीट वेव में उल्टी,दस्त, बुखार सांस मरीज तथा डायरिया के मरीज बढ़ गए हैं। लू से बचने के लिए खूब पानी पिएं। रखे हुए गन्ने का रस कटे हुए फल, बासी खाना ना खाएं। उल्टी दस्त होने पर अस्पताल पहुंचने से पहले ओआरएस का घोल बनाकर पिएं ।

## सार-संक्षेप



सपा पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते विधायक प्रदीप यादव। अमृत विचार

### अखिलेश की जनसभा के लिये सौंपी गई जिम्मेदारी

**औरैया।** सात मई को औरैया के मण्डी समिति मैदान में सपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की चुनावी जनसभा होगी। क्षेत्रीय सपा विधायक प्रदीप यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि जनसभा में भारी संख्या में लोग शामिल होंगे । उन्होंने सपा के चुनावी कार्यालय में स्थानीय पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदारी सौंपते हुये कहा कि सभी कार्यकर्ता प्रातः साढ़े नौ बजे तक सभा स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करें । उन्होंने दिबियापुर विधान सभा अध्यक्ष बीरेन्द्र राजपूत एवं भाग्यनगर के ब्लाक प्रमुख पति धीरेन्द्र दोहरे को जिम्मेदारी देते हुये कहा कि गर्मी में पार्टी कार्यकर्ताओं को दिक्कत न हो इसका ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों से आम जनता परेशान है। इसका जवाब जनता 13 मई को देने को तैयार है । उन्होंने नगर अध्यक्ष रविन्द्र पोरवाल से नगर में जनसम्पर्क तेज करने को कहा। इस मौके पर विधान सभा अध्यक्ष बीरेन्द्र राजपूत, ब्लाकप्रमुख पति धीरेन्द्र दोहरे, सपा नेता तेहराज सिंह यादव , नगर अध्यक्ष रविन्द्र पोरवाल ,प्रधान संघ के अध्यक्ष भाऊ यादव , विधायक प्रतिनिधि अजय पोरवाल , पूर्व सभासद प्रमोद यादव , सत्यदेव यादव एवं कार्यालय प्रभारी संजीव चौधरी आदि मौजूद रहे।

### सूने घर से ताला तोड़कर चोरी

**औरैया।** सहायल थाना क्षेत्र के गॉव पहाड़पुर लखुनों में बीती रात एक सूने घर में ताला तोड़कर चोरी कर ली। घटना के सम्बध में पीड़ित गृह स्वामी राजीव पटवारी पुत्र चन्द्रभान ने थाना पुलिस को जानकारी देकर घटना के खुलासे की मांग की है। जानकारी के अनुसार गृहस्वामी जरूरी काम से परिवार समेत बाहर गया था जब सुबह वह वापस लौटा तब मुख्य दरवाजे के ताला टूटे होने से घटना की जानकारी हुयी । पीड़ित ने बताया कि चोरों ने बर्तन कपड़े एवं घरेलू सामान आदि चोरी कर लिया जिसमें करीब पच्चीस हजार रुपये का नुकसान हुआ है। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने बताया कि जल्द ही चोरों का पता लगाया जाएगा ।

### छप्पर में आग लगने से गृहस्थी जलकर हुई राख

**अजीतमल।** अटसू क्षेत्र के गांव पुर्वा मदन सिंह में खेतों में घर बनाकर रह रहे दंपति के यहां दोपहर में अचानक से घर में आग लग गयी आग लगती देख पति पत्नी ने आग बुझाने की कोशिश करने के साथ पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी,तब तक लोगों ने लाठी डंडों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की। वहीं अजीतमल से मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग को बुझाया। पुर्वा मदन सिंह निवासी घनश्याम पुत्र राधे श्याम जो कि बेहद गरीबी के चलते अपने गांव के पास खेत में घर बनाकर जीवन यापन करता है। वहीं घर में रखे छप्पर में चूल्हे की बची हुई चिंगारी से आग लग गई जिससे वहां पर रखी चारपाई, बिस्तर, गृहस्थी का सारा सामान लकड़ी आदि जल कर राख हो गये। गरीब किसान के घर में पति पत्नी के अलावा छोटे छोटे बच्चे रहते हैं। आग लगने से रहने व खाने की समस्या आ खड़ी हुई है।

### खनन माफियाओं ने पुलिस से की अभद्रता

**अयाना।** थाना क्षेत्र के मुढ़ी रसूलपुर नहर पुल के पास अवैध खनन कर ले जा रहे तीन लोगों ने पुलिस से अभद्रता कर दी। मामले में तीनों आरोपियों को पकड़ कर शांतिभंग में चालान किया है। थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने बताया कि एसआई हेमंत कुमार गुरुवार को क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। रसूलपुर नहर पुल के पास उन्होंने मिट्टी ले जा रही ट्रैक्टर ट्राली को रोका। कागजात मांगने पर ट्रैक्टर सवार प्रदीप सिंह, अतुल प्रताप व शिवपूजन निवासी भासौन ने उनके साथ अभद्रता कर दी। तीनों आरोपियों को पकड़ कर शांतिभंग में चालान किया गया है। वहीं थाना क्षेत्र में हुई मारपीट के मामलों में भोले उर्फ संजू, महेंद्र उर्फ मुकेश, अर्जुन सिंह, हरगोविंद निवासी कैथौली व सोनू निवासी अयाना का भी शांतिभंग में चालान किया गया है।

### चोरों ने लाखों के जेवरात व कपड़े किए पार

**औरैया।** दिबियापुर नगर में फफूंद रोड स्थित एक मकान में चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात और कपड़े पार कर दिए। मकान मालिक अपने परिवार सहित अपने दोस्त के मकान में रह रहे थे। दिबियापुर निवासी पवन कुमार के घर से चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर जेवरात व होजरी के कपड़े चोरी कर लिए। जानकारी के मुताबिक चोर 25 लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए। बीती 10 अप्रैल को उनके घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई थी, जिससे लाखों रुपयेका अन्य सामान जलकर राख हो गया था। इसके बाद वह परिवार सहित अपने दोस्त के घर विकास कुंज में रहने लगे थे। शुक्रवार को लेबर मिस्त्री लेकर अपने घर की मरम्मत करवाने आए तब घटना की जानकारी हुई। आग बुझाने के दौरान उसके घर की कई दीवार तोड़नी पड़ी थी। उनका कहना है कि यहीं से चोरों ने घुस कर वारदात को अंजाम दिया है।

# श्रीकृष्ण जन्म पर झूमे श्रद्धालु

संवाददाता अछल्दा,औरैया

- भागवत कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को होती है मोक्ष की प्राप्ति

**अमृत विचार।** विकास खंड के नगला चतुर्भुज में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा के दौरान जैसे भगवान का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान लोग झूमने-नाचने लगे।

कथा आचार्य अंकुर जी महाराज ने कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथा वाचक ने कहा कि जब धरती पर चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई, चारों ओर अत्याचार, अनाचार का साम्राज्य फैल गया तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का वर्णन किया। आयोजक भरत शुक्ला ने आरती व पूजा पाठ किया।

### भक्तों ने छका प्रसाद

**अजीतमल।** कस्बा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। रघुनाथ धाम मंदिर एच डी एफ सी बैंक के पीछे हुई प्राण प्रतिष्ठा एवं श्री मद् भागवत कथा आयोजन में परिक्षित चन्द्र प्रभा दुबे पत्नी स्व. ओम प्रकाश दुबे (गटू) ने श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का श्रवण किया। विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। भंडारे में समस्त नगर व क्षेत्रवासी विशाल भंडारे में आमंत्रित हैं। कार्यक्रम के आयोजक दीपक दुबे, राजकुमार दुबे , संजय दुबे एवं रोहित दुबे ,डोली मिश्रा , राजेश शुक्ला ,राधा शुक्ला, भोले दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# आएदिन लगते जाम से लोग परेशान

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** नगर के तिराहा चमनगंज में आए दिन लगने वाले जाम से राहगीरों को होती हैं परेशानी बताते चलें नगर फफूंद में दुकानदारों के अतिक्रमण की वजह से आए दिन लगने वाले जाम से निजात मिलती नहीं दिख रही है। यह सोचने का विषय है। आखिर नगर पंचायत किस वजह से दुकानदार लोगों पर कार्यवाही नहीं करते जब कि यह लोग बेंच, तिरपाल, तख्त, इत्यादि डालकर किस लिए अतिक्रमण फैला रहे है, या फिर बोट बैंक के वजह से इन दुकानदार लोगों पर कार्यवाही नहीं होती है। वहीं अगर मैन मार्केट में देखा जाए तो ठिलिया वाले लोग पूरी सड़क घेरे रहते हैं।तथा गांव का किसान बाइक या साइकिल से जब बाजार में सामान खरीदने आता है, तो भीड़भाड़ की वजह से अगर इन ठेली बालों की ठेली में बाइक टच हो जाती है, तो यह लोग झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं। चमनगंज तिराहे पर पहले दो होमगार्ड की ड्यूटी लगती थी जिससे वह लोग लाठी पटक कर लगने वाले जाम को अक्सर खुलवा देते थे।अब वह भी नहीं रहते हैं जिससे समस्या गंभीर होती चली जा रही है। अब देखना यह है कि फफूंद नगर पंचायत अतिक्रमण अभियान चलाकर इन दुकानदारों पर कार्यवाही करेगी या फिर स्थिति जस की तस बनी रहेगी।




सड़क पर लगी ठेली से फैला अतिक्रमण। अमृत विचार

- अतिक्रमण की वजह से आए दिन लगने वाले जाम से राहगीरों को होती है परेशानी

# सवा दो घंटे ठप रही विद्युत आपूर्ति

**अछल्दा, औरैया।** कस्बा के नेविलगंज स्तिथ नदी पुल के पास लगभग दोपहर 2 बजे 11 हजार लाइन के तार टूटने से कस्बा की लाइन सवा दो घंटे ठप हो गयी। सूचना पर पहुंचे जेई प्रभुदयाल व कर्मचारियों के साथ तार ठीक करने में लग गए। करीब सवा 2 घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद लाइन मैन दीपू ,शिवकुमार व अन्य कर्मचारियों के साथ दोपहर लगभग सवा 4 बजे सप्लाई चालू हो सकी।सवा 2 घंटे बिजली ठप होने से कस्बा के लोग गर्मी से जूझते नजर आए।जेई प्रभु दयाल ने बताया कि नदी पुल से 11 हजार लाइन का तार टूट गया था।जिसे कर्मचारियों की मदद से सही करा कर सप्लाई चालू कर दी है।



# निस्वार्थ थी कृष्ण-सुदामा की मित्रता

संवाददाता ककोर,औरैया

**अमृत विचार।** दिबियापुर के बाबा परमहंस बगिया में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन श्री वृंदावन धाम मथुरा के भगवताचार्य पंडित पुनीत मिश्र ने श्रीकृष्ण सुदामा प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो तो श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। आचार्य ने कहा कि सच्चा मित्र वही है जो अपने मित्र की परेशानी समझे और बिना कहे उसकी मदद कर दे लेकिन आज के समय में स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध होता है तब तक मित्रता रहती है, स्वार्थ सिद्ध हो जाने पर मित्रता खत्म हो जाती है।



व्यास पुनीत मिश्रा।

उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर अपने मित्र भगवान श्रीकृष्ण से मिलने द्वारिकापुरी जाते हैं। महल के द्वार पर पहुंच जाते हैं तो प्रहरियों को भगवान श्रीकृष्ण का अपने को मित्र बताते हैं। सुदामा की यह बात सुनकर प्रहरी यह कहकर उनका उपवास उड़ाते हैं कि दरिद्र व्यक्ति भगवान श्रीकृष्ण का मित्र कैसे हो सकता है। बाद में एक प्रहरी महल में जाकर भगवान श्रीकृष्ण को बताता है कि एक दरिद्र व्यक्ति आपसे मिलने आया है और वह अपना नाम सुदामा बता रहा है यह सुनते ही भगवान श्री कृष्णा नंगे पांव दौड़ पड़े और सुदामा को अपने गले लगा लिया। भगवताचार्य ने कहा कि असली मित्र की पहचान मित्र पर कष्ट आने के समय होती है। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक आदि प्रमुख लोगों के साथ सैकड़ों की संख्या में श्रोतागण मौजूद थे।

# कार का पहिया बदलते समय युवक घायल

**औरैया।** मुहल्ला सत्तेश्वर औरैया निवासी नसीम अहमद पुत्र लियाकत अलाउद्दीन अपने परिवार के साथ कार द्वारा इटावा की ओर से अपने घर जा रहा था। अनंतराम गांव के पास हाईवे पर उसकी कार का पहिया पंचर हो गया। कार से उतरकर परिजन डिवाइडर पर बैठ गए। नसीम कार का पहिया बदलने लगा। मुहम्मद हाशिम भी उसका हाथ बंटाने लगा, तभी अज्ञात वाहन ने दोनों को घायल हो गए। उन्हें सीएचसी लाया गया।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा आज

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** 4 मई को बिधूना में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुनावी जनसभा को लेकर पुलिस व प्रशासन अलर्ट होने के साथ अधीक्षक चारु निगम ने सुरक्षा व्यवस्था का जहां निरीक्षण किया ।

जनसभा के लिए जहां पांडाल बनकर तैयार हो गया है वहीं पांडाल में बैठने के लिए चार हजार लोगों के बैठने के लिए कुर्सियां लगाई गई है। जनसभा स्थल तक आने-जाने के लिए बनाए गए रास्ते का भी अधिकारियों ने निरीक्षण किया। हैलीपेड के आसपास बैरीकेडिंग के साथ लोहे की जालियां भी लगायी गई है। जनसभा में आने के लिए भाजपा नेताओं द्वारा क्षेत्र में घर घर जाकर पीले चावल बांटकर लोगों को आमंत्रित किया गया है। शुक्रवार को भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने भी जनसभा स्थल पर पहुंचकर अधिकारियों के साथ व्यवस्था का जायजा लिया । मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात एन एस जी कमांडो भी पहुंच गए हैं,जबकि भारी संख्या में सुरक्षा कर्मी भी पहुंच गए हैं। पुलिस अधीक्षक चारू निगम, अपर पुलिस अधीक्षक दिगम्बर कुशवाहा के अलावा जनपद ,एसडीएम हरिश्चंद्र सीओ अशोक कुमार सिंह, सीओ भरत पासवान सीओ एमपी सिंह तहसीलदार रणवीर सिंह आदि रहे।



अधिकारियों को दिशा-निर्देश देतीं एसपी चारु निगम एवं अन्य अधिकारी।

**लोक सभा चुनाव - 2024** | शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ चुनाव संपन्न कराने के लिए मतदान कार्मिकों को दिए जा रहा है प्रशिक्षण

# प्रेक्षक ने माइक्रो ऑब्जर्वर के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** किसी भी कार्य को सही व सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए उसके संबंध में स्वयं का पूर्ण दक्ष्य होना आवश्यक है तभी किसी कार्य को सही सजगता के साथ संपन्न कराना संभव होता है।

सामान्य प्रेक्षक लोकसभा क्षेत्र 41 इटावा मनीष अग्रवाल ने उपरोक्त विचार चौधरी विशंभर सिंह भारतीय बालिका इंटर कॉलेज में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए मतदान कार्मिकों को दिए जा रहे द्वितीय प्रशिक्षण का निरीक्षण करते हुए व्यक्त किये। इसलिए ईवीएम,सीयू,वीवी पैट तथा मतदान दिवस पर प्रपत्रों संबंधी की जाने वाली गतिविधियों की जो जानकारी दी जा रही है उसे पूरे मनोयोग के साथ ग्रहण करें जिससे मतदान दिवस पर मतदान के समय किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि आप जितने परिपक्व अपने कार्य के प्रति हो जाएंगे उतना ही आपको मतदान के समय प्रपत्र आदि पूर्ण करने में सुविधा रहेगी और मतदान को निष्पक्षता के साथ कराने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि यदि कोई प्रक्रिया प्रशिक्षण के दौरान समझ में नहीं आ रही है तो उसके संबंध में बार-बार पूछें और भ्रम की स्थिति का निवारण सुनिश्चित करें जिससे कार्य के दौरान कोई दुविधा न उत्पन्न हो उन्होंने ईवीएम, सीयू, वीवी पैट के लिंक करने तथा उसके शील्ड करने के साथ-साथ मॉकपोल आदि की प्रक्रिया के बारे में दी गई जानकारी के संबंध में भी पूछा।

इसके उपरांत प्रेक्षक ने गेल गांव स्थित सरगम ऑडिटोरियम में माइक्रो आब्जर्वर के प्रशिक्षण में पहुंचकर मतदान दिवस एवं मतदान के उपरांत उनके द्वारा की जाने वाली कार्यवाहियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की और उनसे मतदान के संबंध में उनके द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में पूछा। उन्होंने कहा कि आपकी जिम्मेदारी मतदान को मॉकपोल प्रक्रिया के साथ प्रारंभ करने से लेकर मतदान सामग्री जमा करने तक निर्धारित है इसलिए इसमें किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो और मतदान सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

इस अवसर पर अवसर पर डीएम/ जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश, एडीएम /उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, रिटर्निंग ऑफिसर/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, जिला विकास अधिकारी करुणा पति मिश्र, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी बब्बन प्रसाद मौर्य, डीआईओएस एसपी यादव सहित संबंधित अधिकारी, मास्टर ट्रेनर आदि मौजूद रहे।



निरीक्षण करते प्रेक्षक मनीष अग्रवाल एवं डीएम नेहा प्रकाश। अमृत विचार

### स्ट्रांग रूम सहित अन्य व्यवस्थाओं को भी जांचा

**औरैया।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन - 2024 को निष्पक्षता पूर्ण ढंग से शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए लोकसभा क्षेत्र इटावा 41 हेतु नियुक्त प्रेक्षक मनीष अग्रवाल ने गल्ला मंडी स्थित मतदान हेतु कार्मिकों के रवानगी स्थल सहित स्ट्रांग रूम आदि की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए कहा कि मतदान के पूर्व रखी गयी ई वी एम, कंट्रोल यूनिट तथा वी वी पैट की सुरक्षा उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी मतदान के पश्चात, इसलिए उनकी सुरक्षा में किसी प्रकार की कोई कोताही न बरती जाये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान हेतु दी जाने वाली सामग्री के लिए पर्याप्त काउंटर विधानसभा वार लगाने को कहा जिससे कार्मिकों को मतदान सामग्री प्राप्त करने तथा मतदान के उपरांत सामग्री जमा करने में कोई असुविधा न हो। प्रेक्षक ने कहा कि मतदान सामग्री उपलब्ध कराते समय यह सुनिश्चित किया जाए कि उसका भली भांति मतदान पार्टी द्वारा मिलान कर लिया जाए जिससे मतदान दिवस पर कोई कमी न रहने पाए। इस अवसर पर डीएम/ जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश, एडीएम/उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र पाल सिंह, रिटर्निंग ऑफिसर /सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सहित संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हुआ युवक

संवाददाता अजीतमल,औरैया

**अमृत विचार।** खेतों पर काम से गए युवक के गोली लगने से वह घायल हो गया। ग्रामीण उसे कोतवाली अजीतमल लेकर पहुंचे। पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती करवाया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया।

क्षेत्र के पूठा गांव निवासी महाराज सिंह पुत्र सीताराम शुक्रवार की शाम अपने खेतों पर काम से गया था। वह खेतों को बलकट पर उठाने के लिए गया था। कुछ देर बाद उसके दोस्त बाइक से पहुंचे। उसे जमीन पर घायलावस्था में गिरा देख बाइक पर बिठाकर उसे कोतवाली अजीतमल छोड़कर चले गए। कोतवाली पुलिस ने हालत गंभीर देखी तो तो उसे सीएचसी अजीतमल ले गई। जहां प्राथमिक उपचार देकर डाक्टरों ने उसे सैफई रिफर कर दिया। घायलावस्था में महाराज सिंह ने बताया कि गांव के कुछ नामजद लोगों को रुपये उधार दिए थे। उसका उसने तकादा किया था। इसी से खुन्नस खाकर नामजद लोग कुछ लोगो के साथ बाइक से आए थे। और गोली मारकर भाग गए।

कोतवाल राजकुमार सिंह ने बताया कि, उसे कुछ लोग बाइक से कोतवाली तक छोड़ कर चले गए। उसे सीएचसी ले जाया गया। तहरीर मिलने के बाद पूरे मामले की जांच के आधार पर कार्रवाई की जायेगी।



युवक का उपचार करते चिकित्सक व मौजूद पुलिस। अमृत विचार

## एक नजर

### जाति-धर्म आधारित सम्मेलनों की होगी वीडियोग्राफी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव में आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने के लिए जाति-धर्म आधारित सम्मेलनों की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। ग्राम्य विकास आयुक्त की तरफ से सभी जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र जारी किया गया है। इसमें लिखा की जाति आधारित सम्मेलनों व पंचायतों पर गहन नजर रखी जाए। ऐसे सम्मेलनों की वीडियोग्राफी कराई जाए। यदि सम्मेलन में जाति, धर्म आदि का इस्तेमाल होता है तो आदर्श आचार संहिता के तहत कार्रवाई की जाए।

### मतदाता जागरूकता रैली का होगा आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र भारत स्काउट और गाइड द्वारा लोक सभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान के लिए शनिवार को मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली का उद्घाटन संस्था के अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार द्वारा प्रात : 06 :30 बजे क्वींस इण्टर कालेज लालबाग में किया जायेगा। मतदाता जागरूकता रैली में विभिन्न विद्यालयों के लगभग 1500 स्काउट, गाइड, स्काउटर, गाइडर उपस्थित रहेगें। रैली क्वींस इण्टर कालेज लालबाग से शुरू होकर नावेल्टी चैराहा, मेफेयर चैराहा, होते हुए अटल चैक, जीपीओ गांधी प्रतिमा पर समाप्त होगी। जिला सचिव अनिल शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर जिला संस्था के संरक्षक डॉ. आरपी मिश्र व जिला मुख्यायुक्त डॉ. जेपी मिश्र के अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार, उप शिक्षा निदेशक रेखा दिवाकर, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार व जिला संस्था के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# सर्वोदय विद्यालयों में भी लागू होगा ग्रेडिंग सिस्टम

## पहले चरण में यूपी बोर्ड व उसके बाद सीबीएसई के स्कूलों को किया जाएगा शामिल

राजीव शुक्ला, लखनऊ




- शिक्षक-छात्रों की उपस्थिति और परीक्षा परिणाम होंगे ग्रेडिंग के मानक
- पढ़ाई की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए ग्रेडिंग सिस्टम लागू करने का लिया गया निर्णय

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग ने आश्रम पद्धति विद्यालय (अब सर्वोदय विद्यालय) की पढ़ाई की स्थिति में सुधार करने के लिए ग्रेडिंग सिस्टम लागू किया जा रहा है। समाज कल्याण निदेशक ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। ग्रेडिंग सिस्टम में तय अंकों के आधार पर विद्यालयों का मूल्यांकन कर उन्हें स्वर्ण, रजत और कांस्य श्रेणी की रैंकिंग में रखा जाएगा। हर श्रेणी में टॉप 10 विद्यालयों को रखे जाने की व्यवस्था है।

बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें 54 यूपी बोर्ड के हैं जबकि शेष सीबीएसई बोर्ड के हैं। दोनों बोर्डों से जुड़े विद्यालयों की रैंकिंग अलग-अलग की जाएगी।

**पांच बार किया जाएगा मूल्यांकन :** यूपी बोर्ड से मान्यता प्राप्त सभी आश्रम पद्धति विद्यालयों का मूल्यांकन वर्ष में पांच बार होगा। मई, अगस्त, अक्टूबर, दिसंबर (अर्द्धवार्षिक परीक्षा) और फरवरी में (वार्षिक परीक्षा) के बाद। मई से अक्टूबर के बीच तीन बार यूनिट टेस्ट कराए जाएंगे।

समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत की ओर से विभागीय अधिकारियों के साथ सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को दिशा निर्देश भेजे गए हैं। कहा गया है कि ग्रेडिंग के लिए प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में प्रत्येक विद्यालय का पांच बार मूल्यांकन किया जाएगा।

पहला मूल्यांकन बोर्ड परीक्षा के बाद, दूसरा पहले यूनिट टेस्ट के बाद, तीसरा मूल्यांकन दूसरे यूनिट टेस्ट के बाद, चौथा मूल्यांकन अर्द्धवार्षिक परीक्षा के बाद और पांचवां मूल्यांकन वार्षिक परीक्षा के बाद होगा। विद्यालयों में यूनिट टेस्ट कराने का निर्णय पिछले शैक्षणिक सत्र में लिया गया था।

### नौ मानकों पर होगा मूल्यांकन

ग्रेडिंग के लिए नौ मानक बनाए गए हैं। मानकों के आधार पर सौ नंबरों का एक प्रारूप तय किया गया है। पहले मानक में छात्रों और शिक्षकों की मासिक उपस्थिति के दस-दस अंक तय किए गए हैं। 91 सो 100 फीसदी तक उपस्थिति पर दस अंक, 81 से 90 फीसदी उपस्थिति पर आठ अंक तय किए गए हैं। इसी क्रम में 50 फीसदी से कम उपस्थिति पर शून्य अंक दिए जाने का प्रावधान किया गया है। इसी तरह हाईस्कूल और इंटर के परीक्षा परिणाम, पढाई के साथ सांस्कृतिक और खेलकूद की उपलब्धियों, विद्यालय की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था, नवाचार, स्प्लिट ऑफ सिलेबस (समयावधि में पाठ्यक्रम की पूर्णता), ऑनलाइन शैक्षणिक कार्यक्रम, स्कूल की क्रियाशीलता और विद्यालय के छात्र-छात्राओं के सीयूईटी, नीट, जेईई और क्लैट की परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन को मानकों में रखा गया है।

### मात्र दो विद्यालयों ही ए श्रेणी में

यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटर के परीक्षा परिणाम आने के बाद विभाग ने यूपी बोर्ड से जुड़े 51 विद्यालयों की ग्रेडिंग कराई, तो सिर्फ दो विद्यालय (सर्वोदय बालिका विद्यालय, कौड़िहार प्रयागराज और सर्वोदय विद्यालय मेहरौना, देवरिया) ही ए श्रेणी में आए। हमीरपुर, महोबा, बांदा, कानपुर नगर और कौशाम्बी के पांच विद्यालय बी श्रेणी में अपनी जगह बना पाए। बाकी 44 विद्यालय 'सी' और 'डी' श्रेणी में हैं।

# राजनीतिक हस्तियों ने अतुल अंजान के निधन पर जताया शोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा सांसद राकेश सिन्हा समेत अन्य राजनेताओं एवं बुद्धिजीवियों ने दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार :** वामपंथी राजनीति में अपना एक अलग स्थान रखने वाले अतुल कुमार अंजान के शुक्रवार को हुए निधन पर राजनीतिक दलों और तमाम सामाजिक संगठनों ने अपनी-अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। भाजपा सांसद राकेश सिन्हा, रालोद जयंत चौधरी समेत अन्य राजनेताओं एवं बुद्धिजीवियों ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जयंत ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अतुल अंजान के निधन से मैं स्तब्ध हूं। वो एक बहादुर और समर्पित लोक सेवक थे।

मुखर और सक्रिय कम्युनिस्ट नेताओं में से एक अतुल अंजान के लिए राजधानी समेत देश के अन्य भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यालयों में शोकसभा का आयोजन किया गया। अतुल अंजान उत्तर प्रदेश के चर्चित पुलिस-पीएसी विद्रोह के प्रमुख नेतृत्वकर्ताओं में से एक थे। उन्होंने अपने राजनीतिक सफर के दौरान चार साल नौ महीने जेल में भी बिताए। उनके पिता डॉ. एपी सिंह एक अनुभवी स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन की गतिविधियों में भाग लिया। इसके लिए उन्होंने ब्रिटिश जेल में लंबी सजा काटी थी। अतुल अंजान किसानों और श्रमिकों के हितों के प्रति उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता ने लोगों से प्रशंसा और सम्मान जीता था।

# देश को आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाना चाहते हैं प्रधानमंत्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



राजाजीपुरम में सभा को संबोधित करते भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक पंकज सिंह।

**अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक पंकज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य भारत को आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए भाजपा श्रीराम के आदर्शों पर आगे बढ़ेगी।

विधायक ने उक्त बात राजाजीपुरम में उद्योग व्यापार मंडल और डीडीएस लॉन पारा बुद्धेश्वर विकास महासभा की ओर से आयोजित सभा में कही। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास पर भरोसा करती है। आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस लोगों को गुमराह करने और भावनाओं के साथ खेलने में माहिर हैं।

दूसरी ओर कैंट स्थित गुरुद्वारा कम्यूनिटी हाल में सर्वधर्म सद्भावना सभा का आयोजन किया गया। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि सनातन का मतलब हर जगह व्याप्त होना है। इस दौरान भाजपा नेता नीरज सिंह, महंत दिव्या गिरी महाराज, डोनाल डिसूजा कैथोलिक प्रवक्ता, डॉ. गुरमीत सिंह, राजेंद्र सिंह बग्गा, मौलाना नासिर आदि मौजूद रहे।

# भाजपा जीती तो देश में दीपावली, कांग्रेस की जीत पर पाकिस्तान में मनेगा जश्न

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- मुख्यमंत्री ने चुनावी जनसभाओं के लिए रवाना होने से पहले सरकारी आवास पर मीडिया से की बात

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को पाकिस्तान से कांग्रेस के समर्थन में उठी आवाज पर राहुल गांधी और इंडी गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस का हाथ देश के दुश्मनों के साथ है। संभल, बदायूं और आंवला लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करने के लिए रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर मीडिया से इस विषय पर बात की।

योगी ने कहा कि अगर मोदी और भाजपा जीतते हैं तो देश में दीपावली मनाई जाती है तो वहीं कांग्रेस की जीत पर पाकिस्तान में जश्न मनाया जाता है। इस अंतर को देश की जनता को समझना चाहिए और देश विरोधी तत्वों को नकार देना चाहिए।

योगी ने कहा कि चुनाव आज चरम पर पहुंच चुका है। स्वाभाविक रूप से जो देश के दुश्मन हैं वह चुनाव के दौरान मोदी के पक्ष में जो माहौल है उसको खराब करने का भरसक प्रयास करेंगे। कुछ चीजें पूरे देश की जनता को देखनी चाहिएं कि कैसे पाकिस्तान राहुल गांधी को प्रोजेक्ट कर रहा है।

योगी के मुताबिक, पाकिस्तान सरकार का एक पूर्व मंत्री जो बेशर्मी के साथ पुलवामा की घटना का समर्थन करता है, वहीं व्यक्ति आज राहुल गांधी को सपोर्ट कर रहा है और राहुल गांधी को लेकर प्रफुल्लित हो रहा हो। यह दिखाता है कि कांग्रेस का हाथ, देश के दुश्मनों का साथ दोनों साथ हैं।

ये दिखाता है कि मोदी जीतेंगे तो भारत में दीपावली होगी, लेकिन यदि कांग्रेस कहीं पर सफलता प्राप्त करे तो पाकिस्तान उससे प्रफुल्लित हो रहा है। देश की जनता को इन बयानों से सजग होना चाहिए और समझना चाहिए कि इसके पीछे भारत विरोधी ताकतों की मंशा क्या है।

# राजनाथ के चौथे प्रस्तावक ने जमा किए प्रपत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिहं के चौथे प्रस्ताव राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार को प्रस्तावक संबंधी प्रपत्र दिए।

बता दें कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने 29 अप्रैल को लखनऊ लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल किया था। उनके तीन प्रस्तावक डॉ. एलपी मिश्रा, डॉ. गुरमीत सिंह और डॉ. अशोक कुमार श्रीवास्तव ने उसी दिन प्रस्तावक संबंधी प्रपत्र जमा कर दिए थे। अग्रवाल ने शुक्रवार दोपहर लगभग 12:15 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रपत्र जमा किए। वहीं पूर्वी विधानसभा से उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव के अन्य दो प्रस्तावकों पार्षद पूजा जसवानी और पूर्व पार्षद रामकुमार वर्मा ने भी प्रपत्र जमा किए। इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, लोकसभा चुनाव संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा, रमेश तूफानी और पवन धवन आदि मौजूद रहे।


जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार को प्रपत्र सौंपते राजेंद्र कुमार अग्रवाल, साथ में भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी।

# लखनऊ-मोहनलालगंज संसदीय सीट से 26 ने किया नामांकन

## लखनऊ लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के डॉ. आशुतोष वर्मा और किरन ने भरा पर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखऊ


कलेक्ट्रेट में लखनऊ लोकसभा सीट के लिए समाजवादी पार्टी से दूसरे प्रत्याशी के रूप में पर्चा दाखिल करने पहुंचे डॉ. आशुतोष वर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लखनऊ-मोहनलालगंज संसदीय सीट के लिए शुक्रवार को 26 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन करने वाले प्रत्याशियों में समाजवादी पार्टी के डॉ. आशुतोष वर्मा, किरन और आम आदमी पार्टी से सौंदर्य रंजन शामिल रहीं।

लोकसभा की दोनों सीटों और पूर्वी विधानसभा की सीट के लिए 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई थी। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बताया कि लखनऊ लोकसभा से 19 नामांकन, मोहनलालगंज लोकसभा से 7 नामांकन और पूर्वी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए 2 प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

- पूर्वी विधानसभा के लिए दो ने भरा पर्चा, आज भी बांटे गए नामांकन पत्र

उन्होंने बताया कि लखनऊ लोकसभा सीट से अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी से कविता निगम, राष्ट्रवादी जन समाज पार्टी से मोहम्मद अकरम अंसारी, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी आफ इंडिया से मो. अहमद, आप से सौंदर्य रंजन, आजाद समाज पार्टी से रेखा भारती, बहुजन मुक्ति पार्टी से विद्या शंकर मिश्रा, समाजवादी पार्टी से डॉ. आशुतोष वर्मा, संयुक्त जन संदेश पार्टी से भगवानदीन, निर्दलीय सय्यद जिशान अहमद, मुस्लिम मजलिस उत्तर प्रदेश से मोहम्मद रईस, निर्दलीय पीसी कुरील, आजाद अधिकार सेना पार्टी से राघवेंद्र कुमार सैनी, निर्दलीय निरंजन कुमार पांडेय, निर्दलीय मिरदुल कुमार श्रीवास्तव, समाजवादी पार्टी से किरन, भारतीय कृषक दल से विनय प्रकाश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय समाज प्रकाश पार्टी से पारस पांडे, निर्दलीय लोकेश श्रीवास्तव, निर्दलीय प्रशांत कुमार मिश्रा ने पर्चा भरा। वहीं एक मई को लखनऊ लोकसभा सीट से पर्चा दाखिल कर चुके सपा प्रत्याशी रविदास मल्होत्रा शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार को नामांकन पत्र का दूसरा सेट दिया।

दूसरी ओर मोहनलालगंज संसदीय सीट से निर्दलीय संदीप कुमार रावत, निर्दलीय विजय कुमार, निर्दलीय संतोष कुमार, निर्दलीय जितेंद्र कुमार, निर्दलीय दिशा गौतम, निर्दलीय राजरानी, निर्दलीय महेंद्र ने नामांकन दाखिल किया। पूर्वी विधानसभा से जन क्रांति दल से आशुतोष कुमार और निर्दलीय विनोद कुमार वाल्मीकि ने पर्चा भरा। वहीं दूसरी ओर लखनऊ लोकसभा के लिए 5, मोहनलालगंज (अज) के लिए 1 नामांकन और पूर्वी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 1 नामांकन पत्र वितरित किया गया।

### दोनों संसदीय सीट से 63 और विधानसभा के लिए 6 ने किया नामांकन

लखनऊ-मोहनलालगंज लोकसभा और पूर्वी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए शुक्रवार को नामांकन का अंतिम दिन था। मोहनलालगंज लोकसभा सीट पर कुल 22, लखनऊ लोकसभा सीट पर 41 और पूर्वी विधानसभा सीट के लिए 6 नामांकन दाखिल किए गए। शनिवार को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट में नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 6 मई को नामांकन वापस लिए जा सकते हैं।


## वर्ग पहेली-59

**बाएं से दाएं**

3. 1. माल का वास्तविक मूल्य, कीमत 2. धन-दौलत 3. कीमती चीज़, मूल्यवान वस्तु।
4. एक अरबी वाद्ययंत्र।
6. 1. आग सुलगाने के लिए पंखे
7. 1. शौरसेन प्रदेश की भाषा 2. शौरसेन प्रांत की प्राचीन प्राकृत भाषा जिससे आधुनिक खड़ी बोली का विकास हुआ है।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी की अधीनता और दीनता स्वीकार कर लेना 2. नमस्कार, अभिवादन सलाम, नमस्ते 3. ईश्वरीय आराधना, उपासना, पूजा।
2. प्राणियों के पेट की वह लंबी नली जिसमें उसके द्वारा खाई गई वस्तुओं का चयापचय होता है, आंत, तांत। (मु.)-टटोलना : किसी के मन की बात जानने का प्रयास करना। अंतड़ियां जलना : भूख से बेचैन होना। अंतड़ियां जलाना : किसी लक्ष्य के लिए कठोर श्रम या त्याग करना।
3. 1. वातावरण, परिवेश 2. परिस्थिति।
4. 1. जिसे दिखाई देता हो, दृष्टिवाला 2. बुद्धिमान, समझदार।
5. वह बिंदु जिसपर किरणें एकत्र होकर मिलें।



### वर्ग पहेली -58 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 नि | षू | द | न | | | 2 मो |
| रं | | | | 3 खं | | धू |
| भ | | | 4 कुँ | ज | ड़ा | |
| | 5 खि | ल | वा | ड़ी | | 6 चा |
| | लं | | री | | | र |
| | द | | | 7 खु | र | पा |
| 8 ध | रा | शा | यी | | | ई |

## सुडोकू-138

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 4 | | | | |
| | 7 | | 5 | | | | | |
| | | | | | 2 | | | |
| 2 | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | 1 | | | 5 | | 9 | |
| 3 | | 8 | | | | | | |
| | | | 9 | | | | 7 | |
| 9 | | 4 | | | 1 | | 5 | |
| | 8 | 6 | | 5 | | 2 | | |

### सुडोकू -137 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 2 | 7 | 3 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 8 | 7 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 5 |
| 8 | 2 | 1 | 9 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 |
| 9 | 7 | 6 | 3 | 2 | 4 | 8 | 5 | 1 |
| 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 7 | 1 | 3 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 |
| 6 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 5 | 3 | 8 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 7 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 मई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 20 .38 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**मेष** – आज व्यापार में धैर्य से काम लेने के कारण बड़ा लाभ मिल सकता है। बीमार लोगों के रोग मुक्ति की संभावना है। जॉब में मनोवांछित उन्नति मिल सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। प्रतिष्ठित लोगों के बीच आपकी पहचान बनेगी।

**वृष** – आज उच्च शिक्षा में अच्छी संभावना मिल सकती है। नए संबंधों का भरपूर लाभ उठाएंगे। अपनी बातों से लोगों को आकर्षित कर पाएंगे। आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। प्रेम संबंधों को लेकर असहजता दूर होगी। संतान के करियर की चिंता रहेगी।

**मिथुन** – आज आर्थिक स्थिति में धीरे-धीरे सुधार आएगा। व्यर्थ के तनाव से स्वयं को दूर रखें। सरकारी कार्यों में अवरोध आएगा। व्यवसाय में लाभ की स्थिति कमजोर हो सकती है। हृदय रोगियों को स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

**कर्क** – आज कुछ लोग आपको लक्ष्यों से भटकाने का प्रयास कर सकते हैं। मन :स्थिति थोड़ी विचलित रहेगी। कब्ज की समस्या हो सकती है। दूर की यात्रा न करें तो हितकर होगा। अनावश्यक मामलों में पड़ने से आपका समय बर्बाद हो सकता है।

**सिंह** – आज व्यावसायिक यात्रा हो सकती है। कोई भी कार्य करने से पहले उसकी योजना अवश्य बना लें। पार्टनरशिप वाले व्यवसाय में आपको लाभ होगा। अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से निभाने के कारण आप के ऊपर लोग काफी विश्वास करेंगे।

**कन्या** – आज आपके वाक चातुर्य से लोग प्रभावित होंगे लेकिन झूठ न बोलें। धार्मिक कार्यों में धन खर्च करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। सरकारी कार्यों में कुछ अवरोध आएगा, लेकिन उसे संभाल लेंगे।

**तुला** – आज अपनी गुप्त बातें किसी से साझा न करें। भावुक होकर किसी पर भरोसा न करें। अपने व्यक्तिगत जीवन में दूसरों का हस्तक्षेप न होने दें। संतान के भविष्य को लेकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ेंगे। पहले लिए गए निर्णय आपको बदलने पड़ सकते।

**वृश्चिक** – आज आपके मनोनुकूल कार्य नहीं होंगे। बुरी संगत के कारण प्रतिष्ठा धूमिल हो सकती है। अस्थमा के रोगियों की समस्या बढ़ सकती है। व्यापार में नए समझौते करने पड़ सकते है। पूजा-पाठ में मन नहीं लगेगा।


**धनु** – आज ऑफिस के काम से आपको टूर करना पड़ सकता है। आशा से अधिक अच्छा परिणाम प्राप्त होने से उत्साहित रहेंगे। आप किसी कानूनी मामले को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। मित्रों के साथ पुरानी यादें ताजा करेंगे।

**मकर** – आज लोग आपसे ईर्ष्या की भावना रखेंगे। मन से कमजोरी न मानें। कुटुंबजनों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। अनावश्यक कार्यों से दूरी बनाकर रखें। प्रेम संबंधों को लेकर परिवार में स्वीकृति बन सकती है।

**कुंभ** – आज मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। अचानक धन लाभ प्राप्त हो सकता है। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में जो रुकावटें आ रही थी वो दूर होंगी। गूढ़ विषयों का अध्ययन करेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**मीन** – आज किसी उलझे हुए मामले को लेकर तनावग्रस्त हो सकते हैं। स्त्रियों को यूरिन संक्रमण जैसी समस्या हो सकती है। परिवार और कामकाज में असंतुलन जैसी स्थिति रहेगी। बिना पूछे किसी को सलाह न दें वरना अपयश झेलना पड़ सकता है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 22 .07 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- हिरासत – सुबह : 10 .44
- एक और एक ग्यारह – रात : 07 .03

&pictures
- मैं तेरा हीरो – सुबह : 10 .07
- छतरीवाली – रात : 08 .00

Sony Pix
- बैटमैन बिगिन्स – सुबह : 10 .17
- सीजे 7 – रात : 07 .40

Zee Cinema
- हम आपके हैं कौन – सुबह : 09 .45
- मोहरा – शाम : 04 .50

Colors Cineplex
- ये जवानी है दीवानी – सुबह : 09 .28
- दृश्यम 2 – शाम : 06 .05

### आज की सुपरहिट फिल्म



कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 06 .05 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

यात्री- क्या मैं यहां एक सिगरेट पी सकता हूं?
स्टेशन मास्टर- नहीं यहां सिगरेट पीना सख्त मना है।
यात्री - फिर यहां इतने सिगरेट के टुकड़े कैसे पड़े हैं?
स्टेशन मास्टर - ये उन लोगों ने फेंके हैं, जो पूछते नहीं है।

दुकानदार- बताइए जनाब क्या चाहिए ?
चिंटू- अपने होने वाली बीवी के कुत्ते के लिए केक चाहिए।
दुकानदार- यहीं खाओगे या पैक कर दूं?

# भाजपा जीतेगी चौथी बार या साइकिल भरेगी रफ्तार

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** पांचाल देश की राजधानी व महाभारत युगीन इतिहास को समेटे आंवला की सियासत का रण भी इस बार काफी रोमांचक है। चुनावी पिच पर जीत का ख्वाब लेकर उतरने वाले सियासी सूरमाओं की राह आसान नहीं है, इस बात से सभी दल वाकिफ हैं। अब जोर आजमाइश में कोई किसी से कम नहीं है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि दावों और वादों के पिटारे के सहारे किस दल का प्रत्याशी मतदाताओं के दिल में जगह बना पाता है, या वोटों के ध्रुवीकरण से ही जीत का रास्ता तय होगा। फिलहाल बढ़ती जा रही गर्मी और करीब आ रही मतदान की तारीख ने आंवला की सियासत का तापमान और बढ़ा दिया है।

आंवला लोकसभा क्षेत्र की सियासत भी बरेली सीट जैसी ही है, बस यहां समीकरण कुछ बदले हैं। भाजपा ने पुराने चेहरे धर्मेंद्र कश्यप पर जीत का दांव लगाया है। सपा ने जातिगत समीकरण देखते हुए पिछड़ा वर्ग के दो बार के विधायक रहे चुके नीरज मौर्या को साइकिल दौड़ाने के लिए मैदान में उतारा है। बसपा ने आंवला के मौजूदा चेयरमैन आबिद अली पर भरोसा जताया है। वैसे तो आंवला के रण में नौ पहलवान अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, लेकिन सीधे तौर पर यहां लड़ाई भाजपा और सपा के बीच नजर आ रही है। हालांकि, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि बसपा का हाथी सपा का खेल बिगाड़ने की कोशिश नहीं करेगा। अब यह बात दीगर है कि आबिद अली मुस्लिम मतदाताओं के कितना रहनुमा बन पाते हैं या फिर मुस्लिम, यादव और मौर्य वोटों के सहारे सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य कुछ करिश्मा कर दिखाएंगे। भाजपा यहां लगातार चौथी बार जीत के लिए प्रयास कर रही है।


धर्मेंद्र कश्यप।


नीरज मौर्या।


आबिद अली।

- दो बार से जीत रहे भाजपा के धर्मेंद्र कश्यप के सामने जीत की हैट्रिक लगाने की चुनौती
- मुस्लिम, यादव और मौर्य मतों के ध्रुवीकरण से सपा को दिखा रहा जीत का समीकरण
- बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी उतारकर सपा की मुश्किल बढ़ाई, भाजपा को मिली राहत की सांस

### इस बार बदल गए हैं चुनावी समीकरण

- 2019 के लोकसभा चुनाव में आंवला सीट से भाजपा के धर्मेंद्र कश्यप ने 5,37,675 वोट पाकर जीत हासिल की थी। बसपा की रुचि वीरा 4,23,932 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रही थी। कांग्रेस के कुंवर सर्वराज सिंह 62548 वोट पाकर तीसरे नंबर पर थे, लेकिन इस बार गठबंधन में सीट सपा के पास है। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी उतारा है, जबकि कांग्रेस के सर्वराज सिंह गठबंधन के प्रत्याशी नीरज मौर्य के समर्थन में हैं। सर्वराज सिंह का क्षेत्र में रसूख बताया जाता है। 2014 के चुनाव में धर्मेन्द्र कश्यप को 409907 वोट मिले थे। उन्होंने कुंवर सर्वराज सिंह को 138429 वोटों से हराया था।

### भाजपा ने नाराजगी को किया दूर!

- सपा-बसपा दोनों ने जातिगत संतुलन साधते हुए उम्मीदवारों का चयन किया है। ऐसे में भाजपा के दो बार के सांसद और प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के सामने भी चुनौतियां कम नहीं है। उनके लिए इस बार अपना ही प्रदर्शन दोहराना बड़ी चुनौती है। इसकी एक वजह चुनावी रण सजने के बाद उनकी ओर से कुछ वर्ग के लोगों को लेकर की गई कथित टिप्पणियों से उपजी नाराजगी है। हालांकि, भाजपा के बड़े नेता लगातार लोगों की नाराजगी दूर करने की कोशिश कर रहे हैं।
- पिछले दिनों लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद की मौजूदगी ब्राह्मण सम्मेलन में पूर्व विधायक पप्पू भरतौल को मंच पर लाना ब्राह्मणों की नाराजगी को कम करने की दिशा में ही प्रयास थी। इसके साथ ही आंवला लोकसभा क्षेत्र में चार दिन के अंदर मुख्यमंत्री की दो जनसभाएं और मंच से क्षत्रिय नेताओं का नाम लेकर नाराज इस वर्ग को साधने का काम किया गया है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को फरीदपुर की सभा में भी सपा-बसपा पर जमकर बरस गए। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की जनसभा कराकर पिछड़े वर्ग के मतदाताओं को पाले में करने की कोशिश हो चुकी है।

### मतदाताओं का जातीय समीकरण अनुमानित

| | |
|---|---|
| मुस्लिम | 3.75 लाख |
| क्षत्रिय | 2.30 लाख |
| जाटव | 2.80 लाख |
| ब्राह्मण | 1.30 लाख |
| यादव | 1.80लाख |
| कश्यप | 1.45 लाख |
| शाक्य/मुराव | 1.65 लाख |
| वैश्य | 82 हजार |
| कायस्थ | 15 हजार |
| कुर्मी | 35 हजार |
| गड़रिया | 35 हजार |
| लोध | 37 हजार |
| वाल्मीकि | 50 हजार |
| अन्य मतदाता | 18 हजार |

### 2019 का वोट शेयर

| भाजपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| 51.07 % | 40.27 % | 5.94 % |

### 2014 का जनादेश

| भाजपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| 41.16 % | 27.26 % | 9.43 % |

### विधानसभा वार मतदाता

| | |
|---|---|
| आंवला | 320911 |
| बिथरी चैनपुर | 406141 |
| फरीदपुर | 338074 |
| दातागंज | 414000 |
| शेखूपुर | 402273 |
| कुल मतदाता | 18,81,399 |



**आंवला लोकसभा सीट**

### कांग्रेस-सपा और भाजपा के खाते में रही है सीट

- आंवला लोकसभा सीट पहले कांग्रेस फिर भाजपा-सपा के पाले में रही है। कांग्रेस से सावित्री श्याम 1967, 1971 में सांसद चुनी गईं। 1984 में कल्याण सिंह सोलंकी सांसद बने। स्व. ब्रजराज सिंह उर्फ आछूबाबू ने 1962 में जनसंघ और 1977 में बीएलडी (भारतीय लोक दल) से चुनाव लड़कर जीत हासिल की थी। 1980 में स्व. जयपाल सिंह कश्यप जनता पार्टी से सांसद बने। इसके बाद यह सीट भाजपा और सपा के बीच में आती-जाती रही। वर्ष 1996, 1999 में सपा के टिकट से कुंवर सर्वराज सिंह सांसद चुने गए। 2004 में भी उन्होंने भाजपा-जदयू गठबंधन से यह सीट जीती। वहीं, भाजपा के राजवीर सिंह 1989, 1991, 1998 में सांसद बने। 2009 में मेनका गांधी संसद पहुंची। 2014 के चुनाव में धर्मेंद्र कश्यप सांसद बने। आंवला संसदीय क्षेत्र में आंवला, बिथरीचैनपुर, फरीदपुर, बदायूं की दातागंज और शेखूपुर विधानसभाएं आती हैं। इन पांचों सीटों पर भाजपा का कब्जा है।

**2019** लोकसभा चुनाव में भाजपा के धर्मेंद्र कश्यप ने 5,37,675 वोट पाकर जीत हासिल की थी।

**02** नंबर पर बसपा की रुचि वीरा 4,23,932 वोट पाकर रही थीं पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में



### बेसहारा पशुओं की समस्या नहीं बन सकी चुनावी मुद्दा

आंवला क्षेत्र की बड़ी आबादी आजीविका के लिए खेती पर निर्भर हैं। लोगों की सबसे बड़ी समस्या बेसहारा पशु हैं। यह मुद्दा उनके लिए बड़ा है। पिछले कई सालों से इस समस्या से किसान जूझ रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी चुनावी मौसम में यह मुद्दा कहीं गुम सा है। विपक्ष भी इस मुद्दे को उछाल नहीं पा रहा है।

## फतेहपुर में फंसी सपा की प्रतिष्ठा

**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी ने फतेहपुर सीट पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम को मैदान में उतारा है। जबकि भाजपा से केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति और बसपा से डॉ. मनीष सचान मैदान में हैं। सपा की प्रतिष्ठा इस सीट पर इसलिए भी फंसी है क्योंकि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष खुद ही मैदान में हैं। पार्टी पदाधिकारियों के मुताबिक जल्द ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इस सीट पर जनसभा करेंगे। ताकि नरेश उत्तम की जीत सुनिश्चित हो सके।

भाजपा भी यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा कराने की कोशिश कर रही है। उम्मीद है कि कार्यक्रम की तिथि जल्द ही मिल जाएगी। बसपा मुखिया मायावती और राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद भी यहां सभा करेंगे।



**उपलब्धि गिनाई** अहमदाबाद में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चुनावी सभा में कांग्रेस पर जमकर तीर चलाए। आतंकवाद और पाकिस्तान के मुद्दे पर पार्टी को घेरा।

### अखिलेश के गढ़ में कल जनसभा करेंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**इटावा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच मई को इटावा के ढकपुरा नगरिया में जनसभा को संबोधित करेंगे। इटावा सीट से भाजपा से रामशंकर कठेरिया मैदान में हैं। वह केंद्र सरकार में मंत्री भी रहे हैं। उनके सामने बसपा से पूर्व सांसद सारिका सिंह बघेल मैदान में हैं तो सपा से जितेंद्र दोहरे। प्रधानमंत्री की रैली उस जगह हो रही है जहां आसानी से मैनपुरी और कन्नौज सीट के कार्यकर्ता भी आ सकेंगे। भाजपा की कोशिश है कि प्रधानमंत्री इस रैली से कन्नौज, मैनपुरी और इटावा संसदीय सीट के मतदाताओं को साध लें। कन्नौज में तो भाजपा सांसद सुब्रत पाठक के सामने सपा प्रमुख अखिलेश यादव मैदान में हैं। इसी तरह मैनपुरी में अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव और भाजपा से प्रदेश सरकार में मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह मैदान में हैं। भाजपा इन तीनों सीटों को हर हाल में जीतना चाहती है।

## मुश्किल में भाजपा तो शिवपाल भी फंसे दिख रहे

**बेटे के लिए लगा रहे जोर**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं




- भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय के लिए मोदी, योगी, राजनाथ और अमित शाह कर चुके हैं जनसभा
- बेटे आदित्य को जिताने में शिवपाल लगाए हैं पूरा जोर, अखिलेश भी बना गए माहौल
- बसपा के मुस्लिम खान का माहौल बनाने के लिए आ चुकी हैं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती

**अमृत विचारः** बदायूं संसदीय सीट भाजपा और सपा के प्रत्याशियों के साथ दोनों दलों के प्रमुख नेताओं के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गई है। भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य के समर्थन में प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, रक्षामंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री तक यहां आकर जनसभा कर चुके हैं। बसपा प्रमुख मायावती भी अपने प्रत्याशी मुस्लिम खान के लिए माहौल बनाने आ चुकी हैं। सपा नेता शिवपाल सिंह तो अपने बेटे आदित्य यादव को जिताने के लिए डेरा डाले हैं, तो सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी जोश भर गए हैं। दोनों ओर से एक से एक पैने चुनावी तीर छोड़े जा रहे हैं।

समाजवादी पार्टी के लिए बदायूं संसदीय सीट पारिवारिक सीट रही है। बदायूं लोकसभा सीट से धर्मेंद्र यादव दो बार सांसद रहे हैं। इस लोकसभा सीट के सहसवान और गुन्नौर विधानसभा सीट से सपा मुखिया मुलायम यादव जीत दर्ज कर मुख्यमंत्री रह चुके हैं। 2019 में भाजपा की डॉ. संघमित्रा मौर्य ने धर्मेंद्र यादव को हराकर सीट सपा से छीन ली थी। 2024 में इस सीट को दोबारा हासिल करने के लिए समाजवादी पार्टी एड़ी-चोटी का जोर लगाए हुए है। सपा ने दिग्गज नेता शिवपाल सिंह को मैदान में उतारा था, लेकिन कुछ दिनों बाद शिवपाल के बेटे आदित्य यादव को उम्मीदवार घोषित कर दिया। बेटे को जिताने के लिए शिवपाल मशक्कत करते नजर आ रहे हैं। अखिलेश यादव ने जनसभा में भाजपा पर महंगाई को लेकर जमकर तीरे छोड़े। उधर, भाजपा इस सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखना चाहती है। भाजपा की ओर से अब तक डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य और स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो चुनावी सभाएं कर चुके हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी आ चुके हैं। गृह मंत्री अमित शाह की भी रैली हो चुकी है। बरेली के देवचरा में प्रधानमंत्री मोदी ने रैली कर बदायूं का चुनावी माहौल साधने का प्रयास किया था। इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के लिए बसपा भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती। दो बार पार्टी के प्रत्याशी यहां दूसरे नंबर पर रह चुके हैं। इसके साथ ही बसपा अध्यक्ष मायावती भी बिल्सी से चुनाव जीत कर मुख्यमंत्री बन चुकी हैं। उन्होंने भी अपने परंपरागत वोट और मुस्लिम मतदाताओं के दम पर प्रत्याशी को मैदान में उतारा है। मायावती इस्लामनगर में चुनावी रैली कर चुकी हैं।

स्थिति ऐसी बन चुकी है कि उम्मीदवार चुनावी मैदान में सपा-भाजपा के दिग्गज नेता ज्यादा जोर लगाए हैं। गुरुवार को चुनावी सभा में गृह मंत्री अमित शाह सपा और कांग्रेस को परिवारवाद से जुड़ी और आतंकवाद तथा गुंडागर्दी को बढ़ावा देने वाली पार्टी बता चुके हैं। इसके जवाब में अखिलेश ने भाजपा पर निशाना साधने के साथ ही सरकार बनने पर कर्जमाफी, मुफ्त डाटा, स्टेडियम , नौकरियों का लॉलीपॉप दिया था। मायावती भी अपनी सबा में सपा और भाजपा पर सियासी तीर चलाने में पीछे नहीं रही थीं।

**नारी सशक्तिकरण** 17 लोकसभा चुनावों में कूद चुके 203 प्रत्याशी, सभी राजनीतिक दलों ने की उपेक्षा

## ...अब तक तो नहीं मिली आधी आबादी को तरजीह

राजेश सिंह, हमीरपुर

- चार चुनावों में पांच महिलाएं निर्दलीय उतर लगा चुकीं दांव
- आजादी के बाद से पुरुषों के ही हाथ में रहा है संसदीय क्षेत्र



**अमृत विचार।** हमीरपुर सीट पर वर्ष 1952 से अब तक 203 प्रत्याशी चुनाव मैदान में कूद चुके हैं, लेकिन महिलाओं को किसी भी राजनीतिक दल ने तवज्जो नहीं दी है। हालांकि इन प्रत्याशियों में पांच महिलाएं निर्दलीय रूप से चुनावी मैदान में कूदीं और वह राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के आगे इन्हें कुछ ही वोट पाकर संतोष करना पड़ा। इस चुनाव में भी आधी आबादी को तरजीह नहीं मिली है। पिछले सितंबर 2023 में जब संसद में जब नारी शक्ति वंदन आरक्षण पास हुआ तो लगा कि अन्य दल न सही लेकिन भाजपा किसी महिला प्रत्याशी को उतार कर इस पर अमल कर सकती है।

देखा जाए तो आजादी के बाद से यह संसदीय क्षेत्र पुरुषों के ही हाथ में रहा है। शुरुआती चुनावों पर गौर करें तो पहली बार हुए 1952 के चुनावों में यहां से पांच प्रत्याशी चुनावी अखाड़े में कूदे। वहीं 1957 में चार, 1962 में पांच, 1967 में तीन, 1971 में छह व 1977 में चार प्रत्याशियों ने भाग्य आजमाया। इधर 1980 के चुनावों के बाद जितने भी चुनाव हुए सभी में 10 से अधिक प्रत्याशी चुनावी अखाड़े में कूदे। वर्ष 1996 में सर्वाधिक 41 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरने के साथ मतदाताओं से वोट मांगे। इधर पिछले लोकसभा चुनावों में गौर करें तो कुल पांच महिलाएं चुनाव में उतर चुकी हैं। इनमें चार निर्दलीय तो एक लोकदल से मैदान में कूदी थीं। सबसे पहले वर्ष 1980 में हुए चुनाव में संसदीय क्षेत्र में कुल 622309 मतदाताओं में 325172 में वोट डाले। तब निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ीं ताहिरा खान को मात्र 3223 मत ही मिल सके। जो कुल पड़े मतों का 0.99 फीसदी रहा। वहीं वर्ष 1984 में मैदान में उतरी निर्दलीय प्रत्याशी पार्वती 5389 मत ही पा सकीं। जो कुल मतों का 1.42 फीसदी था। इसके बाद 2004 तक चुनाव मैदान में महिला प्रत्याशियों की संख्या शून्य रही।

वर्ष 2009 में लोकदल से मैदान में कूदीं क्रांति को मात्र 1.2 फीसदी कुल 1854 मत प्राप्त हुए। वर्ष 2014 में निर्दलीय के रूप में विमलेश यादव और किरन चुनाव में उतरीं। इसमें विमलेश को 23137 मत मिले। जबकि किरन को मात्र 4079 मत प्राप्त हो सके।

### अध्यक्ष पद पर चुनाव न लड़ पाने से नाराज हो उतरी थीं विमलेश

- राठ विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के बीच अच्छी खासी दखल रखने वाले भूपेंद्र यादव को कई बार चुनावों में विभिन्न दलों के नेताओं ने वोट दिलाने के नाम पर उनका उपयोग किया। समाजवादी पार्टी में रहते हुए भी इस दल के नेता इनसे दूरी बनाते रहे। राजनीतिक जानकारों की मानें तो वर्ष 2012 से 2017 तक प्रदेश में सपा सरकार रही। उसी दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव हुए। तब जलालपुर जिला पंचायत सदस्य की सीट भूपेंद्र यादव की पत्नी जीतीं। लेकिन जिला पंचायत अध्यक्ष पद को लेकर हुए विवाद में इन्हें दूर रखा गया। सपा से नाखुश भूपेंद्र ने पत्नी विमलेश को लोकसभा चुनाव लड़ा कर इसका बदला लिया।


**भीड़ का उत्साह** फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में प्रियंका गांधी वाड्रा के रोड शो में जमकर भीड़ उमड़ी।

इलेक्शन बायस्कोप



लोकतंत्र के उत्सव को इन दिनों स्कूलों में भी मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज, लखनऊ की ओर से बाबू बनारसी दास वार्ड लखनऊ में मतदाता जागरूकता को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें छात्राओं ने काफी दिलचस्पी दिखायी। -अमृत विचार

## उपचुनाव : प्रत्याशी ने शुरू किया जनसंपर्क

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस पार्टी से लखनऊ पूर्वी विधानसभा उपचुनाव प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान ने शुक्रवार को जनसम्पर्क की शुरुआत अरविंदो पार्क और एकता पार्क से की। प्रत्याशी ने कहा कि जनता का रुझान इस बार कांग्रेस के पक्ष में दिखा रहा है। इसके साथ ही आज कांग्रेस पार्टी के शहर अध्यक्ष शहजाद आलम सहित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ ने नेताओं ने समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष फाकिर सिद्दीकी से मध्य मुलाकात की। सपा महानगर अध्यक्ष ने समाजवादी पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत से पूर्वी विधानसभा के उपचुनाव में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आश्वासन दिया।

# राहुल के सामने विरासत बचाने की चुनौती

## ▶2019 लोकसभा चुनाव में उप्र. की रायबरेली सीट ही जीत पाई थी कांग्रेस

रमेश चन्द्र , लखनऊ

**अमृत विचार।** रायबरेली सीट पर चुनाव मैदान में उतरे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के सामने अपनी प्रतिष्ठा के साथ विरासत बचाने की चुनौती है। मोदी लहर में भी अपना गढ़ बचाने में कांग्रेस सफल रही थी। पिछले चुनाव में सोनिया गांधी ने इस सीट पर जीत दर्ज की थी।

रायबरेली सीट पर सबसे पहले 1952 में फिरोज गांधी ने चुनाव लड़ा था और यह सीट जीती थी। इसके बाद 1957 में उन्होंने फिर इस सीट पर जीत दर्ज की। बाद में इंदिरा गांधी का राजनीतिक सफर शुरू हुआ। कुछ कांग्रेस नेताओं के इस सीट पर जीत के बाद 1971 से इंदिरा गांधी ने इस सीट पर विजय हासिल की। इसके बाद 1977 व 1980 में इंदिरा फिर इस सीट से चुनी गईं। बाद के चुनाव में इस सीट पर कांग्रेस के टिकट पर विक्रम कौल, दीपा कौल व कैप्टन सतीश शर्मा ने जीत हासिल की। वर्ष 2004 में इस सीट पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने चुनाव लड़ा और उन्होंने जीत हासिल की थी। इसके बाद वह लगातार 2019 तक चुनाव जीतती रहीं।

- **1952 में सबसे पहले फिरोज गांधी ने लड़ा था चुनाव**
- **1971 में इंदिरा गांधी ने हासिल की थी जीत**







कांग्रेस के गढ़ मानी जाने वाली इस सीट पर इस बार प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की चर्चा थी। स्थानीय कांग्रेस नेताओं के साथ ही प्रदेश कांग्रेस ने भी प्रियंका के चुनाव लड़ाने की मंशा से केंद्रीय नेतृत्व को अवगत करा दिया था, पर पार्टी ने रणनीति का तर्क देकर इस सीट के साथ अमेठी सीट पर भी प्रत्याशी घोषित नहीं किया। ऐसे में नामांकन के पहले तक प्रियंका गांधी के ही चुनाव लड़ने की संभावना बनी थी।

प्रियंका गांधी को चुनाव लड़ाने की मंशा रखने वाले स्थानीय लोगों व पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच राहुल गांधी को यह सीट जीतकर उनकी झोली में डालने की चुनौती है।

### अपनी ढपली अपना राग



बजरंग बली के सच्चे भक्त होने के नाते बाबाजी और हम लोग गुंडों को ठीक करते हैं, ताकि सच्चे अर्थों में रामराज्य की स्थापना हो सके। - डॉ. मोहन यादव



न्याय की जंग में, मैं मेरे अपनों की मोहब्बत और उनका आशीर्वाद मांगता हूं। संविधान और लोकतंत्र को बचाने की इस लड़ाई में सभी मेरे साथ हैं। - राहुल गांधी



देश का प्रधानमंत्री जनता को गुमराह कर रहा है। हम रोजगार देंगे। न्याय पत्र में जो घोषणाएं की हैं वह पूरी की जाएंगी। -प्रियंका गांधी



सपा की सरकार में सपाइयों का नारा, हर खाली प्लॉट हमारा। जिस गाड़ी में सपा का झंडा उस गाड़ी में बैठा गुंडा। भाजपा राज में ऐसा कुछ नहीं। -केशव प्रसाद मौर्य

# वोट की कसौटी पर फिर राम और अयोध्या

इंदुभूषण पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** राम मंदिर मुद्दे के नाते भाजपा के लिए सियासी ऊर्जा का केंद्र समझी जाने वाली अयोध्या एक बार फिर वोट की कसौटी पर है। बगैर किसी तामझाम के बिना किसी रैली व सभा के भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह का नामांकन और नामांकन के पहले उनका रामलला के शरणागत होना ही काफी है यह बताने के लिए कि भाजपा बहुत कुछ होते हुए भी इस चुनाव में भी राम के भी भरोसे है। वह भी तब जब भव्य राम मंदिर निर्माण और उसमें रामलला की प्राणप्रतिष्ठा भी हो चुकी है।

राम मंदिर आन्दोलन शुरू हुआ तो बीते लगभग चार दशकों में कई पड़ाव आए जब वोट के लिहाज से सियासत साधने की कोशिश में अयोध्या को मोहरा बनाया गया। पहला अहम पड़ाव था वर्ष 1992 का था जब राम मंदिर आन्दोलन के दौरान भाजपा, संघ और विश्व हिन्दू परिषद के तमाम शीर्ष नेताओं की मौजूदगी में दिसम्बर 92 में अयोध्या में विवादित ढांचा ढहा दिया गया था। तब इसे हिंदुत्व के उफान का चरम माना गया था। लेकिन ठीक इसी के बाद 1993 में जब विधानसभा के चुनाव हुए तो इस लोकसभा सीट की छह विधानसभा सीटों में मात्र अयोध्या सीट ही भाजपा के हाथ आई, शेष बीकापुर, सोहावल, रुदौली और दरियाबाद विधानसभा सीटें सपा के खाते में चलीं गईं और मिल्कीपुर सीट पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का परचम लहराया। उस चुनाव में अयोध्या से भाजपा के लल्लू सिंह, मिल्कीपुर से भाकपा के मित्रसेन यादव, बीकापुर से सपा के परशुराम यादव, सोहावल से सपा के अवधेश प्रसाद और रुदौली से सपा के इश्तियाक अहमद व दरियाबाद से सपा के राधेश्याम विजई हुए थे। एक तरह से कहा जाए तो ढांचा गिराने के बाद उठी हिंदुत्व की लहर भाजपा के काम नहीं आई।

- **1993 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को केवल एक सीट पर मिली थी सफलता**
- **विधानसभा चुनाव- 2022 में चार सीटों पर जीती थी पार्टी**

दूसरा पड़ाव आया जब सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद अगस्त 2020 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। इस अवसर का भी भरपूर सियासी लाभ लेने की कोशिश हुई। इसी के बाद हुए 2022 के विधानसभा चुनाव में राम मंदिर के मुद्दे को उभारा गया और तब भाजपा यह नारा देकर चुनाव में कूदी कि.. "जो राम को लाए हैं हम उनको लायेंगे"।

चुनाव के परिणाम आए तो भाजपा का यह नारा बहुत फलीभूत होता नहीं दिखा। फैजाबाद संसदीय सीट और अयोध्या जिले की विधानसभा सीटों में दो सीटें भाजपा के हाथ से खिसक गईं। 2022 के विधानसभा चुनाव में अयोध्या से भाजपा के वेद प्रकाश गुप्ता, बीकापुर से भाजपा के अमित सिंह, रुदौली से भाजपा के रामचंद्र यादव, दरियाबाद से भाजपा के सतीश शर्मा तो चुनाव जीते लेकिन पहले की जीती हुई दो सीटें भाजपा ने सपा के हाथों गंवा दी। मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर सपा के अवधेश प्रसाद ने भाजपा विधायक गोरखनाथ बाबा को शिकस्त देकर कब्जा किया तो वहीं गोसाईगंज में सपा के अभय सिंह ने भाजपा विधायक रहे खब्बू तिवारी की पत्नी को मात देकर सीट भाजपा से छीन ली। देखा जाए तो शिलान्यास के बाद अयोध्या के सहारे वोट साधने की कोशिश भाजपा की यहां भी बहुत कामयाब नहीं रही।



### मंदिर निर्माण के बाद पहला चुनाव

राम मंदिर निर्माण और मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद हो रहे इस पहले लोकसभा आम चुनाव में भी अयोध्या को वोट की कसौटी पर भाजपा कस रही है। जाहिरा तौर पर फैजाबाद संसदीय सीट पर भाजपा के प्रत्याशी लल्लू सिंह के सामने कहीं कोई चुनौती नहीं दिख रही है लेकिन वहीं अवध क्षेत्र की अन्य सीटों पर भाजपा कड़े मुकाबले में हर जगह लगभग फंसी हुई दिख रही है। वह चाहे बाराबंकी हो अम्बेडकरनगर, बस्ती, गोंडा, बहराइच, कैंसरगंज और श्रावस्ती। इन सीटों पर कौन बाजी मार ले जाएगा कहना बहुत आसान नहीं है। इस तरह से देखा जाए तो इस चुनाव में भी भाजपा की नैया सिर्फ राम के सहारे पार होते नहीं दिख रही है। उत्तर प्रदेश में अब तक दो चरणों में हुआ फीका मतदान भी बहुत अच्छा संकेत नहीं है।

## बसपा ने उलटफेर करते हुए पांच और प्रत्याशी किए घोषित

**अमृत विचार ,लखनऊ :** बसपा ने प्रत्याशियों की 12वीं सूची में गैसड़ी विधान सभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में मो.हारिस खान को प्रत्याशी बनाने के साथ ही लोकसभा की दो सीटों पर तीसरी बार फेरबदल किया हैं।

- **पार्टी ने प्रत्याशियों को उतारकर दिखाई सोशल इंजीनियरिंग**

राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल द्वारा गुरुवार देर रात आधिकारिक सूची जारी करते हुए बताया कि वाराणसी व भदोही में फिर प्रत्याशी बदला गया है। वाराणसी में अतहर जमाल अंसारी और भदोही में हरिशंकर सिंह उर्फ दादा चौहान को उतारा है। वहीं इलाहाबाद सीट पर रमेश सिंह पटेल, बांसगांव सीट पर डॉ.राम समुझ को उतारा है। साथ ही श्रावस्ती से मुइनुद्दीन अहमद खान उर्फ हाजी दद्दन खान को प्रत्याशी बनाया गया है। सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूले का दावा करने वाली बसपा ने अभी तक 20 मुस्लिम, इतने ही सवर्ण व ओबीसी प्रत्याशी उतारे हैं, जबकि 17 ओबीसी, एक सिख प्रत्याशी को मौका दिया है।

## चुनावी चक्कर

**● अखिलेश-डिंपल की बिटिया भी हैं प्रचार में :**

मैनपुरी सीट के चुनावी मुकाबले पर भी राजनीति के बड़े नेताओं की भी नजरें हैं। एक तरफ जहां समाजवादी पार्टी ने इस सीट पर अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को प्रत्याशी बनाया है तो वहीं उनके मुकाबले भारतीय जनता पार्टी ने जयवीर सिंह को उम्मीदवार खड़ा किया है। जयवीर सिंह उप्र. सरकार में कैबिनेट मंत्री भी हैं। बहरहाल चुनाव प्रचार में कोई कमी ना रहे इसे लेकर समाजवादी पार्टी पूरे दमखम से जुटी हुई है। सपा की पारंपरिक सीट मानी जाने वाली मैनपुरी सीट पर सपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। यही वजह है कि डिंपल यादव के समर्थन में इस बार उनकी बेटी अदिति यादव भी चुनाव प्रचार करती हुई दिख रही हैं। अदिति मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर जनसम्पर्क कर रही हैं और डिंपल यादव के लिए वोट मांग रही हैं। यहां तक कि जनसभाओं में भी वह माइक हाथ में लेकर दो शब्दों में जनता से अपील कर देतीं हैं। इस बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव और उनकी पत्नी डिंपल यादव की बेटी अदिति यादव का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, अदिति को तेज गर्मी के बीच चुनाव प्रचार करना पड़ रहा है। मैनपुरी में चुनाव प्रचार के दौरान देखने को मिला कि अदिति यादव वहां क्षेत्रीय जनता के साथ बैठीं हैं। गर्मी के कारण आस-पास के लोग उन्हें हाथ वाले पंखे से हवा भी चला रहे थे। इसी बीच किसी ने अदिति को ही हाथ वाला पंखा दे दिया। पहली बार हाथ वाला पंखा अपने हाथों में पकड़ कर अदिति यादव ने पंखे से हवा लेने का प्रयास किया, लेकिन वह पंखा नहीं चला सकी। बाद में अदिति यादव ने पंखा वापस कर दिया। हालांकि, सच तो यह है कि हाथ वाला पंखा पहली बार में बड़े भी नहीं चला पाते। वैसे क्षेत्रीय लोग इस वीडियो को देखकर अदिति की मासूमियत के कायल हो, आशीर्वाद भी दे रहे हैं।

## छठे चरण के लिए 45 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊः** छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव में शुक्रवार को 45 प्रत्याशियों ने किया नामांकन किया। इसमें भाजपा के संगम लाल गुप्ता, बसपा से नदीप अशरफ व सपा के बाबू सिंह समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। इन सीटों पर अब तक 100 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। इस चरण में नामांकन की अंतिम तारीख छह मई है। 25 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सीट सुल्तानपुर में चार, प्रतापगढ़ में पांच, फूलपुर में पांच, इलाहाबाद में पांच, अम्बेडकरनगर में चार, श्रावस्ती में एक, डुमरियागंज में एक, बस्ती में एक, संतकबीरनगर में तीन, लालगंज में दो, आजमगढ़ में छह, जौनपुर में तीन, मछलीशहर (अजा) में एक व भदोही में चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। उन्होंने बताया कि सुल्तानपुर सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से उदराज वर्मा, प्रतापगढ़ सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी से संगम लाल गुप्ता, इलाहाबाद सीट के लिए अपना दल (कमेरावादी) से हंसराज, अम्बेडकरनगर सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी से रितेश पाण्डेय, व पीस पार्टी से सबाना खातून ने नामांकन किया। संतकबीरनगर सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से नदीम असरफ व लालगंज (अजा) सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से इन्दु चैधरी ने नामांकन किया। आजमगढ़ सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से मसूद अहमद व जौनपुर सीट के लिए समाजवादी पार्टी से बाबू सिंह ने नामांकन किया। मछलीशहर (अजा) सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से कृपाशंकर सरोज ने नामांकन किया। बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से मोहम्मद हारिस खान ने नामांकन किया।

# भाजपा के गढ़ को भेदने के प्रयास में विपक्ष

- **केंद्र सरकार में वित्त राज्य मंत्री भी हैं महाराजगंज के मौजूदा सांसद पंकज चौधरी**
- **संसदीय क्षेत्र की तीन विधानसभा सीट सिसवा महाराजगंज व पनियरा पर है भाजपा का कब्जा**

चुनाव डेस्क, लखनऊ

**अमृत विचार :** पूर्वांचल क्षेत्र में पड़ने वाली महाराजगंज लोकसभा सीट का अपना ही राजनीतिक महत्व है,यह शहर भारत-नेपाल बॉर्डर के करीब स्थित है, 2 अक्टूबर 1989 को गोरखपुर जिले का विभाजन कर महराजगंज के रूप में नए जिले का निर्माण किया गया।

महराजगंज संसदीय सीट पर बीजेपी के पंकज चौधरी सांसद हैं और वह केंद्र की मोदी सरकार में वित्त राज्य मंत्री भी हैं, भाजपा ने यहां से सातवीं बार पंकज चौधरी पर ही दांव लगाया है। इस सीट की पिछले तीन दशक की राजनीति में विपक्ष केवल दो बार ही भाजपा में इस गढ़ में सेंध लगा पाया। छह बार के राजनीतिक सफर में पंकज चौधरी एक बार जीत का हैट्रिक भी लगा चुके हैं। उनके समर्थक इस बार इसे दोहराने का दम भर रहे हैं जबकि विपक्ष भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए बिखरी ताकत को एकजुट करने की कोशिश में है।

यह देखना दिलचस्प होगा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा यहां अपनी साख को बरकरार रख पाएगी या नहीं। वहीं इंडी गठबंधन ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में वीरेंद्र चौधरी पर दांव खेला है चौधरी महाराजगंज जिले की फरेंदा सीट से विधायक हैं और कांग्रेस पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। ऐसे में यहां एक ही बिरादरी के दो प्रत्याशियों ने चुनाव को रोचक बना दिया है। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी मौसमे आलम को उतार कर लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने का प्रयास किया है।लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा प्रत्याशी पंकज चौधरी को जीत हासिल हुई थी, पंकज को 7,26,349 वोट मिले इस सीट पर सपा प्रत्याशी अखिलेश दूसरे स्थान पर रहे , जिन्हें 3,85,925 वोट मिले थे, इस सीट को भाजपा ने 3,40,424 मतो के अंतर से जीता था। वर्ष 2014 में भाजपा प्रत्याशी पंकज ने कुल 4,71,542 वोट हासिल कर जीत दर्ज की थी,उधर, दूसरे स्थान पर रहे बसपा उम्मीदवार काशीनाथ शुक्ला को 2,31,084 मत मिले थे, लोकसभा चुनाव 2014 में इस संसदीय सीट पर जीत का अंतर 2,40,458 मतो का था। वर्ष 2009 में कांग्रेस उम्मीदवार हर्षवर्धन ने 3,05,474 वोट पाकर जीत हासिल की थी, दूसरे स्थान पर रहे बसपा के उम्मीदवार गणेश शंकर पांडे को 1,81,846 मत मिले थे। कांग्रेस ने यह सीट 1,23,628 मतों से जीता था।



### विधानसभा क्षेत्र

इस संसदीय सीट की तीन विधानसभा सीट सिसवा, महाराजगंज और पनियरा पर भाजपा का कब्जा है। सिसवा से प्रेम सागर पटेल, महारजगंज जय मंगल कनौजिया औश्र पनियरा से ज्ञानेंद्र सिंह विधायक हैं। फरेंदा विधानसभा पर कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी काबिज हैं। तो वहीं नौतनवा से निषाद पार्टी के ऋषि त्रिपाठी विधायक हैं।

### जातीय समीकरण

इस निर्वाचन क्षेत्र में अन्य पिछड़ा वर्ग की आबादी 56 प्रतिशत से अधिक है। यहां ओबीसी समुदाय में कुर्मी, पटेल, यादव, निषाद, गुप्ता, चौरसिया, चौहान, वर्मा, नाई व लोहार शामिल हैं जबकि ब्राह्मण मतदाता 12 प्रतिशत हैं। क्षत्रिय व कायस्थ समुदाय का एक छोटा हिस्सा यहां शामिल है। दलितों में जाटवों के अलावा धोबी और पासी हैं। मुस्लिम मतदाता भी यहां संख्यात्मक रूप से ज्यादा महत्वपूर्ण हैं।



पंकज चौधरी



वीरेंद्र चौधरी




मौसमे आलम

### 1989 में पार्षद भी रह चुके हैं पंकज

मौजूदा सांसद पंकज चौधरी को पार्षद से लेकर संसद सदस्य तक का अनुभव है। पंकज चौधरी 1991, 1996, 1998, 2004, 2014 में सांसद रह चुके हैं। 2019 में वे छठवीं बार सांसद चुने गए। गोरखपुर में जन्में पंकज चौधरी का राजनीतिक सफर गोरखपुर नगर निगम से शुरू हुआ था। वह पहली बार 1989-91 में नगर निगम गोरखपुर में पार्षद चुने गए थे। इसके बाद 1990-91 तक वे गोरखपुर नगर निगम में ही उप-महापौर भी रहे।

### महाराजगंज : 2019 के चुनाव का लेखा जोखा







| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| पंकज चौधरी | 7,26,349 |
| अखिलेश सिंह | 3,85,925 |
| सुप्रिया श्रीनेत | 72,516 |

### 2014 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | पंकज चौधरी | 4,71,542 |
| बसपा | काशी नाथ शुक्ल | 2,31,084 |
| सपा | अखिलेश सिंह | 2,13,974 |
| कांग्रेस | हर्षवर्धन | 57,193 |




### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 व 57 | शिब्बन लाल सक्सैना | स्वतंत्र राजनीतिज्ञ |
| 1962 व 67 | महादेव प्रसाद | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1971 | शिब्बन लाल सक्सैना | स्वतंत्र राजनीतिज्ञ |
| 1977 | शिब्बन लाल सक्सैना | जनता पार्टी |
| 1980 | अशफाक हुसैन अंसारी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | जीतेन्द्र सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | हर्ष वर्धन | जनता दल |
| 1991,96 व 98 | पंकज चौधरी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1999 | कुँवर अखिलेश सिंह | समाजवादी पार्टी |
| 2004 | पंकज चौधरी | भारतीय जनता पार्टी |

**2014 नोटा** 4,545


**2019 नोटा** 10,478

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | हर्ष वर्धन | 3,05,474 |
| बसपा | गणेश शंकर पांडेय | 1,81,846 |
| भाजपा | पंकज चौधरी | 1,73,041 |
| सपा | अजीत मनी | 1,06,602 |

### 2024 - मतदाताओं की संख्या

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | - 19,94,793 |
| पुरुष | - 10,51,133 |
| महिला | - 9,43,570 |
| अन्य | - 90 |



# कर्नाटक में वोटर की कसौटी पर है गारंटी

**भाजपा को मोदी की गारंटी पर भरोसा है तो कांग्रेस विधानसभा चुनाव में दी गारंटी की डिलीवरी को गेम चेंजर मान रही है। राज्य के उत्तरी भाग में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधे मुकाबले वाली 14 सीटों पर सात मई को डाले जाएंगे वोट**

### इन लोकसभा क्षेत्रों में पड़ेंगे वोट

- शिमोगा, दावणगिरी, उत्तर कन्नड़, धारवाड़–हुबली, हावेरी, बेल्लारी, कोप्पल, वीदर, रायचूर, गुलबर्गा, बीजापुर, बागलकोट, बेलगाम और चिक्कोड़ी।

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** कर्नाटक के उत्तरी भाग की 14 लोकसभा सीटों पर सात मई को मतदान के साथ राज्य में चुनावी प्रक्रिया का समापन हो जाएगा। लेकिन तमाम सवाल चुनाव के बाद भी मुद्दे बने रहेंगे। फिलहाल भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधे मुकाबले वाली इन 14 सीटों पर प्रचार के अंतिम चरण में जबर्दस्त घमासान देखने को मिल रहा है। इस तथ्य के बावजूद कि कर्नाटक का मतदाता विधानसभा और लोकसभा चुनाव में अलग पैटर्न पर मतदान करता आया है, इस बार शायद यह अकेला राज्य है, जहां मोदी की गारंटी और राज्य की कांग्रेस सरकार की गारंटी चुनाव की कसौटी पर कसी जा रही है। 2019 के चुनाव में भाजपा ने ये सभी 14 सीटें जीती थीं। कर्नाटक के इस इलाके में कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। ऐसे में भाजपा के लिए चुनौती बड़ी है, जिसे और बड़ा कर दिया है, उसके अपने ही कुछ नेताओं ने बगावती तेवर दिखाकर। ऐसे में भाजपा अपने इस मजबूत गढ़ को बचाने के लिए पूरी ताकत लगाए है। पार्टी ने प्रचार अभियान में मोदी की गारंटी, विकसित भारत और हिंदुत्व पर लोगों का भरोसा जीतने के साथ हुबली का नेहा हत्याकांड, महिला सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, अल्पसंख्यक तुष्टीकरण जैसे मुद्दों पर कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। इसके मुकाबले सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार सत्ता में आने के लगभग एक साल बाद लोकसभा के इम्तिहान में अपनी पांच गारंटियां लागू करने का श्रेय लेते हुए हाल ही में हाथ लगे जेडीएस सांसद रेवन्ना के सेक्स वीडियो कांड पर भाजपा को घेरते हुए बढ़त लेने की कोशिश करती नजर आ रही है।

**2018**

के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का वोट शेयर 38.1% था, जो 2023 में बढ़कर 42.8% हो गया था।




### कांग्रेस पर विधानसभा की तरह चुनाव लड़ने का आरोप

- विधानसभा में विपक्ष और भाजपा के नेता, वोक्कालिगा समुदाय में मजबूत पकड़ रखने वाले आर अशोक लगातार यह बात कह रहे हैं कि कांग्रेस लोकसभा के चुनावों को विधानसभा चुनाव के स्तर पर ले जा रही है। अपनी इस बात के सहारे वह कांग्रेस पर हमला बोल रहे हैं कि कांग्रेस राष्ट्रीय मुद्दों पर भाजपा से मुकाबला नहीं कर सकती है, इसलिए ऐसे मुद्दों से दूर भाग रही है। लोग केंद्र में स्थिर सरकार, नरेंद्र मोदी जैसा सशक्त और लोकप्रिय नेतृत्व, राष्ट्रीय सुरक्षा, देश का विकास और मजबूत अंतरराष्ट्रीय संबंध चाहते हैं। लेकिन मुख्यमंत्री सिद्धारमैया लोकसभा चुनावों को विधानसभा चुनाव जैसा बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

### भाजपा को 2019 जैसी सफलता दोहराने की उम्मीद

- 2018 के विधानसभा चुनावों में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। हालांकि वह बहुमत से चूक गई थी। पार्टी का वोट शेयर 36% था। लेकिन अगले साल 2019 में हुए लोकसभा चुनावों में भाजपा का वोट शेयर 54% पहुंच गया था और पार्टी ने 25 लोकसभा सीटों पर कमल खिला दिया था। इस बार 2023 के विधानसभा चुनाव के नतीजों के हिसाब से देखें तो कांग्रेस 21 लोकसभा सीटों पर आगे रही थी। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का वोट शेयर 38.1% था, जो 2023 में बढ़कर 42.8% हो गया था। वहीं भाजपा पांच लोकसभा सीटों पर आगे रही थी। एक सीट पर कांग्रेस और भाजपा में नजदीकी मुकाबला जैसी स्थिति थी, जबकि जेडी (एस) केवल हासन लोकसभा सीट पर आगे रहा था।

**वोट शेयर - 2019**




**2019**


में हुए लोकसभा चुनावमें भाजपा ने 25 लोकसभा सीटों पर कमल खिला दिया था

### 14 में छह सांसदों के टिकट काटने के बाद भी मुश्किल

- सात मई के मतदान वाली सीटों पर कांग्रेस के अभियान में ज्यादा आक्रामकता देखने को मिल रही है। पार्टी भाजपा से जीतने और सीटें छीनने की भूख दिखा रही है। पिछले चुनाव में 28 में सिर्फ एक सीट जीतने वाली कांग्रेस ने इस बार राज्य में 20 सीटें हासिल करने का लक्ष्य रखा है। हालांकि कांग्रेस की रणनीति से सतर्क भाजपा ने उत्तरी क्षेत्र की सीटों को लेकर पहले ही व्यूह रचना कर ली थी। इस इलाके के मौजूदा सांसदों के खिलाफ लोगों की नाराजगी का आकलन करने के साथ विधानसभा चुनाव के बाद बदले समीकरणों को देखते हुए छह सीटों कोप्पल, बेलगाम, हावेरी, दावनगिरी, बेल्लारी और रायचूर में नए चेहरे मैदान में उतार दिए थे। लेकिन जिस तरह पूर्व उप मुख्यमंत्री ईश्वरप्पा बागी होकर मैदान में उतरे हैं, उससे संदेश अच्छा नहीं गया है। ईश्वरप्पा शिवमोगा सीट पर बीएस येदियुरप्पा के बेटे बीवाई राघवेंद्र के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। हावेरी सीट से बेटे केई कांतेश को टिकट नहीं दिए जाने से नाराज ईश्वरप्पा का कहना है कि उनकी लड़ाई पूर्व मुख्यमंत्री और लिंगायत नेता बीएस येदियुरप्पा के परिवार के खिलाफ है। हालांकि भाजपा ने धारबाड़–हुबली में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी के सामने मैदान में उतरे सिरेट्टी मठ के प्रमुख और लिंगायत समाज के बड़े धर्मगुरु दिंगालेश्वर स्वामी को समझा–बुझाकर चुनाव मैदान से हटा दिया है, लेकिन फांस तो रह ही गई है।

हमें पूरा भरोसा है कि मोदी की गारंटी के मुकाबले राज्य में हमारी गारंटियां गेमचेंजर साबित हो सकती हैं।

**मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**



### ग्रामीण इलाकों में कांग्रेस, शहरी क्षेत्र में भाजपा के लिए समर्थन

- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मुताबिक लोग बदलाव चाहते हैं, गरीबों की सरकार चाहते हैं और चाहते हैं कि बेरोजगारी तथा महंगाई कम हो। हम उन्हें यह बताने की कोशिश कर रहे हैं कि भाजपा सत्ता में लौटी तो संविधान खत्म हो जाएगा, लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। लोगों के मुताबिक मुख्यमंत्री पद को लेकर भले ही खींचतान रही हो, लेकिन लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अधिक एकजुट है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार, मल्लिकार्जुन खड़गे का नेतृत्व प्रभावी दिख रहा है। पार्टी नेताओं को भरोसा है कि उसकी गारंटियां गेमचेंजर साबित हो सकती हैं। गरीब परिवार की मुखिया महिलाओं को प्रति माह 2,000 रुपये का सीधा हस्तांतरण, राज्य परिवहन बसों में मुफ्त यात्रा और 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली चुनावी नतीजों में फर्क डाल सकती है।
- एक विधि छात्रा जयश्री ने पिछले हफ्ते प्रचार के दौरान सिद्धारमैया को मुफ्त बस टिकटों से बनी माला भेंट की थी। उसने मुख्यमंत्री से कहा था कि कांग्रेस सरकार से बस में मुफ्त यात्रा मिलने से वह बिना किसी तनाव के अपनी पढ़ाई कर सकती है।
- माहौल की बात करें, तो ग्रामीण इलाकों और गरीब परिवारों की महिलाएं कांग्रेस का समर्थन करती नजर आ रही हैं। हालांकि शहरी क्षेत्रों में भाजपा की ओर अधिक झुकाव साफ दिख रहा है।

# बिहार में आरजेडी से यादव भाजपा का राजपूतों पर दांव

चुनाव डेस्क

बिहार के चुनावी मैदान में एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच मुकाबला है। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में जेडीयू, एलजेपी-आर, हम (सेक्युलर) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा शामिल है, जबकि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में आरजेडी, कांग्रेस, वीआईपी, सीपीआई एमएल, सीपीआई और सीपीआई एम शामिल हैं।

इस लोकसभा चुनाव में एनडीए की तरफ से भाजपा- 17, जदयू - 16, चिराग पासवान की लोजपा (रामविलास)- 5, जीतन राम मांझी का हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और उपेंद्र कुशवाहा का राष्ट्रीय लोक मोर्चा एक-एक सीट पर चुनाव लड़ रहा है। इंडिया गठबंधन में 23 सीटें आरजेडी के हिस्से में आई हैं। कांग्रेस नौ सीटों पर मैदान में है। तीन सीटों पर वीआईपी (विकासशील इंसान पार्टी) और तीन पर ही सीपीआई-एमएल के अलावा एक-एक सीट पर सीपीआई-एम और सीपीआई के उम्मीदवार ताल ठोक रहे हैं। राज्य में सात चरणों में हो रहे चुनाव में आरजेडी का हर तीसरा प्रत्याशी यादव, भाजपा का हर तीन में से एक उम्मीदवार राजपूत तो कांग्रेस के एक तिहाई दावेदार अगड़ी जाति से हैं। भाजपा ने अपने कोटे की 17 में से 10 सीटों पर अगड़ी जाति के उम्मीदवारों को उतारा है। इसमें 5 राजपूत, दो भूमिहार, दो ब्राह्मण, एक कायस्थ शामिल है।

### आरजेडी और कांग्रेस ने दो-दो मुस्लिमों को दिया है इस बार मौका

- आरजेडी और कांग्रेस ने सबसे ज्यादा दो–दो सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट दिया है। अररिया से शाहनवाज़ आलम और मधुबनी से अली अशरफ फातमी उसकी तरफ से चुनावी मैदा में उतरे हैं। कांग्रेस ने अपनी नौ सीटों में किशनगंज सीट से अपने मौजूदा सांसद मोहम्मद जावेद को चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि कटिहार सीट से वरिष्ठ नेता तारिक अनवर पर दांव लगाया है। भाजपा ने एक भी मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया है। उसकी सहयोगी जदयू ने एक मुस्लिम को प्रत्याशी बनाया है।

इसी तरह राज्य में एनडीए और इंडिया गठबंधन ने कुल मिलाकर 16 यादवों को जबकि 11 कोइरी को टिकट दिए हैं। हालांकि राज्य की जातिगत जनगणना के आंकड़ों के अनुसार राज्य में यादव आबादी करीब 14 प्रतिशत है जबकि कोइरी आबादी करीब 4.2 प्रतिशत है।

**महिलाओं को मौका देने में राजद और चिराग आगे:** महिलाओं को अवसर देने के मामले में आरजेडी सबसे आगे रही है। आरजेडी ने कुल 6 महिला उम्मीदवारों को इस बार लोकसभा का टिकट दिया है। इनमें पाटलिपुत्र सीट से मीसा भारती और सारण से रोहिणी आचार्य तो लालू प्रसाद यादव की बेटियां हैं।

### बिहार में जातीय समीकरण

**अगड़ी जाति के प्रत्याशी**

| इंडिया गठबंधन | एनडीए |
|---|---|
| 13% | 34% |

**ओबीसी वर्ग के प्रत्याशी**

| इंडिया गठबंधन | एनडीए |
|---|---|
| 50% | 30% |

**अति पिछड़ा वर्ग प्रत्याशी**

| इंडिया गठबंधन | एनडीए |
|---|---|
| 13% | 17% |

**अनुसूचित जाति प्रत्याशी**

| इंडिया गठबंधन | एनडीए |
|---|---|
| 16% | 16% |

**मुस्लिम प्रत्याशी**

| इंडिया गठबंधन | एनडीए |
|---|---|
| 10% | 03% |

# भाजपा के साथ असली-नकली एनसीपी की परीक्षा

**बारामती है हॉट सीट**

चुनाव डेस्क

महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों के लिए पांच चरणों में मतदान हो रहा है। विदर्भ की 10 और मराठवाड़ा की तीन सीटों के लिए 19 और 26 अप्रैल को वोट डाले जा चुके हैं। अब तीसरे चरण में 11 सीटों पर सात मई को वोट पड़ेंगे। इसमें पश्चिमी महाराष्ट्र की सात, कोंकण और मराठवाड़ा की दो-दो लोकसभा सीटों पर चुनाव होगा।

### महाराष्ट्र में तीसरे चरण में 11 सीटों पर सात मई को मतदान

तीसरे चरण में बारामती, हातकणंगले, कोल्हापुर, लातूर, उस्मानाबाद, रायगढ़, रत्नागिरी सिंधुदुर्ग, सांगली, सतारा, माधा और सोलापुर सीट पर मतदान होना है। इन 11 सीटों में भाजपा छह सीटों पर मैदान में है। अजित पवार की नेतृत्व वाली एनसीपी के उम्मीदवार तीन सीटों पर हैं, जबकि दो सीटों पर एकनाथ नाथ शिंदे की शिवसेना किस्मत आजमा रही है। उधर, इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस के तीन सीटों पर प्रत्याशी हैं। उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार की एनसीपी चार-चार सीटों पर मैदान में उतरी है। शरद पवार और अजित पवार खेमे के बीच आमने-सामने की लड़ाई बारामती लोकसभा सीट पर है। बारामती में शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले के सामने अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार चुनाव लड़ रही हैं। बारामती शरद पवार का गढ़ माना जाता है। सुप्रिया तीन बार से यहां से सांसद हैं। लेकिन भाजपा ने खुद मैदान में उतरने के बजाय अजित पवार की पत्नी को आगे कर दिया है। अजित पवार के लिए यह सीट जीतना आसान नहीं नजर आ रहा है।

भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती इसलिए है कि सबसे ज्यादा छह सीटों पर उसी के उम्मीदवार मैदान में हैं। भाजपा के लिए माढ़ा और सोलापुर में दल-बदल और विपक्ष की स्थिति से मुकाबला कठिन बन गया है. माढ़ा में भाजपा के मौजूदा सांसद रंजीत सिंह नाइक का मुकाबला शरद पवार की एनसीपी के धैर्यशील मोहिते पाटिल से है। मोहिते पाटिल भाजपा के साथ थे, लेकिन अब एनसीपी पवार में शामिल हो गए हैं।

लातूर सीट पर भाजपा के सुधाकर श्रंगारे का मुकाबला कांग्रेस के शिवाजीराव कालगे से है। लातूर कांग्रेस का गढ़ रहा है। पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल सात बार सांसद रहे हैं। हालांकि पिछले दो चुनाव से भाजपा जीत रही है। भाजपा ने शिवराज पाटिल की बहू अर्चना पाटिल को अपने खेमे में शामिल करके कांग्रेस को झटका दिया है।

हातकणंगले सीट पर शिंदे गुट की शिवसेना से धैर्यशील माने और उद्धव ठाकरे की शिवसेना से सत्यजीत पाटिल हैं, लेकिन स्वाभिमानी पक्ष से राजू शेट्टी ने यहां मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। सांगली में उद्धव की शिवसेना से चंद्रहार पाटिल मैदान और शिवसेना (शिंदे) के सांसद संजय मांडलिक आमने-सामने हैं। यहां कांग्रेस नेता विशाल पाटिल बगावत कर निर्दलीय उतर गए हैं, इससे त्रिकोणीय संघर्ष के आसार है।

### अजित पवार का एक सांसद है लेकिन चार पर लड़ रहे चुनाव

- शिंदे के पास 13 सांसद, 15 सीटों पर उतारे प्रत्याशी

महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन में भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) के बीच हुए सीट समझौते के मुताबिक भाजपा राज्य की 48 में 28, शिवसेना शिंदे 15 और एनसीपी (अजित) चार सीटों के साथ आरएसपी एक सीट पर चुनाव लड़ रही है। इसके मुकाबले महाविकास अघाडी से शिवसेना (उद्धव ठाकरे) 21 सीटों पर, कांग्रेस 17 सीटों पर और एनसीपी (शरद पवार) 10 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। महायुति में हुए सीटों के इस बंटवारे में सबसे ज्यादा फायदे में उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी रही है। पार्टी का वर्तमान में एक सांसद रायगढ़ से है, लेकिन चार सीटों पर चुनाव लड़ रही है।



बारामती से अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार चुनाव लड़ रही हैं। रायगढ़ में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और मौजूदा सांसद सुनील तटकरे मैदान में हैं, जबकि शिरूर में शिवसेना शिंदे और धाराशिव में भाजपा नेता को उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना 15 सीटों पर चुनाव मैदान में है, जबकि पार्टी के पास वर्तमान में 13 सांसद हैं। पार्टी ने विगत दिवस कल्याण, ठाणे और नासिक सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। शिंदे की शिवसेना और भाजपा के बीच ठाणे और नासिक सीट पर पेच फंसा था। भाजपा ठाणे सीट से चुनाव लड़ना चाहती थी और नासिक में शिवसेना सांसद हेमंत गोडसे को फिर से प्रत्याशी बनाने का विरोध कर रही थी। ठाणे में शिवसेना शिंदे ने पूर्व महापौर नरेश म्हस्के को उम्मीदवार बनाया है। उनके बेटे और मौजूदा सांसद श्रीकांत शिंदे कल्याण से तीसरी बार सांसद का चुनाव लड़ रहे हैं। महायुति के तीनों दलों ने परभणी सीट पर आरएसपी का समर्थन किया था, वहां दूसरे चरण में वोट पड़ चुके हैं। शिवसेना ने 2019 में 22 सीटों पर चुनाव लड़कर 18 सीटों पर जीत हासिल की थी। शिवसेना में बंटवारे के बाद 13 सांसद शिंदे के साथ चले गए थे और पांच उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ थे।

### मुंबई में दोनों शिवसेना आमने-सामने

मुंबई में 20 मई को मतदान होना है। यहां महा विकास अघाड़ी में हुए सीट बंटवारे के मुताबिक कांग्रेस मुंबई में दो लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। मुंबई नार्थ सीट पर कांग्रेस के भूषण पाटिल भाजपा के केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का मुकाबला करेंगे। नॉर्थ सेंट्रल से कांग्रेस ने वर्षा गायकवाड़ को टिकट दिया है जिनका मुकाबला भाजपा के उज्ज्वल निकम से होगा। नॉर्थ वेस्ट सीट पर शिवसेना उद्धव के अमोल कीर्तिकर और शिवसेना शिंदे के रवींद्र वायकर के बीच मुकाबला है। साउथ मुंबई से शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट ने अरविंद सावंत को टिकट दिया है। उनका मुकाबला शिंदे गुट की शिवसेना की यामिनी जाधव से होगा। साउथ सेंट्रल से शिवसेना उद्धव ठाकरे के अनिल देसाई का सामना शिवसेना शिंदे के राहुल शेवाले से है। नॉर्थ ईस्ट सीट पर संजय डी पाटिल शिवसेना उद्धव के उम्मीदवार हैं। यहां भाजपा से मिहिर कोटेचा चुनाव लड़ रहे हैं।



**2019**

लोकसभा चुनाव में शिवसेना व एनसीपी अविभाजित थीं, इससे अब उनके वोट शेयर का अनुमान नहीं लग सकता। शिवसेना के 23 एनसीपी के 15 फीसदी वोट थे।

### पिछली बार कुछ ऐसा था सीन

| राजनीतिक दल | चुनाव लड़ा | जीती सीटें | मत % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 25 | 23 | 27.84 |
| शिवसेना | 23 | 18 | 23.5 |
| एनसीपी | 19 | 04 | 15.66 |
| कांग्रेस | 25 | 01 | 16.41 |
| एआईएमआईएम | 01 | 01 | 0.73 |
| वंचित बहुजन आघाडी | 47 | 00 | 6.92 |



**माटी-मानुष**

बर्धमान में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनावी सबा के दौरान महिलाओं के साथ मिलकर पारंपरिक लोक नृत्य करके जीत का संदेश दिया।




**शहीद को नमन**

सिंहभूम में भाजपा प्रत्याशियों के लिए चुनावी जनसभा करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं ने कोल विद्रोह के नायक शहीद का चित्र भेंट किया।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,878.15 | 22,475.85 |
| नुकसान | 732.96 | 172.35 |
| प्रतिशत में | 0.98 | 0.76 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 990 फ्लैग 1100 बोल्ड 1135 डीएमओ 885।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)–** | |
| गेहूंदड़ा | 2350–2500 |
| आरआर 21 | 2550–2600 |
| गेहूंफारम | 2600–2700 |
| जौ | 2000–2100 |
| ज्वार | 2000–4000 |
| बाजरा | 2100–2150 |
| मकाई | 2200–2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5800–5900 |
| अरहर | 9000–10000 |
| मसूर | 5500–5600 |
| मटर | 3700–4000 |
| उड़दहरा | 10000–11000 |
| उड़दकाला | 6000–8000 |
| मूंग | 8500–8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 15700–15800 |
| अरहरस्पेशल1 | 13700–13800 |
| चनादाल | 7100–7200 |
| मटरदाल | 4850–4950 |
| मसूरमलका | 7100–7150 |
| मसूरदाल | 7350–7400 |
| उड़ददाल | 9000– 13000 |
| उड़द धोवा | 10000– 13000 |
| मूँगदाल | 9500–10500 |
| मूँग धोवा | 10000–11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 – 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 – 10000 |
| सेला | 2500 – 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 – 7500 |
| **आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380–1430 |
| मैदा | 1350–1400 |
| सूजी | 1410–1430 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1325–1350 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4900–5000 |
| अलसी | 4500–4600 रुपये। |

# उतार-चढ़ाव में सेंसेक्स 733 अंक फिसला

## भारी मुनाफावसूली से निफ्टी 172 अंक गिरकर अपने रिकॉर्ड स्तर से नीचे आया

**मुंबई, एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को अत्यधिक उतार-चढ़ाव वाले कारोबार में सेंसेक्स 733 अंक गिरकर 74,000 के स्तर से नीचे आ गया जबकि निफ्टी अपने रिकॉर्ड स्तर से फिसल गया। दूरसंचार, पूंजीगत उत्पाद और प्रौद्योगिकी कंपनियों में भारी बिकवाली होने से बाजार नुकसान में रहा। विश्लेषकों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में भारी बिकवाली का दबाव होने से सूचकांकों में गिरावट आई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स दिन की शुरुआत में 484.07 अंक चढ़ गया था। लेकिन उसके बाद यह 732.96 अंक यानी 0.98 प्रतिशत तक लुढ़कते हुए 73,878.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स कारोबार के दौरान 75,095.18 अंक के ऊपरी स्तर और 73,467.73 अंक के निचले स्तर पर भी आया। इस तरह एक दिन में ही इसमें 1,627.45 अंकों की भारी उठापटक देखी गई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 172.35 अंक यानी 0.76 प्रतिशत गिरकर 22,475.85 पर आ गया। शुरुआती कारोबार में निफ्टी 146.5 अंक यानी 0.64 प्रतिशत बढ़कर 22,794.70 अंक के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था लेकिन बाद में तगड़ी बिकवाली का शिकार हो गया। इस बड़ी गिरावट के बावजूद कारोबारी सप्ताह के अंत में सूचकांक बढ़त में रहे। इस सप्ताह सेंसेक्स में 147.99 अंक यानी 0.20 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई जबकि निफ्टी 55.9 अंक यानी 0.24 प्रतिशत चढ़ गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा, "एक बार फिर बाजार में काफी उतार-चढ़ाव रहा और यह एक प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। मुनाफावसूली के चलते सारी शुरुआती बढ़त चली गई और बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से लार्सन एंड टुब्रो, मारुति, रिलायंस इं., नेस्ले, एयरटेल, अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक महिंद्रा बैंक और जेएसडब्ल्यू स्टील में प्रमुख रूप से गिरावट दर्ज की गई।

### शेयर बाजार में गिरावट से निवेशकों को 2.25 लाख करोड़ रुपये की चपत



भारी मुनाफावसूली के बीच शेयर बाजार में गिरावट से निवेशकों को 2.25 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 732.96 अंक गिरकर 73,878.15 अंक पर बंद हुआ। हालांकि यह शुरुआती कारोबार में 484.07 अंक चढ़ा था। कारोबार के दौरान 75,095.18 अंक के अधिकतम स्तर पर पहुंचने के बाद यह 1,627.45 अंक गिरकर 73,467.73 अंक पर बंद हुआ। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,25,543.41 करोड़ रुपये घटकर 4,06,24,224.49 करोड़ रुपये (4.89 लाख करोड़ डॉलर) रहा।

## आरबीआई के फैसले के बाद बजाज फाइनेंस के शेयरों में आई तेजी

**नई दिल्ली।** बजाज फाइनेंस के शेयरों में शुक्रवार को 7.50 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बजाज फाइनेंस पर ईकॉम और इंस्टा ईएमआई कार्ड के जरिए कर्ज की मंजूरी और वितरण पर लगी पाबंदी बृहस्पतिवार को हटाने के बाद कंपनी के शेयरों में उछाल आया है। बीएसई पर शेयर 7.54 प्रतिशत बढ़कर 7,400 रुपये पर और एनएसई पर 7.51 प्रतिशत चढ़कर 7,400 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 23,008.1 करोड़ रुपये बढ़कर 4,49,205.63 करोड़ रुपये हो गया। केंद्रीय बैंक ने पिछले साल नवंबर में बजाज फाइनेंस को अपने दो कर्ज उत्पादों ईकॉम और इंस्टा ईएमआई कार्ड के तहत ऋण की मंजूरी और वितरण को रोकने का निर्देश दिया था।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.41 अरब डॉलर घटकर 637.92 अरब डॉलर पर

**मुंबई, एजेंसी**

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 2.41 अरब डॉलर घटकर 637.92 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.28 अरब डॉलर घटकर 640.33 अरब डॉलर रहा था। यह कई सप्ताह की तेजी के बाद पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 648.56 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इससे पहले, सितंबर 2021 में विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड 642.45 अरब डॉलर पर पहुंच गया था।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा



आस्तियां 1.16 अरब डॉलर घटकर 559.70 अरब डॉलर रही। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.27 अरब डॉलर घटकर 55.53 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.04 अरब डॉलर हो गया।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 82,400 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,550–54,750 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 70,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 70,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 81,000 |
| चांदी तैयार | 81,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 70,650 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 69,650 |
| चांदी पक्की | 805 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 70,650 |
| चांदी आभूषण | 81,000। |

## सोने के दाम में 350 रुपये की आई गिरावट, चांदी की कीमत रहीं स्थिर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 350 रुपये की गिरावट के साथ 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 83,500 रुपये प्रति किलो पर अपरिवर्तित रही।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-विदेशों में नरमी के रुख के बीच दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट) 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा जो पिछले बंद भाव से 350 रुपये कम है। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,297 डॉलर प्रति औंस पर रहा जो पिछले बंद भाव से सात डॉलर कम है। गांधी ने कहा-अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती में अभी समय लगने की चिंता के कारण शुक्रवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई। ब्याज दर में कमी में देरी का कारण मुद्रास्फीति जोखिम का बरकरार रहना है।

## कोयला, गैस पर आधारित बिजली उत्पादन क्षमता 2.44 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में कोयला और गैस जैसे जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली उत्पादन क्षमता वित्त वर्ष 2023-24 में 2.44 प्रतिशत बढ़कर 243.22 गीगावाट हो गई, जो मार्च 2023 में 237.27 गीगावाट थी। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार हरित ऊर्जा स्रोतों (गैर-जीवाश्म ईंधन) पर आधारित बिजली उत्पादन क्षमता पिछले वित्त वर्ष में 10.79 प्रतिशत बढ़कर 190.57 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हो गई जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 172.01 गीगावाट थी।

## अडाणी की सात कंपनियों को सेबी ने भेजा नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- लेनदेन के उल्लंघन और नियमों का अनुपालन न करने पर कार्रवाई

अडाणी समूह की दस सूचीबद्ध कंपनियों में से सात को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से संबंधित पक्षों के बीच लेनदेन के कथित उल्लंघन और सूचीबद्धता नियमों का अनुपालन नहीं करने के लिए कारण बताओ नोटिस मिला है। कंपनियों ने शेयर बाजारों को इस नोटिस के बारे में सूचना दी है।

बाजार नियामक सेबी का नोटिस पाने वाली कंपनियों में अडाणी समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज के साथ अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड, अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, अडाणी



पावर, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, अडाणी टोटल गैस और अडाणी विल्मर शामिल हैं। इन कंपनियों ने जनवरी-मार्च तिमाही और वित्त वर्ष 2023-24 के अपने-अपने वित्तीय परिणामों से संबंधित टिप्पणियों में सेबी की तरफ से जारी नोटिस का खुलासा किया है। सभी कंपनियों ने कमोबेश एक ही तरह के बयानों में कहा कि लागू कानूनों और विनियमों का कोई भी गैर-अनुपालन का कोई भी ठोस मामला नहीं है और उन पर इसका कोई कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालांकि, अडाणी ग्रीन एनर्जी, अडाणी टोटल गैस और अडाणी विल्मर के अलावा बाकी चार कंपनियों के ऑडिटरों ने वित्तीय विवरणों पर एक पात्र विचार रखते हुए कहा है कि सेबी की जांच के परिणामों का भविष्य में उनके वित्तीय विवरणों पर असर पड़ सकता है। वहीं समूह की सीमेंट कंपनियों- अंबुजा सीमेंट और एसीसी ने इस संबंध में सेबी से कोई भी नोटिस न आने की बात कही है।

# राष्ट्रीय

### बर्द्धमान-कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी रैलियों को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

# सबसे कम सीट पर सिमटेगी कांग्रेस: मोदी

**बर्द्धमान/कृष्णानगर, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अब तक की सबसे कम सीटों पर सिमट जाएगी क्योंकि देश की सबसे पुरानी पार्टी आम चुनाव में 'अर्ध-शतक' का आंकड़ा पार करने के लिए संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सबसे कम सीट पर सिमेटेगी।

बर्द्धमान-दुर्गापुर और कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्रों में रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह अनुसूचित जाति, दलितों और ओबीसी का आरक्षण छीन लेगी और उसे अपने 'जिहादी वोट बैंक' को दे देगी ताकि पार्टी अपनी 'तुष्टिकरण की राजनीति' कर सके। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा) के एक उम्मीदवार द्वारा 'वोट जिहाद' संबंधी टिप्पणी का समर्थन करने के लिए विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन और कांग्रेस की आलोचना की। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नरेंद्र मोदी झारखंड व पश्चिम बंगाल के दौरे पर थे।

मोदी ने दावा किया इस बार के चुनाव के नतीजे का अनुमान लगाने के लिए किसी ओपिनियन पोल या फिर एक्जिट पोल की जरूरत नहीं है क्योंकि परिणाम 'स्पष्ट' हैं। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस इस बार पहले से भी कम सीटों पर सिमटने जा रही है। अब देश भी समझ रहा है कि ये लोग चुनाव जीतने के लिए नहीं लड़ रहे हैं, ये सिर्फ देश को बांटने के लिए चुनाव के मैदान का उपयोग कर रहे हैं।'' कांग्रेस ने शुक्रवार को अमेठी और रायबरेली को लेकर जारी संशय को समाप्त करते हुए उनकी मां सोनिया गांधी की सीट से राहुल गांधी की उम्मीदवारी की घोषणा की। राहुल गांधी 2019 में अमेठी निर्वाचन क्षेत्र से हार गए थे लेकिन वायनाड से जीते थे। वायनाड सीट से वह इस बार भी लड़ रहे हैं।



**झारखंड:** प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पश्चिमी सिंहभूम में सार्वजनिक बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पारंपरिक टोपी पहनकर स्वागत किया। ● एजेंसी

## गुरुग्राम की झुग्गी बस्ती में लगी भीषण, 240 से ज्यादा झुग्गियां जलकर खाक

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के सेक्टर-53 में स्थित एक झुग्गी बस्ती में शुक्रवार को आग लगने की घटना में 240 झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। दमकल विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग के अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है, लेकिन आग लगने के दौरान जो लोग अपना सामान बाहर निकाल रहे थे, उन्हें मामूली चोटें आई हैं। अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब 10.40 बजे खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर में रिसाव होने के कारण आग लगी और जल्द ही इसने अन्य झुग्गियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। उन्होंने बताया कि बंजारा मार्केट के पास एक झुग्गी बस्ती में करीब 100 सिलेंडर फट गए। निवासियों ने अग्निशमन विभाग को इस बारे में सूचना दी थी।




नागपुर में पड़ रही भीषण गर्मी में शुक्रवार को फुटाला झील में नहाते बच्चे। ● एजेंसी

## एक नजर

### कांग्रेस के पूर्व नेता संजय निरुपम दोबारा शिवसेना में शामिल

**ठाणे।** कांग्रेस के पूर्व नेता संजय निरुपम शुक्रवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए। मुंबई के पूर्व सांसद ने लगभग दो दशक पहले अविभाजित शिवसेना छोड़ी थी। निरुपम को पिछले महीने 'पार्टी विरोधी गतिविधियों' में शामिल होने के आरोप में कांग्रेस से निष्कासित कर दिया था। निरुपम आज मुख्यमंत्री शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना में शामिल हो गए।

### काला जादू करने के संदेह में दो की मौत

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के आदिवासी बहुल गढ़चिरौली जिले में काला जादू करने के संदेह में ग्रामीणों ने कथित रूप से एक पुरुष और एक महिला को आग के हवाले कर दिया जिसके बाद उनकी मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने बुधवार रात एट्टापल्ली तालुका के बसेरवाड़ा गांव में हुई घटना के सिलसिले में 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने पीड़ितों देउ अतलामी और जमनी तेलामी (52) को उनके घरों से खींचकर निकाला और तीन घंटे तक उनकी पिटाई करने के बाद उन्हें आग के हवाले कर दिया था।

## महिला की व्यथा सुन मेरा दिल रो पड़ा: ममता बनर्जी

**कोलकाता, एजेंसी**

- बंगाल की मुख्यमंत्री ने महिला कर्मी से दुर्व्यवहार को लेकर राज्यपाल को आड़े हाथों लिया

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने राजभवन में महिला कर्मी से कथित तौर पर दुर्व्यवहार करने को लेकर राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस को शुक्रवार को आड़े हाथों लिया। महिला कर्मी से कथित दुर्व्यवहार का मामला बृहस्पतिवार शाम को सामने आया था। पूर्वी बर्धवान जिले में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने राजभवन में महिला से कथित दुर्व्यवहार को लेकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा-कल राजभवन में काम करने वाली एक युवा महिला सामने आई और राज्यपाल के कथित उत्पीड़न के बारे में बताया ...कल, महिला की व्यथा सुन मेरा दिल रो पड़ा। मैंने उसका वीडियो देखा।

ममता बनर्जी ने सवाल किया कि कल राजभवन गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्यों इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रखी? उन्होंने कहा, ''महिला रोती हुई बाहर आई और कहा कि उसे अब राजभवन में काम करने से डर लग रहा है। उसने बताया कि उसे असमय बुलाया जाता था और उत्पीड़न किया जाता था। और ये लोग हमारी माताओं और बहनों की गरिमा की बात करते हैं।'' राज्यपाल



बोस ने बृहस्पतिवार को कहा था कि वह 'मनगढ़ंत आरोपों' से नहीं डरेंगे और 'सच्चाई की जीत होगी।' उन्होंने यह बयान तृणमूल कांग्रेस नेताओं के इस दावे के बाद दिया कि राजभवन में काम करने वाली एक महिला कर्मी ने उन पर छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है। ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल पुलिस के 1500 जवानों को दूसरे राज्यों में चुनाव ड्यूटी पर तैनात करने को लेकर निर्वाचन आयोग की आलोचना की। उन्होंने कहा, ''दूसरे राज्य से कोई पुलिस कर्मी पश्चिम बंगाल नहीं आया है। निर्वाचन आयोग ने केवल केंद्रीय बल भेजे हैं। लेकिन आश्चर्य है कि राज्य से बाहर भेजे गए किसी भी पुलिस कर्मी को डाक मतपत्र से मतदान करने की अनुमति नहीं दी गई।

## न्यायालय ने सुनवाई के लिए 14 मई की तारीख निर्धारित की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**उत्तर प्रदेश का धर्मांतरण मामला**

उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज के कुलपति राजेन्द्र बिहारी लाल और अन्य के खिलाफ कथित अवैध धर्मांतरण मामले में दर्ज पांच प्राथमिकियों को रद करने या इन्हें आपस में जोड़ने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई के लिए शुक्रवार को 14 मई की तारीख निर्धारित की।

न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सिद्धार्थ दवे और मुक्ता गुप्ता सहित वरिष्ठ अधिवक्ताओं की दलीलों पर गौर किया तथा कहा कि सभी नौ याचिकाओं को 14 मई को अंतिम निस्तारण के लिए लिया जाएगा। पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से शीर्ष अदालत में पेश हुईं वरिष्ठ अधिवक्ता गरिमा प्रसाद को पहली दो प्राथमिकियों की प्रति अगली सुनवाई से पहले या उस दिन दवे को मुहैया कराने का भी निर्देश दिया। दवे, विश्वविद्यालय के कुलपति का न्यायालय में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार और आरोपियों के वकील को लिखित दलीलें दाखिल करने का भी निर्देश दिया।

## न्यूजक्लिक के मानव संसाधन प्रमुख की जमानत याचिका पर आदेश सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गैर-कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामले में समाचार पोर्टल न्यूजक्लिक के मानव संसाधन विभाग प्रमुख अमित चक्रवर्ती की जमानत याचिका पर शुक्रवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। चीन समर्थक दुष्प्रचार के लिए धन प्राप्त करने के आरोप में समाचार पोर्टल के खिलाफ यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया था। चक्रवर्ती के वकील ने कहा कि मामले में आरोपपत्र पहले ही दायर किया जा चुका है और याचिकाकर्ता को सरकारी गवाह बनने के बाद अभियोजन पक्ष के गवाह के रूप में उद्धृत किया गया है। इसके बाद न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने आदेश सुरक्षित रख लिया। वकील ने कहा कि उच्च न्यायालय के पास चक्रवर्ती को जमानत देने का विवेकाधिकार है।

## हाईकोर्ट ने सिसोदिया की जमानत पर ईडी, सीबीआई से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार एवं धनशोधन मामलों में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने निचली अदालत के 30 अप्रैल के आदेश को चुनौती देने वाली सिसोदिया की याचिकाओं पर सीबीआई और ईडी को नोटिस जारी किया। निचली अदालत ने उनकी जमानत याचिकाएं खारिज कर दी थीं। मामले की सुनवाई आठ मई तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

# मणिपुर में हिंसा का एक साल, बदल गई राज्य की तस्वीर

- आदिवासी एकजुटता मार्च के कारण हुई थी हिंसा

**इंफाल/चुराचांदपुर (मणिपुर), एजेंसी**

मणिपुर के निवासी उस दिन को याद कर रहे हैं जब उनका राज्य जातीय हिंसा में झुलसकर सामाजिक रूप से बंट गया, पीढ़ियों से साथ रहे परिवार व पड़ोसी एक दूसरे से अलग हो गए और हजारों लोगों की जिंदगी पूरी तरह बदल गई। यह सबकुछ ठीक एक साल पहले हुआ था। तीन मई, 2023 का वह दिन आज भी सभी लोगों की यादों में ताजा है, जब एक आभासी नियंत्रण रेखा द्वारा विभाजित दो मणिपुर अस्तित्व में आए। इस दिन मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में आयोजित 'आदिवासी एकजुटता मार्च' के कारण मेइती और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा की शुरुआत हुई। इस संघर्ष के कारण लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी अनेक तरीकों से प्रभावित हुई है। संघर्ष के चलते 200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और कई हजार लोग विस्थापित हुए हैं। पूर्वोत्तर भारत के इस राज्य में तीन मुख्य जातीय समूह ऐतिहासिक रूप से साथ रह रहे थे- घाटी क्षेत्र में मेइती, दक्षिणी पर्वतीय क्षेत्र में कुकी और उत्तरी पर्वतीय इलाकों में नगा समुदाय। लेकिन पिछले साल मई में ये समुदाय अलग होकर एक दूसरे के दुश्मन बन गए। अब मेइती समुदाय के लोग इंफाल घाटी तक सीमित हैं जबकि कुकी समुदाय के लोग पहाड़ी इलाकों की ओर चले गए हैं। मैदानी और पहाड़ी जिलों के बीच मौजूद सीमावर्ती इलाकों के हालात देखकर राज्य की गहरी जातीय जड़ों को आसानी से समझा जा सकता है।

### मणिपुर में मानवता नष्ट हो गई: मल्लिकार्जुन खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मणिपुर की स्थिति को लेकर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर हमला बोला और उस पर उदासीन एवं निष्ठुर होने का आरोप लगाया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि मणिपुर ठीक एक साल पहले तीन मई, 2023 को जलना शुरू हुआ था। उन्होंने कहा–मणिपुर में मानवता नष्ट हो गई। (केंद्र में) उदासीन मोदी सरकार और राज्य में अयोग्य भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) सरकार के क्रूर मेल ने राज्य को वस्तुत: दो हिस्सों में बांट दिया है। उन्होंने कहा–निष्ठुर प्रधानमंत्री मोदी ने इस सीमावर्ती राज्य में कदम नहीं रखा जो उनकी अक्षमता और पूर्ण उदासीनता को उजागर करता है। उनके अहंकार ने एक खूबसूरत राज्य के सामाजिक ताने–बाने को नुकसान पहुंचाया है। खरगे ने कहा कि मणिपुर के सभी समुदायों के लोग अब जानते हैं कि भाजपा ने उनके जीवन को कैसे दयनीय बना दिया है।

# जीएसटी के तहत कार्रवाई का ब्योरा दे केंद्र

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हम कानून की व्याख्या करेंगे ताकि लोगों का हनन न हो सके, अगली सुनवाई 9 को



नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जीएसटी कानून के तहत हुई गिरफ्तारियों और कानून के तहत भेजे गए नोटिस का पूरा डाटा देने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह कानून की व्याख्या करेगा और जरूरी दिशा निर्देश देगा ताकि लोगों की स्वतंत्रता का हनन न हो सके।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की विशेष पीठ ने 281 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ये निर्देश दिया। इन याचिकाओं में जीएसटी कानून, कस्टम कानून और पीएमएलए कानून के प्रावधानों को चुनौती दी गई है। जीएसटी कानून की धारा 69 को लेकर अस्पष्टता है। इसी धारा में गिरफ्तारी के प्रावधान हैं। ऐसे में इसे लेकर चिंता जताई गई है। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वे कानून की व्याख्या करेंगे, लेकिन नागरिकों का शोषण नहीं होने देंगे। पीठ ने केंद्र की तरफ से पेश हुए एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा 'पिछले तीन वर्षों में एक करोड़ से लेकर 5 करोड़ रुपये तक के कथित डिफॉल्ट के लिए जीएसटी कानून के तहत जितने नोटिस जारी किए गए हैं और गिरफ्तारियां हुई हैं, उनका डाटा प्रस्तुत करें। इससे लोगों का उत्पीड़न हो सकता है और हम इसकी इजाजत नहीं देंगे। अगर हमें लगता है कि प्रावधानों में स्पष्टता नहीं है तो हम उसे ठीक करेंगे। सभी लोगों को सलाखों के पीछे नहीं भेज सकते हैं।' याचिकाकर्ताओं की तरफ से वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा कोर्ट में पेश हुए। लूथरा ने आरोप लगाया कि जीएसटी कानून के तहत प्राधिकरण ताकत का गलत इस्तेमाल कर रहा है और इससे लोगों की आजादी प्रभावित हो रही है। लूथरा ने बताया कि कई मामलों में गिरफ्तारियां नहीं हुई हैं, लेकिन लोगों को नोटिस देकर गिरफ्तारी का डर दिखाकर परेशान किया गया है। जब एसवी राजू ने कहा कि केंद्रीय जीएसटी का डाटा तो मिल सकता है, लेकिन राज्यों का डाटा इकट्ठा करना मुश्किलो होगा, तो इस पर कोर्ट ने कहा कि 'जीएसटी परिषद के पास वह डाटा होगा और अगर डाटा है तो हम चाहते हैं कि सारे डाटा को हमारे सामने पेश किया जाए। अब कोर्ट 9 मई को इस मामले पर सुनवाई करेगा।

# केजरीवाल की अंतरिम जमानत को लेकर सुनवाई के लिए तैयार हुआ उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई के संकेत दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अगर मुख्य मामले में बहस में समय लगेगा तो दिल्ली में चुनावों के कारण अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई पर विचार किया जा सकता है।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू को बताया कि गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई में समय लगने की संभावना है। पीठ ने कहा कि इसलिए अदालत अंतरिम जमानत पर जांच एजेंसी का पक्ष सुनने पर विचार कर रही है। इस पर राजू ने कहा कि वह केजरीवाल की अंतरिम जमानत का विरोध करेंगे। पीठ ने कहा, हम कह रहे हैं कि हम अंतरिम जमानत पर सुनवाई करेंगे और यह नहीं कह रहे हैं कि हम अंतरिम जमानत देंगे। हम अंतरिम जमानत दे भी सकते हैं और नहीं भी। शीर्ष अदालत ने राजू से कहा कि वह अंतरिम जमानत याचिका पर सात मई को दलीलों के लिए तैयार होकर आएं।

# हरे-भरे इलाके में घर तो एंग्जाइटी और डिप्रेशन होने का जोखिम कम

*एक नई रिसर्च में पता चला है कि शहर के हरे-भरे इलाकों में रहने वालों को डिप्रेशन और एंग्जाइटी होने का जोखिम उन लोगों के मुकाबले 71% तक कम होता है, जो घने और कंक्रीट के घने इमारतों वाले इलाके में रहते हैं। रिसर्च के निष्कर्ष में कहा गया है कि जैव विविधता का मानसिक स्वास्थ्य से गहरा संबंध हैं। तमाम स्टडी में इस पर विचार नहीं किया गया है कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए हरा-भरा क्षेत्र कितना और कैसे लाभकारी है।*

## 25 % लोगों ने माना तनाव का असर कम

25 फीसदी लोगों ने माना कि जहां नदी, पेड़, झाड़ियां और झरने आदि होते हैं, वहां मन को शांति मिलती है। जबकि कम प्राकृतिक विविधता वाले स्थानों पर एक बेचैनी सी महसूस होती है। रिसर्च में बताया गया है कि जैव विविधता की रक्षा और प्रचार करके मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ाया जा सकता है। 15,000 घरों को लेकर किए गए अन्य हालिया सर्वेक्षण में पाया गया कि जो लोग पौधों और पक्षियों की प्रजातियों से समृद्ध प्राकृतिक क्षेत्रों में रहते थे, उनमें सामाजिक और आर्थिक मतभेदों के बावजूद मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं कम थीं। रिसर्च में कहा गया है कि हमेशा हरे-भरे इलाकों में रहना जरूरी नहीं है। किए गए शोध में लोगों ने कहा- कि हरी-भरी जगह शांति का आनंद मिलता है।

## शोध में परखा गया अंतर

लंदन के किंग्स कॉलेज की रिसर्च में कहा गया है कि स्टडी में हरे-भरे इलाके और घनी इमारतों वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के मानसिक स्वास्थ्य में अंतर को परखा गया। यह रिसर्च अप्रैल 2018 से सितंबर 2023 के बीच की गई। इसके लिए अर्बन माइंड एप के जरिए डेटा जुटाया गया, जो शहरी और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों के अनुभव को दर्ज करता है। इसमें दिनभर में 1,998 लोगों ने अपने पर्यावरण और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में 41,000 आकलन पेश किए।



- पूरी नींद लें। अच्छी नींद हमें सकारात्मक ऊर्जा से भर देती है।
- खूब पानी पीएं और हरी पत्तेदार सब्जियों-मौसमी फलों का ज्यादा से ज्यादा सेवन करें।
- एल्कोहल और धूम्रपान का सेवन न करें।
- जंक फूड और बासी खाना बिल्कुल न खाएं।
- नमक, चीनी, चाय, कॉफी का सेवन कम से कम करें।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़: बीएसएफ जवानों की बस पेड़ से टकराई, 17 घायल

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में चुनाव ड्यूटी पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसफ) के जवानों की बस शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में 17 जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घटना सुबह 11 बजे जिले के धरमजयगढ़ क्षेत्र के चहला गांव के पास की है। उन्होंने बताया कि बीएसएफ के 32 जवान बस में सवार होकर मतदान केंद्रों का मुआयना करने के लिए रवाना हुए थे। जब वे धरमजयगढ़ के सुदूर पहाड़ी इलाके में स्थित छूही पहाड़ के मतदान केंद्र का निरीक्षण कर लौट रहे थे तभी चहला गांव के करीब बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। घटना में 17 जवान घायल हो गए, जिनमें से 13 जवानों का उपचार धरमजयगढ़ के अस्पताल में किया जा रहा है।

### म्यांमार में फंसे 3 भारतीयों में से एक की वतन वापसी : रणधीर

**नई दिल्ली।** म्यांमार में नौकरी के नाम पर ठगे गए भारतीय नागरिकों के मामले में विदेश मंत्रालय ने कहा कि तीन भारतीयों ने स्वदेश वापसी के लिए संपर्क किया था। एक को पहले ही वापस लाया जा चुका है, बाकी बचे दो लोगों की वापसी के लिए प्रयास जारी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दो अन्य को लाने के लिए वहां का दूतावास इस पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में नौकरियों के लिए आवेदन करते समय सावधानी रखें। 2022 में भारत ने म्यांमार से 45 भारतीयों को बचाया था।

### फिलीपींस ने चीन के राजदूत को भेजा समन, हमले पर जताई नाराजगी

**मनीला।** फिलीपींस ने चीन के राजदूत को समन जारी किया है। दरअसल बीते दिनों चीन की नौसेना ने दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस के एक जहाज पर पेट्रोलिंग के दौरान वाटर कैनन से तेज प्रेशर के साथ पानी की बौछार की थी। फिलीपींस की सरकार ने इस पर नाराजगी जताई है। फिलीपींस के विदेश मंत्रालय ने चीन के राजदूत झोउ जियोंग को समन भेजा है। दरअसल दक्षिण चीन सागर में स्थित शोआल द्वीप पर फिलीपींस अपना दावा जताता है। इस द्वीप पर फिलीपींस के कुछ सैनिक भी तैनात हैं। इन सैनिकों को फिलीपींस द्वारा नौकाओं के जरिए राशन आदि सामान पहुंचाया जाता है।

### बलूचिस्तान में बम विस्टोम में एक पत्रकार की मौत, 7 लोग घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बम विस्फोट में एक वरिष्ठ पत्रकार की मौत हो गई। इस विस्फोट में सात अन्य लोग घायल भी हुए हैं। वरिष्ठ पत्रकार की पहचान मोहम्मद सिद्दीक मेंगल के तौर पर की गई है, जो खुजदार प्रेस क्लब के अध्यक्ष थे। खुजदार शहर के बाहरी इलाके में एक रिमोट कंट्रोल बम से उनकी वाहन टकरा गई। इस टक्कर के बाद विस्फोट हुआ, जिसमें उनकी मौत हो गई। इससे पहले गुरुवार को लैंडमाइन विस्फोट में एक की मौत हो गई थी। वहीं 20 अन्य घायल भी हुए थे।

# यूएन में भारत ने पाकिस्तान को लताड़ा कहा- हर मामले में ट्रैक रिकॉर्ड खराब

## कंबोज बोलीं- चुनौतीपूर्ण समय में रचनात्मक बात करें, भारत के खिलाफ टिप्पणी नहीं

संयुक्त राष्ट्र/ नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को जमकर लताड़ लगाई। भारत ने पाकिस्तान की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड हर मामले में संदिग्ध है। संयुक्त राष्ट्र में शांति की संस्कृति विषय पर आम सभा की बैठक में पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने भारत के खिलाफ बयानबाजी की और कश्मीर, सीएए और अयोध्या के राम मंदिर के मुद्दे पर भारत के खिलाफ टिप्पणियां की।

इसका जवाब देते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने पाकिस्तान को जमकर लताड़ा। रुचिरा कंबोज ने कहा कि इस सभा में हम शांति की संस्कृति की बात कर रहे हैं। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में हमारा फोकस रचनात्मक बातचीत पर होना चाहिए।

ऐसे में हमें एक प्रतिनिधिमंडल (पाकिस्तान) की टिप्पणियों को नजरअंदाज करना चाहिए क्योंकि उनमें न सिर्फ शिष्टाचार की कमी है, बल्कि उनका खुद का ट्रैक रिकॉर्ड हर मामले में संदिग्ध है। ये अपनी विनाशकारी और हानिकारक स्वभाव के चलते हमारे सामूहिक प्रयासों को भी गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

कंबोज ने कहा कि हम चाहेंगे कि ये प्रतिनिधिमंडल सम्मान और कूटनीति के आधारभूत सिद्धांतों का पालन करे। कंबोज ने कहा कि 'अहिंसा का मंत्र महात्मा गांधी ने दिया था और यह आज भी हमारे देश का आधार है। पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए भारत की प्रतिनिधि ने कहा कि भारत न सिर्फ हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और सिख धर्म की जन्मस्थली है बल्कि यहां इस्लाम, यहूदी, ईसाई और पारसी जैसे धर्मों का भी मजबूत आधार है।

जिन वर्गों और धर्मों के लोगों को शोषण का सामना करना पड़ा, उन्हें शरण देने और विविधता में एकता बनाए रखने का भारत का इतिहास रहा है।

### आतंकवाद शांति की संस्कृति के खिलाफ, चुनौतियों पर दें ध्यान

भारत की स्थायी प्रतिनिधि ने कहा कि आतंकवाद शांति की संस्कृति के खिलाफ है और यह धर्म की शिक्षाओं जैसे दया, सहअस्तित्व के भी खिलाफ है। हमारा देश मानता है कि ये पूरी दुनिया एक परिवार है और संयुक्त राष्ट्र सभा के सभी सदस्य देशों को भी ऐसा मानना चाहिए ताकि शांति की संस्कृति को बढ़ावा मिल सके। कंबोज ने कहा वैश्विक चुनौतियां बढ़ रही हैं। बढ़ती असहिष्णुता, भेदभाव और धर्म आधारित हिंसा की चुनौतियों पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। पवित्र स्थलों जैसे चर्च, बौद्ध स्थल, गुरुद्वारे, मस्जिद, मंदिर और यहूदी धर्मस्थलों पर हमलों की घटनाओं में तेजी आने से हम चिंतित हैं। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में आए दिन हिंदू मंदिरों और गुरुद्वारों पर हमले की घटनाएं सामने आती रहती हैं।




# पाकिस्तान में बस खाई में गिरी, 20 की मौत

- गिलगित-बाटलिस्तान क्षेत्र में हुआ हादसा, 21 लोग घायल प्रधानमंत्री शहबाज ने जताया दुख



इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पहाड़ी क्षेत्र में दुर्घटना में बस फिसलकर खाई में गिर गई, जिससे सवार 20 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि 21 लोग घायल हुए हैं।

उत्तर पश्चिम पाकिस्ताान में शुक्रवार को एक बस गिलगित-बाटलिस्तान क्षेत्र के डायमेर जिले में काराकोरम मार्ग पर रावलपिंडी से हुंजा जा रही थी। सुबह लगभग 5:30 बजे रास्ते में चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिस कारण बस फिसलकर सिंधू नदी में जा गिरी। बस में सवार 43 लोगों में से 21 जख्मी हो गए है, जबकि गई गंभीर रूस से घायल हैं। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मरने वालों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। मरने वालों की संख्या बढ़ भी सकती है क्योंकि घायलों की हालत गंभीर है। सेना के हेलीकॉप्टरों से बचाव कार्य कराया गया। साथ ही घायल और मृतकों को अस्पताल ले जाया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को घायलों को हर संभव चिकित्सा उपचार प्रदान करने का निर्देश दिए। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने भी घटना पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

# अमेरिकी झंडे का अपमान करने पर मस्क ने जताई नाराजगी



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में हो रहे फिलिस्तीन समर्थित विरोध प्रदर्शनों के मुद्दे पर एलन मस्क ने एक ऐसा पोस्ट किया, जिस पर अमेरिकी व्हिसल ब्लोअर एडवर्ड स्नोडेन ने करारा जवाब दिया है। दरअसल मस्क ने सोशल मीडिया पर एक पोल साझा किया, जिसमें अमेरिकी झंडे का अपमान करने वाले को देश से बाहर भेजने पर लोगों की राय मांगी गई थी। इस पर स्नोडेन ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश में अभिव्यक्ति की आजादी है। अमेरिकी विश्वविद्यालयों में जारी फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों पर एलन मस्क ने एक ट्वीट किया। जिसमें मस्क ने लिखा, 'प्रस्तावित कानूनः अगर कोई अमेरिकी झंडे का फाड़ता है और उसकी जगह कोई दूसरा झंडा लगाता है तो उस व्यक्ति को अनिवार्य रूप से उस देश भेज देना चाहिए, जहां का झंडा उसने लगाया है। मस्क ने इस पोस्ट पर लोगों से हां और नहीं में जवाब भी मांगा था।

## भीषण आग



**पटना :** पटना के बांस घाट में झोपड़ पट्टी में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। दो दर्जन से अधिक घर आग की चपेट में आने से जलकर राख हो गए। दमकल की एक दर्जन गाड़ियां पहुंचकर आग बुझाने में जुट गई। घटना में किसी तरह कोई हताहत होने की सूचना नहीं है। कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं। ● एजेंसी

# पाकिस्तान के लिए जासूसी करने पर पंजाब का युवक गिरफ्तार

**होशियारपुर।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने पाकिस्तानी के लिए जासूसी करने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार करके मामला दर्ज किया है। आरोपित से पूछताछ की जा रही है। आरोपित से कई राज खुलने की उम्मीद है।

आरोपित की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ पास्टर निवासी फतेहपुर सूगा थाना भिखीविंड तरनतारन के रूप में हुई है। डीएसपी सिटी अमरनाथ ने बताया कि गुरुवार को थाना मॉडल टाउन के एसएचओ राम सिंह रेलवे फाटक क्रासिंग के पास नाकेबंदी की थी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली की गुरप्रीत सिंह विजिटर वीजा से पाकिस्तान जाकर आया है। वह पाकिस्तान के लिए जासूसी करता है। पुलिस ने नाकेबंदी कर अरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# 40 सालों में सुनक की पार्टी का सबसे खराब प्रदर्शन, उपचुनाव हारे

लंदन, एजेंसी



ब्रिटेन में स्थानीय चुनाव के साथ एक सीट पर हुए उपचुनाव के नतीजे से कंजरवेटिव पार्टी और प्रधानमंत्री ऋषि सुनक पर दबाव बढ़ गया है। इसे सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी का 40 वर्षों में सबसे खराब प्रदर्शन माना जा रहा है। अपनी पार्टी में प्रतिद्वंद्विता से दबाव का सामना कर रहे भारतवंशी ऋषि सुनक पर अब विपक्षी लेबर पार्टी का दबाव बढ़ जाएगा।

स्थानीय चुनावों में बढ़त के साथ ब्लैकपूल साउथ के संसदीय उपचुनाव में कंजरवेटिव पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा है। लेबर पार्टी के नेता सर कीर स्टार्मर ने इस परिणाम को भूकंप लाने वाली जीत बताया है। कहा, ब्लैकपूल के नतीजे ने पूरे देश का मिजाज बता दिया। यह एक ऐसा चुनाव था जिसमें मतदाताओं को सीधे ऋषि सुनक को संदेश भेजने का मौका था। स्टार्मर ने कहा कि यह उपचुनाव ऋषि सुनक के लिए स्पष्ट बदलाव का संकेत देता है। ब्लैकपूल साउथ में लेबर पार्टी के उम्मीदवार क्रिस वेब ने कंजरवेटिव प्रत्याशी डेविड जोन को करारी शिकस्त दी। यह सीट 2019 में पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के समय कंजरवेटिव पार्टी ने जीती थी।

# कनाडा में भारतीय दंपती समेत 4 की सड़क हादसे में मौत

**टोरंटो।** कनाडा की यात्रा पर गए एक भारतीय दंपती और उनके तीन महीने के पोते सहित चार लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह दुर्घटना तब घटी, जब ओंटारियो पुलिस गलत दिशा में गाड़ी चला रहे एक शराब दुकान में डकैती करने वाले अपराधी का पीछा कर रही थी।

पुलिस ने गुरुवार को बताया कि टोरंटो से लगभग 50 किलोमीटर दूर राजमार्ग पर सभी चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। ओंटारियो पुलिस ने कहा कि मृतकों में 60 वर्षीय पुरुष और एक 55 वर्षीय महिला, भारतीय कपल शामिल हैं। पुलिस के बयान में कहा गया है इसी कार में दंपति के तीन महीने के पोते की भी मौत हो गई। मां को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर है।

# चीन का मिशन मून लांन्च, धरती पर लाएगा नमूनें

- चांग ई-6 मिशन अपनी यात्रा 53 दिन में पूरी करेगा, चंद्रमा के सुदूर हिस्से से धूल को इकट्ठा करेगा



बीजिंग, एजेंसी

चीन ने चंद्रमा के नमूने एकत्र करने और उन्हें शोध के लिए पृथ्वी पर लाने के लिए शुक्रवार को चंद्र जांच मिशन भेजा है। चीन ने इस अभियान का नाम मिशन चांग ई-6 दिया है। यह पूरा मिशन 53 दिनों का है।

चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) के अनुसार चांग ई-6 मिशन के अंतर्गत चंद्रमा के सुदूर हिस्से से नमूने इकट्ठा किए जाएंगे। इसके बाद इन नमूनों को पृथ्वी पर लाकर इन पर शोध की जाएगी। सीएनएसए का कहना है कि मानव चंद्र अन्वेषण के इतिहास में यह अपनी तरह का पहला प्रयास है। चांग ई-6 को लॉन्ग मार्च-5 वाई-8 रॉकेट द्वारा चांद पर ले जाया गया है। इसे हैनान प्रांत के वेनचांग अंतरिक्ष प्रक्षेपण स्थल से प्रक्षेपित किया गया। एक रिपोर्ट के अनुसार चांग ई-6 में ऑर्बिटर, लैंडर, एसेंडर और री-एंट्री मॉड्यूल के रूप में चार घटक शामिल हैं। इस मिशन के तहत चंद्रमा पर मौजूद धूल और चट्टानों को इकट्ठा किया जाएगा। इसके बाद इन नमूनों को री-एंट्री मॉड्यूल में स्थानांतरित करने के लिए एसेंडर की मदद से ऑर्बिटर में ले जाया जाएगा। इसके बाद ऑर्बिटर की मदद से इन नमूनों को रिसर्च के लिए पृथ्वी पर लाया जाएगा। सीएनएसए के अनुसार यह मिशन ऑटोमैटिक सैंपल कलेक्शन, टेक-ऑफ और चंद्रमा पर दूर से आरोहण जैसी प्रमुख प्रौद्योगिकियों में सफलता हासिल करने के लिए तैयार है।

सीएनएसए ने बताया कि चांग ई-6 मिशन के लैंडर और ऑर्बिटर पर फ्रांस, इटली और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के वैज्ञानिक उपकरण और एक पाकिस्तानी पेलोड है। इससे पहले चीन ने चंद्रमा पर मानवरहित मिशन लॉन्च किया था, जिसके तहत चंद्रमा पर एक रोवर को उतारना भी शामिल था। इसके अलावा चीन ने मंगल ग्रह पर भी एक रोवर भेजा है। चीन ने 2030 तक चंद्रमा पर मानवयुक्त लैंडिंग की योजना की भी घोषणा की है। बता दें कि पिछले साल भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 का लैंडर प्रज्ञान रोवर उतारा था। ऐसा करने वाला भारत विश्व का पहला देश बना था।

# गूगल ने सर्च इंजन बनाने के लिए एपल को 1.6 लाख करोड़ दिए

**वाशिंगटन।** गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट ने गूगल को सफारी ब्राउजर का सर्च इंजन बनाने के लिए एप्पल को 20 बिलियन (लगभग 1.6 लाख करोड़ रुपए) दिए। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार यह खुलासा गूगल के खिलाफ अमेरिकी एंटीट्रस्ट ट्रायल के अदालती दस्तावेजों में हुआ है।

गूगल पर बाजार पर हावी होने, सर्च इंजन और विज्ञापन क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा को खत्म करने के लिए अपनी स्थिति का दुरुपयोग करने का मामला दर्ज है। मामले का मुख्य हिस्सा गूगल और एपल के संबंधों पर निर्भर करता है। 2020 में, एपल को गूगल द्वारा किया गए भुगतान एप्पल की परिचालन आय का 17.5% हिस्सा था। पिछले साल सुंदर पिचाई ने यूजर्स के लिए उपलब्ध सर्वोत्तम सेवा के रूप में बचाव किया था। वहीं, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नाडेला ने दावा किया था गूगल का उपभोक्ताओं पर मजबूत पकड़ है।


विज्ञान | वैज्ञानिकों ने ईएसए के मार्स एक्सप्रेस ऑर्बिटर द्वारा खोजी मकड़ी के आकृति जैसी तस्वीर

# मंगल की धरती है भूगर्भीय रासायनिक संरचना

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** मंगल ग्रह पर जीवन की संभावनाओं को लेकर मकड़ियों की आकृति जैसी लाइनॉन की तस्वीर सामने आई है। यह तस्वीर मंगल के दक्षिणी ध्रुव के ऊपर की तस्वीर है। मंगल पर यह भूगर्भीय रासायनिक संरचना है। मंगल पर जीवन की संभावना को आगे बढ़ाने के लिए वैज्ञानिकों का मनोबल बढ़ाने वाली खोज है।

बियाबान मंगल पर मानव बस्ती बसाने का मानव सपना साकार होने में लंबा वक्त लगेगा। मगर वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत रंग लाती प्रतीत होती है, जो एक एक पग के साथ आगे बड़ रही है। अब सामने आई नई तस्वीर से पता चलता है कि वैज्ञानिक सही दिशा में आगे बड़ रहे हैं। नई खोज को लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि ईएसए के मार्स एक्सप्रेस ऑर्बिटर ने द्वारा यह खोज हुई है। जिसमें मंगल के दक्षिणी ध्रुव पर मकड़ियों की आकृति जैसा दृश्य देखने को मिला है। यह दृश्य तब बनता है जब सूरज की रोशनी के कारण कार्बन डाइऑक्साइड की बर्फ पिघने लगती है और गैस में बदल जाती है। यह बदलाव बर्फ के स्लैब के माध्यम से बनता है और फिर टूट जाता है। इसके बाद गैस और काली धूल वापस सतह पर गिरती है। जिससे मकड़ी जैसी संरचनाएँ बनती हैं। मंगल के दक्षिणी ध्रुव पर यह रहस्यमय भूगर्भिक मकड़ियो की आकृति है। जिसे स्पष्ट करने के लिए वैज्ञानिकों का कहना है कि मंगल ग्रह की मकड़ियाँ वास्तविक मकड़ी नहीं हैं। यह अंतरिक्ष यान द्वारा ऊपर से देखे गए मकड़ियों जैसे काले धब्बे हैं, जो कार्बन डाइऑक्साइड गैस और धूल के गीजर द्वारा बनाए गए हैं, जो मंगल पर बर्फ की परतों के माध्यम से फूट रहे हैं।



मंगल की सतह पर जमी बर्फ के ऊपर मकड़ियों की लंबी लाइन की तस्वीर।

## 2030 में मंगल की धरती पर पड़ेगा मानव का पहला कदम

लाल ग्रह मंगल पर इंसान का पहला कदम 2030 में पड़ेगा। इसके लिए नासा तैयारियों में जुटा हुआ है। नासा आर्टेमिस मिशन मंगल पर भेजेगा। मिशन के दो चरण की शुरुआती चरण की तैयारियां सफल हो चुकी हैं। पांचवा चरण में मंगल की धरती के साथ पूरा होगा। इससे पहले आर्टेमिस के चौथे चरण के साथ वैज्ञानिको का दल चांद पर पहुंचेगा।